कुराली	15 58	16 59	17 54
कुरुक्षेत्र	16 00	17 01	17 55
कोचीन	16 52	17 30	18 06
कुल्लू	15 54	16 56	17 52
कैथल	15 59	17 00	17 55
कोटखाई (हि.प्र.)	15 58	16 58	17 54
कोहिमा	16 12	17 07	17 58
कोटकपूरा (पं.)	15 58	16 59	17 34
कन्याकुमारी	16 57	17 32	18 05
खन्ना	15 58	16 59	17 34
खरड़	15 58	16 57	17 54
खुर्जा (उ.प्र.)	16 06	17 03	17 57
गंगटोक	16 08	17 05	17 58
गाज़ियाबाद	16 03	17 03	17 57
ग्वालियर	16 11	17 07	18 00
गुड़गांव	16 03	17 02	17 57
गुवाहटी	16 11	17 07	17 58
गोईंदवाल	15 56	16 57	17 53
गोराया	15 56	16 57	17 53
गया	16 13	17 09	18 01
चम्बा (हि.प्र.)	15 54	16 55	17 51
चण्डीगढ़	15 58	16 59	17 54
चन्दौसी (उ.प्र.)	16 06	17 03	17 57
चमौली (उत्तरां)	15 59	17 00	17 54
चेन्नई	16 41	17 26	18 08
छिन्दवाड़ा	16 18	17 13	18 03
जालन्धर	15 56	16 57	17 53
जम्मू	15 54	16 55	17 51
जयपुर	16 07	17 05	17 58
जबलपुर(म.प्र.)	16 17	17 12	18 02
जलगांव (म.)	16 21	17 15	18 03
जैसलमेर	16 07	17 05	17 58
जीन्द	16 01	17 02	17 56
जोगिन्द्रनगर	15 57	16 56	17 53
जोधपुर	16 09	17 06	17 58
जैतों	15 58	16 59	17 54
जीरा	15 57	16 58	17 53
झांसी	16 12	17 08	18 00
झुझुनूं	16 04	17 04	17 58
टोहाना	15 59	17 00	17 55
डोडा (का.)	15 52	16 54	17 50
डलहौजी	15 54	16 55	17 51
डिब्रूगढ़	16 09	17 04	17 56
दार्जिलिंग	16 09	17 06	17 58
तिरूवन्तपुरम	16 56	17 32	18 05
दिल्ली	16 03	17 03	17 57
दुर्ग (छत्ती.)	16 21	17 15	18 04
देहरादून	16 00	17 00	17 55
द्वारिका	16 18	17 11	17 59
धर्मशाला(हि.प्र.)	15 56	16 56	17 53
धूरी	15 57	16 58	17 54
नवलगढ़	16 06	17 04	17 57
नकोदर	15 56	16 57	17 53
नरवाना (ह.)	16 00	17 01	17 55
नवांशहर	15 56	16 57	17 53
नंगल	15 56	16 57	17 53
नागपुर	16 21	17 15	18 04
नाहन (हि.प्र.)	15 58	16 58	17 54
नासिक	16 24	17 16	18 03
नालागढ़ (हि.प्र.)	15 58	16 58	17 54
नौशेहरा(ज.का.)	15 52	16 54	17 50
पटना	16 12	17 08	18 00
पठानकोट	15 55	16 56	17 52
पटियाला	15 58	16 59	17 54
पणजी (गोआ)	16 37	17 23	18 05
पाण्डिच्चेरी	16 44	17 27	18 08
पंचकूला	15 58	16 59	17 54
पानीपत	16 02	17 02	17 56
पिहोवा	16 00	17 01	17 55
पिथौरागढ़	15 59	16 59	17 55
पुँछ (ज.का.)	15 50	16 51	17 49
पीलीभीत	16 03	17 03	17 57
पोर्ट-ब्लेयर	16 39	17 25	– –
पालमपुर	15 54	16 56	17 52
पूना	16 28	17 18	18 04
पुरी	16 24	17 17	18 05
पपरौला (हि.प्र.)	15 54	16 56	17 52
फर्रूखाबाद	16 04	17 04	17 58
फगवाड़ा	15 56	16 57	17 53
फरीदकोट	15 58	16 59	17 54
फाज़िल्का	15 59	17 00	17 55
फरीदाबाद	16 03	17 03	17 57
फतेहाबाद (हरि.)	16 02	17 02	17 56
वाराणसी	16 12	17 09	18 01
बटाला	15 55	16 56	17 52
बंगा (पं.)	15 56	16 57	17 53
बलाचौर (पं.)	15 57	16 58	17 54
बड़ौदा (गु.)	16 18	17 22	18 02
बरनाला	15 58	16 59	17 54
बिजनौर	16 02	17 02	17 56
बुलन्दशहर	16 03	17 03	17 57

नगर	ग्रहण प्रारम्भ घं. मि.	ग्रहण मध्य घं. मि.	ग्रहण समाप्त घं.मि.
बरेली	16 04	17 04	17 57
बारामूला (का.)	15 50	16 52	17 49
बनिहाल (का.)	15 51	16 53	17 50
बल्लभगढ़ (हरि.)	16 03	17 03	17 57
बीकानेर	16 04	17 04	17 58
बागपत	16 02	17 02	17 57
बैजनाथ	15 55	16 56	17 52
बिलासपुर (हि.प्र.)	15 55	16 56	17 52
बैंगलौर	16 42	17 26	18 07
भटिण्डा	15 59	17 00	17 55
भद्रवाह	15 52	16 54	17 51
भिवानी	16 03	17 03	17 57
भागलपुर	16 12	17 09	18 00
भोपाल	16 16	17 11	18 02
भुवनेश्वर	16 23	17 16	18 05
मलेरकोटला	15 58	16 59	17 54
मोगा	15 57	16 58	17 53
मदुरई	16 51	17 30	18 07

नगर	ग्रहण प्रारम्भ घं. मि.	ग्रहण मध्य घं. मि.	ग्रहण समाप्त घं.मि.
मोहाली	15 58	16 59	17 54
मेरठ	16 02	17 02	17 57
मुर्शीदाबाद	16 15	17 10	18 01
मुज़फ्फरनगर	16 02	17 02	17 57
मंगलौर	16 44	17 26	18 06
मुक्तसर	15 58	16 59	17 54
मन्दसौर (म.प्र.)	16 15	17 10	18 01
मण्डी (हि.प्र.)	15 55	16 56	17 53
मनीकरण	15 54	16 55	17 51
मुम्बई	16 27	17 17	18 04
मुज्ज़फरपुर	16 11	17 07	18 00
यमुनानगर	16 02	17 02	17 56
रामपुरबुशैहर	15 55	16 56	17 52
रोहड़ु	15 58	16 58	17 54
रोपड़	15 58	16 59	17 54
रोहतक	16 03	17 02	17 57
रिवाड़ी	16 02	17 02	17 56
रामबन (का.)	15 52	16 54	17 51

नगर	ग्रहण प्रारम्भ घं. मि.	ग्रहण मध्य घं. मि.	ग्रहण समाप्त घं.मि.
रियासी (का.)	15 54	16 55	17 51
रामनगर (का.)	15 52	16 54	17 51
रतलाम (म.प्र.)	16 16	17 11	18 02
राँची (झार.)	16 16	17 12	18 02
राजौरी (का.)	15 51	16 53	17 50
रामपुर (उ.प्र.)	16 03	17 03	17 57
रायपुर (छत्ती.)	16 21	17 15	18 04
राजकोट	16 18	17 12	18 01
रूड़की	16 01	17 00	17 55
लखनऊ	16 08	17 06	17 59
लुधियाना	15 57	16 58	17 53
लाडवा	16 01	17 01	17 55
शिमला	15 58	16 58	17 54
शाहाबाद (ह.)	16 01	17 01	17 55
शाहजहांपुर	16 06	17 03	17 58
श्रीनगर	15 50	16 52	17 49
संगरूर	15 57	16 58	17 54
सरहिन्द	15 58	16 59	17 54
सपाटू	15 58	16 58	17 54

नगर	ग्रहण प्रारम्भ घं. मि.	ग्रहण मध्य घं. मि.	ग्रहण समाप्त घं.मि.
सहारनपुर	16 01	17 01	17 55
सरकाघाट	15 55	16 56	17 52
सुन्दरनगर	15 54	16 55	17 52
सुनाम (पं.)	15 57	16 58	17 54
सोलन	15 58	16 58	17 54
सिलीगुड़ी	16 10	17 06	17 59
सिरसा	16 03	17 03	17 57
सोनीपत	16 02	17 02	17 56
हमीरपुर	15 57	16 57	17 53
हरिद्वार	16 01	17 01	17 55
हज़ारीबाग	16 15	17 11	18 02
हनुमानगढ़	16 03	17 03	17 57
होशियारपुर	15 56	16 57	17 53
हैदराबाद	16 30	17 20	18 06
हांसी (ह.)	16 02	17 01	17 56
हाटकोटी (हि.प्र.)	15 58	16 58	17 54
हिसार	16 04	17 04	17 58
हुबली	16 37	17 23	18 06

(5) कंकण सूर्यग्रहण

(26 जनवरी, 2009 ई., माघ अमावस, सोमवार)

यह कंकण सूर्यग्रहण 26 जनवरी, 2009 ई. सोमवार को दोपहर बाद दक्षिण भारत, दक्षिण-पूर्वी भारत, उत्तर-पूर्वी भारत तथा अंडेमान, नीकोबार द्वीप समूह में दिखाई देगा। उत्तर, उत्तर-पश्चिमी एवं मध्य भारत में यह ग्रहण दिखाई नहीं देगा।

यहाँ दिए गए भारत के मानचित्र (ग्रहणचित्र-3) में खींची गई 'क—ख' रेखा से दाईं (नीचे) ओर स्थित नगरों (दक्षिणी कर्नाटक, दक्षिण आंध्र प्रदेश, तामिलनाडू, केरल, दक्षिणी उड़ीसा, दक्षिणी बंगाल, मिज़ोरम, त्रिपुरा, मणिपुर, नागालैंड, पूर्वी अरु. प्रदेश, असम, मेघालय) में कंकण रूप में सूर्य ग्रहण दिखाई देगा। पृष्ठ 15 पर इन प्रदेशों के प्रमुख नगरों में ग्रहण आरम्भ, परमग्रास तथा ग्रहण समाप्ति का समय (भा. स्टैं. टा.) दिया गया है।

ग्रहण का ग्रासमान— चित्र (३) में दी गई 'क—ख' रेखा पर स्थित नगरों में इस ग्रहण का ग्रासमान शून्य होगा और इस रेखा से जो नगर दक्षिण या पूर्व की ओर जितना अधिक हटा होगा, उस नगर में इस ग्रहण का परमग्रासमान उतना ही अधिक होगा। इस प्रकार भारत में इस ग्रहण का अधिकतम ग्रासमान, जो लगभग ४० प्रतिशत होगा, पोर्ट-ब्लेयर (अंदेमान, द्वीप समूह) में देखा जा सकेगा।

ग्रहण का सूतक— इस ग्रहण का सूतक 25 जनवरी, 2009 ई० की रात्रि 2 बजकर 09 मिनट (26/09 भा. स्टैं. टा.) पर प्रारम्भ हो जाएगा। यद्यपि स्थानीय नगर के स्पर्श-काल से ठीक 12 घण्टे पूर्व भी ग्रहण कर सकते हैं। जैसे—कोलकाता में सूतक 26 जन. की प्रातः 3 घं. 02 मिं. से प्रारम्भ होगा।

ग्रहण का राशिफल— यह ग्रहण श्रवण नक्षत्र तथा मकर राशि में घटित हो रहा है। फलस्वरूप इस नक्षत्र एवं राशि वालों को सूर्य पूजा एवं सूर्य से सम्बन्धित वस्तुओं का दान करना कल्याणकारी होगा।

ग्रहणं जन्मनक्षत्रे जायते चन्द्रसूर्ययोः। यस्य तस्याशुभं हानि वैरं रोगः पराभवः॥

अर्थात् जिसके जन्मनक्षत्र में सूर्य का ग्रहण होता है तो उसे हानि, शत्रुता, रोग और तिरस्कार मिलता है।

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन
फल	कष्ट, चिंता	गुप्त चिंता	सौख्य लाभ	स्त्री/पति	कष्ट, भय	मान हानि	कार्य सिद्धि	धन लाभ	धन हानि	चोट, दुर्घटना	धन हानि	लाभ धन प्राप्ति

राश्यानुसार अशुभ फल के नाश के लिए गायत्री का जप, सुवर्ण व गाय का दान, औषधि स्नान, राशिस्वामी की शान्ति करानी चाहिए। स्वराशि से दूषित राशि में ग्रहण होने पर अपने सामर्थ्य अनुसार सोने के बिम्ब समान सर्प बनाकर, तांबे के बर्तन में तिल, दक्षिणा और वस्त्र ब्राह्मण को देने से अनिष्ट ग्रहण का दोष दूर होता है।

ग्रहण का अन्य फल—मकर राशि तथा श्रवण नक्षत्र में घटित होने के कारण दक्षिण दिशा (राज्यों) में रहने वालों को, मन्त्री जन, नीच लोगों, वैदिक कर्म करने वाले ब्राह्मणों, सत्यधर्मी लोगों को कष्ट रहे। सन्ध्याकाल में घटित होने से गर्भवती स्त्रियों को कष्ट तथा वर्षा का अभाव हो। कृषकों तथा कृषि सम्बन्धी कार्य करने वालों को लाभ तथा उनकी मनमानी होगी।

कंकण सूर्यग्रहण (26 जनवरी, 2009 ई०)

[(दक्षिण-पूर्वी भारत के प्रमुख नगरों में ग्रहण आरम्भ, परमग्रास एवं समाप्ति काल (भा. स्टैं. टा. में)]

नगर	ग्रहण प्रारम्भ घं.	मिं.	ग्रहण मध्य घं.	मिं.	ग्रहण समाप्त घं.	मिं.
अगरतला (त्रिपु.)	15	02	15	32	16	1
ऐज़वाल (मिज़ो)	14	58	15	23	16	5
इम्फाल (मणि.)	15	01	15	33	16	3
ईटानगर (अरु. प्र.)	15	17	15	33	15	49
Cannonore (केर.)	14	32	15	13	15	51
कन्याकुमारी	14	09	15	11	16	06
कटक (उड़ी.)	14	56	15	28	15	59
Kavaratti	14	32	15	08	15	42
Kavalure	14	29	15	17	16	02
कोहिमा (नागा.)	15	05	15	33	16	00
कोलकत्ता (बं.)	15	02	15	30	15	58
कोरापुट (उड़ी.)	14	55	15	26	15	55
कोच्चि (केरल)	14	19	15	12	15	59
Kozikode (केर.)	14	27	15	13	15	55
कुर्नूल (आ.प्र.)	14	50	15	20	15	48
गुवाहाटी (आसा.)	15	17	15	32	15	48
चेन्नई	14	29	15	19	16	05
तन्जोर	14	20	15	16	16	06
त्रिचुर (केरल)	14	22	15	12	15	58
तिरुवनंतपुरुम	14	11	15	11	16	04
Tamenlong (मणि.)	15	03	15	33	16	02
Tiruneveli (ता.ना.)	14	12	15	12	16	05
डिब्रूगढ़ (आसा.)	15	15	15	33	15	52
नेल्लूरु (आं.प्र.)	14	36	15	20	16	01
Nowgang (आसा.)	15	14	15	33	15	51
पाण्डिच्चेरि (ता.ना.)	14	24	15	18	16	06
पोर्ट-ब्लेयर	14	18	15	26	16	26
पुरी (उड़ीसा)	14	52	15	28	16	02
बंगलोर (क.)	14	33	15	17	15	57
भुवनेश्वर (उड़ी.)	14	55	15	28	16	00
मदुरुई (ता.ना.)	14	17	15	14	16	05
मेंगलोर (कर्ना.)	14	41	15	14	15	45
मैसूर (कर्ना.)	14	31	15	15	15	55
मुर्शिदाबाद (बंगा.)	15	14	15	31	15	47
मेदिनीपुर (बंगा.)	15	04	15	30	15	55
राजामुन्दरी (आ.प्र.)	14	46	15	24	15	59
विजयवाड़ा (आ.प्र.)	14	46	15	22	15	56
शिलांग (मेघा)	15	11	15	32	15	53
सम्बलपुर (उड़ी.)	15	11	15	28	15	44
Sibsagar (आसा.)	15	12	15	33	15	54
Silchar (आसा.)	15	04	15	33	16	00
Sringeri (कर्ना.)	14	43	15	15	15	45
हुबली (बंगा.)	15	03	15	16	15	30
हैदराबाद (आ.प्र.)	15	02	15	21	15	40

विशेष— ग्रहण का फल, कृत-कृत्य, सूतक आदि केवल उन्हीं क्षेत्रों के ('क-ख' रेखा के दायीं ओर) लिए है, जहाँ यह कंकण ग्रहण दिखाई देगा। ग्रहण जहाँ दिखायी नहीं देगा (उत्तर एवं उत्तर-पश्चिमी भारत)—वहाँ ग्रहण के सूतक, ग्रहण सम्बन्धी कार्य एवं निषेध आवश्यक नहीं होते। परन्तु माघ (मौनी) अमावस होने से उत्तरी भारत में भी स्नान, दान, तर्पण का माहात्म्य तो अवश्य रहेगा ही।

गङ्गा कनखले पुण्या प्रयागं पुष्करं गायाम्। कुरुक्षेत्रं तथा पुण्यं राहुग्रस्ते दिवाकरे॥

मत्स्यपुराण में वर्णित है कि कनखल (हरिद्वार) में गंगा पुण्य दातृ और प्रयाग, पुष्कर, गया, कुरुक्षेत्र में स्नान पुण्यदायक होता है।

कब और क्यों होती है शनि की साढ़ेसाती एवं अढैय्या ? (अनिष्ट शान्ति के लिए कुछ उपयोगी उपाय)

सौरमण्डल में नवग्रहों के मध्य शनि पृथ्वी से सबसे अधिक दूरी पर संचरणशील है। शनि एक राशि पर लगभग अढ़ाई वर्ष के काल तक संचरित रहता है। शनि की वक्री-मार्गी आदि गति की समयावधि में परिवर्तन के कारण अढ़ाई वर्षों के काल में न्यून अधिकता भी होती रहती है। परन्तु शनि सम्पूर्ण राशिचक्र का परिभ्रमण (360°) 29 वर्ष, 5 मास, 17 दिन एवं 5 घण्टों में तय करता है। गोचरवश शनि जब किसी राशि में प्रवेश करता है, तभी शनि उस राशि से 12वीं राशि को आगामी अढ़ाई वर्ष कष्टकारी, पहिली (1) अर्थात् **जिस राशि** में प्रवेश किया गया हो, उसे पाँच वर्ष तक तथा अपनी से दूसरी राशि को लगभग साढ़ेसात वर्ष तक आगामी साढ़े सात वर्षों तक अशुभ प्रभाव करेगा। इस प्रकार पहिली (1), दूसरी एवं 12वीं राशि पर लगभग साढ़ेसात वर्षों तक प्रभावित करने के कारण शनि की चक्र-प्रक्रिया ही शनि-साढ़ेसाती कहलाती है।

द्वादशे जन्मगे राशौ द्वितीये च शनैश्चरः।
सार्धानि सप्तवर्षाणि तदा दुखैः युतो भवेत्॥

शनि साढ़ेसाती के प्रभावस्वरूप शरीर कष्ट, मानसिक तनाव, गृह-कलह-क्लेश, धन सम्बन्धी आर्थिक उलझनें, आय कम व खर्च अधिक, बनते कार्यों में विघ्न-बाधाएँ, शत्रुभय, सन्तान एवं परिवार सम्बन्धी परेशानियों का सामना होता है।

शनि की ढैय्या (लघु कल्याणी) गोचरवश शनि जब चन्द्रराशि (या नाम राशि) से चौथे या आठवें स्थान पर संचार करता है, तब **शनि की ढैय्या** कहलाती है, यह लगभग अढ़ाई (2½) वर्ष के लिए होती है। इसका प्रभाव अशुभ ही होता है—

''लघुकल्याणी (ढैय्या) प्रददाति वै रविसुतोः
राशो चतुर्थाष्टमे व्याधिं बन्धु विरोधं विदेशगमनं–क्लेशं च चिन्ताधिकम्॥''

अर्थात् शनि की ढैय्या के फलस्वरूप जातक को रोग, बन्धुओं से वियोग, कलह-क्लेश, धन हानि, परिवारिक मन-मुटाव, गुप्त चिन्ताएँ, विदेश में परेशानी, एवं आर्थिक उलझनों का सामना होता है।

शनि साढ़ेसाती अथवा शनि ढैय्या का फल सदा अनिष्टकारी ही होगा—ऐसा आवश्यक नहीं। यदि किसी जातक की जन्म कुण्डली एवं नवांश कुण्डली में शनि उच्चस्थ, मित्रक्षेत्री, स्वक्षेत्री अथवा वर्गोत्तम स्थिति में पड़ा हो, तो जातक की जन्म राशि या नाम राशि पर शनि की साढ़ेसाती या ढैय्या का प्रभाव अपेक्षाकृत कम अरिष्टकर होगा। **वृष, मिथुन, कन्या, तुला, मकर या कुम्भ लग्न** की कुण्डली में शनि यदि शुभ स्थिति में हो, तो शनि की दशा व्यवसाय एवं कैरियर की दृष्टि से विशेष शुभ रहती है। अधिक विवरण के लिए **फलित ज्योतिष की ज्योतिष तत्त्व** (द्वितीय खण्ड) का अध्ययन कर सकते हैं।

शनि साढ़ेसाती प्रत्येक व्यक्ति को तीस वर्षों में एक बार अवश्य आती है। प्रत्येक व्यक्ति को साढ़ेसाती लगने से पहले **भगवान शिव, श्री हनुमान, सूर्य** एवं **शनि सम्बन्धी** जप, तप, हवन दान आदि अवश्य कर लेना चाहिए, ताकि साढ़ेसाती के अरिष्ट प्रभाव से बचा जा सके।

कोई महत्त्वपूर्ण नया उद्योग या नया कार्य व्यवसाय नहीं करना चाहिए। विशेष कार्यारम्भ करने से पहले यह देख लें कि आपकी राशि पर साढ़ेसाती तो नहीं, अथवा जन्म कुण्डली में शनि की अशुभ स्थिति होकर उसकी अरिष्ट दशा चल रही है, तो फिर शनि पूजन, मन्त्र जप एवं स्तोत्र पाठ, दानादि करने के बाद ही शुभ कार्य का आरम्भ करना चाहिए। अन्यथा कार्य-व्यवसाय में लाभ की अपेक्षा हानि होने की सम्भावना होगी।

इसके विपरीत कुण्डली में शनि की स्थिति एवं दशाऽन्तर्दशा शुभ होने पर कार्य-व्यवहार व योजनाओं में सफलता, लाभ, व्यवसायिक (Professional) विद्याओं में उन्नति, क्रय-विक्रय एवं कार्य-व्यवसाय में विशेष लाभ प्राप्त करने वाला होता है।

शनि की दशाऽन्तर्दशा, अथवा साढ़ेसाती अशुभ स्थिति में होने से व्यक्ति को विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। बच्चों का पढ़ाई में मन नहीं लगता अथवा परिश्रम करने पर भी सफलता प्राप्त नहीं होती। वह कुछ चिड़चिड़े स्वभाव का हो जाता है, उसके प्रत्येक कार्य में विघ्न पैदा होते हैं। निकट के सहयोगी भी परायों जैसा व्यवहार करने लगते हैं। अतएव ऐसी स्थिति में जातक को शनि का पूजन, दान, मन्त्र-जप तथा **औषधि स्नान** आदि करने से शनि के अरिष्ट की शान्ति होती है।

जन्म कुण्डली में शनि यदि अशुभ स्थिति में हो, अथवा जन्म नक्षत्र पर शनि का संचार हो, तो जातक/जातिका को वायु विकार, त्वचा रोग, घुटनों में दर्द, उच्च या निम्न रक्तचाप, आदि रोग होते हैं।

शनि प्रायः क्लिष्ट रोग एवं दुःख देकर दुष्ट-कर्मों का भुगतान करवाता है। शनि के अरिष्टकाल में कोई न कोई झंझट चलता रहता है। आर्थिक संकट एवं घरेलू कलह का भय होता है। वायु प्रकोप आदि शरीर कष्ट, मानसिक अशान्ति रहती है। अपने भी पराय होने लगते हैं। आय कम तथा खर्चों में अधिकता होने लगती है।

उपाय—शास्त्रों में प्रतिपादित उपायों को विधिपूर्वक करने से अवश्य लाभ पहुँचेगा।

(1) प्रत्येक शनिवार को शनि मन्त्र का संकल्पपूर्वक पाठ करें—

ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनैश्चराय नमः।

कम-से-कम 3 माला अवश्य करें। पाठ उपरान्त निम्न शनि स्तोत्र का पाठ करना शुभ होगा—

नमः कृष्णाय नीलाय शितिकण्ठनिभाय च।
नमः कालाग्निरूपाय कृतान्ताय च वै नमः॥

(2) शनिवासरी अमावस्या हो, तो उस दिन सायं, सूर्यास्त के बाद शनि पूजन, मन्त्र जाप एवं स्तोत्र पाठ करना विशेष लाभकारी होगा।

विधि— सायं सूर्यास्त के बाद स्नानादि के बाद धुले वस्त्र धारण करके पश्चिम दिशा की ओर मुख करके काले रेशमी आसन (कम्बलादि) पर बैठ जाएँ। सामने स्टील की थाली में लगभग 100 ग्राम जौं, 100 ग्राम काले तिल, काले वर्ण के कुछ फूल, 1 मुट्ठी चावल, 5 साबुत सुपारी, मौली, धूपबत्ती, रोली, लाल चंदन, काली मिठाई जैसे गुलाब जामुन भी रख लें।

स्टील की कटोरी में तैल सरसों का दीपक जलाकर रखें। सामने एक नारियल तिलक लगा कर, स्टील का एक लोटा शुद्ध जल भरकर रखें।

मन्त्रजप—ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनैश्चराय नमः।

मन्त्र की 1 या 3 माला करके उसे पूजन सामग्री के साथ बहते पानी में विसर्जित कर देवें।

(3) शनिवार को सुन्दरकाण्ड का पाठ या श्रवण करना शुभ होगा।

शनि-साढ़ेसाती एवं ढैय्या सम्बन्धी कुछ अन्य उपाय

शनि के बीज मन्त्र या वैदिक मन्त्र की 23 हजार की संख्या में विधिपूर्वक जप करना, तदुपरान्त दशमांश संख्या में हवन करना या करवाना कल्याणकारी रहता है। शनिवार का व्रत रखना, उड़द, सप्तधान्यादि दान, कृष्ण वस्त्र, शिव उपासना, शनि स्तोत्र तथा शनि से सम्बन्धित अन्य वस्तुओं का दान करने से लाभ होता है। इसके अतिरिक्त शुभ मुहूर्त में नीलम एवं विधिपूर्वक निर्मित **शनि यन्त्र** धारण करना भी लाभप्रद रहता है।

शनि का बीज मन्त्र—*''ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः।।'' जप संख्या 23 हजार*

शनि का वैदिक मन्त्र—

''ॐ शन्नो देवी रभिष्टय आपो भवन्तु पीतये, शं योरभिस्त्रवन्तु नः॥ शं नमः॥''

सर्वारिष्ट शान्त्यर्थ शनि स्तोत्र—

''ॐ नमस्ते कोणसंस्थाय पिंङ्गलाय नमोऽस्तु ते। नमस्ते बभ्रुरूपाय कृष्णाय च नमोऽस्तुते॥
नमस्ते रौद्रदेहाय नमस्ते चान्तकाय च। नमस्ते यमसंज्ञाय नमस्ते शौरये विभो॥
नमस्ते मन्दसंज्ञाय शनैश्चर नमोऽस्तु ते। प्रसादं कुरु देवेश दीनस्य प्रणतस्य च॥''

(धर्मसिन्धु)

प्रतिदिन प्रातःकाल भगवान शिव की पूजोपरान्त पीपल वृक्ष के समीप इस स्तोत्र का पाठ करके कच्ची लस्सी में काले तिल डालकर वृक्ष के मूल में लस्सी चढ़ाना तथा सायंकाल को तैल का दीपक जलाकर प्रार्थना करने से शनि-जनित अरिष्टों की शान्ति होती है।

आगामी आने वाले वर्षों में शनि का राशि परिवर्तन एवं साढ़ेसाती ज्ञान

9 सितम्बर, सन् 2009 ई. से कन्या में
15 नवम्बर, 2011 ई. से तुला में
16 मई 2012 ई. से कन्या में (वक्री)
4 अगस्त 2012 ई. से तुला में
2 नवबंर 2014 ई. से वृश्चिक में
26 जनवरी 2017 ई. से धनु में
6 अप्रैल 2017 ई. से वक्री
21 जून 2017 ई. से वृश्चिक (व.)
26 अक्तूबर 2017 ई. से धनु में
24 जनवरी, सन् 2020 ई. से मकर में

शनि साढ़ेसाती, ढैय्या एवं पाया विचार सं० २०६५

(सन् 2008-09 ई०)

गतवर्ष की 16 जुलाई 2007 ई. को प्रातः 4 बजकर 41 मिनट से शनि सिंह राशि में प्रवेश कर चुका है, ता. 19 दिसं. (2007) को वक्री होकर 2 मई, 2008 ई. तक सिंह राशि में ही वक्री रहेगा। ता. 3 मई से 30 दिसम्बर 2008 ई. तक शनि मार्गी (Direct) अवस्था में **सिंह** में ही संचार करेगा। 31 दिसं. से वक्री होकर **सम्वत् के अन्त** तक वक्री (Retrograte) अवस्था में ही संचरित रहेगा।

ध्यान रहे, शनि, भौम आदि क्रूर ग्रह जब वक्री हों एवं गुरु, शुक्रादि ग्रह अतिचारी हों, तो प्रजा में असन्तोष, अत्यधिक मंहगाई, व्याधिभय, दुःख, हिंसा एवं जातीय उपद्रवों का भय, राजनेताओं में विग्रह, टकराव, कहीं छत्रभंग, दुर्भिक्ष एवं अराजकता का भय रहे।

यथा— **यदा क्रूर ग्रहो वक्री अतिचारी तु सौम्यकः।**
पीडा-व्याधि भयं तत्र दुर्भिक्षं राज्य विग्रहम्॥

विभिन्न राशियों पर शनि द्वारा सिंह राशि का गोचर फल यद्यपि गतवर्षीय पंचाँग दिवाकर में लिख चुके हैं, परन्तु प्रस्तुत वर्ष के दौरान **सिंहस्थ शनि पर वर्षारम्भ से 8 दिसं. (2008 ई.) तक गुरू की शुभ (नवम) दृष्टि रहेगी।** इसके अतिरिक्त **30 अप्रैल (08) के बाद से सिंह राशि से केतु का अशुभ संचार भी हट जाएगा।** अतएवं सिंह राशि तथा अन्य राशियों पर शनि का अशुभ प्रभाव (गतवर्ष की अपेक्षा) कम पड़ेगा। गुरु की दृष्टि के फलस्वरूप सिंह एवं अन्य राशियों पर शनि का अरिष्ट प्रभाव (गतवर्ष की अपेक्षा) कम पड़ेगा।

सिंह राशिकालीन शनि का साढ़ेसाती विचार सं० २०६५

(6 अप्रैल 2008 ई. से 26 मार्च 2009 ई. तक)

* **कर्क राशि** पर शनि साढ़ेसाती का प्रभाव अभी (6 अप्रैल, 2008 ई. से) लगभग एक वर्ष, 5 महीने तक रहेगा।
* **सिंहराशि** पर शनि साढ़ेसाती का अशुभ प्रभाव अभी लगभग 3 वर्ष, 7 मास शेष है।
* **कन्या राशि पर शनि साढ़ेसाती का अशुभ प्रभाव अभी लगभग 6 वर्ष 7 मास तक शेष रहेगा।**
* **वृष और मकर** राशि वालों को शनि की ढैय्या का प्रभाव अभी एक वर्ष और 5 महीने तक शेष होगा।

—मेषादि राशियों पर शनि साढ़ेसाती का प्रभाव—संवत् २०६५—

मेष राशि—को शनि पंचम में होगा तथा **शनि का पाया भी लोहा** होने से गुप्त चिन्ताएं, अनावश्यक खर्च व उलझनें रहेंगी, परन्तु गुरु की दृष्टि होने से भाग्यवश धन-लाभ होते रहेंगे।

वृष राशि—शनि की ढैय्या का प्रभाव अभी रहेगा। मकान, वाहनादि पर खर्च अधिक, इस पर **शनि का पाया ताम्र** होने से कुछ बिगड़े काम बनें, आकस्मिक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

मिथुन राशि—तृतीयस्थ शनि शुभ होगा। आकस्मिक धन लाभ व उन्नति के अवसर मिलेंगे। उच्च विद्या एवं विदेशी कार्यों में सफलता मिले। इस पर **शनि का पाया चाँदी** होने से भूमि, वाहन, विवाहादि सुखों का लाभ हो।

कर्क राशि—शनि साढ़ेसाती उतरती अवस्था में होगी। इस पर **शनि का पाया सुवर्ण** है। गुप्त परेशानियाँ रहे, आय कम व खर्च अधिक हो। व्यवसाय में उलझनें बढ़ें। ता. ९ दिसं. के बाद शुभ कार्य घटित होंगे।

सिंह राशि—साढ़ेसाती के कारण पूर्वार्ध भाग में कार्य-व्यवसाय सम्बन्धी उलझनें बढ़ेंगी। **पाया सुवर्ण** का होने से निकट के बन्धुओं से मतभेद पैदा हों। गुरु की दृष्टि के फलस्वरूप (उत्तरार्द्ध में) रुके कार्यों में सफलता प्राप्ति होगी।

कन्या राशि—शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव अभी चढ़ती अवस्था में है। आय के साधनों में अड़चनें रहें। खर्च भी बढ़ेंगे। **पाया सुवर्ण** होने से अपने नजदीकी लोग भी परायों जैसा व्यवहार करेंगे। मानसिक तनाव व उलझनें बढ़ेंगी। शिवोपासना करनी कल्याणप्रद होगी। ता. ९ दिसं. के बाद समय शुभ हो।

तुला राशि—गृह में किसी मंगल कार्य का आयोजन हो। धन-लाभ, पदोन्नति, सवारी आदि सुखों की प्राप्ति हो। **शनि का पाया ताम्र** होने से उच्च प्रतिष्ठित लोगों से सम्बन्ध हों। विदेश आदि कार्यों में सफलता मिले।

वृश्चिक राशि—कारोबार में विघ्न-बाधाओं एवं आर्थिक उलझनों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। शनि का पाया रजत होने से विशेष परिश्रम के बाद ही कामयाबी होगी।

धनु राशि—अड़चनों के बावजूद (गुरू की शुभ स्थिति) से कुछ बिगड़े काम बनें। उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क होंगे। धन लाभ के अवसर भी मिलेंगे। यद्यपि इस पर **शनि का पाया लोहा** होने से शरीर कष्ट व तनाव भी रहे।

मकर राशि—शनि की ढैय्या के कारण मानसिक तनाव, शरीर कष्ट, व उलझनें बढ़ेंगी। खर्च भी अधिक होंगे। इस राशि पर **शनि का पाया ताम्र** होने से आकस्मिक धन लाभ एवं उच्च विद्या में सफलता प्राप्त हो।

कुम्भ राशि—राशि स्वामी शनि पर गुरु की दृष्टि रहने से गतवर्ष के रूके हुए कामों में आंशिक सफलता प्राप्त होगी। आय की अपेक्षा खर्च अधिक रहेंगे। शनि का **पाया लोहा** होने से गुप्त चिन्ताएँ एवं शत्रुभय होगा।

मीन राशि—अत्यन्त कठिन परिस्थितियों के बाद बिगड़े कामों में सुधार होगा। **शनि का पाया** रजत होने से पूर्वार्द्ध भाग में भूमि, वाहन, विवाह आदि सुख-प्राप्ति के योग हैं। श्रेष्ठ लोगों से सम्पर्क बढ़ेंगे।

गुरू का शुभाशुभ गोचरफल-संवत् २०६५ (2008-09 ई.)

गतवर्ष 22 नवम्बर, 2007 ई. से गुरु स्वराशि धनु राशि में प्रातः 5 बजकर 3 मिनट से प्रवेश कर चुके हैं। सन् 2008 ई. के अधिकांश कालावधि में गुरु धनु राशि में ही संचार करेंगे। **ता. 9 दिसम्बर 2008 ई० को रात्रि 11 बजकर 42 मिनट** पर मकर (नीच) राशि में प्रवेश होगा। धनु राशि में गुरु द्वारा संचार का फल यद्यपि गतवर्षीय संवत् २०६४ की पंचांगदिवाकर में लिख चुके हैं। फिर भी पाठकों के लाभार्थ निम्नरूपेण पुनः अंकित कर रहे हैं। **ध्यान रहे,** धनु राशि में संचरण काल में गुरु की **मेष, मिथुन** एवं **सिंह** राशि पर क्रमशः (पंचम, सप्तम एवं नवम) शुभ दृष्टियाँ रहेंगी। गुरू की शुभ दृष्टि होने की स्थिति में सम्बन्धित राशि के अशुभ फल में कमी आ जाएगी।

धनु राशि में संचरणकाल गुरू का शुभाशुभ फल

(22 नवम्बर 2007 ई. 8 दिसम्बर 2008 ई. तक)

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
बिगड़े कामों में सुधार भूमि, वाहनादि सुख मिले प्रिय-बन्धु मिलाप	आय कम व खर्च अधिक ऋण-रोग भय घरेलू उल-झनें बढ़ेंगी	धन लाभ व भाग्य में उन्नति विघ्नों के बाद कार्य-सिद्धि हो भाग्य-उन्नति विदेश योग	आय कम, खर्च अधिक रहेगा रोग व शत्रुभय निजबन्धु से विरोध	भूमि-वाहनादि सुख हों धन-लाभ, धर्म में रुचि, गृह में शुभ कार्य हो	बनते कामों में बाधाएँ, खर्च अधिक, शरीर-कष्ट गृह कलह-क्लेश द्वितीय भाग शुभ हो।	प्रिय-बन्धु से मेल, धन लाभ, अच्छा पदोन्नति विदेश यात्रा के योग हैं।	अचानक धन लाभ के अवसर हो, भाग्य में वृद्धि किसी श्रेष्ठजन से मेल विदेश यात्रा हो	संघर्ष के बाव-जूद निर्वाह योग्य धन लाभ पर, खर्चों में अधिकता परिवार में मतभेद रहे।	अल्प-धन लाभ धर्म-कार्यों में प्रवृत्ति, शुभ कार्यों पर खर्च हो	धन-सम्पदा सवारी का लाभ, भाग्य में उन्नति प्रिय मिलन व्यय अधिक	आय कम व खर्च अधिक हो, परिवार में कलह-तनाव एवं उलझनें हों।

मकर राशिस्थ गुरू का शुभाशुभ फल

(9 दिसम्बर 2008 ई. 26 मार्च 2009 ई. तक)

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
आय कम व खर्च अधिक परिवार में मन मुटाव तनाव व परेशानी हो।	योजना में कुछ सफलता भूमि, वाहनादि सुख मिलें प्रिय-बन्धु सुख	आय कम खर्च अधिक ऋण-रोग एवं घरेलू उलझनें बढ़ेंगी।	विघ्नों के बाद कार्य सिद्धि धन-लाभ भाग्य उन्नति हो।	आय कम खर्च अधिक रहें। रोग व शत्रु भय, बन्धु विरोध रहे।	भूमि-वाहनादि सुख हों धन लाभ धर्म-कर्म में रुचि गृह में शुभ कार्य हो।	कार्यों में विघ्न-बाधाएं व खर्च अधिक स्वास्थ्य हानि व तनाव।	धन लाभ हो किसी प्रिय-बन्धु का सुख, पदोन्नति, दीर्घ विदेश यात्रा हो।	अचानक धन लाभ के चांस हों भाग्य वृद्धि किसी प्रिय व श्रेष्ठ जन से सम्पर्क।	संघर्ष से निर्वाह योग्य धन-लाभ, खर्चों की अधिकता परिवार-वैमनस्य	अल्प धन-लाभ, धर्म-कर्म में रूझान शुभ कार्यों पर खर्च अधिक	धन-सम्पदा सवारी का लाभ, भाग्य उन्नति प्रिय-मिलन व्यय अधिक

गुरु का कारकत्व—गुरू पति सुख, धर्म-आध्यात्म, सन्तान, पुत्र, विद्या, विवेक बुद्धि, बड़ा भाई, सुवर्ण, ज्योतिष आदि विद्याओं का कारक माना जाता है। शरीर में लिवर, हृदयकोश, पाचन प्रक्रिया, कान आदि का भी कारक माना जाता है। कुण्डली में गुरू अशुभ हो अथवा अशुभ ग्रह द्वारा दृष्ट या युक्त हो, तो गुरू सम्बन्धित सुख में कमी करता है। कुण्डली के अन्य ग्रहों पर विचार कर लेना चाहिए।

हमारे कार्यालय से छपी ज्योतिष तत्त्व (फलित खण्ड) भाग I में **गोचर विचार** विस्तार से पढ़ें।

गुरु के अशुभ फल की शान्ति—अथवा गुरु की शुभता बढ़ाने के लिए वृद्ध ब्राह्मण को भोजन कराना, गुरुवासरी अमावस्या तथा गुरुवार का व्रत रखना, पुखराज धारण करना, पीले वस्त्र, चने की दाल, कांस्य पात्र, सुवर्ण, शक्कर, केले, लड्डुओं, धार्मिक ग्रन्थ आदि का दान यथाशक्ति करने तथा गुरु के बीज मन्त्र अथवा गुरु गायत्री मन्त्र का जाप 19,000 की संख्या में विधिपूर्वक करना शुभ एवं फलदायक रहेगा। गुरु धनु और मीन राशि का स्वामी है। पति सौख्य की प्राप्ति के लिए स्त्रियों को गुरु के बीज मन्त्र, व्रत, पुखराज धारण तथा यथाशक्ति दान करना लाभदायक रहता है। प्रत्येक गुरुवार केसर का तिलक भी लगाना चाहिए।

गुरु गायत्री मन्त्र—''ॐ अंगिरो जाताय विद्महे वाचस्पतये धीमहि तन्नो गुरुः प्रचोदयात्''

गुरु बीज मन्त्र—''ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः॥''

राहु का शुभाशुभ फल—संवत् २०६५

वर्षारम्भ से 29 अप्रैल, 2008 ई० तक राहु कुम्भ राशि में ही संचार करेगा। इसका शुभाशुभ गोचर हम गतवर्षीय पंचाँग दिवाकर २०६४ में लिख चुके हैं। 30 अप्रैल, 2008 ई. की प्रातः 9 बजकर 30 मिनट से संवत् के अन्त तक राहु मकर राशि में संचार करेगा। इसका शुभाशुभ गोचर फल इस प्रकार से होगा—

मकर राशिस्थ राहु का गोचर फल संवत् २०६५

(30 अप्रैल 2008 ई. से 26 मार्च 2009 ई. तक)

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
खुश-खबरी मिले, शुभ कार्य हो, धन लाभ अच्छा पर खर्च बढ़े।	संघर्ष अधिक, निर्वाह योग्य धन में विघ्न हो, निजबन्धु से विरोध खर्च बहुत बढ़े।	लाभ कम खर्च अधिक हो, शरीर कष्ट व मित्रों से विरोध हो, अपने भी पराये हों।	बनते कामों में बाधाएं, धन-लाभ कम, खर्च अधिक रहे, तनाव भी रहे।	अचानक धन-लाभ, प्रिय-बन्धु से मेल, कार्यों में सफलता मिले।	निज-बन्धु से कलह-क्लेश, रोग व शत्रु भय, खर्च व चिन्ता बढ़े। वर्षांत में खुश-खबरी मिले।	किसी बन्धु से क्लेश, लाभ कम व खर्चों में वृद्धि हो वृथा दौड़-धूप बढ़े।	पराक्रम व उत्साह में वृद्धि शुभ यात्रा, धन व पदोन्नति के चांस बनेंगे। परन्तु खर्च भी बढ़ेंगे।	घरेलू कलह-क्लेश हो, वृथा खर्च बढ़े, शरीर कष्ट व तनाव बढ़े।	निज-बन्धु से बिगाड़ हो, रोग व शत्रु भय हो, खर्चों में वृद्धि हो, दीर्घ यात्रा हो।	बनते कामों में विघ्न, वृथा दौड़-धूप व खर्च अधिक रहे। तनाव बढ़े।	कुछ बिगड़े कामों में सुधार, भूमि-वाहन आदि सुख धन लाभ हो।

केतु संचार—30 अप्रैल, 2008 ई० को प्रातः 9.30 बजे से सम्वत् के अन्त तक केतु कर्क राशि में संचार करेगा। इसका शुभाशुभ गोचर फल इस प्रकार से होगा—

कर्क राशिस्थ केतु का गोचरफल २०६५

(30 अप्रैल 2008 ई. से 26 मार्च 2009 ई. तक)

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
आर्थिक संकट के कारण घरेलू झंझट व अशान्ति रहे।	बिगड़े कामों में सुधार परिश्रम से धन लाभ अच्छा वाहन सुख मिले।	वृथा दौड़-धूप अधिक हो, लाभ कम व खर्च अधिक रहे।	शरीर कष्ट व तनाव रहे, बनते कामों में विघ्न, खर्च ज्यादा हो।	रोग व शत्रु भय अपने परायों जैसा व्यवहार रखें। खर्च अधिक रहेंगे।	धन लाभ साधारण वाहन, भूमि आदि साधनों की प्राप्ति संघर्ष अधिक रहे।	लाभ अल्प व खर्च अधिक रहे। गृह में कोई मंगल कार्य हो। विदेश यात्रा योग बने।	भाग्य उन्नति में विघ्न, वृथा खर्च बढ़े, दुर्घटना से चोट आदि का भय।	धन-हानि, रोग व शत्रु भय विद्या में विघ्न परिवार सम्बन्धी चिन्ता खर्च अधिक रहें।	कुटुम्ब में किसी प्रियजन से वैमनस्य, खर्च अधिक, किसी से धोखा मिले।	पराक्रम से धन लाभ हो बिगड़े कामों में सुधार, खुश-खबरी मिले।	घरेलू कलह-क्लेश मन अशान्त लाभ कम खर्च अधिक।

अनिष्ट राहु की शान्ति हेतु तिल, तेल, भूरे रंग का वस्त्र, कम्बल, नारियल, सप्तधान्य, सतनाजा, कृष्ण पुष्प आदि का दक्षिणा सहित दान करना कल्याणकारी रहता है। जन्मपत्री अनुशीलन के बाद गोमेध भी धारण किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त राहु के बीज मन्त्र '**ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः**' का 18 हज़ार की संख्या में जाप करें। गजेन्द्र मोक्ष स्तोत्र का पाठ भी शुभ है। राहु का गायत्री मन्त्र—

ॐ शिरोरूपाय विद्महे अमृतेशाय धीमहि तन्नो राहुः प्रचोदयात्॥

केतु के अरिष्ट की शान्ति हेतु लोहा, सप्तधान्य, लाल-काला वस्त्र, नारियल, कम्बल, कस्तूरी, बेल, कुष्ठाश्रम आदि में भोजन, क्षीर का दान तथा जन्मपत्री विश्लेषण के पश्चात् लहसनिया नग धारण करना कल्याणकारी रहता है। केतु के बीज मन्त्र '**ॐ स्त्रां स्त्रीं स्त्रौं सः केतवे नमः**' की 17 हज़ार की संख्या में जाप करना तथा श्री गणेश स्तोत्र एवं अपराजिता स्तोत्र का पाठ करना शुभ है। केतु की शान्ति के लिए गायत्री मन्त्र—

ॐ पद्म पुत्राय विद्महे अमृतेशाय धीमहि तन्नो केतुः प्रचोदयात्॥

अनिष्ट ग्रहों की शान्ति के सम्बन्ध में और अधिक विस्तृत जानकारी के लिए हमारी प्रकाश्य पुस्तक **अनिष्ट ग्रह शान्ति और उपयोगी उपाय** मँगवाकर पढ़ें। **—सम्पादक**

सर्वार्थ सिद्धि, अमृत सिद्धि, गुरु पुष्यादि योगः-वि. संवत् २०६५ (सन् 2008-09)

किसी विशेष कार्य हेतु आवश्यक परिस्थितिवश अथवा शीघ्रता में कोई सुनियोजित एवं निर्धारित मुहूर्त न मिलता हो, तो आगे लिखे गए सर्वार्थ सिद्धि, अमृत सिद्धि, रवि योग, गुरु पुष्य आदि योगों में अभीष्ट कार्यों का शुभारम्भ करके मनोवांछित कार्यों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

सर्वार्थ सिद्धि योगों में—अनुबन्ध करना, परीक्षा, नौकरी अथवा चुनाव आदि के लिए आवेदन करना, क्रय-विक्रय करना, यात्रा या मुकद्दमा करना, भूमि, सवारी, वस्त्र-आभूषणादि का क्रय करना इत्यादि कृत्य किए जा सकते हैं। **अमृत सिद्धि योगों में** स. सि. योगों वाले कृत्यों के अतिरिक्त प्रेम विवाह करना, विदेश यात्रा, किसी कार्य सिद्धि हेतु सकाम अनुष्ठान करना आदि। रवि योग स. सि. योगों की भान्ति शुभ कार्यों के लिए प्रशस्त माने जाते हैं। **रवि योग की** उपलब्धता में यदि कोई कुयोग भी हो, तो **'रवि योग'** अन्य कुयोगों का नाश करके शुभ फल प्रदान करता है।

रविपुष्य योगों—में जड़ी-बूटी तोड़ना तथा तोड़कर औषध तैयार करना, किसी विशेष रोग में रोगी को औषधि देना शुभ होता है। यन्त्र-मन्त्र-तन्त्रादि प्रयोगों में यह योग शुभ होते हैं।

गुरुपुष्य योग—गुरु अथवा पिता, दादा या श्रेष्ठ व्यक्ति से मन्त्र, तन्त्र या किसी विशिष्ट विषय के सम्बन्ध में उच्च विद्या ग्रहण करना, धन, भूमि-विद्या एवं आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करना, कोई धार्मिक अनुष्ठान प्रारम्भ करना, गुरू धारण करना, विदेश-गमन करना शुभ होता है।

उपरोक्त सभी योगों में से कोई योग विशेष ग्रहण करने से पूर्व तिथि एवं चन्द्रमा का बल भी ध्यान में रख लेवें, तो अत्यन्त लाभदायक होगा। (अर्थात् कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी से शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा पर्यन्त चन्द्र निर्बल माना जाता है।) इनके अतिरिक्त गुरु-शुक्र ग्रहों के अस्त काल में, ग्रहण काल, श्राद्ध पक्ष आदि का भी ध्यान कर लेना प्रशस्त होगा। विवाह, मुण्डन, गृहनिर्माण, गृहप्रवेश, कार्य निर्धारित मुहूर्तों में ही करने कल्याणकारी होंगे। पण्डित विवेक शर्मा पंचाँगकर्त्ता।

सर्वार्थ सिद्धि योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2008 ई.	घं. मिं.	2008 ई.	घं. मिं.
6 अप्रै.	21 08	7 अप्रै.	सू. उ.
8 अप्रै.	15 54	10 अप्रै.	सू. उ.
13 अप्रै.	7 13	14 अप्रै.	7 02
15 अप्रै.	सू. उ.	15 अप्रै.	7 25
23 अप्रै.	सू. उ.	23 अप्रै.	24 08
27 अप्रै.	8 34	28 अप्रै.	सू. उ.
28 अप्रै.	10 41	29 अप्रै.	सू. उ.
4 मई	7 49	5 मई	5 05
6 मई	सू. उ.	6 मई	23 03
7 मई	सू. उ.	8 मई	सू. उ.
9 मई	15 30	10 मई	सू. उ.
11 मई	सू. उ.	11 मई	13 17
17 मई	21 46	18 मई	सू. उ.
20 मई	3 23	20 मई	सू. उ.
21 मई	सू. उ.	21 मई	6 19
26 मई	सू. उ.	26 मई	19 04
30 मई	19 40	31 मई	सू. उ.
1 जून	सू. उ.	1 जून	15 38
3 जून	सू. उ.	3 जून	9 50
4 जून	सू. उ.	5 जून	3 47
5 जून	25 09	6 जून	23 01

सर्वार्थ सिद्धि योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2008 ई.	घं. मिं.	2008 ई.	घं. मिं.
11 जून	23 05	12 जून	सू. उ.
14 जून	सू. उ.	15 जून	सू. उ.
16 जून	9 23	17 जून	सू. उ.
21 जून	22 52	22 जून	सू. उ.
27 जून	3 09	28 जून	सू. उ.
30 जून	19 56	1 जुला	सू. उ.
2 जुला	सू. उ.	2 जुला	14 25
3 जुला	11 44	4 जुला	9 21
9 जुला	6 32	10 जुला	सू. उ.
12 जुला	सू. उ.	12 जुला	13 00
14 जुला	सू. उ.	14 जुला	18 52
19 जुला	4 55	20 जुला	सू. उ.
24 जुला	8 54	26 जुला	सू. उ.
28 जुला	सू. उ.	29 जुला	सू. उ.
31 जुला	सू. उ.	1 अग.	सू. उ.
6 अग.	सू. उ.	6 अग.	16 26
15 अग.	12 08	16 अग.	13 33
19 अग.	14 53	20 अग.	सू. उ.
21 अग.	सू. उ.	22 अग.	12 42
25 अग.	सू. उ.	26 अग.	सू. उ.
28 अग.	सू. उ.	[illegible]	[illegible]

सर्वार्थ सिद्धि योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2008 ई.	घं. मिं.	2008 ई.	घं. मिं.
31 अग.	24 19	1 सितं.	सू. उ.
12 सितं.	सू. उ.	12 सितं.	21 59
16 सितं.	सू. उ.	16 सितं.	21 33
18 सितं.	सू. उ.	18 सितं.	18 45
20 सितं.	15 28	21 सितं.	सू. उ.
22 सितं.	सू. उ.	22 सितं.	12 25
25 सितं.	सू. उ.	25 सितं.	9 15
28 सितं.	8 29	29 सितं.	सू. उ.
5 अक्तू.	21 06	6 अक्तू.	सू. उ.
10 अक्तू.	सू. उ.	10 अक्तू.	7 11
14 अक्तू.	सू. उ.	14 अक्तू.	6 48
18 अक्तू.	सू. उ.	18 अक्तू.	20 13
26 अक्तू.	सू. उ.	27 अक्तू.	सू. उ.
30 अक्तू.	22 51	31 अक्तू.	25 32
2 नवं.	सू. उ.	3 नवं.	सू. उ.
9 नवं.	18 13	10 नवं.	सू. उ.
11 नवं.	15 42	12 नवं.	सू. उ.
17 नवं.	22 07	18 नवं.	सू. उ.
18 नवं.	20 46	19 नवं.	सू. उ.
23 नवं.	सू. उ.	23 नवं.	22 49
27 नवं.	5 22	28 नवं.	8 07
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]

सर्वार्थ सिद्धि योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2008-09	घं. मिं.	2008-09	घं. मिं.
7 दिसं.	सू. उ.	8 दिसं.	3 13
9 दिसं.	सू. उ.	9 दिसं.	24 31
10 दिसं.	22 09	11 दिसं.	सू. उ.
15 दिसं.	7 32	16 दिसं.	5 21
16 दिसं.	सू. उ.	16 दिसं.	27 46
24 दिसं.	11 20	25 दिसं.	14 12
28 दिसं.	23 20	29 दिसं.	सू. उ.
30 दिसं.	2 14	30 दिसं.	सू. उ.
(सन् 2009 ई.)			
4 जन.	सू. उ.	4 जन.	10 54
6 जन.	सू. उ.	6 जन.	9 52
7 जन.	8 19	8 जन.	सू. उ.
11 जन.	18 55	12 जन.	16 17
13 जन.	सू. उ.	13 जन.	14 03
21 जन.	सू. उ.	21 जन.	20 31
25 जन.	सू. उ.	26 जन.	सू. उ.
26 जन.	8 25	27 जन.	सू. उ.
1 फर.	16 53	2 फर.	सू. उ.
3 फर.	15 47	5 फर.	सू. उ.
8 फर.	सू. उ.	8 फर.	27 28
[illegible]	[illegible] 34	15 फर.	सू. उ.

सर्वार्थ सिद्धि योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2009 ई.	घं. मिं.	2009 ई.	घं. मिं.
16 फर.	25 05	17 फर.	सू. उ.
22 फर.	सू. उ.	22 फर.	15 34
23 फर.	सू. उ.	23 फर.	17 54
27 फर.	22 22	28 फर.	सू. उ.
1 मार्च	सू. उ.	1 मार्च	22 00
3 मार्च	सू. उ.	3 मार्च	20 21
4 मार्च	सू. उ.	5 मार्च	सू. उ.
6 मार्च	16 08	7 मार्च	सू. उ.
8 मार्च	सू. उ.	8 मार्च	12 41
14 मार्च	7 05	15 मार्च	सू. उ.
16 मार्च	9 38	17 मार्च	सू. उ.
21 मार्च	23 37	22 मार्च	सू. उ.
27 मार्च	5 41		

अमृत सिद्धि योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
23 अप्रै.	सू. उ.	23 अप्रै.	24 08
21 मई	सू. उ.	21 मई	6 19
30 मई	19 40	31 मई	सू. उ.
27 जून	सू. उ.	27 जून	26 09
25 जुला	सू. उ.	25 जुला	8 19
28 जुला	25 57	29 जुला	सू. उ.
31 जुला	19 25	1 अग.	सू. उ.

अमृत सिद्धि योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2008 ई.	घं. मिं.	2008 ई.	घं. मिं.
25 अग.	8 30	26 अग.	सू. उ.
28 अग.	सू. उ.	28 अग.	26 27
20 सितं.	15 28	21 सितं.	सू. उ.
22 सितं.	सू. उ.	22 सितं.	12 25
25 सितं.	सू. उ.	25 सितं.	9 15
15 अक्तू.	5 05	15 अक्तू.	सू. उ.
18 अक्तू.	सू. उ.	18 अक्तू.	20 13
26 अक्तू.	15 45	27 अक्तू.	सू. उ.
11 नवं.	15 42	12 नवं.	सू. उ.
23 नवं.	सू. उ.	23 नवं.	22 49
27 नवं.	5 22	27 नवं.	सू. उ.
9 दिसं.	सू. उ.	9 दिसं.	24 31
24 दिसं.	11 20	25 दिसं.	सू. उ.
(सन् 2009 ई.)			
6 जन.	सू. उ.	6 जन.	9 52
21 जन.	सू. उ.	21 जन.	20 31
27 फर.	22 22	28 फर.	सू. उ.

रवि योग—सं. २०६५

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
8 अप्रै.	15 54	9 अप्रै.	13 22
10 अप्रै.	11 08	11 अप्रै.	9 18
13 अप्रै.	7 13	13 अप्रै.	18 29
14 अप्रै.	7 02	16 अप्रै.	8 19
18 अप्रै.	11 23	19 अप्रै.	13 26
26 अप्रै.	5 59	27 अप्रै.	8 34
27 अप्रै.	10 25	28 अप्रै.	10 41
7 मई	20 09	8 मई	17 35
9 मई	15 30	10 मई	14 02
11 मई	4 31	11 मई	13 17
13 मई	13 55	15 मई	17 01
17 मई	21 46	18 मई	24 30
26 मई	19 04	27 मई	20 21
5 जून	25 09	6 जून	23 01
7 जून	21 32	7 जून	22 38
8 जून	20 46	9 जून	20 48
11 जून	23 05	14 जून	3 40
16 जून	9 23	17 जून	12 21

रवि योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2008-09	घं. मिं.	2008-09	घं. मिं.
25 जून	3 11	26 जून	3 30
6 जुला	6 06	7 जुला	5 29
8 जुला	5 37	9 जुला	6 32
11 जुला	10 22	13 जुला	15 54
15 जुला	21 45	16 जुला	24 27
24 जुला	8 54	25 जुला	8 19
4 अग.	14 56	5 अग.	15 20
6 अग.	16 26	7 अग.	18 12
9 अग.	23 16	12 अग.	5 06
14 अग.	10 12	15 अग.	12 08
22 अग.	12 42	23 अग.	11 27
2 सितं.	25 21	3 सितं.	26 47
5 सितं.	4 48	6 सितं.	7 18
8 सितं.	13 06	10 सितं.	18 30
12 सितं.	21 59	13 सितं.	7 14
13 सितं.	22 46	14 सितं.	22 54
20 सितं.	15 28	21 सितं.	13 52
2 अक्तू.	13 03	3 अक्तू.	15 23
4 अक्तू.	18 07	5 अक्तू.	21 06
7 अक्तू.	26 58	10 अक्तू.	7 11
10 अक्तू.	11 43	11 अक्तू.	8 13
13 अक्तू.	7 58	14 अक्तू.	6 48
19 अक्तू.	18 15	20 अक्तू.	16 39
31 अक्तू.	25 32	2 नवं.	4 30
3 नवं.	7 37	4 नवं.	10 41
7 नवं.	17 27	9 नवं.	18 13
11 नवं.	15 42	12 नवं.	13 29
17 नवं.	22 07	18 नवं.	20 46
19 नवं.	12 29	19 नवं.	20 01
30 नवं.	14 11	1 दिसं.	17 18
2 दिसं.	16 42	2 दिसं.	20 17
3 दिसं.	22 58	4 दिसं.	25 09
7 दिसं.	3 22	8 दिसं.	26 15
10 दिसं.	22 09	11 दिसं.	19 22
17 दिसं.	26 52	18 दिसं.	26 43
31 दिसं.	4 55	1 जन.	7 14
(सन् 2009 ई.)			
2 जन.	9 05	3 जन.	10 20
5 जन.	10 45	7 जन.	8 19

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2009 ई.	घं. मिं.	2009 ई.	घं. मिं.
9 जन.	3 37	9 जन.	24 46
16 जन.	11 12	17 जन.	11 46
29 जन.	14 40	30 जन.	15 54
31 जन.	16 39	1 फर.	16 53
3 फर.	15 47	5 फर.	12 45
6 फर.	5 17	6 फर.	10 40
8 फर.	5 54	9 फर.	3 28
14 फर.	21 34	15 फर.	22 59
27 फर.	22 22	28 फर.	22 22
1 मार्च	22 00	2 मार्च	21 19
5 मार्च	17 43	7 मार्च	14 26
9 मार्च	10 59	10 मार्च	9 25
16 मार्च	9 38	17 मार्च	11 54
17 मार्च	24 37	18 मार्च	14 39

द्विपुष्कर एवं त्रिपुष्कर योग (2008-09 ई.)

(गाड़ी, आभूषणादि बहुमूल्य वस्तुएँ खरीदने हेतु विशेष मुहूर्त्त)

द्विपुष्कर एवं त्रिपुष्कर योगों में बहुमूल्य एवं उपयोगी पदार्थ, वस्तुएँ जैसे—ज़मीन-जायदाद, हीरे-जवाहरात, स्वर्ण-चाँदी के आभूषण, कार, ट्रक, स्कूटर, गाय-भैंस क्रय करना, नवीन उद्योग की स्थापना आदि करना लाभदायक रहता है। इन योगों में यदि कोई अनिष्ट हो जाए, तो भी दुगुनी अथवा तीन गुणा हानि होने की सम्भावना हो जाती है। तो त्रिपुष्कर दोष की शान्ति के लिए तीन गौओं के मूल्य का धन तथा द्विपुष्कर में दो गौओं के मूल्य और तिलों द्वारा निर्मित पीठी का दान करना शुभ होगा। (वसिष्ठ.)

द्विपुष्कर योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2008-09	घं. मिं.	2008-09	घं. मिं.
19 जन.	16 36	19 जन.	26 16
29 जन.	सू. उ.	29 जन.	16 22
23 मार्च	6 41	23 मार्च	26 55
27 मई	सू. उ.	27 मई	20 21
20 जुला	6 35	20 जुला	15 38
29 जुला	सू. उ.	29 जुला	23 45
21 सितं.	13 52	21 सितं.	23 40
30 सितं.	14 03	1 अक्तू.	सू. उ.
11 अक्तू.	7 15	11 अक्तू.	8 13
23 नवं.	22 49	24 नवं.	सू. उ.
17 जन.	11 46	17 जन.	19 50
27 जन.	15 22	28 जन.	सू. उ.
23 मार्च	2 02	23 मार्च	सू. उ.

(रवि पुष्य योग)

16 मार्च	25 47	17 मार्च	सू. उ.
13 अप्रै.	7 13	14 अप्रै.	सू. उ.
11 मई	सू. उ.	11 मई	13 17
11 जन.	18 55	12 जन.	सू. उ.
8 फर.	सू. उ.	8 फर.	27 28
8 मार्च	सू. उ.	8 मार्च	12 41

(गुरु पुष्य योग)

31 जुला	19 25	1 अग.	सू. उ.
28 अग.	सू. उ.	28 अग.	26 27
25 सितं.	सू. उ.	25 सितं.	9 15

त्रिपुष्कर योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2008-09	घं. मिं.	2008-09	घं. मिं.
17 फर.	20 37	18 फर.	सू. उ.
23 फर.	सू. उ.	23 फर.	9 16
4 मार्च	सू. उ.	4 मार्च	17 20
12 अप्रै.	7 58	12 अप्रै.	12 47
22 अप्रै.	सू. उ.	22 अप्रै.	20 15
27 अप्रै.	8 34	28 अप्रै.	सू. उ.
6 मई	13 56	6 मई	23 03
15 जून	6 28	15 जून	15 58
29 जून	22 26	30 जून	सू. उ.
8 जुला	20 49	9 जुला	सू. उ.
23 अग.	11 27	23 अग.	18 26
31 अग.	24 27	1 सितं.	सू. उ.
6 सितं.	सू. उ.	6 सितं.	7 18
25 अक्तू.	14 55	25 अक्तू.	26 21
4 नवं.	18 26	5 नवं.	सू. उ.
14 दिसं.	10 12	14 दिसं.	14 36
23 दिसं.	8 41	24 दिसं.	सू. उ.
28 दिसं.	23 20	29 दिसं.	सू. उ.
(सन् 2009 ई.)			
3 जन.	सू. उ.	3 जन.	10 20
15 फर.	22 59	16 फर.	सू. उ.
21 फर.	12 50	21 फर.	26 19
3 मार्च	सू. उ.	3 मार्च	20 21

"ज्योतिष शास्त्र में ग्रह-योगों का प्रभाव"

राष्ट्रीय 'दिल्ली संस्कृत अकादमी' नई दिल्ली में दिनांक 10 मार्च, 2007 ई. को पं. पंकज शर्मा सुपुत्र पं. पन्ना लाल ज्योतिषी द्वारा पठित सार-गर्भित ज्योतिष लेख

जन्म कुण्डली के द्वादश भावों में से जब किसी एक भाव में दो या अधिक ग्रहों का संयोग हो, तो उसे ज्योतिषीय भाषा में 'ग्रह-योग' कहा जाता है। प्राचीन ज्योतिष आचार्यों ने अपने ग्रन्थों में जातक के सम्पूर्ण जीवन के विभिन्नांगों एवं विषयों पर विश्लेषण करते हुए जन्म कुण्डली एवं गोचर ग्रहों के फलादेश को विशेष महत्त्वपूर्ण स्थान दिया है। विशेष ग्रह-योगों के कारण कई बार फलादेश में चामत्कारिक रूप में फल वृद्धि अथवा हानि हो जाती है। ग्रह योगों का वर्णन केवल मात्र वृहद् संहिता, बृहद् होराशास्त्र, मानसागरी, ताजिक नीलकंठी, बृहद्ज्योतिसार, सारावली, बृहज्जातक आदि ज्योतिष ग्रन्थों में ही नहीं बल्कि पौराणिक एवं धार्मिक ग्रन्थों में जैसे-रामायण, महाभारत, अग्निपुराण, श्रीदेवीभागवत, नारद पुराण, गर्ग संहिता, श्रीमद्भागवत आदि में भी ग्रह-योगों के सम्बन्ध में अनेक स्थलों पर वर्णन मिलते हैं।

आदिकाल में ही ज्योतिष शास्त्र के सिद्धान्त, संहिता एवं होरा (जातक)-ये तीनों भेद स्वतन्त्र रूप में प्रस्फुटित होने शुरू हो चुके थे। ज्योतिष शास्त्र को वेदाङ्ग ज्योतिष का चक्षु माना जाता है, इसकी सहायता के बिना श्रौत, स्मार्त-अर्थात् धर्म परायण गृहस्थादिकों के कार्य सफल हुए नहीं माने जाते। जन्म से लेकर मृतक तक सभी संस्कारों पर्यन्त ज्योतिष एवं मुहूर्त्त शास्त्र का योगदान अक्षुण्ण रूप से माना जाता है-

वेदस्य निर्मलं चक्षुःज्योतिशास्त्रमकल्मषम्।
विनेतदखिलं कर्माणि श्रौत-स्मार्ता न सिद्ध्यन्ति॥

वेदाङ्ग साहित्य, रामायण, महाभारत एवं पौराणिक कालिक ग्रन्थों में ज्योतिष योगों के सम्बन्ध में अनेक स्थलों पर विवरण मिलते हैं। **जैसे महाभारत में मंगल का वक्री होकर अनुराधा नक्षत्र में जाना अशुभ माना गया है। एक ही मास में सूर्य, चन्द्र-दो ग्रहणों का घटित होना तथा १३ दिनों का पक्ष होना अनिष्टकर बताया गया है।** बनवास के समय धर्मराज द्वारा भविष्य में कलियुग का वर्णन यूँ मिलता है-

अस्मिन् कलियुगे त्वस्ति पुनः कौतूहलं मम। यदा सूर्यश्च चन्द्रश्च तथा तिष्य बृहस्पती॥ १०॥
एकराशौ समेष्यन्ति प्रपत्स्यति तदा कृतम्॥ ११॥ (महाभारत वनपर्व ॥ १९०॥)

रामायण एवं पौराणिक काल में भी विद्वान आचार्य लोग ज्योतिषीय योगों एवं अनेक शुभाशुभ फल के विषय में सुपरचित थे। **'वाल्मीकि रामायण'** के अयोध्याकाण्ड में श्री राम के बनवास के पश्चात् मृत्यु शय्या पर पड़े महाराज दशरथ ने रानी कौशल्या से अनिष्ट ग्रह-योग के बारे में संकेत दिया कि "मेरा नक्षत्र सूर्य, अंगारक (मंगल) एवं राहु-ग्रहों से पीड़ित होने वाला है, अतएव मेरे भाग्य में कोई भयंकर विपत्ति आने वाली है।"

नारद पुराण में तो बहुत अधिक ज्योतिष तथा ग्रह-दोषों के शुभाशुभ फलों के वर्णन मिलते हैं। उदाहरणार्थः-विवाह में सग्रह, कर्तृरि आदि दोषों का वर्णन करते हुए बताया गया है कि "चन्द्रमा यदि पापग्रह से युक्त हो तो वर-वधू के लिए घातक होता है। **कर्तृरि** लग्न से बारहवें मार्गी और दूसरे वक्री पाप ग्रह हों तो यह कर्तृरि दोष वर-वधू के लिए अनिष्टकारी होता है।

श्रीमद्भागवत के द्वादश स्कन्ध एवं द्वितीय अध्याय में श्री शुकदेव जी द्वारा राजा परीक्षित को सत्ययुग के प्रारम्भ के विषय में वर्णन करते हैं कि-**"जिस समय चन्द्रमा, सूर्य और बृहस्पति एक ही समय, एक ही साथ पुष्य नक्षत्र के प्रथम पल में प्रवेश करते हैं, उसी समय सत्ययुग का प्रारम्भ होता है।"**

पुराणोत्तर काल में बृहज्जातक, बृहत्संहिता, (वाराहमिहिर) सारावली, बृहद होराशास्त्र (पाराशर), फलदीपिका (मंत्रेश्वर) आदि ज्योतिषीयग्रन्थों में फलित सम्बन्धी ग्रहयोगों के विस्तृत तौर पर विवरण मिलते हैं।

ग्रह-योगों के सम्बन्ध में सामान्य नियम है कि यदि कुण्डली में कोई ग्रह अपने मित्र ग्रह के साथ योग-कारक होकर बैठा हो, तो ऐसा ग्रह-योग उस भाव एवं उन ग्रहों के भावेश फल में वृद्धिकारक होगा। यदि कुण्डली में कोई दो ग्रह परस्पर शत्रु होकर बैठे हों, तो ऐसा योग सम्बन्धित भाव के फल की हानि करेगा। इसी प्रकार किन्हीं दो अधिक ग्रहों का योग, किसी जातक की कुण्डली के सभी भावों में एक जैसा फल नहीं प्रकट करता।

कुण्डली नं. १

६ ५ ४ ७ चं. गु. ३ ८ २ के. रा. बु. ९ ११ १ सू. मं. १० १२ श.

उदाहरणार्थ-सिंह लग्न की कुण्डली में नवम (भाग्य) स्थान पर सूर्य-मंगल का योग जातक को स्वास्थ्य, भाग्यशाली, उच्च प्रतिष्ठित, भूमि-जायदाद आदि सुखों से समायुक्त रखेगा। जबकि यही योग (सू.-मं.) यदि द्वादश भावस्थ कर्क राशि पर होगा, तो जातक को रोगयुक्त, भूमि-जायदाद सम्बन्धी विवादों के कारण धन-हानि एवं संघर्षपूर्ण परिस्थितियों में से गुज़रने को मजबूर करेगा। अतएव ग्रह-योगों के शुभाशुभ प्रभाव का निर्णय करते समय कुण्डली के भाव, भावेश, राशि, ग्रह की उच्च-नीच, स्वक्षेत्री, मित्र-शत्रु क्षेत्री आदि स्थितियों तथा उन पर पड़ने वाली शुभाशुभ दृष्टियों, गोचर स्थिति तथा दशान्तर्दशा आदि सभी बातों पर विचार कर लेना चाहिए।

रूचकादि पंच महापुरूष योग

कुण्डली नं. २

६ ४ सू. ५ मं. ७ चं. गु. ३ ८ २ के. रा. बु. ९ ११ १ १० १२ श.

जन्म कुण्डली में दो या अधिक ग्रहों के संयोग से ही ग्रह-योग बनते हों-यह आवश्यक नहीं। मानसागरी, फलदीपिका, सारावली, जातक-परिजात आदि ग्रन्थों में प्रतिपादित **'पंचमहापुरुष'** योग के अनुसार यदि मंगल, बुध, गुरु, शुक्र अथवा शनि इनमें से एक ग्रह भी अपनी स्वराशि का अथवा उच्च राशि का होकर केन्द्र में हो, तो क्रमं से रूचक, भद्र, हंस, मालव्य या शश नामक योग बनता है।

स्वगेहतुङ्गाश्रय केन्द्र संस्थैरूच्चोपगैर्वा वानि सूनुमुख्यैः।
क्रमेण योगा रूचकाख्य भद्रहंसाख्य मालव्य शशिभिधानाः॥

(१) रूचक योग-कुण्डली में मंगल स्वराशि या उच्चराशिगत होकर केन्द्र में हो, तो

रूचक नामक योग होता है। ऐसा जातक अत्यन्त साहसी, शूरवीर, परिश्रमी, कीर्तिवान एवं शत्रुओं को जीतने वाला होता है–

दीर्घास्यो बहुसाहसाप्त विभवःशूरोऽरिहन्ता बली।
गर्विष्ठो रूचके प्रतीत गुणवान् सेनापतिः जित्वरः॥

उदाहरण कुण्डली
रूचक योग

उदाहरणस्वरूप साथ वाली कुण्डली एक वरिष्ठ सेठ की जो जुलाई, 1945 ई. में रावलपिंडी (पाक) में उत्पन्न होटल उद्योग एवं बृहद् प्रकाशन समूह का स्वामी है इनकी कुण्डली में स्पष्ट रूचक योग दृष्टिगोचर हो रहा है।

(२) भद्र योग–यदि बुध अपनी उच्च राशि या स्वराशि का होकर केन्द्र में स्थित हो, तो भद्र नामक योग बनता है। ऐसा जातक तीव्र बुद्धिमान, मृदु एवं मधुरभाषी, संतुलित शरीराकृति, सात्त्विक एवं परोपकारी स्वभाव का, धर्म एवं योगादि शास्त्रों का जानकार, निडर, विद्वान एवं स्वतन्त्र विचारक होता है। स्वर्गीय प्रधानमन्त्री लाल बहादुर शास्त्री की कुण्डली उदाहरणस्वरूप अनुशीलन की जा सकती है।

उदाहरण कुण्डली
स्व. प्रधान मन्त्री लाल बहादुर
२ अक्तू. १९०४ ई. शास्त्री

(३) हंस योग–यदि गुरु कुण्डली में स्वराशि, मूलत्रिकोण या उच्चराशि (कर्क) में केन्द्रगत हो तो हंसयोग बनता है। ऐसा जातक कमल के समान सुन्दर मुख, ऊंची नाक, नक्श वाला, श्वेत वर्ण, कामुक परन्तु गुणवान, विद्वान एवं उदार हृदयवाला होता है। ऐसा जातक दीर्घायु भी होता है। देखें उदाहरण कु. 116 (ज्यो. तत्त्व भाग दो)

(४) मालव्य योग–यदि शुक्र उच्च राशि या स्वक्षेत्री होकर केन्द्र भावों में हो, तो मालव्य योग होता है। इस योग में उत्पन्न जातक सुन्दर एवं आकर्षक व्यक्तित्व वाला, ऊंची नाक, गुणवान, उच्च व्यवसायिक विद्या में शिक्षित, धनवान्, स्त्री, संतान, वाहन आदि सुखों से युक्त होता है एवं सम्पन्न होता। उदा. कु. नं. 77 (ज्यो. तत्त्व)

उदाहरण कु. शश योग
भू. पू. प्रधानमन्त्री
श्रीवाजपेयी

(५) शश योग–यदि शनि उच्च या स्वराशि या मूलत्रिकोण में होकर केन्द्र भाव में हो, तो शश या शशक योग होता है। इस योग के प्रभावस्वरूप जातक उच्च प्रतिष्ठित, उच्च पदाधिकारी, सुख-साधनों से युक्त, तीव्र बुद्धिमान तथा ग्राम या समाज का नेतृत्व करने में कुशल होता है। साथ दी गई कुण्डली जो कि भूतपूर्व प्रधानमन्त्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की है, जो शशक योग का प्रबल उदाहरण है।

रूचकादि योगों में परिहार

पंचमहापुरुष सम्बन्धी उपरोक्त रूचकादि योगों के परिहार के सम्बन्ध में मानसागरी, पारिजातादि ग्रन्थों में उल्लेख मिलता है कि रूचक, भद्रादि योग कालीन यदि मंगल, बुध, गुरु, शुक्र या शनि के साथ सूर्य या चन्द्रमा का भी संयोग हो जाए तो राजयोग तुल्य महापुरुष का प्रभाव भंग हो जाएगा। यद्यपि ग्रह के उच्चादि की स्थिति में उसकी दशा में शुभ फल अवश्य होंगे। इसी भान्ति मालव्यादि योग कारक ग्रह की स्थिति यदि नवांश आदि वर्ग में भी अच्छी हो, तो मालव्य, शशादि योगों का विशेष शुभ फल अवश्य प्राप्त होगा।

अकेला ग्रह भी राजयोग कारक

जन्म कुण्डली में अकेला एक ग्रह भी अपनी उच्च (स्वोच्च) राशि में बैठकर बली, मित्र ग्रह द्वारा दृष्ट होकर, नवांश में भी स्वोच्च स्थिति में अर्थात् वर्गोत्तम स्थिति में हो, तो ऐसी ग्रह स्थिति राजयोग कारक होगी, अर्थात् जातक राजतुल्य धन सम्पदा व ऐश्वर्य प्रदान करेगी।

एक एव खगः स्वोच्चे वर्गोत्तमगते यदि।
बलवान् मित्र संदृष्ट करोति पृथिवी पतिम्॥ (सारावली)

यदि दो या अधिक ग्रह उच्च राशि में हो, तो विशेष रूप से धन–ऐश्वर्य सम्पदा आदि की प्राप्ति होती है।

स्वगृही ग्रहों का फल

बृहज्जातकनुसार जन्म समय अपने गृह (स्वगृह) में एक ग्रह हो, तो जातक अपने पिता के समान समृद्ध, दो ग्रह स्वगृही हों, तो कुल में प्रमुख तीन ग्रह स्वगृह में हो, तो अपने भाई बन्धुओं से पूज्य, ४ ग्रह स्वगृह में हो तो धनी, पांच ग्रह स्वगृही हों तो जातक सुखी, छः ग्रह स्वगृही हों तो भोगी, सातों ग्रह स्वगृही हों तो जातक राजा के समान सम्पन्न होता है।

शत्रु व नीच राशि का फल

बृहज्जातक अनुसार यदि कुण्डली में एक ग्रह शत्रु या नीच राशिगत हो, तो जातक धनहीन अथवा धन सम्बन्धी परेशानियों से दुःखी, दो ग्रह नीच हों तो जातक सुखहीन, तीन ग्रह हों तो मूढ़, चार ग्रह शत्रुगत या नीच हों तो व्याधि युक्त, पांच ग्रह नीच हों, तो जातक पराधीन होकर संतप्त एवं दुखी रहता है।

राजयोग कारक ग्रह-योगों का निरूपण

प्राचीन ज्योतिष ग्रन्थों में अनेक प्रकार के राजयोगों का वर्णन पाया जाता है। तत्कालीन राजकीय शासन–प्रणाली के आधार पर, जिसमें राजा, महाराजा, सम्राट, दीवान, मन्त्री आदि के पद हुआ करते थे। इसी कारण प्राचीन ज्योतिष ग्रन्थों में राजयोगों का वर्णन अधिकांशतः मिलता है, परन्तु आजकल यद्यपि लोकतान्त्रिक प्रणालियों का ही प्रचलन हो चुका है, तथापि चूंकि शासनधिकार प्राप्ति एवं प्रभुत्व प्राप्ति का ही दूसरा नाम 'राजयोग' है। वर्तमान में प्रचलित उच्च-प्रशासक अधिकारी अधिकांशतः राजतुल्य धन-वैभवादि सुखों का उपभोग करते हैं। इसलिए शासन-पद्धति में परिवर्तन मात्र से राजयोगों के फलादेश में भी कोई अन्तर नहीं होंगे।

(1) चापाजहिंसराशिषु लग्नस्थो महीपालम्।
जनयति च मित्रदृष्टः स्वबाहुबलनिर्जितारिबलापक्षम्॥ (होरासार)

यदि मेष, सिंह या धनु लग्न में लग्न में मंगल हो और उसको मंगल का मित्र देखता हो, तो वह जातक अपनी भुजाओं के पराक्रम अर्थात् स्व-परिश्रम से राज्य प्राप्त कर राज्य करता है। (भावार्थ फलदीपिका पृ. १६८)

शेष पृष्ठ 26 पर

दिनमान से मध्याह्न, अपराह्न, सायाह्न, प्रदोष आदि जानना

प्राचीन भारतीय महर्षियों ने विभिन्न शास्त्रीय, वैदिक एवं लौकिक कार्यों को करने के लिए अपने सहस्रों वर्षों के अनुभवों एवं अनुसन्धानों के आधार पर मानव-उपयोगी **'काल मान'** के ज्ञान का प्रकाश किया था। आजकल यद्यपि काल-विभाजन अधिकांशतः घण्टा मिनटों, सैकिण्डों आदि में किया जाता है, परन्तु भारतीय ज्योतिषाचार्यों ने दिन-रात (अहोरात्र) का विभाजन दिनमान, रात्रिमान, घड़ी, पल, विपल, प्रहर, मुहूर्त्तों आदि में दिया गया है। व्रत, पर्व, त्यौहारों एवं याज्ञादि अनुष्ठानों सम्बन्धी नियमों में मध्याह्न, अपराह्न, प्रदोष, ब्रह्म आदि काल के विशेष उल्लेख मिलते हैं। सर्वसाधारण लोगों की सुविधा के लिए इनकी जानकारी एवं स्पष्टीकरण लिख रहे हैं।

—अथ दिवारात्रौ पंचदश मुहूर्त्ता—

मुहूर्त्त—मुहूर्त्त मार्त्तण्ड के अनुसार दिन और रात में पन्द्रह-पन्द्रह कुल (३०) मुहूर्त्त होते हैं। दिनमान अथवा रात्रिमान को १५ से भाग देने पर प्रत्येक मुहूर्त्त का समान मान निकलता है।

दिन के पांच भाग—अक्षांश भेद एवं सूर्योदयास्त में अन्तर होने के कारण प्रत्येक नगर के दिनमान और रात्रिमान परिवर्तित होते रहते हैं। सम्भवतः इसी कारण हमारे पूर्वाचार्यों ने दिवस का प्रारम्भ काल सूर्योदय से मानते हुए दिन के पाँच भाग किए हैं, यथा—सूर्योदय से ३ मुहूर्त्त (२ घण्टा, २४ मिनट) तक **प्रातःकाल**, उसके बाद २ घण्टा, २४ मिनट **संगवकाल**, इसके बाद २ घण्टे २४ मिनट तक **मध्याह्नकाल**, फिर २ घण्टा, २४ मिनट के बाद **अपराह्नकाल** और फिर आगे २ घण्टा २४ मिनट का **सायंह्नकाल** होता है।

प्रातःकाल स्नानादि के पश्चात् देवपूजन, जपादि के लिए प्रशस्त, मध्याह्न में **ब्रह्मयज्ञ**, ऋषि तर्पण आदि, अपराह्न में श्राद्ध, पितृकर्म तथा **सायंकाल** में भी स्नान, संध्या, जप, देवार्चन आदि करने की शास्त्राज्ञा है।

स्नानसंध्या तर्पणादि जप होम सुरार्चनम्।
उपवासवता कार्यं सायं संध्याहुतीर्विना॥

अन्यत्रेऽपि

पूर्वाह्णो दैविकः कालो मध्याह्नश्चापि मानुषः।
अपराह्णः पितृणां तु सायाह्नो राक्षसः स्मृतः॥ ॥ व्यास॥

नारदपुराण के अनुसार दिन के तथा रात्रि के मुहूर्त्तों के अलग-अलग देवता स्वामी (अधिष्ठाता) माने गए हैं। साथ ही मुहूर्त्त स्वामियों के नक्षत्र भी वर्णित हैं। जिस नक्षत्र में जो कार्य विहित है, वह कार्य उसी नक्षत्र के मुहूर्त्त में करना विशेष फलप्रदायक होता है।

दिवसीय १५ मुहूर्त्तों के			रात्रि १५ मुहूर्त्तों के		
मु.क्रम	स्वामी	नक्षत्र	मु.क्रम	स्वामी	नक्षत्र
१	रूद्र	आर्द्रा	१	शिव	आर्द्रा
२	सर्प	आश्लेषा	२	अजपाद	पूर्वाभाद्रपद
३	मित्र	अनुराधा	३	अहिर्बुध्न्य	उत्तराभाद्रपद
४	पितर	मघा	४	पूषा	रेवती
५	वसु	धनिष्ठा	५	अश्विनी कु.	अश्विनी
६	जल	पूर्वाषाढ़ा	६	यम	भरणी
७	विश्वेदेवा	उत्तराषाढ़ा	७	अग्नि	कृतिका
८	विधि	अभिजित	८	ब्रह्मा	रोहिणी
९	ब्रह्मा	रोहिणी	९	चन्द्र	मृग
१०	इन्द्र	ज्येष्ठा	१०	अदिति	पुनर्वसु
११	इन्द्राग्नि	विशाखा	११	वृहस्पति	पुष्य
१२	राक्षस	मूल	१२	विष्णु	श्रवण
१३	वरुण	शतभिषा	१३	सूर्य	हस्त
१४	अर्यमा	उत्तराफाल्गुणी	१४	विश्वकर्मा	चित्रा
१५	भग	पूर्वाफाल्गुणी	१५	वायु	स्वाती

अभिजित मुहूर्त्त—यह दिन का अष्टम मुहूर्त्त है। यह विशेष प्रशस्त मुहूर्त्त कहलाता है। नारद पुराण अनुसार दिन के बारह बजे से 1 घड़ी पूर्व और एक घड़ी पश्चात् अर्थात् मध्याह्न 11.36 से 12.24 बजे तक का समय तथा तदनन्तर नवम मुहूर्त्त **'ब्राह्म'** या **'रौहिण'** कहलाता है, जो श्राद्ध में श्रेष्ठ माना जाता है। अभिजित् काल में क्रियमाण सभी कार्य सफल होते हैं, ऐसी मान्यता है।

—मध्याह्न, अपराह्न आदि का प्रारम्भ व समाप्ति—

मध्याह्न काल—अभीष्ट दिन के दिनमान को अढ़ाई से भाग देकर जो मान (घड़ी-पलों या घण्टा-मिनटों में) प्राप्त होवे, उसको अपने स्थानीय सूर्योदय में जमा करने से, आपको अपने नगर के **मध्याह्न** का **आरम्भकाल** ज्ञात होगा।

दिनमान को अढ़ाई से भाग देने के पश्चात् जो संख्या घण्टा/मिनटादि प्राप्त हो, उसे २ से भाग देकर अर्ध-भाग करें, तथा इस अर्ध-संख्या को **मध्याह्न** के आरम्भकाल में जमा कर देने से मध्याह्न का समाप्ति काल जान सकते हैं।

मध्याह्न काल की समाप्ति से अपराह्न का प्रारम्भकाल शुरु होता है।

दिनमान से मध्याह्न, अपराह्न, सायह्न जानने की प्रक्रिया

भारतीय भूखण्ड में दिनमान का विस्तार लगभग 9/30 घं. मिंट से लेकर 14-30 घं. मि. के मध्य में पड़ता है। इसीलिए 9/30 घं. मिं. दिनमान से लेकर 14/30 घं. मिं. के दिनमान के मध्यान्तर में आने वाले मध्याह्न, अपराह्न आदि के आरम्भ व समाप्ति काल जानने की प्रक्रिया लिख रहे हैं। मध्याह्न तथा अपराह्न काल के प्रारम्भ एवं समाप्ति काल के घण्टा मिनट को अपने नगर के सूर्योदय में अलग-अलग जमा कर देने से क्रमशः मध्याह्न एवं अपराह्न काल का प्रारम्भ तथा समाप्तिकाल पता चल जाएगा।

उदाहरण—मान लीजिए हमें जम्मू नगर में 31 अग. 2008 को मध्याह्न का आरम्भ, समाप्ति व मध्यम काल जानना है, तो 31 अग. के सूर्योदय (6/08) को उस दिन के सूर्यास्त (18-53 घं. मिं.) में से घटा देने पर हमें 12 घं. 45 मिनट का दिनमान प्राप्त हुआ। आगे दी गई तालिका में दिनमान घं. 12/45 मिं. के आगे दाईं ओर देखने से हमें मध्याह्न का आरम्भ 5 घं. 6 मिं. मिला। इसको उस दिन के सूर्योदय (6-08) में जमा कर देने से हमें मध्याह्न का प्रारम्भ 11 घं. 14 मिं. तथा उसी दिनमान के सामने समाप्ति काल (7.39) में सू.उ. जमा करने से हमें 31 अग. के मध्याह्न का समा. काल (13-47) प्राप्त हुआ। आरम्भ व समाप्ति के समयान्तर के अर्ध भाग (10/17) को मध्याह्नारम्भ (11-14) में जमा कर देने से हमें मध्याह्न का मध्य काल प्राप्त होगा।

इसी भान्ति अभीष्ट दिनमान की दाईं तरफ चौथे कालम में अपराह्न के आरम्भ तथा समाप्ति के घं.मिं. उस दिन के स्थानीय सूर्योदय में अलग-अलग जोड़ देने पर अपराह्न का आरम्भ व समाप्ति काल (भा. स्टैं. टा.) मालूम हो जाएगा।

दिनमान	मध्याह्न		अपराह्न		सायह्न	
	प्रारम्भ	समाप्ति	प्रारम्भ	समाप्ति	प्रारम्भ	समाप्ति
घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.
9 30	3 48	5 42	5 42	7 36	7 36	9 30
9 45	3 54	5 51	5 51	7 48	7 48	9 45
10 00	4 00	6 00	6 00	8 00	8 00	10 00
10 15	4 06	6 9	6 9	8 12	8 12	10 15
10 30	4 12	6 18	6 18	8 24	8 24	10 30
10 45	4 18	6 27	6 27	8 36	8 36	10 45
11 00	4 24	6 36	6 36	8 48	8 48	11 99
11 15	4 30	6 45	6 45	9 00	9 00	11 15
11 30	4 36	6 54	6 54	9 12	9 12	11 30
11 45	4 42	7 03	7 03	9 24	9 24	11 45
12 00	4 48	7 12	7 12	9 36	9 36	12 00

दिनमान	मध्याह्न		अपराह्न		सायह्न	
	प्रारम्भ	समाप्ति	प्रारम्भ	समाप्ति	प्रारम्भ	समाप्ति
घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.
12 15	4 54	7 21	7 21	9 48	9 48	12 15
12 30	5 00	7 30	7 30	10 00	10 00	12 30
12 45	5 06	7 39	7 39	10 12	10 12	12 45
13 00	5 12	7 48	7 48	10 24	10 24	13 00
13 15	5 18	7 57	7 57	10 36	10 36	13 15
13 30	5 24	8 06	8 06	10 48	10 48	13 30
13 45	5 30	8 15	8 15	11 00	11 00	13 45
14 00	5 36	8 24	8 24	11 12	11 12	14 00
14 15	5 42	8 33	8 33	11 24	11 24	14 15
14 30	5 48	8 42	8 42	11 36	11 36	14 30
15 00	6 00	9 00	9 00	12 00	12 00	15 00

सायह्नकाल का प्रारम्भ और समाप्ति जानने के लिए भी दी गई तालिकानुसार दिनमान देखकर उसके सामने लिखे अनुसार प्रारम्भ और समाप्ति (घं. मिं.) काल में अभीष्ट दिन को सूर्योदय जोड़ देने से सायंकाल का प्रा. व समाप्ति निकल आएगी।

–प्रदोषकाल ज्ञात करना–

स्थानीय सूर्यास्त के बाद मध्यमान से तीन मुहूर्त्त (6 घड़ी), अर्थात् 2 घण्टे 24 मिनट तक प्रदोष काल होता है—

''त्रिमुहूर्त्त प्रदोषःस्यात् भानौऽस्तं गते सति।''

प्रदोषकाल में सूर्यास्त के बाद शिवपूजनार्चनादि तथा ब्राह्मण भोजन का विधान है। कुछ विद्वान् सूर्यास्त के बाद **2 घड़ी** (1 घण्टा, 12 मिनट) तक के काल को प्रदोष मानते हैं। सम्भवतः यह काल प्रदोष काल में शिवपूजन में ही विशेष प्रशस्त होने से ग्राह्य माना गया है। **रात्रिमान** में 15 मुहूर्त्तों में से प्रथम मुहूर्त्त का स्वामी भी भगवान् शिव ही हैं।

पुरुषार्थ चिन्तामणि के अनुसार सूर्यास्त के बाद 3 घड़ियाँ तक प्रदोष काल होती हैं। रात्रिमान के आधार पर प्रदोष काल का आरम्भ काल तो स्थानीय सूर्यास्त से ही माना जाता है। अतएव आगे प्रत्येक रात्रिमान के स्थानिक सूर्यास्त से प्रदोष काल शुरु होकर, उसकी दाईं तरफ लिखे हुए घण्टा मिनट जोड़ देने से आपके नगर के प्रदोष काल का समाप्ति काल प्राप्त हो जाएगा। (घं.मिं.) सूर्यास्त में से सूर्योदय घटा देने से **दिनमान** निकल आता है तथा कुल चौबीस घण्टों में से **दिनमान घटा देने से रात्रिमान** घण्टा मिनट में प्राप्त हो जाता है।

अपनी अभीष्ट रात्रिमान के साथ लिखे स्थानीय सूर्यास्त से प्रदोषकाल शुरु होगा। उस सूर्यास्त के साथ दाहिनी ओर प्रदोष समाप्ति के घण्टा मिनट जमा करने से प्रदोष काल का समाप्ति काल ज्ञात हो जाएगा।

निशीथकाल—**प्रदोषकाल** के समाप्तिकाल से **निशीथकाल** का प्रारम्भ माना जाता है, तथा उसमें 3 मुहूर्त्त (2 घण्टा, 24 मिनट) जमा कर देने से हमें निशीथ का समाप्ति काल प्राप्त हो जाएगा। **निशीथ** में 2 घ. 24 मिनट जोड़ देने से **महानिशीथ** काल निकल आएगा।

उदाहरण—जैसे 7 जुलाई को जालन्धर में प्रदोष का प्रारम्भ एवं समाप्ति काल जानना है। इसी दिन जालन्धर में रात्रिमान 10 घं. 00 मिं. है। इस रात्रिमान के आगे नीचे के कोष्ठक में 'प्रदोपकाल' के नीचे 'प्रारम्भ' और 'समाप्ति' के घं.मिं. क्रमशः 'सूर्यास्त' और २ घं. ०० मिं. है। अतएव जालन्धर के इस दिन के सूर्यास्त 19 घं. 33 मिं. से प्रदोप काल का प्रारम्भ काल तथा इसमें समाप्तिकाल के २ घं. ०० मिं. जोड़ने से 21 घं. 33 मिं. प्रदोषकाल का समाप्तिकाल होगा। (भा. स्टैं. टा.)

इसी प्रकार इसी दिन के अरुणोदय काल जानने के लिए हमें 7 जुलाई को जालन्धर के सूर्यास्त में 'अरुणोदय' के नीचे प्रारम्भ और समाप्ति के घं.मिं. को, क्रमशः 8 घं. 40 मिं. और 10घं.00मिं. जमा करने होंगे। सूर्यास्त काल 19घं.33मिं. में इन्हें अलग-अलग जोड़ने पर हमें 28घं.13मिं. और 29घं.33मिं. मिले, जो इस दिन जालन्धर में अरुणोदय काल के क्रमशः प्रारम्भ और समाप्ति काल (भा. स्टैं. टा.) हैं।

इसी प्रकार किसी भी नगर का रात्रिमान निकालकर आप स्थानीय प्रदोष, निशीथ, महानिशीथ, अरुणोदय काल निकाल सकते हैं।

रात्रिमान	प्रदोषकाल		निर्शीथकाल		महानिषीथकाल		अरूणोदयकाल	
	प्रारम्भ	समाप्ति	प्रारम्भ	समाप्ति	प्रारम्भ	समाप्ति	प्रारम्भ	समाप्ति
घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.
9 30	सूर्यास्त	1 54	1 54	3 48	3 48	5 42	8 14	9 30
9 45	सूर्यास्त	1 57	1 57	3 54	3 54	5 51	8 27	9 45
10 00	सूर्यास्त	2 00	2 00	4 00	4 48	6 00	8 40	10 00
10 15	सूर्यास्त	2 03	2 03	4 06	4 06	6 09	8 53	10 15
10 30	सूर्यास्त	2 06	2 06	4 12	4 12	6 18	9 06	10 30
10 45	सूर्यास्त	2 09	2 09	4 18	4 18	6 27	9 19	10 45
11 00	सूर्यास्त	2 12	2 12	4 24	4 24	6 36	9 32	11 00
11 15	सूर्यास्त	2 15	2 15	4 30	4 30	6 45	9 45	11 15
11 30	सूर्यास्त	2 18	2 18	4 36	4 36	6 54	9 58	11 30
11 45	सूर्यास्त	2 21	2 21	4 42	4 42	7 03	10 11	11 45
12 00	सूर्यास्त	2 24	2 24	4 48	4 48	7 12	10 24	12 00
12 15	सूर्यास्त	2 27	2 27	4 54	4 54	7 21	10 37	12 15
12 30	सूर्यास्त	2 30	2 30	5 00	5 00	7 30	10 50	12 30
12 45	सूर्यास्त	2 33	2 33	5 06	5 06	7 39	11 03	12 45
13 00	सूर्यास्त	2 36	2 36	5 12	5 12	7 48	11 16	13 00
13 15	सूर्यास्त	2 39	2 39	5 18	5 18	7 57	11 29	13 15
13 30	सूर्यास्त	2 42	2 42	5 24	5 24	8 06	11 42	13 30
13 45	सूर्यास्त	2 45	2 45	5 30	5 30	8 15	11 55	13 45
14 00	सूर्यास्त	2 48	2 48	5 36	5 36	8 24	11 58	14 00
14 15	सूर्यास्त	2 51	2 51	5 42	5 42	8 33	12 11	14 15
14 30	सूर्यास्त	2 54	2 54	5 48	5 48	8 42	12 24	14 30
15 00	सूर्यास्त	3 00	3 00	6 00	6 00	9 00	12 50	15 00

सामान्य रूप में सूर्योदय से 4 से 5 घड़ी पूर्व **उषा:काल** होता है। इसे **ब्राह्म मुहूर्त्त** भी कहते हैं। इस मुहूर्त्त में श्री भगवान् का चिन्तन, पूजा, ध्यान पाठ आदि करने का विशेष फल होता है।

अरूणोदय—सूर्योदय से 4 घड़ी पूर्व **अरूणोदय** काल होता है, इसमें भी स्नान, जप, पुण्य श्लोकों व स्तोत्रों का पाठ आदि करने का विशेष फल होता है।

प्रदोषकाल में भगवान शिव पूजन व जप करने का विशेष विधान होता है। निशीथ एवं महानिशीथ (महानिशा) काल में ध्यान, समाधि श्री दुर्गालक्ष्मी, व काली की उपासना तथा यन्त्र, मन्त्र, तन्त्रादि अनुष्ठान का विशेष प्रभावी होता है। सोमवासरी, भौमवारी एवं दीपावली की रात्रि को महानिशीथ काल में यन्त्र, मन्त्र एवं तन्त्र सम्बन्धी साधनाओं का विशेष महत्त्व होता है।

(2) जिसके जन्म समय में ५ ग्रह उच्च के पड़े हों, वह चक्रवर्ती राजा होता है। यदि ३ ग्रह उच्च के हों तो वही राजा होता है जो राजा का पुत्र हो परन्तु यदि राजवंश में उत्पन्न न हो तो मन्त्री के समान प्रतिष्ठित होता है।

(3) यदि लग्न में उच्च का बुध बैठा हो, वक्री शनि मकर राशि का हो तथा मीन राशि में बृहस्पति चन्द्रमा और शुक्र हों तो राजा होता है। अर्थात् राजा के तुल्य सम्पन्न होता है।

इत्यादि ११५ से भी अधिक राजयोगों का वर्णन ज्योतिष ग्रन्थों में मिलता है।

परिहार—कुछ स्थितियों में राज योग आदि उत्तम योगों का फल जातक को नहीं प्राप्त होता। यदि नवमांश आदि वर्ग कुण्डलियों में योगकारक ग्रहों की स्थिति अच्छी न हो, अथवा योगकर ग्रहों की दशा–अन्तर्दशा जन्म से पहले व्यतीत हो चुकी हो, या वृद्धावस्था में भोग्य हो, अथवा कुण्डली में विपरीत राजयोग पड़ा हो, अथवा भाग्येश व लग्नेश क्रूराक्रान्त या पाप दृष्ट हों, तो जातक राजयोग आदि शुभ योगों का फल नहीं भोग पाता।

इसके अतिरिक्त चन्द्रमा को केन्द्रगत मानकर अनफा, सुनफा आदि शुभ योग तथा केमद्रुम योग आदि अशुभ योगों के वर्णन मिलते हैं। सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि सभी ग्रहों के साथ मिलकर सहस्रों योग बन जाते हैं। इनका फल जन्म लग्न एवं भाव व भावेश की स्थित्यनुसार बदल जाता है। राजहंस, नन्दा, अंशावतार, ... केदार, कलानिधि, लक्ष्मीयोग, भास्कर, विदेश यात्रा योग आदि शुभ एवं उत्तम सैंकड़ों शुभ योग पाए जाते हैं। साथ ही कर्तृरि, शूलयोग, पाश योग, कालसर्प, दरिद्र योग, शकट योग, महापातक योग आदि अशुभ अनेक मिलते हैं। विस्तार भय से सभी योगों का वर्णन नहीं दिया जा रहा है। इसके लिए हमारी पुस्तक **ज्योतिष तत्त्व फलित भाग–II** देखें।

ज्योतिष क्षेत्र में जातक के वैयक्तिक तौर पर ही ग्रहयोगों का प्रभाव नहीं पड़ता बल्कि धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में भी ग्रह–योगों का विशेष अधिक प्रभाव पड़ता देखा जाता है। जैसे कुम्भ महापर्वों पर सूर्य, चन्द्र एवं बृहस्पति आदि ग्रहों का विशेष राशि–योग सम्वन्ध हो जाने पर प्रयाग राज, हरिद्वार, नासिक एवं उज्जैन तीर्थों पर प्रत्येक द्वादश वर्षों के पश्चात् कुम्भ महापर्व तथा छः वर्षों के पश्चात् अर्धकुम्भ पर्वोत्सव समन्वित होते हैं। जिसमें सहस्रों नहीं, लाखों धर्म परायण श्रद्धालु लोग सम्मिलित होकर पौराणिक भारतीय जनमानस द्वारा ज्योतिष विशिष्ट, ग्रह–योगों के प्रति गहन आस्था अभिव्यक्त की जाती है। स्पष्ट है कि ग्रह–योगों के प्रति धारणा विभिन्न मानसिक विचार धाराओं वाले भारतीय लोगों को एकरूपता में पिरोने का काम भी करती है। भारतीय लोगों की ग्रह–योगों पर अगाध श्रद्धा है।

इसके अतिरिक्त भगवान् श्री राम, श्री कृष्ण, बुद्ध, श्रीपरशुराम, वामन आदि अवतारी महापुरुषों के पावन पर्व भी तिथि, नक्षत्र एवं ग्रह–योगों से सम्बन्धित ही होते हैं। जैसे–रामनवमी, कृष्णाष्टमी, अक्षयातीज (परशुराम जयंती), महाशिवरात्रि, दीपावली, बसन्त आदि पर्व विशेषतया उल्लेखनीय हैं। इन पर्वों पर व्रत, जप, दान आदि अनुष्ठान करने का विशेष महत्त्व है। निष्कर्ष रूप से कह सकते हैं कि प्राचीन काल से ही ज्योतिष के विभिन्न ग्रह–योगों का भारतीय जनमानस पर [illegible] अत्यन्त अधिक प्रभाव रहा है।

वैवाहिक विलम्ब के कारण एवं निवारण

जन्म कुण्डली के सप्तम भाव से मुख्यतः विवाह का विचार किया जाता है। सप्तम भाव में शुभाशुभ ग्रहों की स्थिति, सप्तम भाव के स्वामी (सप्तमेश) ग्रह की स्थिति, सप्तम भाव एवं सप्तमेश ग्रह पर शुभाशुभ ग्रहों की दृष्टि, सप्तमाधिपति ग्रह यदि 6, 8, 12वें भाव में पड़े तो स्त्री या पुरुष का दाम्पत्य जीवन सुखमय नहीं रहता है, अथवा वैचारिक मतभेद उत्पन्न होते रहते हैं। यदि सप्तमेश ग्रह पर गुरु या शुक्र ग्रह की शुभ दृष्टि या युति हो तो वैवाहिक जीवन सुखमय होता है। इसके अतिरिक्त कुण्डली में सप्तम भाव के कारक ग्रह शुक्र की भी शुभाशुभ स्थिति पर विचार करना चाहिए। लड़की की कुण्डली में गुरु की शुभाशुभ स्थिति का अवश्य अवलोकन करना चाहिए। इसके अतिरिक्त नवांश कुण्डली में सप्तमेश ग्रह की स्थिति, लड़की या लड़के की वर्तमान दशाऽन्तर्दशा व प्रत्यन्तर दशा का अनुशीलन, चलित कुण्डली तथा गोचरवश ग्रहों का लग्नेश, सप्तमेश एवं द्वितीयेश ग्रहों के साथ पारस्परिक सम्बन्धों का भी सूक्ष्मतः विचार करना चाहिए।

विवाह में बाधक एवं विलम्बकारक योग

यदि लड़के या लड़की की जन्मकुण्डली में निम्नलिखित योगों में से कोई पड़ा हो, तो उसके विवाह-सुख में बाधाएँ या विलम्ब होते हैं—

(१) सप्तम भाव में सूर्य, मंगल, शनि, राहु आदि क्रूर (पाप) ग्रह हों, तो स्त्री या पति सुख में बाधा होती है। उदाहरणस्वरूप यदि सूर्य सप्तम में हो, तो विवाह में विलम्ब होता है। स्त्री या पति में वैमनस्य होता है—

विवाह विलम्बनम्। स्त्री द्वेषी, परदाररतः (भृगुसूत्र)

8 अग. 1982 ई.

साथ दी गई जन्म कुण्डली की जातिका का कर्क राशि का सूर्य सप्तम भाव में है। इसका तलाक विवाह से एक वर्ष के भीतर ही हो गया। इसी भान्ति सप्तम भाव में मंगल, शनि, राहु या केतु अथवा अकेला शुक्र (कारक होने से) हो तो भी विवाह सुख में कमी या विलम्ब करता है। यदि सप्तम या सप्तमेश ग्रह पर किसी शुभ ग्रह की दृष्टि हो या युति हो, तो विवाह सुख होता है।

(२) सप्तमेश शुभ ग्रह युक्त न होकर यदि ६, ८ या १२वें भाव में हो अथवा नीच या अस्तंगत हो, तो विवाह सुख में कमी करता है।

(३) षष्ठेश, अष्टमेश तथा द्वादशेश सप्तम में हो तथा ये ग्रह किसी शुभ (शुक्र, गुरु आदि) ग्रह से युक्त या दृष्ट न हों, अथवा सप्तमेश ग्रह छठे, आठवें या बारहवें भाव का भी स्वामी हो, तो भी स्त्री या पुरुष के विवाह सुख में कमी करता है।

(४) सप्तमेश बारहवें भाव में हो तथा लग्नेश और जन्म राशि का स्वामी सप्तम में हो, तो विवाह-सुख का अभाव होता है।

(५) धन स्थान में शुक्र हो और धनेश मंगल के साथ हो, तो लड़के या लड़की के २७ वर्ष तक विवाह सुख में बाधाएँ आती हैं।

(६) सप्तम स्थान की राशि के नवांश में लग्नेश हो तथा सप्तमेश १२वें स्थान में हो, तो २७ वर्ष तक विवाह में बाधा आती है।

उदाहरण कुं. नियम ८

(७) लग्न में पाप ग्रह हों, द्वितीय में सप्तमेश शत्रु राशिगत हो, एवं चन्द्र से शुक्र सातवें भावस्थ हो, तो विवाह अत्यन्त विलम्ब से अथवा विघ्नों के बाद होता है।

(८) चन्द्रमा से ७वें स्थान पर शुक्र हो तथा उस राशि का स्वामी ११वें स्थान पर हो, तो २७वें वर्ष की आयु में विवाह होता है।

(९) कई बार सप्तम भाव पर गुरू/शुक्रादि शुभ ग्रहों की दृष्टि होने पर भी अशुभ एवं अकारक ग्रहों की दशाऽन्तरदशा होने पर अथवा गोचरवश मंगल, शनि आदि पाप ग्रहों का सप्तम या सप्तमेश ग्रह पर पड़ने से भी विवाह आदि शुभ कार्य में विघ्न बाधाएँ होती हैं।

(१०) **मंगलीक दोष का प्रभाव**—यदि किसी लड़की या लड़के की कुण्डली में लग्न, चतुर्थ, सप्तम, अष्टम, या द्वादश भावों में से किसी एक भाव में मंगल स्थित हो, तो मंगलीक दोष होता है। इस दोष के कारण भी विवाह सुख में विलम्ब या बाधाएँ होती हैं। आगे लिखे उपयुक्त उपाय करने से लाभ होगा।

(११) **पितृदोष**—अज्ञानतावश अपने पूर्वजों के कारण अथवा अज्ञानतावश स्वयं अपने पूर्वजों को जो संताप देते हैं, वे भी हमारे दुःखों का कारण बनते हैं।

इसका विस्तृत विवरण आप हमारी शीघ्र प्रकाश्य पुस्तक **चामत्कारी उपायों** में पढ़ सकेंगे।

विवाह में विलम्बकारी बाधाओं के निवारण के लिए कुछ उपयोगी उपाय

✡ जन्म कुण्डली में सूर्य सप्तम भाव में या दशादि के कारण बाधाकारक हो, तो **सूर्य गायत्री** (**ॐ आदित्याय विद्महे भास्कराय धीमहि तन्नो सूर्यः प्रचोदयात्**) अथवा सूर्य के **बीज मन्त्र** (**ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः**) मन्त्र का १६००० की संख्या में पाठ करना चाहिए। पाठ प्रतिदिन प्रातःकाल को गर्म कम्बल या कुशासन पर बैठकर रुद्राक्ष की माला द्वारा नियमित संख्या में करना चाहिए। पाठारम्भ शुक्लपक्ष के रविवार से आरम्भ करना चाहिए। पाठोपरान्त ताँबे के पात्र में शुद्ध जल, लाल पुष्प, चावल, थोड़ी शक्कर डालकर फिर मन्त्रपूर्वक (**ॐ घृणि सूर्याय नमः**) सूर्य देव को अर्घ्य देना चाहिए। पाठपूर्ण होने के

पश्चात् **दशमांश संख्या में हवन तथा** ब्राह्मण भोजन एवं ताम्रबर्तन में कनक साथ में लाल वस्त्र, घी, दलिया, नारियल, लाल फल, मिष्ठान्नादि का दान करना चाहिए। रविवार का व्रत रखना भी लाभदायक होता है।

✿ **चन्द्रमा**–कुण्डली में चन्द्रमा या शनि नीच या पापदृष्ट होकर विवाह में बाधक हो, तो शीघ्र विवाह के लिए कन्याओं को 16 सोमवार के व्रत रखना तथा प्रत्येक सोमवार को शिव मन्दिर में जाकर 'ॐ सोमेश्वराय नमः' जपते हुए भगवान् शिवलिङ्ग का गंगाजल मिश्रित शुद्ध जल एवं दूध द्वारा अभिषेक करना चाहिए।

उद्यापन के दिन (अन्तिम 17वें सोमवार) को शिव-पार्वती के वस्त्र, देवी पार्वती जी की शृंगार सामग्री (बिंदिया, चूड़ियाँ, दातुन, मेंहदी, पुष्प, हार, साबुत सुपारी आदि) और फल, मिष्ठान्न, धूप-दीप आदि वस्तुएँ) शिव-पार्वती के पूजन उपरान्त दोनों के उतरीय वस्त्रों एवं मौली द्वारा श्रद्धापूर्वक गठबन्धन स्वयं अथवा पण्डित जी द्वारा मन्त्रपूर्वक करवाएँ।

फिर वर कामना पूर्ति हेतु कन्या को शिव-गौरी की पूजा करके निम्न मन्त्र की **एक माला** का जप करना चाहिए।

ॐ नमः मनोऽभिलषितं वरं देहि। ह्रीं ॐ गौरां पार्वती देव्यै नमः॥

यदि जप करना किसी कारण सम्भव न हो, तो **श्रीपार्वती चालीसा** का पाठ करना चाहिए।

इसके अतिरिक्त चन्द्रमा की शान्ति के लिए निम्न **मन्त्रों का जप** करने का प्रावधान बताया जाता है—

ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः (११०००)

अथवा **चन्द्र-गायत्री**—मन्त्र का जप भी विशेष लाभदायक होता है। जपोपरान्त चन्द्रोदय होने पर चन्द्रमा को मन्त्रपूर्वक अर्घ्य देना चाहिए।

मन्त्र— ॐ सों सोमाय नमः

दान योग्य वस्तुएँ चावल, चीनी, सफेद चन्दन, शंख, कपूर, दूध-दही, मिश्री, श्वेत वस्त्र, श्वेत फल, बर्फी आदि। चन्द्रकान्त मणि या श्वेत मोती की अंगूठी (चाँदी की) भी विधिपूर्वक धारण करवानी उपयुक्त होगी।

उपायों सम्बन्धी अधिक विस्तृत जानकारी के लिए हमारी शीघ्र प्रकाशनाधीन ''अनिष्ट ग्रहों के चमत्कारी उपाय'' नामक पुस्तक का अध्ययन करें।

सोमवार व्रत सम्बन्धी पुस्तक हमारे कार्यालय से छपी पुस्तक का प्रयोग करें। अन्य प्रचलित पुस्तकों में अधिकतर शास्त्र विरुद्ध विधि-विधान लिखा रहता है।

*मंगल का दोष निवारण हेतु–

किसी कन्या की कुण्डली में मंगलीक दोष प्रबल हो, अथवा मंगल दशाऽन्तर्दशा के कारण विवाह में बाधाएँ उत्पन्न हो रही हों, तो उसे निम्नलिखित श्री दुर्गास्वरूपिणी देवी 'मङ्गलचण्डिका' के मन्त्र का जप तथा **मंगलचण्डिका स्तोत्र** का पाठ किया जाता है।

मन्त्र—'ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं सर्वपूज्ये देवि मङ्गलचण्डिके ऐं क्रूं फट् स्वाहा॥'

इक्कीस अक्षर का यह मन्त्र कल्पवृक्ष के समान कामनापूर्ण कराने वाला मन्त्र है। इस मन्त्र का जाप दस लाख की संख्या में करने का विधान लिखा है। यदि इतनी संख्या में न हो सके, तो सवा लाख की संख्या में करे। मन्त्र जप शुक्ल पक्ष के प्रथम मंगलवार (भौम, शुक्र, गुरू आदि ग्रहों के अस्त का विचार करते हुए) शुभ तिथि से आरम्भ करना चाहिए। भगवती दुर्गा शक्ति की मूर्ति के समक्ष नित्य ज्योति जगा कर पूजनपूर्वक करना चाहिए।

मंगलचण्डिका स्तोत्र हमारी शीघ्र प्रकाश्य पुस्तक 'अनिष्ट ग्रहों के चामत्कारी उपाय' देखें। *इसके अतिरिक्त मंगल के बीज मन्त्र का 10 हज़ार की संख्या में जप करना शुभ होगा—

''ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः॥''

भौम गायत्री मन्त्र का भी 11000 की संख्या में विधिवत् जप करने से विशेष लाभ होता है। भौमगायत्री का मन्त्र इसी पंचांग दिवाकर के पृष्ठ 45 पर देखें।

पाठोपरान्त जातिका को भौमवारी अमावस के दिन तीर्थ स्थान (विशेषकर गंगा स्नान) करवा कर मंगल से सम्बन्धित वस्तुओं का दान करवाना चाहिए।

दान योग्य वस्तुएँ—गेहूँ, चने एवं मसर की दाल, लाल बैल, मूंगा, ताम्रबर्तन, लाल वस्त्र, नारियल, गुड़ से बनी चपाती, लाल गाय को चारा, लाल वस्त्र, लाल फल इत्यादि।

* इसके अतिरिक्त मंगलवार के व्रत भी विधिपूर्वक रखने का विधान है।

बुध—किसी लड़के या लड़की की कुण्डली में **बुध सप्तमेश** होकर पापाक्रान्त हो, तो २१ बुधवार के व्रत रखकर बुधवार के दिन ही प्रातः भगवान् विष्णु की षोडशोपचार पूजा एवं पुरूष-सूक्त का पाठ करने से लाभ होगा।

यदि ऐसा न कर सकें तो शुक्ल पक्ष के बुधवार से आरम्भ करके बुध ग्रह के बीज मन्त्र (**ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः**) मन्त्र का 9 हजार की संख्या में जप करना, हरे वस्त्र धारण करना तथा हरी वस्तुओं का दान करना कल्याणकारी होगा। पन्ना नग धारण करना तथा श्री दुर्गासप्तशती का पाठ करके कन्या पूजन करना शुभ होगा।

अरिष्टकर गुरु की शान्ति–

* किसी कुण्डली में **अशुभ गुरु** ग्रह के कारण **विवाह कार्य** में बाधाएँ उत्पन्न हो रही हों, तो शुक्ल पक्ष से प्रारम्भ करके वीरवार के विधिवत् 16 व्रत रखने **गुरु गायत्री** मन्त्र अथवा बीज मन्त्र (जो कि इसी संवत् २०६५ की पंचांगदिवाकर में दिए गए हैं) का पाठ 19 हज़ार की संख्या में करना लाभप्रद होगा। इसके अतिरिक्त पीले चावल, बेसन के लड्डू, चने की दाल, हल्दी, पीला वस्त्र, शहद, पीले फल (आम, केले आदि), धर्मग्रन्थ, सुवर्ण, पीला कम्बल, पीली मिठाई, शक्कर, गाय आदि का दान करना तथा वृद्ध ब्राह्मण को दक्षिणा/दान सहित, मिष्ठान्न सहित भोजन कराना लाभप्रद होगा।

इसके अतिरिक्त माता-पिता एवं असहाय वृद्धजनों एवं गुरुजनों की यथाशक्ति सेवा करना। कपिला गौओं की मीठी चापातियों से सेवा करना कल्याणकारी होगा।

गुरु की शुभता बढ़ाने के लिए पीले रंग का पुखराज (सवा पाँच से सवा सात रत्ति) वज़न का सुवर्ण की अंगूठी में कन्या के बाएँ हाथ की तर्जनी में अथवा **लड़के के दाएँ हाथ** की तर्जनी अंगुली में शुक्ल पक्ष के वीरवार को गंगाजल में धोकर मन्त्रपूर्वक धारण करवाना चाहिए। यदि किसी कारणवश पुखराज न धारण करवा सकें तो उसके बदले पीला सुनहला तथा विधिवत् तैयार करवाया गया **गुरू-यन्त्र** भी धारण करवाया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त केला या पीपल के वृक्ष को वीरवार के दिन गंगाजल सहित सींचना और परिक्रमा करना लाभप्रद होगा।

शुक्र का दोष—यदि कुण्डली में शुक्र ग्रह के दोष के कारण विवाह में विलम्ब हो रहा हो, तो लड़की या लड़के को विधिवत् 16 शुक्रवार के व्रत रखकर कथा का पाठ तथा निम्न मन्त्र का 16 हजार की संख्या में जप करना चाहिए—**"ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः।" शुक्रगायत्री** का पाठ भी विशेष प्रभावी देखा गया है। इसके अतिरिक्त **श्री दुर्गासप्तशती** के १६ पाठ तथा कन्या पूजन करना चाहिए। छोटी कन्याओं को चाँदी की चूड़ियाँ, बर्फी, वस्त्र तथा क्षीर सहित भोजन करवाना चाहिए।

शुक्रवार के व्रतों के अतिरिक्त हीरे (या श्वेत मोती) की अंगूठी, मोहिनी कवच, श्री सूक्त या लक्ष्मी सूक्त का पाठ तथा शुक्र से सम्बन्धित वस्तुओं का दान सुपात्र को देना चाहिए।

दान योग्य वस्तुएँ—चावल, चाँदी, दूध, दही, श्वेत बर्फी, श्वेत वस्त्र, श्वेत फल, इतर आदि सुगन्धित वस्तुएँ। स्वयं भी श्वेत रेशमी वस्तुओं एवं इतर आदि का प्रयोग करना चाहिए।

अरिष्ट शनि के उपाय—कुण्डली में शनि विवाह में बाधाकारक होने की स्थिति में विधिवत् शनिवार के (19 व्रत) शुक्ल पक्ष के प्रथम शनिवार से प्रारम्भ करके निम्न बीज मन्त्र 23 हज़ार की संख्या में जप करना चाहिए—

बीज मन्त्र— ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः।

काला वस्त्र धारण करके, काले या नीले रंग के कम्बल पर पश्चिम दिशा की ओर मुख करके नियमित रूप से तीन या एक माला का जप शनि प्रतिमा के सामने शनि मन्दिर में करें। व्रत के अन्तिम शनिवार को पिप्लेश्वर महादेव (शिव) की पूजा करके पीपल के वृक्ष के चारों ओर कच्चे सूत को 7 बार लपेटते समय शनि स्तोत्र या बीज मन्त्र का पाठ करते रहें। फिर एक बर्तन में गंगाजल मिश्रित शुद्ध जल, अक्षत, काले तिल, काले पुष्प, लौंग, शक्कर, थोड़ा दूध डालकर पश्चिम की ओर मुँह करके पीपल की जड़ में मन्त्रपूर्वक डाल दें (ऐसी पूजा प्रत्येक शनिवार को करनी चाहिए) व्रत के अन्तिम शनिवार कुल जप के दशमांश का हवन करके छाया पात्र (तेल सरसों द्वारा) करके शनि मन्दिर में चढ़ा दें। उद्यापन के बाद शनि स्तोत्र का पाठ तथा जूते, जुराबें, नीले रंग के वस्त्र, काला छाता, फल सहित उड़द, कुल्थ तथा उड़द के आटे को मिला कर बनाई गई एवं तेल से चुपड़ी चापातियाँ व उड़द, पकौड़ों सहित वृद्धजन को खाना खिलाकर उक्त वस्तुओं का दान दक्षिणा करें। बछड़ा सहित **काली गाय** का दान भी लाभप्रद माना गया है। प्रत्येक शनिवार को तिल सहित कच्ची लस्सी भगवान् शिवलिंग पर चढ़ाना भी लाभप्रद होगा। भैरव एवं महाकाली की उपासना भी शनि शान्ति में लाभदायक होती है। इसके अतिरिक्त कुष्ट या अन्धाश्रम में काली दाल से निर्मित खिचड़ी, चावल, घी, वस्त्र दान भी लाभप्रद माना जाता है।

राहु की शान्ति—जन्म कुण्डली या वर्ष कुण्डली में राहु विवाह में अरिष्टकर हो, तो कृष्ण पक्ष के प्रथम शनिवार से ही प्रारम्भ करके राहु के बीजमन्त्र का 18 हज़ार की संख्या में जप करना चाहिए।

बीज मन्त्र— ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः।

इसमें माँ दुर्गा माता की उपासना एवं श्री दुर्गासप्तशती का पाठ करने का विधान है। सतनाजा का दान विशेष होता है। शेष दान आदि की वस्तुएँ लगभग शनि ग्रह के समान ही होती हैं।

केतु की शान्ति के लिए निम्नलिखित मन्त्र का 17 हज़ार की संख्या में विधिवत् जप करना लाभप्रद होता है।

मन्त्र— ॐ स्त्रां स्त्रीं स्त्रौं सः केतवे नमः।

इसमें भी सप्तधान्य (सतनाजा), बकरा, तिल, भूरे वस्त्र, कपिला गाय, भूरा कम्बल, अन्ध विद्यालय या कुष्टाश्रम में अनाज, दवाईयाँ, दूध, वस्त्रादि एवं फलादि का दान प्रशस्त होता है। गणेश उपासना करना, गणेश चौथ का व्रत रखना मनोवांछित फल प्रदायक होगा।

नोट—उपायों सम्बन्धी अधिक विस्तृत जानकारी के लिए हमारी शीघ्र प्रकाश्य पुस्तक **"अनिष्ट ग्रहों के चामत्कारी शास्त्रोक्त उपाय"** जनवरी 2008 ई० के प्रथम सप्ताह में 100/- रूपये अग्रिम भेजकर शेष वी॰पी॰ से मंगवा सकते हैं।

—जनरल बुक डिपो जालन्धर शहर।

-पितृदोष के ज्योतिषीय कारण एवं उपाय-

भारतीय धर्मशास्त्र के अनुसार गृहस्थाश्रम में पंचमहायज्ञ को द्विजातियों के लिए आवश्यक कर्त्तव्य माना गया है। इस विषय में मनुस्मृति में कहा गया है—

अध्यापनं ब्रह्मयज्ञः पितृयज्ञस्तु तर्पणम्। होमो दैवो बालिभौतो नृयज्ञोऽतिथिपूजनम्।।

पञ्चमहायज्ञ इस प्रकार से हैं—

(१) ब्रह्मयज्ञ (2) देवयज्ञ, (3) भूतयज्ञ, (4) पितृयज्ञ और (5) मनुष्य यज्ञ।

गृहस्थाश्रम केवल सुखोपभोग हेतु नहीं है, अपितु इस आश्रम के कुछ आवश्यक कर्त्तव्य भी हैं, जिनको जातक ने अपने ऋषियों, देवताओं, पितरों आदि के ऋण के रूप में हमारा दायित्व बनता है।

ब्रह्मयज्ञ—वेदों एवं वेदाङ्ग का अध्ययन, आचरण एवं अध्यापन करना ब्रह्मयज्ञ है। गायत्री मन्त्र का विनियोग सहित यथेष्ठ संख्या में जप करने से भी ब्रह्मयज्ञ की पूर्ति होती है।

(२) **देवयज्ञ** में भगवान् शिव, शक्ति, गणेश, सूर्य एवं विष्णु—इन प्रमुख पंचदेवों की यथाविधि पूजन की परम्परा है। पूजनोपरान्त प्रमुख देवी-देवताओं के निमित्त यज्ञ द्वारा पवित्र अग्नि में आहुतियाँ दी जाती हैं। 'देवता' सूक्ष्म शरीरी होने से हवन किए गए द्रव्यों की सुगन्ध से ही सन्तुष्ट होते हैं और यज्ञकर्ता को आयु, आरोग्य, धन-सन्तति एवं ऐश्वर्य भोग का आशीर्वाद देते हैं।

(३) **पितृ यज्ञ**—स्मृतिकारों ने पितृयज्ञ के तीन मुख्य तत्त्व बतलाए हैं—(१) तर्पण (२) पिण्डदान एवं श्राद्धकर्म तथा (३) दक्षिणा सहित ब्राह्मण भोजन करवाना।

'पितर' गृहस्थ की वंश संतति एवं वंश परम्परा अविच्छिन्न रखते हैं। पुत्र सन्तान द्वारा दिए गए अन्न, जल, तर्पणादि श्राद्धीय द्रव्यों से पितर संतृप्त होकर अत्यन्त प्रसन्न हो जाते हैं, और उन्हें लम्बी आयु, सन्तति, धन, विद्या, सौभाग्य सुख आदि प्रदान करते हैं—

आयु प्रजां धनं विद्यां स्वर्ग मोक्षं सुखानि च।
प्रयच्छन्ति तथा राज्य प्रीता नृणां पितामहाः॥

दिवंगत पितरों में पिता वसु, पितामह रूद्र तथा प्रपितामह आदित्य रूप कहलाते हैं। '**ब्रह्म यज्ञ**' करने पर ऋषि-ऋण से मुक्ति होती है, **देवयज्ञ** करने से 'देवऋण' की संकल्प पूर्ति होती है और **पितृयज्ञ** करने से '**पितृऋण**' से मुक्ति मिलती है।

भूत यज्ञ में गाय, कुत्ता, कुष्ट, रूग्ण, कौवा, कीड़े, चीटिंयों आदि को खाद्य पदार्थ प्रदान किए जाते हैं। तथा

मनुष्य यज्ञ में अतिथियों का भोजन, जलादि से सत्कार किया जाता है।

ज्योतिष में पितृदोष का प्रभाव

ज्योतिष में द्वादश भाव एवं नवग्रहों के आधार पर पितृदोष का विचार किया जाता है।

नवग्रहों में बृहस्पति (गुरु) आकाश तत्त्व का, सूर्य व मंगल अग्नि तत्त्व का, शुक्र एवं चन्द्र जल का तत्त्व, शनि वायु तत्त्व का तथा राहु व केतु चुम्बकीय छाया ग्रह कहलाते हैं। **सम्बन्धों में सूर्य** आत्मा एवं पिता का, **चन्द्रमा** मन एवं माता का, **मंगल** छोटे भाई-बहन तथा पुत्र एवं सम्पत्ति, रुधिर, चोटादि का, **बुध** मातुल पक्ष, मामा, मौसी, चाची का, बहन की सन्तान या सबसे छोटा पुत्र या पुत्री एवं बन्धु सुख का, **गुरु** पति सुख, बड़ा भाई, पुत्र सन्तति, विद्या आदि का कारक होता है। **शुक्र** से पत्नी एवं स्त्री सुख, एवं धन-सम्पदा, **शनि** से सांसारिक सुख-दुःख, श्वास प्रक्रिया, हड्डियों एवं वायु जनित रोगों का, डीज़ल या पेट्रोल से चालित कार्य, तकनीकि कार्यों एवं कर्मचारी वर्ग से सम्बन्ध रखता है।

राहु से मशीनरी, चर्म उद्योग, शेयर्ज व लाटरी तथा पितृपक्ष के सम्बन्धों का विचार तथा **केतु** से शल्य चिकित्सा, मैडीसन्ज (Medicines) चिकित्सक, तम्बाकू व शराब एवं पड़ोसियों से सम्बन्धित विषयों का कारक होता है।

जब **पितृकारक** ग्रहों का योग राहु-केतु, शनि आदि दुःखकारक एवं पृथकताजन्य ग्रहों के साथ होता है, तो **पितृदोष** कहलाता है।

पितृकारक ग्रहों का **प्रभाव लग्न, पंचम, सप्तम, अष्टम एवं नवम भावों** पर विशेष तौर देखा गया है।

पितृदोष के प्रमुख योग

(1) जब लग्न भाव पर राहु एवं शनि आदि अशुभ ग्रह का प्रभाव हो, तो पितृदोष होता है। अथवा जब **लग्नेश** ग्रह नीच राशिस्थ होकर राहु एवं शनि के साथ योग अथवा दृष्टि सम्बन्ध रखता हो तो **पितृदोष** होता है।

(2) नवम भाव में गुरु व शुक्र का योग हो अथवा दशम भाव में चन्द्र पर शनि व केतु का प्रभाव हो तो जातक पितृदोष से पीड़ित होता है। **नवम** में राहु युक्त गुरु हो तो भाग्य उन्नति में बार-बार विघ्न/बाधाएँ उत्पन्न होती हैं।

(3) लग्न व पंचम भाव पर शनि, राहु, केतु या मंगल ग्रहों का प्रभाव हो, तो जातक को **पितृदोष** के कारण सन्तान हानि अथवा सुख में कमी होती है।

(4) सूर्य लग्न एवं सूर्य स्थित राशि स्वामी ग्रह तथा चन्द्रलग्न एवं चंद्र स्थित राशि स्वामी ग्रह, जब राहु, शनि व केतु ग्रहों में से किसी एक या दो ग्रहों के प्रभाव में हो तो **पितृदोष** होता है। इससे प्रभावित जातक/जातिका को मानसिक तनाव, डिप्रैशन, स्त्री सम्बन्धी परेशानी, सन्तान कष्ट एवं कलह-क्लेश रहते हैं। व्यवसाय में भी आर्थिक परेशानियाँ एवं अस्थिरताएँ होती हैं।

(5) व्ययेश लग्न भाव में, अष्टमेश पंचम में एवं दशमेश अष्टम में हो तो पितृदोष के कारण धन एवं सन्तान हानि होती है।

(6) जन्म कुण्डली में बृहस्पति नीच राशि में या नीच नवांश में राहु या शनि युक्त होकर पंचम भाव में हो तो उच्च विद्या या सन्तान सुख में विघ्नकारक होता है। यदि यह योग सप्तम में हो तो स्त्री या पति के साथ कलह-क्लेश होता है। अष्टम में धन हानि एवं दीर्घायु में कमी, नवम भाव में यह योग हो तो भाग्योन्नति में बाधक तथा दशम या एकादश में हो तो कार्य व्यवसाय व लाभ उन्नति में **पितृदोष** के कारण बाधाएँ होती हैं।

कुछ लोग **चन्द्र-बुध** का योग अथवा **सूर्य-शनि** का समसप्तक योग होने से भी पितृदोष मानते हैं।

इत्यादि बहुत से **पितृदोष** कारक योग बनते हैं जिनके कारण कार्य क्षेत्र एवं गृहस्थ जीवन में दुःख व कष्ट बने रहते हैं। **पितृदोष** सम्बन्धी और अधिक विवरण के लिए हमारी शीघ्र प्रकाशनाधीन पुस्तक "अनिष्ट ग्रहों के चामत्कारी उपाय" मंगवाएँ। पता पंचांग दिवाकर कार्यालय की पुस्तक सूची में देखें।

तदर्थ पाठकों से निवेदन है कि पितृदोष के **निवारण हेतु** अपने दिवंगत आत्मीयजनों का श्रद्धापूर्वक श्राद्धकर्म (पितृ पूजन, तर्पण, ब्राह्मण भोजन, वस्त्र, फल, अनाज, दक्षिणा सहित) अवश्य करना चाहिए।

श्राद्ध के दिनों में, अमावस को, तथा अन्य पर्व के दिनों में पितृ तर्पण, पीपल वृक्ष को (रविवार को छोड़कर) अन्य दिनों में दूध, जल, गंगाजल सहित, तिल, चावल, जौं एवं पुष्पादि सहित विधि एवं मन्त्रपूर्वक सींचना चाहिए।

भगवान् शिव के विचित्र प्रतीक चिन्ह और उनके रहस्य

पुराणादि शास्त्रों एवं देवालयों में भगवान् शिव का मुखमण्डल एवं बाह्य स्वरूप अत्यन्त सुन्दर, मनोहारी, प्रशान्त, दिव्य-तेजमय, पूर्णानन्दमय एवं कल्याणमय वर्णित किया गया है। उन्होंने अभयमुद्रा धारण की हुई है तथा उनके मुखारविन्द पर मन्द-मन्द मुस्कान की छटा छाई रहती है।

भगवान् शिव के सौम्य एवं प्रशान्त स्वरूप उनके विराट् व्यक्तित्व के साथ अनेक रहस्यपूर्ण एवं आश्चर्यमय पदार्थों का समावेश परिलक्षित होता है। जैसे रूद्राक्ष माला, सर्पो के आभूषण, त्रिनेत्र व एक हाथ में त्रिशूल, दूसरे हाथ में डमरू ग्रहण किए हैं। उनकी सवारी वृषभ है और शिव कमण्डलू व भिक्षा पात्रादि ग्रहण किए हैं। जटाओं में गंगा धारण किए हुए तथा कण्ठ में कालकूट का विष, ज़हरीले सांप एवं समस्त शरीर अंगों पर भस्म धारण किए रहते हैं। भगवान् शिव के अंग-संग रहने वाली देवी पार्वती, गण, देव एवं अन्य विभिन्न वस्तुएं किसी न किसी महान् सन्देश या उद्देश्य या प्रतीकात्मक रूप को लक्षित करते हैं। भगवान् शिव का चिन्मय आदि स्वरूप शिवलिङ्ग माना गया है, जबकि प्रकृति रूपा पार्वती शिवलिंग की पीठाधार है—

पठिमम्बामयं सर्व शिवलिङ्गं च चिन्मयम्॥

ब्रह्माण्ड की आकृति भी शिवलिंग रूप है। शिवलिंग पूजा में शिव और शक्ति दोनों की पूजा हो जाती है। शिवलिंग यदि शिवमय आत्मा है, तो उनके साथ छाया की तरह अवस्थित पार्वती, उस आत्मा की शक्ति है।

भगवान् शिवलिंग पर अविरल (अखण्ड रूप) टपकने वाली जलधारा जटाओं में स्थित पावन गङ्गा की प्रतीक है। मानों समस्त पावनता एवं पवित्रता की **प्रतीक गङ्गा सर्व** कल्याणस्वरूप भगवान शिव में समाहित हो गई हो। वह **ज्ञान-गङ्गा** है। यह आध्यात्मिक **पीयूष चेतना की** (अमृतधारा) की प्रतीक है, जो मनुष्य इसे श्रद्धापूर्वक ग्रहण करता है, वह तीनों तापों के कष्ट से निवृत्त हो जाता है। शिव का **वाहन नन्दी,** वैसे ही हमारी आत्मा का वाहन शरीर (काया) है। अत: शिव को आत्मा का एवं नन्दी को शरीर का प्रतीक समझा जा सकता है। जैसे नन्दी की दृष्टि **सदाशिव** की ओर ही है, वैसे ही हमारे शरीर का लक्ष्य आत्मा बने, यह संकेत समझना चाहिए। **नन्दी धर्म** का भी प्रतीक माना गया है (विस्तृत विवरण के लिए पुस्तक 'शिव मन्त्रावली' में पढ़ें)।

नन्दी के साथ ही कुछ देवालयों में कछुआ भी रखा जाता है जिसका मुख भी शिवमूर्ति की ओर होता है। नन्दी हमारे स्थूल शरीर का तथा कछुआ सूक्ष्म-शरीर अर्थात् मन का द्योतक है। हमारा मन कछुए जैसा कवचधारी और सुदृढ़ बनना चाहिए। हमारा मन भी **चक्षु-कान** आदि इन्द्रियों के सुख में न जाकर आत्माभिमुखी होना चाहिए। मनुष्य को अपनी इन्द्रियों को बाह्य सुखाकर्षण में न पड़कर संयम करते हुए अन्तर्मुखी प्रवृत्ति की ओर उन्मुख रहना चाहिए।

मन्दिर के द्वार पर श्रीगणेश और श्री हनुमान जी इन दोनों के आदर्श-यदि जीवन में चरितार्थ नहीं, तो शिव अर्थात् कल्याणमय आत्मा का साक्षात्कार सम्भव नहीं। गौरी पुत्र **गणेश जी** सूक्ष्म बुद्धि, विघ्नहर्त्ता एवं मातृ-पितृ भक्ति के प्रतीक हैं तथा श्रीहनुमान जी अपने स्वामी श्रीराम की अनन्य भक्ति और निष्काम सेवा के अद्वितीय स्वरूप थे, वे अहंकार शून्यता, ब्रह्मचर्य एवं विनम्रता की साक्षात् मूर्ति हैं।

भगवान् शिव द्वारा धारण किए जाने वाले कपाल, कमण्डलु आदि पदार्थ सन्तोषी, तपस्वी, **अपरिग्रही जीवन के प्रतीक हैं।** भस्म् चिता भस्मालेपन तथा गले में मुण्डमाला, ज्ञान-वैराग्य और संसार की नश्वरता, **अनित्यता एवं क्षणभंगुरता की** प्रतीक हैं। समस्त **विभूतियों के स्वामी** होते हुए भी स्वयं उनसे अप्रभावित रहते हैं।

त्रिदल-बिल्वपत्री, तीन-नेत्र, त्रिपुण्ड्र, त्रिशूल आदि सत्त्वगुण, रजोगुण, तमोगुण-इन तीनों की विषमताओं को सम करने का संकेत है। उनके तीन नेत्र सूर्य, चन्द्र एवं अग्नि के प्रतीक हैं क्योंकि शिव सूर्य की भान्ति तम और अज्ञान का नाश करने वाले, चन्द्रमा की तरह हृदय को आनन्द प्रदान करने वाले और तीसरा नेत्र, ज्ञान-अग्नि की भान्ति (काम, क्रोधादि) कुविचारों को जलाकर शुद्ध स्वरूप देता है।

भगवान् शिव नीलकण्ठ कैसे कहलाए?

शंख, डमरू आदि भीतरी अनाहत-नाद के भी संकेत हैं, जिसे 'नाद ब्रह्म' कहते हैं। देवासुरों द्वारा **समुद्रमंथन** के समय वासुकि नाग के मुख से भयंकर विष की ज्वालाएं उठीं और समुद्र जल में मिश्रित होकर वे कालकूट विष के रूप में प्रकट हो गईं। उसकी **ज्वालाएं आकाश तक व्याप्त होकर तबाही** करने लगीं, जिससे भगवान् विष्णु सहित देवताओं के अनुरोध पर, **भगवान् शिव** ने योगशक्ति से विष को आकृष्ट कर लोक कल्याण के लिए अपने कण्ठ में धारण कर लिया। इसी से वे **'नीलकण्ठ'** कहलाए। उसी समय समुद्र से अमृत किरणों से युक्त चन्द्रमा भी प्रकट हुए, जिन्हें देवताओं के अनुरोध पर भगवान् शंकर ने उद्दीप्त (तीव्र) विष की शान्ति के लिए अपने ललाट पर धारण कर लिया और वोह **'चन्द्रशेखर'** कहलाए।

इस प्रकार भगवान् शिव के प्रतीक चिन्हों के तत्त्व रहस्यों का चिन्तन व चरितार्थ करके एवं भावना से ओत-प्रोत बने व्यक्तित्व से ही शिवमय अर्थात् कल्याणमय बना जा सकता है। आगामी पृष्ठों में भगवान् शिव द्वारा धारित कुछ सर्प, गंगा, भस्मादि प्रतीकात्मक रहस्यों का संक्षिप्त विवरण दिया जा रहा है। विस्तृत जानकारी के लिए 'शिव-मन्त्रावली' पुस्तक का अध्ययन करना चाहिए।

भगवान् शिव का अर्धनारीश्वर स्वरूप

भगवान् सदाशिव का अर्धनारीश्वर रूप परम परात्पर भगवान् शिव और उनकी शक्ति शिवा-दोनों के अभिन्न एवं अनन्य सम्बन्ध का द्योतक है। सृष्टि के समय सदाशिव अपने ही अर्द्धाङ्ग से स्त्री रूपी आद्याशक्ति का सृजन (आविर्भाव) करके सृष्टि की उत्पत्ति का सूत्रपात किया—

द्विधा कृतात्मनो देहमर्द्धेन पुरूषोऽभवत्।
अर्द्धेन नारी तस्यां स विराजमसृजत्प्रभुः॥

इस सम्बन्ध में श्री शिवपुराण की वायवीय संहिता में एक कथा आती है कि जब ब्रह्मा जी द्वारा रचित मानसिक सृष्टि से प्रजा की वृद्धि न हो सकी, तब उन्हें बड़ा दुख हुआ। उसी समय आकाशवाणी हुई—"हे ब्रह्मन्! अब मैथुनी सृष्टि के लिए प्रयास करो।" उस काल तक स्त्री जाति की उत्पत्ति न होने के कारण, वे इस निर्णय में सफल नहीं हो सके। तब वह आद्या शक्ति की प्रेरणा से भगवान् शिव की कृपा प्राप्त करने के लिए तप करने लगे। उनकी कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान् महेश्वर ने उन्हें अर्धनारीश्वर के रूप में दर्शन दिए। ब्रह्मा जी ने शिव और शक्ति के संयुक्त किन्तु दिव्य स्वरूप को प्रणाम करके दोनों की स्तुति की। ब्रह्मा जी की स्तुति से प्रसन्न होकर महेश्वर ने अपने शरीर के अर्धभाग से एक देवी की उत्पत्ति की, जो परमाशक्ति उमा थी। ब्रह्मा जी ने उस देवी से प्रार्थना की कि 'मैंने अब तक प्रजाओं की मानसिक सृष्टि की परन्तु अनेक प्रयासों के बाद भी वे वृद्धि को नहीं प्राप्त हो सकीं। अतएव अब मैं स्त्री-पुरुष के पारस्परिक संयोजन से, अर्थात् मैथुनी सृष्टि द्वारा प्रजा की वृद्धि, सृष्टि का विस्तार करना चाहता हूँ। इससे पूर्व नारी-जाति की उत्पत्ति नहीं हुई और स्त्रीकुल की सृष्टि करना मेरी शक्ति से बाहर है। हे देवि, आप सम्पूर्ण शक्तियों की भण्डार हैं। इसलिए हे मातेश्वरी! आप मुझे नारी कुल की सृष्टि करने की शक्ति प्रदान करें और साथ ही प्रार्थना करता हूं कि चराचर सृष्टि की वृद्धि के लिए आप मेरे पुत्र दक्ष की पुत्री के रूप में जन्म लेने की कृपा करें।

ब्रह्मा की प्रार्थना सुनकर परमेश्वरी शिवा ने "तथाऽस्तु" कहा और ब्रह्मा को उन्होंने नारी जाति की सृष्टि करने की शक्ति प्रदान की। देवी शिवा ने अपनी भौंहों के मध्यभाग से अपने ही समान कान्ति वाली एक शक्ति प्रकट की। उसे देखकर शिव ने उस शक्ति को ब्रह्मा जी का मनोरथ पूर्ण करने की आज्ञा दी। शिवजी की आज्ञानुसार और ब्रह्मा की प्रार्थना करने पर वह शक्ति कालान्तर में दक्ष की पुत्री बनी। इस प्रकार ब्रह्मा जी को मैथुनी शक्ति प्रदान कर देवी शिवा पुनः महादेव जी के शरीर में प्रविष्ट हो गई। फिर महादेव भी अन्तर्धान हो गए। तभी से लोक में मैथुनी सृष्टि चल पड़ी।

इस प्रकार शिव और शक्ति एक दूसरे से अभिन्न और सृष्टि के आदि कारण हैं। जैसे चान्द में चान्दनी, पुष्प में गन्ध एवं सूर्य में तेज नित्य एवं स्वयं सिद्ध है, उसी भान्ति शिव में शक्ति स्वभावतः सिद्ध है। भगवान् का अर्द्धनारीश्वर रूप विश्व की मानवी प्रजा का कारणभूत होने से जगत् की सभी स्त्रियां शक्ति स्वरूपिणी शिवा की अंशभूता और सभी पुरुष शंकर जी के अंशभूत हैं—

शंकरः पुरुषाः सर्वे स्त्रियः सर्वा महेश्वरी॥ (शिवपुराण वा० संहिता)

अर्धनारीश्वर के स्वरूप का ध्यान मन्त्र

दाएं हाथ में पुष्पाक्षत व जल लेकर ध्यान करना चाहिए।

नीलप्रवाल रूचिरं विलसस्त्रिनेत्रम्, पाशारूणोत्पलकपालक्र शूल हस्तम्।
अर्द्धाम्बिकेशमनिशं प्रविभक्तभूषं, बालेन्दु, बद्धमुकुटम् प्रणमामिरूपम्।

विराट् पुरुष मनु एवं आदि नारी शतरूपा का प्रादुर्भाव

महादेव जी से ही सनातन पराशक्ति को पाकर प्रजापति ब्रह्मा मैथुनी सृष्टि करने की इच्छा लेकर स्वयं भी आधे शरीर से अद्भुत नारी और आधे शरीर से पुरुष हो गये। आधे शरीर से जो नारी उत्पन्न हुई थी, वह उनके शतरूपा ही प्रकट हुई थी। ब्रह्मा जी ने अपने आधे पुरुष शरीर से विराट् को उत्पन्न किया। वे विराट् पुरुष ही स्वायम्भुव मनु कहलाते हैं। देवी शतरूपा ने अत्यन्त दुष्कर तपस्या करके उद्दीप्त यशवाले मनु को ही पतिरूप में प्राप्त किया। लेखक की पुस्तक शिवमंत्रावली में 'अर्धनारीश्वर स्तोत्र' भी दिया गया है।

भगवान् का दिव्यास्त्र-त्रिशूल

भगवान् शिव-त्रिशूल, पिनाक, पाशुपतादि अस्त्र धारण करने वाले हैं। **त्रिशूल भी शक्ति का प्रतीक है।** त्रिशूल द्वारा भगवान् शिव आसुरी शक्तियों का विनाश करते हैं।

शूलत्रयं संवितरन् दुरात्मने त्रिशूलधारिन् नियमेन शोभसे॥ (शैव० सं०)

(त्रिशूल तीनों प्रकार के शूलों (तापों) आधिभौतिक, आधिदैविक एवं आध्यात्मिक तापों का नाश करने वाला भी माना जाता है। शस्त्रादि से चोट लगना, सवारी आदि दुर्घटनाग्रस्त होना, ऊँचाई से गिरना, विषादि से मरना आधिभौतिक ताप हैं। बाढ़, अग्नि, भूकम्प, अनावृष्टि, अतिवर्षा आदि आधिदैविक ताप हैं। मन और **इन्द्रियों से** होने वाले काम, क्रोध, द्वेषादि सन्ताप आध्यात्मिक ताप कहलाते हैं। **त्रिशूल साक्षी है** कि भगवान् शिव की पूजार्चना से साधक के तीनों ताप नष्ट होकर उसकी मानसिक, शारीरिक एवं आत्मिक शक्तियों का विकास होता है तथा काम, क्रोध, लोभादि राक्षसी वृत्तियों का नाश होता है। जब साधक भगवान् शिव की भक्ति के प्रभावस्वरूप परमात्मभाव में स्थित होता है, तो तीनों ताप साधक को कुछ भी कष्ट नहीं दे सकते। वह निर्लेप भाव में चिदानन्द स्वरूप में स्थित रहता है। शिवपुराणानुसार त्रिशूल सत्व, रज और तम-तीनों गुणों का भी प्रतीक है। त्रिलोचन भगवान् शिव की भक्ति की कृपावश साधक प्रथमतः तीनों गुणों में समत्व योग प्राप्त करके फिर बोधत्व, वैराग्य एवं शान्त स्थिति को उपलब्ध होता है—

शान्त वैराग्य बौधाख्येऽस्मिभिरग्रखैस्तरस्विभिः।
त्रिगुण त्रिपुर हन्ति त्रिशूलेन त्रिलोचनः॥

सूर्यादि ग्रहों के अनिष्टफल की शान्ति हेतु दान एवं जपादि मन्त्र													जप संख्या	जपकाल	जपनीय बीजमन्त्राः	हवन समिधा
सूर्य	कनक	माणिक्य	तांबा	सोना	लाल गाय	गुड़	घी	कमलादि	रक्तवस्त्र	लालचंदन	मूंगा	केशर	७०००	सूर्योदय	ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः	आक् काष्ठ
चन्द्र	चावल	मोती	चांदी	सोना	श्वेत बैल	मिश्री	दही	श्वेत पुष्प	श्वेतवस्त्र	श्वेतचंदन	शंख	कपूर	११०००	संध्याकाले	ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः	पलाश
मंगल	मसूर	मूंगा	तांबा	सोना	लाल बैल	गुड़	घी	लाल कनेर	लालवस्त्र	लाल चंदन	केशर	कस्तूरी	१००००	सू.उ. २।१५	ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः	खैर
बुध	मूंग	पन्ना	कांस्य	सोना	शस्त्र	शक्कर	घी	सर्व रंग पु.	हरावस्त्र	अनेक फल	हाथीदांत	कपूर	९०००	सू.उ. ५ घड़ी	ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः	अपामार्ग
गुरू	पीतधान्य	पुखराज	कांस्यपात्र	सोना	अश्व	लवण श	घी	पीले पुष्प	पीतवस्त्र	पीला फल	धर्मग्रंथ	लवणशहद	१९०००	संध्याकाले	ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः	पीपल
शुक्र	चावल	हीरा	चांदी	सोना	श्वेत घोड़ा	मिसरी	दूध	श्वेत पुष्प	सफेदवस्त्र	सफेद चंदन	दही	सुगन्धित द्रव्य	१६०००	सू. उ. काल	ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः	गूलर
शनि	उड़द	नीलम	लोहा	सोना	काली गाय	कुलथी	तैल	काले पुष्प	कालावस्त्र	काले जूते	भैंस	कस्तूरी	२३०००	संध्याकाल	ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः	शमी
राहु	सप्तधान्य	गोमेद	सीसा	सोना	काला घोड़ा	ताम्र पात्र	तैल	कृष्ण पुष्प	नीलवस्त्र	नारियल	कंबल	खड्ग	१८०००	रात्रि	ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः	दूर्वा
केतु	सप्तधान्य	लसनिया	लोहा	सोना	बकरा	नारियल	तेल	धूम्र पुष्प	कालावस्त्र	शस्त्र ध्वज	कंबल	कस्तूरी	१७०००	रात्रि	ॐ स्त्रां स्त्रीं स्त्रौं सः केतवे नमः	कुशा
मुंथा	चावल	मोती	कांस्यपात्र	सोना	श्वेतचंदन	ऋतुपुष्प	घृत	श्वेतपुष्प	श्वेतवस्त्र	हाथीदांत	मुंथेश ग्रह.	ग्रह अनुसार	मुंथेश ग्रहानुसार	प्रातः	मुन्था स्वामी मन्त्र	

विशेष—ध्यान रहे, प्रत्येक ग्रह के दाने के साथ यथाशक्ति दक्षिणा भी अवश्य देनी चाहिए। **सप्तधान्य**—गेहूँ, उड़द, मूंगी, चने, जौं, कंगनी और धान्य, चावल।

सूर्यादि ग्रहों के अरिष्ट निवारण हेतु औषधि स्नान

सूर्य	चन्द्रमा	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
मनःशिला	पंचगव्य	बिल्व छाल	गोबर	चमेलीपुष्प	पिपरामूल	कालेतिल	लोबान	लोबान
इलायची	गोदूध	लाल पुष्प	अक्षत	पुष्प	जायफल	सूरमा	तारपीन	तारपीन
देवदारू	गोबर	हींग	मोती	श्वेत सरसों	केशर	लोबान	मोथा	तिलपत्र
केशर	गजमद	गोदनी	शहद	शहद	मूली बीज	सौंफ	गजदंत	गजदंत
खस	शंख सीप	जटामांसी	सुवर्ण	गुलर	मनःशिल	खस	कस्तूरी	छागमूत्र
रक्तपुष्प	गंगाजल	मौलसिरी	जायफल	दमयंती	इलायची	खिल्ला	बिल्वपत्र	लाल चंदन
रक्तचंदन	श्वेत चंदन	सिगरफ	पिपरामूल	मुलट्ठी	श्वेतचंदन	शतकुसुम	गंगाजल	गंगाजल
कनेर पुष्प	स्फटिक	मालकंगनी	नागकेशर	नवीनपत्ते	गंगाजल	गाँदमिश्रित	लालचंदन	कस्तूरी
मि. गंगाजल	गोमूत्र	गंगाजल	गंगाजल	गंगाजल	श्वेतकमल			

होमादि में अग्नि वास जानना

जिस दिन को होम/हवन करना हो, उस दिन की तिथि और वार की संख्या को जोड़कर १ जमा करें फिर कुल जोड़ को ४ द्वारा भाग देवें। यदि शेष शून्य (०) अथवा ३ बचें, तो **अग्नि का वास पृथ्वी** पर होगा। इस दिन होम करना कल्याणकारक होता है। यदि शेष २ बचें तो अग्नि का वास **पाताल में** होता है। इसी दिन होम करने से धन का नुकसान होता है। यदि ४ का भाग देने से १ शेष बचे तो आकाश में अग्नि का वास होगा, इसमें होम करने से आयु का क्षय होता है। **वार** की गणना **रविवार** से तथा तिथि की गणना **शुक्ल प्रतिपदा** से करनी चाहिए। तदुपरान्त ग्रह के मुख आहुति चक्र का विचार करना चाहिए।

ग्रहों के मुख में आहुति चक्र

सूर्य के नक्षत्र से चन्द्रमा के नक्षत्र तक गिनने से यदि ३ या ३ से कम की संख्या आए तो होमाहुति सूर्य के मुख में जाने, तीन से आगे की संख्या से ६ तक की संख्या में मिले, तो बुध के मुख में आहुति जानें। इसी प्रकार, निम्न क्रमानुसार सब ग्रहों में होमाहुति जानें।

ग्रह	सूर्य	बुध	शुक्र	शनि	चंद्र	मंग.	गुरु	राहु	केतु
नक्षत्र	३	३	३	३	३	३	३	३	३
फल	अशुभ	शुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ

नवग्रहों के जपनीय होमार्थ (हवन) मन्त्र

सूर्य मन्त्र—अर्क (आक) समिधा द्वारा "ॐ आकृष्णेन रजसा वर्त्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यं च हिरण्येन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन्॥ ॐ सूर्याय स्वाहा। इदं सूर्याय न मम ॥१॥

चन्द्रमा मन्त्र—(पलाश या ढाक समिधा के साथ)—"ॐ इमं देवाऽसपत्न Ω सुवध्वम् महते क्षत्राय महते ज्येष्ठयाय महते जानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय इमममुष्य पुत्रममुष्यै पुत्रमस्यै विश एष वोऽमी राजा सोमोऽस्माकं ब्राह्मणानां Ω राजा। ॐ सोमाय स्वाहा॥ इदं चन्द्रमसे न मम ॥२॥

भौम मन्त्र—(खैर की लकड़ी से) "ॐ अग्निर्मूर्द्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्या अयम्। अपा Ω रेता Ω सि जिन्वति स्वाहा। ॐ भौमाय स्वाहा॥ इदं भौमाय इदं न मम॥"

बुध मंत्र—(अपामार्ग की समिधा से) ॐ उद्बुध्यस्वाग्ने प्रति जागृहित्वमिष्टापूर्ते स Ω सृजेथामयं च। अस्मिन्त्सधस्थे अध्युत्तरस्मिन् विश्वेदेवा यजमानश्च सीदत॥ ॐ बुधाय स्वाहा। इदं बुधाय इदं न मम॥

गुरू मन्त्र—(पीपल) ॐ बृहस्पते अति यदर्यो अर्हाद् द्युमद्विभाति क्रतुमज्जनेषु। यद्दीदयच्छवस ऋतप्रजात तदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम्॥ ॐ बृहस्पतये स्वाहा॥ इदं बृहस्पतये, इदं न मम।

शुक्र मन्त्र—(गूलर) ॐ अन्नात् परिस्रुतो रसं ब्रह्मणा व्यपिबत् क्षत्रं पयः। सोमं प्रजापतिः ऋतेन सत्यमिन्द्रियं पिवानं Ω शुक्रमन्धसऽइन्द्रस्येन्द्रियमिदं पयोऽमृतं मधु॥ ॐ शुक्राय स्वाहा॥ इदं शुक्राय, न मम।

शनि मन्त्र—(शमी की समिधा) ॐ शन्नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये। शंय्योरभिस्रवन्तु नः। ॐ शनैश्चराय स्वाहा। इदं शनैश्चराय, इदं न मम्॥

राहु मन्त्र—(दूर्वा) ॐ कयानश्चित्र आ भुवदूती सदा वृधः सखा। कया शचिष्ठया वृता॥ ॐ राहवे स्वाहा॥ इदं राहवे इदं न मम॥

केतु मन्त्र—(कुशा से) ॐ केतुं कृण्वन्न केतवे पेशो मर्या अपेशसे। समुषद्भिरजा यथाः। ॐ केतवे स्वाहा॥ इदं केतवे, इदं न मम॥

ग्रहों के गुण, वर्ण, स्वभाव, उच्च-नीच, स्व-गृह राशि आदि चक्र

नाम ग्रह	स्व-ग्रह राशि	मूल त्रिकोण	गुण	चरादि	वर्ण जाति	रंग	उच्च राशि	नीच राशि	पुरुष स्त्री	तत्त्व	कारक	संबंध	स्व-भाव	प्रकृति	धातु	रस	शरीरांग	दिशा	दृष्टि विशेष	भाग्योदय काल
सूर्य Sun	सिंह	सिंह	सत्त्व	स्थिर	क्षत्रिय	रक्त वर्ण	मेष	तुला	पुरुष	अग्नि	आत्मा	पिता	क्रूर	पित्त	सोना	तिक्त	शिर, नेत्र	पूर्व	७	२२ से २४
चन्द्र Moon	कर्क	वृष	सत्त्व	चंचल	वैश्य	श्वेत	वृष	बृश्चि.	स्त्री	जल	मन	माता	सौम्य	वातश्ले	चांदी	क्षार	बुद्धि, रक्त	पशि. उत्तर	७	२४ से २५
मंगल Mars	मेष, बृश्चिक	मेष	तम	चर	क्षत्रिय	लाल	मकर	कर्क	पुरूष	अग्नि	बल	भाई	क्रूर	पित्त	ताम्र	कटु	मज्जा	दक्षिण	७,४,८	२८ से ३२
बुध Merc	मिथुन, कन्या	कन्या	रज	द्विस्वभा	वैश्य	हरा	कन्या	मीन	नपुंसक	पृथ्वी	वाणी	बंधु/मित्र	मिश्र	त्रिधातु	कांस्य	मिश्र	त्वचा, मुख	उत्तर	७	३२ से ३६
गुरू Jup.	धनु, मीन	धनु	सत्त्व	स्थिर	ब्राह्मण	पीला	कर्क	मकर	पुरूष	आकाश	विद्या	संतान	शुभ	कफ	सोना	मधुर	चर्बी	ईशान	५७९	१६ से २४
शुक्र Ven.	वृष, तुला	तुला	रज	चर	वैश्य	सफेद	मीन	कन्या	स्त्री	जल	काम	स्त्री	शुभ	वात, कफ	चांदी	अम्ल	वीर्य	दक्षि., पूर्व	७	२६ से २८
शनि Sat.	मकर, कुम्भ	कुम्भ	तम	स्थिर	शुद्र	नीला काला	तुला	मेष	नपुंसक	वायु	संघर्ष	भृत्य	क्रूर	वात, श्ले	लोहा	कषाय	स्नायु	पश्चि.	३,७,१०	३६ से ४२
राहु Rahu	कन्या·	कर्क	तम	चर	अत्यज	धूम्र	वृष	बृश्चि.	पुरुष	छाया	दुःख	शत्रु	क्रूर	वायु	लोहा	कषाय	हड्डी	दक्षिण	७	४४ से ५०
केतु Ketu	मीन	मकर	तम	चर	शूद्र	धूम्र	बृश्चि.	वृष	पुरुष	छाया	कष्ट	बाधा	क्रूर	वायु	लोहा	कषाय	चर्म	उत्तर	७	४८ से ५०

राशियों के गुण-स्वभाव तत्त्व, शुभ रत्नादि चक्र

राशि	स्वा. ग्रह	अंग्रेज़ी नाम	वर्ण	जाति	क्रूरादि	चरादि	तत्त्व	गुण	जीवादि	समादि	दिशा	शुभ रत्न	बल समय	शरीरांग	दीर्घादि	नरादि	प्रकृति	गुण	पृष्ठोदय आदि
मेष	मंगल	Aries	लाल	क्षत्रिय	क्रूर	चर	अग्नि	रज	धातु	विषम	पूर्व	मूंगा	रात्रि	शिर	ह्रस्व	पशु	पित्त	उष्ण	पृष्ठोदय
वृष	शुक्र	Taurus	श्वेत	वैश्य	सौम्य	स्थिर	पृथ्वी	तम	मूल	सम	दक्षिण	हीरा	रात्रि	नेत्र	ह्रस्व	पशु	वात	शांत	पृष्ठोदय
मिथुन	बुध	Gemini	हरा	शूद्र	क्रूर	द्वि. स्व.	वायु	सत	जीव	विषम	पश्चि.	पन्ना	रात्रि	भुजाएँ, गला	सम	नर	वात	चंचल	शीर्षोदय
कर्क	चंद्र	Cancer	श्वेत	विप्र	सौम्य	चर	जल	रज	धातु	सम	उत्तर	मोती	रात्रि	वक्ष, फेफड़े	सम	जल चर	कफ	शांत	पृष्ठोदय
सिंह	सूर्य	Leo	लाल	क्षत्रिय	क्रूर	स्थिर	अग्नि	तम	मूल	विषम	पूर्व	माणक	दिन	मेरू, रक्त, ह्दय	दीर्घ	पशु	पित्त	उष्ण	शीर्षोदय
कन्या	बुध	Virgo	मिश्रित	वैश्य	सौम्य	द्वि. स्व.	पृथ्वी	सत	जीव	सम	दक्षिण	पन्ना	दिन	पेट, नाभि	दीर्घ	नर	त्रिदोष	शीत	शीर्षोदय
तुला	शुक्र	Libra	नीला	शूद्र	क्रूर	चर	वायु	रज	धातु	विषम	पश्चि.	हीरा	दिन	गुर्दे, कमर	दीर्घ	नर	वात	उष्ण	शीर्षोदय
बृश्चिक	मंगल	Scorpio	ताम्र	विप्र	सौम्य	स्थिर	जल	तम	मूल	सम	उत्तर	मूंगा	दिन	गुप्तांग	दीर्घ	कीट	कफ	शीत	शीर्षोदय
धनु	गुरु	Sagittarius	पीला	क्षत्रिय	क्रूर	द्वि. स्व.	अग्नि	सत	जीव	विषम	पूर्व	पुखराज	रात्रि	जंघा	सम	नर पशु	पित्त	उष्ण	पृष्ठोदय
मकर	शनि	Capricor	भूरा	वैश्य	सौम्य	चर	पृथ्वी	रज	धातु	सम	दक्षिण	नीलम	रात्रि	घुटने	सम	जल पशु	वात	शीत	पृष्ठोदय
कुम्भ	शनि	Aquarius	काला	शूद्र	क्रूर	स्थिर	वायु	तम	मूल	विषम	पश्चि.	नीलम	दिन	पिंडली	लघु	जल चर	त्रिदोष	उष्ण	शीर्षोदय
मीन	गुरु	Pisces	पीला	विप्र	सौम्य	द्वि. स्वा.	जल	सतो	जीव	सम	उत्तर	पुखराज	दिन	पाँव दोनों	लघु	जल चर	कफ	शीत	उभयोदय

चर, शीर्षोदयादि राशियों का महत्त्व—उपरोक्त राशियों के **गुण, स्वभाव, तत्वादि** का फलित ज्योतिष में विशेष महत्त्व होता है। संक्षेप में, **चर** का अर्थ है चलित अर्थात् जिसमें कार्य जल्दी हो। यात्रा करें, तो शीघ्र वापिस आ जावे। स्थिर लग्न राशि में कार्य करने से स्थायी प्रभाव होता है। मकान, दुकान, व्यवसायादि में प्रवेश करे, तो बहुत वर्षों तक रहे। द्वि-स्वभाव राशि में मिला-जुला प्रभाव होता है। अर्थात् पहिला आधा भाग स्थिर प्रभाव दिखाता है, अन्तिम आधा भाग 'चर' का प्रभाव दिखाता है। इसी भान्ति धातु का अर्थ है, सोना, चाँदी, लोहा, भूमि, सवारी धनादि पदार्थ। **'मूल'** का अर्थ है, फल, वृक्ष, अनाजादि भोग्य पदार्थ। **'जीव'** का अर्थ प्राणी—स्त्री, पुत्र, पौत्र, भाई आदि। **उदाहरणार्थ**—मान लीजिए, सौम्य राशि **मीन** में यदि कोई सौम्य ग्रह (शुक्र) बैठा है, तो प्रश्नकर्त्ता को स्त्री, संतानादि का सुख लाभ होगा (क्योंकि मीन राशि जीव सम्बन्धी राशि है) और यदि कोई अशुभ या क्रूर ग्रह स्थित हो, तो स्त्री, संतानादि सुख सम्बन्धी हानि होगी। ऐसा कहना चाहिए। इसी भान्ति, राशियों की दिशा बताने का तात्पर्य यह है कि जिस राशि में कारक ग्रह बैठे हो, उस राशि की दिशा में भाग्योदय होता है। **उदाहरण** के लिए किसी की जन्म कुण्डली में लग्नेश एवं नवमेश ग्रह वृष राशि में हो, तो जातक का भाग्योदय जन्म से दक्षिण दिशा में होगा—ऐसा कहना चाहिए। जैसे—यदि **कन्या लग्न** हो, तो बुध लग्नेश, दशमेश होगा। द्वितीयेश व नवमेश शुक्र, बुध (लग्नेश) सहित नवम् (भाग्य) स्थान पर इकट्ठे हों, तो वृष राशि (दक्षिण) में भाग्योदय होगा।

व्यापारिक वस्तुओं तथा शेयरों में मन्दा-तेजी का रुख—सं. 2008 ई.

वायदा व्यापारियों के लिए आवश्यक सुझाव—व्यापारिक वस्तुओं के दैनिक उतार-चढ़ाव के अध्ययन के बाद ही वस्तुओं का क्रय-विक्रय करना सफल व्यापार की कुंजी है। संसार के सभी पदार्थों को ग्रहण कर लेने वाले अथवा नियन्त्रण में रखने वाले ग्रह होते हैं तथा अपने में सभी पदार्थों का समावेश करने वाली राशियां होती हैं। जब ग्रह भ्रमण करता हुआ राशि-भोग करता है, तो उसकी हर गति का प्रभाव हर वस्तु पर पड़ता है, क्योंकि उस समय वे पदार्थ उस ग्रह के नियन्त्रण में रहते हैं और वस्तु के मूल्यों में जो परिवर्तन (घटाबढ़ी) होता है, उसे हम तेजी-मन्दी कहते हैं।

ज्योतिष शास्त्र का वायदा-व्यापार से गहरा सम्बन्ध है। ध्यान रहे, हाजिर एवं वायदा बाजार पर राजनीतिक, सामाजिक, प्राकृतिक एवं आजकल अन्तर्राष्ट्रीय घटनाओं का प्रभाव भी अवश्य रहता है। इसके अतिरिक्त कुशल व्यापारी को अपनी वर्तमान विंशोत्तरी ग्रह दशा तथा आर्थिक सामर्थ्य को ध्यान में रखते हुए ही व्यापार करना चाहिए। जन्म/वर्ष कुण्डली में हानिप्रद या अनिष्ट ग्रह से सम्बन्धित वस्तु का व्यापार न करें। अनुकूल ग्रहदशा जातक को व्यवसाय में विपुल धन लाभ तथा प्रतिकूल ग्रह दशा अकस्मात् धन हानि करवा सकती है। सदैव उतने ही लाभ की आशा करके व्यापार करें, जितनी कि हानि साधारणतया उठा सकने का सामर्थ्य हो।

गत संवत् 2063, 2064 में हमारे द्वारा निर्दिष्ट ग्रह स्थिति एवं तेजी-मन्दी के चांसों से सोना, चांदी, तांबे, गुड़, कॉपर, सोयाबीन, तेल, लोहे, स्टील, चने के अनेक व्यापारी लाभान्वित हुए।

आगे गोचर ग्रहों, नक्षत्रों के आधार पर व्यापारिक वस्तुओं (जिन्सों) के दैनिक उतार-चढ़ाव व तेजी-मन्दी की विशेष लाइनों एवं तूफानी तेजी आदि का विवरण लिख रहे हैं। यदि आप प्रतिमास किसी विशेष एक जिन्स की दैनिक तेजी-मन्दी रिपोर्ट या वायदा/हाजिर बाजार का चांस चाहते हैं तो प्रति जिन्स की एक मास की फीस 501 रु०, 2 महीने की फीस 951 रु० होगी। पूरी फीस अग्रिम भेजें। रिपोर्ट लिखित रूप में भेजी जाएगी। D.D. (ड्राफ्ट) या मनीआर्डर इस पते पर भेजें—

—पं० विवेक शर्मा C/o पं० देवी दयालु ज्योतिषी एण्ड सन्ज़, अड्डा होशियारपुर चौंक, जालन्धर-144008 (पंजाब) फोन-0181-2457959

☞ **जनवरी**—2 जन. को बुध उ.षा. में आने से गेहूँ, चावल, तथा अन्य अनाज के भावों में मन्दी का रुख शुरु होगा। 4 जन. को बुध मकर में आएगा। उस पर मंगल की दृष्टि भी है। सोना, चाँदी, तांबा, रूई के भावों में तेजी बनेगी। गेहूँ, दालों, चावल आदि अनाजों में मन्दी बनेगी। 5 जन. को गुरु मूल नक्षत्र के चतुर्थ चरण में आने से मूँग, मोठ, ज्वार, बाजरा, कुलथी, सोना, चाँदी में मन्दी बनेगी। रूई में घटाबढ़ी के बाद मन्दी बनेगी। 6 जन. को गुरु उदय होने से घी, तिल, तेल, गुड़ आदि में मन्दी, रूई, चांदी, अनाज में तेजी बनेगी।

8 जन. को बुध पश्चिम में उदय तथा शुक्र ज्येष्ठा में आने से दोपहर बाद गेहूँ, चना, चावल कुछ तेज; सोना, चाँदी, सरसों, तिल, तेल, हींग, तांबा, जिस्त में मन्दी बनेगी। इसी दिन मंगलवारी अमावस भी आगे मुख्य जिन्सों में तेजीकारक होगी।

9 जन. बुधवार को चन्द्रदर्शन होने से चांदी, सोना, रूई, सूत, वस्त्र, सन, बारदाना, जूट आदि, गुड़, शक्कर, चीनी में मन्दी, अन्न और घी में तेजी बनेगी। 10 जन. को बुध श्रवण में आने से गुड़, चीनी, अलसी, सरसों, चना, रूई, चावल में तेजी बनेगी।

11 जन. को सूर्य उ.षा. में आने से लोहा, सीसा, सरसों, अलसी, घी, गुड़, चावल, कपास, खल, चना, मूँग, अरहर, उड़द, गेहूँ, लाल शक्कर, चमड़ा, पिपरामिंट के भावों में तेजी बनेगी।

14 जन. को सूर्य मकर राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा। इन पर मंगल की विशेष उच्च दृष्टि है। सोना, चाँदी, कॉपर, लाल मिर्च, शेयरों, घी, तेल, अलसी, गुड़, शक्कर, चीनी, रूई, सोयाबीन, हल्दी में अगले दिन विशेष तेजी बनेगी। गेहूँ, अनाज व बारदाना में मन्दी का रुख रहेगा।

19 जन. को बुध धनिष्ठा में, गुरु पू.षा में तथा शुक्र मूल नक्षत्र तथा धनु राशि में गुरु के साथ मेल करेगा। गुरु-शुक्र पर मंगल की विशेष दृष्टि भी है। गेहूँ, जौं, उड़द, मूँग, मोंठ, बाजरा, अलसी, शेयरों, चाँदी, सोना, कॉपर आदि धातुओं में तेजी बनेगी। रूई, कपास, चावल में पहले मन्दी बनकर फिर तेजी बनेगी। (19 जन. से बाज़ार का रुख तेजी की ओर रहेगा।)

24 जन. को सूर्य श्रवण में आने से सोना, चांदी, अलसी, गेहूँ, रूई, सूत, सन, कपास, जौं, चावल, लौंग, शक्कर, सुपारी, पीतल, कॉपर, गुड़ में तेजी बनेगी। 26 जन. को वक्री शनि मघा(4) में आने से क्रूड आयल, सरसों, सोयाबीन, स्टील, लोहे, पैट्रोल तथा कुछ धातुओं के भावों में तेजी बनेगी।

28 जन. रात्रि को मकर राशिस्थ बुध वक्री होने से शेयरों, चीनी, बिनौला, तिल, तेल, घी, गुड़, शक्कर, चाँदी में अच्छी तेजी बनेगी। रूई में घटाबढ़ी के बीच पहले कुछ तेज़ी, बाद में मन्दी बने, गेहूँ, जौं, चने में मन्दी का रुख बनेगा।

30 जन. को शुक्र पू.षा. में आने तथा मंगल मार्गी होने से उड़द, मूँग, मोठ, तिल, तेल, सरसों, चाँदी, सोने में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी, गुड़, शक्कर, चीनी में पहले मन्दी बनकर फिर तेजी बने। स्थूल रूप में, वे पदार्थ मन्दें हो जाएंगे जो पहले तेज थे और जो पदार्थ पहले मन्दे होंगे वे तेज हो जाएँगे।

31 जन. को वक्री बुध पश्चिम में अस्त होने से रूई में पहले तेज होकर अचानक मन्दी का झटका लगेगा, चाँदी में अधिक तेजी बनेगी, शेयरों, चने, तेल, कॉपर, सोने, जिस्त, चावल में अच्छी घटाबढ़ी के बाद तेज़ी बनेगी।

शेयर-रुख—[इस मास की 4, 5, 7, 9, 30 तारीखें मन्दी का रुख रहेगा तथा 8, 11, 14, 24, 29, 31 जन. को शेयरों, तेल, चाँदी, घी, गुड़, एवं चने में अच्छी तेजी का चांस है।]

फरवरी—फरवरी के प्रारम्भिक 1-2 दिन तो बाज़ार में तेज़ी का रुख रहेगा, परन्तु 3-4 तारीख को मन्दी का वातावरण रहेगा। 4 फर. को गुरु पू.षा. (2) में आने से भी सायंकाल तक सोना, चाँदी, कॉपर आदि धातु तथा रूई, कपास आदि में मन्दी बनेगी।

6 फर. को सूर्य धनिष्ठा तथा वक्री बुध श्रवण में आने से गुड़, चीनी, अलसी, चना, चावल, सोना, चांदी, मोती, कॉपर, मूँग, मसूर, गेहूँ आदि अनाजों व अलसी, रूई में तेजी बने। 8 फर., शुक्रवार को चन्द्रदर्शन होने से चाँदी, सोने, चावल, चना, उड़द, सरसों, तिल, तेल, चावल, राजमाह, मसूर तेज होंगे। 10 फर. को शुक्र उ.षा. में आने से गुड़, चीनी, सोना, चाँदी, कॉपर, अलसी, अरण्डी, सरसों में मन्दी, रूई, अनाज में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी। 12 फर. को शुक्र मकर राशि में सूर्य व बुध के साथ मेल करेगा। इन पर मंगल की विशेष उच्च दृष्टि पड़ रही है। इसी दिन वक्री बुध पूर्व से उदित होगा। गुड़, चीनी, घी, गेहूँ, चना, रूई, सोना, चांदी, तांबा, कपास, तिलहन में तेजी बनेगी। चांदी में घटाबढ़ी होगी।

13 फर. को सूर्य कुम्भ राशि में आकर राहु के साथ मेल करेगा। इन पर शनि की सप्तम दृष्टि रहेगी। घी, तेल, सरसों, मूँगफली, कपास, राई, अलसी, सोना, चांदी, शेयरों, मैन्था-आयल, क्रूयड आयल में तेजी बनेगी। रूई, अरण्डी, गेहूँ आदि अनाज, गुड़, शक्कर, खाण्ड में मन्दी बनेगी। 14 से 17 फर. तक बाज़ार में अच्छी घटाबढ़ी रहेगी। अच्छी मन्दी या तेजी नहीं बन पाएगी।

18 फर. को राहु धनि(3), केतु मघा(1) में आने से उड़द, चना, चावल, जौं, गेहूँ, मूँग, ज्वार में तेज़ी बनेगी। अलसी में विशेष तेजी का योग है। 19 फर. को सूर्य शतभिषा में तथा बुध मार्गी होने से सोना, कॉपर, चाँदी, तिल, तेल, एरण्ड, सरसों, हींग, सोंठ, हल्दी, गुड़, गेहूँ में तेजी बनेगी। रूई, शेयरों में पहले मन्दी, फिर अचानक तेजी का रुख बनेगा।

20 फर. की रात्रि के बाद शुक्र श्रवण में आने से ता. 21 की प्रातः से ही चाँदी, सोना, गुड़, शक्कर, चीनी, मूँग, मोठ, उड़द, अनाज, चावल में मन्दी, तिल, तेल, सोयाबीन में तेजी, रूई में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी। 21 फर. को गुरु पू.षा.(3) में आने से रूई, चावल, चांदी, सोना, तांबा तथा सभी अनाजों में मन्दी का योग है। (22 से 26 फर. तक अच्छी तेजी-मन्दी के रियेक्शन आएंगे। मन्दी में खरीदकर थोड़ी-सी तेजी में ही बेचकर लाभ ले लेवें।)

27 फर. को राहु धनिष्ठा के तृतीय चरण में आने से गेहूँ, चावल, मूँग, उड़द, मसूर, राई, काली मिर्च, खल-बिनौलों में तेजी छाई रहेगी।

शेयर-रुख—[इस मास की 6, 10, 12, 13, 14, 20, 27, 28 फर. को सोना, चाँदी, ताँबा, शेयरों में अच्छी तेजी का चाँस है।]

मार्च—2 मार्च को शुक्र धनिष्ठा में आने से सोना, चाँदी, रूई, कपास, चावल, मूँग, मोठ, ज्वार, बाजरा, उड़द में तेज़ी, गेहूँ में मन्दी बनेगी।

4 मार्च को सूर्य पू.भा. तथा बुध धनिष्ठा में आने से सोना, चाँदी, ताँबा, सीसा, पीतल में अच्छी तेजी, रूई, कपास, सूत, गेहूँ, चना, ज्वार, बाजरा, उड़द, तिल, तेल, घी, चावल, गुड़, चीनी में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

6 मार्च को मंगल आर्द्रा में आने से रूई, कपास, अलसी, एरण्डी, गुड़, चीनी, तिल, तेल, खल-बिनौले व सोने में तेजी होगी, परन्तु चाँदी में कुछ मन्दी का रुख रहेगा।

8 मार्च को शुक्र कुम्भ राशि में आकर सूर्य एवं राहु के साथ मेल करेगा। इन पर शनि की दृष्टि है। रूई, गुड़, चीनी, गेहूँ, चना, जौं, मूँग, मैदा, ज्वार, बाजरा तथा अन्य सफेद वस्तुओं में अच्छी घटाबढ़ी के बीच पहले मन्दी फिर तेजी बनेगी। 9 मार्च को रविवार, मीनस्थ चन्द्रमा कालीन चन्द्रदर्शन होने से सोना, चांदी, गुड़, तेल, शक्कर में तेजी, रूई, चीनी, घी, चावल में घटाबढ़ी के बाद मन्दी बनेगी।

10 मार्च को बुध कुम्भ राशि में आकर सूर्य, शुक्र एवं राहु के साथ मेल करेगा, इन पर शनि की दृष्टि चल रही है। इसी दिन शनि मघा(3) में भी आएगा। अलसी, रूई, **सोना, चाँदी, ताँबा, घी, तेल, गुड़, खल-बिनौले, सरसों, छोटी इलायची, दूध, दही, कपास, काली मिर्च, क्रूड-आयल में अच्छी तेजी का झटका लगेगा।**

11 मार्च को गुरु पू.षा.(4) में आकर रूई, घी, कपास, चावल, चांदी में मन्दा करेगा। 13 मार्च को शुक्र शतभिषा में आने से सोना, चाँदी, गेहूँ, गुड़, चीनी, चावल, घी, सरसों, रूई में तेजी बनेगी।

14 मार्च को सूर्य मीन राशि में आएगा (30 मुहूर्त्ति)। तिल, तेल, अलसी, खाण्ड, सरसों, गुड़, शक्कर व सोने में तेज़ी बने, सर्व प्रकार के अनाजों, गेहूँ, धान्य, चावल, मक्का आदि में पहले तेजी के बाद मन्दी का रुख बनेगा।

15 मार्च को बुध शतभिषा में आने से दोपहर बाद सोने, चांदी, तांबा में मन्दी, गेहूँ, अनाज, चावल में तेजी बनेगी।

17 मार्च को सूर्य उ.भा. में आने से गुड़, सोना, चावल, खाण्ड, शक्कर, गेहूँ, तेल, सोयाबीन में तेजी बनेगी। (17 से 23 मार्च तक तेजी प्रधान बाज़ार में तेजी-मन्दी के रियेक्शन बनते रहेंगे।)

24 मार्च को बुध एवं शुक्र दोनों पू.भा. में आने से सोना, चांदी, तांबा, लोहा तथा अनाज में मन्दी, रूई में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी। (26 मार्च से पुनः बाजार में घटाबढ़ी के बाद तेजी का रुख बनेगा।)

30 मार्च को बुध मीन राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। सोना, चांदी, तांबा, रूई, बिनौला, चावल, खल, चना, लाख, सोयाबीन में तेजी करेगा।

31 मार्च को सूर्य रेवती में आकर उपरोक्त जिन्सों के अलावा गेहूँ, मूँगफली, बारदाना तथा अन्य खाद्य पदार्थों में भी तेजी करेगा।

शेयर-रुख—[इस मास की 4, 6, 10, 14, 17, 30, 31 मार्च को शेयरों में विशेष तेजी बन सकती है। अतएव इन तारीखों में भाव तेज होते ही सौदे निपटा लें।]

☞ **अप्रैल**—1 अप्रैल को बुध उ.भा. नक्षत्र में तथा शुक्र मीन राशि में आकर सूर्य एवं बुध के साथ मेल करेगा। अकेला शुक्र यद्यपि मन्दीकारक होता है परन्तु यहां सूर्य एवं बुध के योग के कारण मन्दी न बनकर हमें तेजी का योग लगता है। चाँदी, सोना, रूई, अलसी, तांबा, खाण्ड, गुड़, सरसों, तेल, चना में अच्छी घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

3 अप्रैल को बुध पूर्व में अस्त होने से रूई, शेयरों, कपास, चावल, घी में मन्दी बनेगी, चांदी में तेजी बनेगी। 4 अप्रैल को शुक्र उ.भा. में आने से चावल, मोती, चांदी, कपूर, नमक, चीनी, कपास आदि सफेद वस्तुओं में मन्दी बनेगी। 5 अप्रैल को गुरु उ.षा.(1) में आने से गुड़, चीनी, चावल, रूई, शक्कर, चाँदी में तेजी बनेगी।

8 अप्रैल को मंगल पुनर्वसु तथा बुध रेवती में रूई, चाँदी, नमक, खाण्ड, तिल, तेल, सरसों, केसर, मजीठ, लाल चन्दन, गेहूँ, लाल मिर्च आदि लाल वस्तुओं में तेजी बनेगी। घी, गुड़, खाण्ड में पहले मन्दी का रुख बन सकता है। (ता. 9 से 12 अप्रैल तक पहले तेजी के बाद मन्दी के भी रियेक्शन बनेंगे, तुरन्त सौदे सैटल कर लाभ लेते रहें।)

13 अप्रैल को सूर्य मेष राशि में आएगा। इस पर गुरु की दृष्टि भी रहेगी। सोना, चाँदी, कॉपर, रूई, कपास, सूत, घी, तेल, तिल, सरसों, सुपारी, बादाम, गुड़, खाण्ड, शक्कर में पहले तेजी बनकर मन्दी का रुख बनेगा। गेहूँ, चावल, उड़द, मूँग, अरहर, चना, जौं में मन्दी बनेगी।

14 अप्रैल को शुक्र रेवती में आने से भी रुई, कपास, चाँदी, चावल, चन्दन, कपूर, गुड़, खाण्ड, शक्कर, मोती, सोना में मन्दी का रुख रहेगा।

15 अप्रैल को बुध मेष राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। इन पर गुरु की विशेष दृष्टि है। यहाँ अकेला बुध मन्दीकारक होता है। परन्तु सूर्य के योग से अचानक तेजी की लाईन बन सकती है। सावधानपूर्वक आगे बढ़ें। सोना, चाँदी, कॉपर, मूँगा, मोती, जवाहरात, गेहूँ, चना, जौं आदि अन्न, तिल, तेल, सरसों, रूई, कपास, घी, गुड़, चीनी में मन्दी बनेगी। (19 अप्रैल तक अच्छी घटाबढ़ी के बीच तेजी-मन्दी बनती रहेगी। लाईन साधारण तेजी की ही चलेगी।)

21 अप्रैल को बुध भरणी में आने से गेहूँ, चावल, चाँदी, कॉपर में घटाबढ़ी के बाद ही तेजी का रुख बनेगा।

25 अप्रैल को शुक्र मेष राशि में आकर सूर्य एवं बुध के साथ मेल करेगा। इन पर गुरु की विशेष दृष्टि है। जौं, चना, गेहूँ आदि अन्न तथा घी में तेजी बनेगी। सोना, चाँदी, कॉपर, जिंक में दोपहर बाद विशेष तेजी, गुड़, शक्कर, बारदाना, पाट आदि में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी। ऊन, तिल, तेल, सरसों, सोयाबीन, अलसी, अरण्डी में कुछ मन्दी बनेगी।

27 अप्रैल को सूर्य भरणी तथा बुध कृतिका में आएगा। रूई, अलसी में मन्दी बनेगी। सोना, चाँदी, ताँबा, मूँगा, जिंक, स्टील, चादर आदि तथा हेगूँ, जौं, चना, चावल, मोठ, अलसी, सरसों, गुड़, खाण्ड, घी, हींग में घटाबढ़ी होकर बीच-बीच में तेजी के अच्छे रियेक्शन आएंगे।

28 अप्रैल को [illegible] राशि में आने से रूई, सरसों, एरण्डी, अलसी, तेल, सोयाबीन आदि में मन्दी, सोना, चांदी में अच्छी घटाबढ़ी रहे तथा गेहूँ, चावल, गुड़, शक्कर, तांबा में अच्छी तेजी बनेगी।

29 अप्रैल को बुध वृष राशि में आएगा। बुध पर शनि की दृष्टि रहेगी। बाज़ार में अच्छी घटाबढ़ी चलेगी। रूई में पहले मन्दी बनकर फिर तेजी बनेगी। सोना, चांदी, गेहूँ, जौं, चना, चावल, मटर, कपास, सूत, तिल, तेल में अच्छी घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी। 30 अप्रैल को राहु मकर राशि में तथा केतु कर्क में मंगल के साथ मेल करेगा। गुड़, तांबा, कांसा, सोयाबीन में अच्छी तेजी बनेगी। जौं, चना, गेहूँ, रूई में पहले मन्दी बनकर तेजी बनेगी।

शेयर-रुख—[**इस मास की 1, 2, 8, 15, 25, 27, 28, 29, 30 अप्रैल को शेयरों के वायदा बाज़ार में अच्छी तेजी का चाँस है। अवश्य लाभ उठाएँ।**]

☞ **मई**—3 मई को शनि मार्गी तथा शुक्र पूर्व में अस्त होने से रूई, चाँदी, शेयर-बाज़ार में मन्दी का रुख बनेगा। तिल, तेल, सरसों, हींग, काली एवं लाल मिर्च, क्रूड-आयल, सोयाबीन में तेज़ी बनेगी।

4 मई को मंगल पुष्य में आने से दोपहर बाद रूई, चांदी, घी, चावल में अच्छी घटाबढ़ी के बाद तेजी बने, सोने में अच्छी तेजी बनेगी। 5 मई को बुध रोहिणी में आने से कपास, सोना, चांदी, तिल, तेल, सरसों, चावल, गुड़, खाण्ड में तेजी बनेगी। राई, सन, ऊनी व रेशमी धागों, रूई में मन्दी का रुख रहेगा। चांदी में भी बीच-बीच मन्दी के झटके लगेंगे।

6 मई, मंगलवार को कृतिका नक्षत्र कालीन चन्द्रदर्शन होने तथा शुक्र भरणी में आने से वायदा व्यापारिक वस्तुओं में तेजी का रुख रहे। सोना, चांदी, रूई, लाल वस्तुओं, उड़द में पहले मन्दी, फिर तेजी बने। गुड़, सरसों, मूँगफली तेज रहे। चना, मूँग, मोठ, गेहूँ में घटाबढ़ी चलेगी।

9 मई को गुरु वक्री होने से शेयर्ज़, रूई, चावल, गुड़, तिल, तेल, नमक, सोयाबीन में मन्दी, सोना, चांदी में तेजी बनेगी। 11 मई को सूर्य कृतिका में आने से घी, रूई, सोना, चांदी, अलसी, एरण्ड, गेहूँ, जौं, चना, मूँग, मोठ, चावल, राई, सरसों में तेजी बनेगी।

14 मई को सूर्य वृष राशि में आकर बुध के साथ योग करेगा। इन पर शनि की दृष्टि रहेगी। सरसों, सोना, चांदी, कॉपर, गुड़, खाण्ड, शक्कर, कपास, रूई, सूत, बादाम, तिल, तेल, नारियल में अच्छी तेजी का चाँस बनेगा। जौं, चना, गेहूँ, अरहर, चावल में घटाबढ़ी के बाद मामूली मन्दी बनेगी।

16 मई को बुध मृगशिर में आने से रूई में तेजी, चांदी में घटाबढ़ी के बाद मन्दी तथा गेहूँ, तिल, सरसों, उड़द में मन्दी बनेगी। 17 मई को शुक्र कृतिका में आने से जौं, चावल, हींग, तिल, तेल, सरसों, रूई, सूत, वस्त्र, चांदी, सोना, हीरा, मणि, मोती आदि जवाहरात में मन्दी बनेगी।

20 मई को शुक्र वृष राशि में आकर सूर्य एवं बुध के साथ मेल करेगा। इन पर शनि की दृष्टि भी रहेगी। सोना, चांदी, कॉपर, शेयर्ज़, चावल, रूई, घी में घटाबढ़ी चलने के बाद तेजी का रुख बनेगा।

24 मई को सूर्य रोहिणी में आने से तिल, तेल, एरण्ड, अलसी, सरसों, गुड़, खाण्ड, घी, गेहूँ, जौं, चना, ज्वार, बाजरा, लाल मिर्च, सुपारी में तेजी बनेगी। चांदी में मन्दी बनेगी।

26 मई को बुध वक्री होने से घी, गुड़, खाण्ड शक्कर, सोने, चांदी, कॉपर, शेयरों में तेजी बनेगी। गेहूँ, जौं, चने में मन्दी का रुख रहेगा। 28 मई को शुक्र रोहिणी में आने से चांदी, सोना आदि धातु तथा अलसी, एरण्डी, सरसों, घी, तेल, गुड़, खाण्ड, सुपारी, नारियल, ऊन में मन्दी बनेगी। 29 मई को मंगल आश्लेषा में आने से चांदी, रूई, घी, चावल में मन्दी बनेगी।

30 मई को वक्री बुध पश्चिम में अस्त होने से चांदी, घी में अच्छी तेजी, रूई, शेयर-बाज़ार में घटाबढ़ी के बाद तेजी, अलसी, चना, बिनौला, सोना, कॉपर भी तेज हों।

शेयर-रुख—[इस मास की 3, 4, 11, 12, 14, 15, 20, 21, 26, 27, 30 को शेयर बाज़ार में अच्छी तेजी का चांस है।]

☞ **जून**—मासारम्भ में कुछ तेजी के बाद ता. 3 से मन्दी का रुख शुरु होगा। 5 जून, गुरूवार को मिथुन राशिस्थ कालीन चन्द्रदर्शन होने से रूई, सूत तथा सूती, रेशमी, ऊनी वस्त्र, सरसों, तेल, घी तेज होंगे। सोना, चांदी, चीनी, गुड़ में मन्दी बनेगी।

7 जून को सूर्य मृगशिर में तथा वक्री बुध रोहिणी में आएगा। सोना, चाँदी, कॉपर, जिस्त, मूँग, मोठ, चना, बाजरा, अलसी, सोयाबीन, चावल में तेजी बनेगी। रूई, घी में घटाबढ़ी के बाद मन्दी बनेगी।

8 जून को शुक्र मृगशिर में आने से गेहूँ, चना, ज्वार में मन्दी, गुड़, चीनी, शक्कर, चावल, चाँदी में तेजी बनेगी।

12 जून को वक्री गुरु पू.षा.(4) में आने से रूई, घी, चावल, तथा अन्य अनाजों में मन्दी बनेगी। 13 जून को शुक्र मिथुन राशि में आकर गुरु के साथ समसप्तक योग बनाएगा। रूई, कपास, अरण्डी, तिल, तेल, सरसों, अरहर, ग्वार, घी, गुड़, अलसी में अच्छी मन्दी, गेहूँ, जौं, चना, चावल, चांदी में घटाबढ़ी के बाद मामूली तेजी बनेगी।

14 जून को सूर्य मिथुन राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। इन पर गुरु की दृष्टि रहेगी। साधारण तेजी ही बन पाएगी। सूत, बारदाना, कपास, रूई, सरसों, लोहा, तिल, तेल, गुड़, चीनी, शक्कर, घी, मूँग, उड़द, गेहूँ, चावल, चना आदि अनाज में तेजी बनेगी। सोना, चाँदी में अच्छी तेजी का रुख बनेगा।

16 जून को वक्री बुध पूर्व से उदय होने से गेहूँ, चना, चावल, तिलहन, घी, खाद्य, तेल, रूई, कपास, खल-बिनौला, चाँदी तथा शेयरों में तेजी बने। 18 जून को शुक्र आर्द्रा में आने से गेहूँ, चावल, चाँदी, चना आदि में अचानक मन्दी का रुख बनेगा। 19 जून को बुध मार्गी होने से सोना, गेहूँ, जौं, चना, अनाज, चाँदी, कॉपर में तेजी बनेगी। रूई, शक्कर, अलसी, सरसों में मन्दी बनेगी।

21 जून को मंगल सिंह राशि में आकर शनि के साथ मेल करेगा। मं-श. पर गुरु की दृष्टि रहेगी। इसी दिन सूर्य आर्द्रा में आएगा। सोना, चाँदी, तांबा, लोहा, स्टील आदि एंगल, गुड़, शक्कर, खाण्ड, गेहूँ, अलसी, रूई, लाल मिर्च तथा लाल रंग की वस्तुओं में तेजी बनेगी। खल, अलसी, रूई, गेहूँ, चावल, चना, जौं में भी साधारण तेजी बनेगी।

24 जून को शनि मघा(4) में आने से क्रूड आयल, तेल, सरसों में तेजी बनेगी।

29 जून को शुक्र पुनर्वसु में आने से चावल, गेहूँ, बिनौला तेज, सोना, चाँदी, रूई, कपास, सूत में मन्दी बने।

30 जून को बुध मृगशिर में आने से रूई में तेजी चाँदी में घटाबढ़ी होकर मन्दी, गेहूँ, तिल, सरसों, उड़द में भी मन्दी बनेगी।

शेयर-रुख—[इस मास की 7, 8, 13, 14, 15, 16, 21, 22, 23 जून को अच्छी तेज़ी का चाँस है।]

☞ **जुलाई**—2 जुला. को राहु धनि(1)तथा केतु आश्ले.(3) में आने से चांदी, सोना, कॉपर, चने, शेयरों में मन्दी बनेगी।

5 जुला. को सूर्य पुनर्वसु नक्षत्र में आएगा। रूई, सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, कपास, बिनौला, एरण्ड, अलसी, सरसों, लाख, तिल, ज्वार, मोठ, बाजरा, उड़द, चावल, नमक, सब्ज़ी, हरड़, सुपारी, केसर, मजीठ, नील, सोंठ, गुग्गल आदि करियाना पदार्थ तेज होंगे।

6 जुला. को बुध मिथुन राशि में सूर्य एवं शुक्र के साथ मेल करेगा। इन पर गुरु की दृष्टि रहेगी। रूई, सोना, चांदी, सरसों, तारामीरा में घटाबढ़ी के बाद मामूली तेजी बनेगी। 7 जुला. को शुक्र कर्क राशि में आने से रूई में पहले अच्छी मन्दी, फिर तेजी बने। अलसी, एरण्ड, तेल, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेजी तथा चांदी, गेहूँ, जौं, चना, मटर, अरहर में मन्दी बनेगी।

10 जुला. को वक्री गुरु पू.षा.(3) में तथा शुक्र पुष्य में आने से रूई, सूत, सन, रेशम, ऊन, लाख, चमड़ा, कपूर, पारा, हींग, गुड़, खाण्ड, शक्कर में मन्दी बनेगी।

11 जुला. को भी बुध आर्द्रा में आने तथा शुक्र पश्चिम में उदय होने से गेहूँ, तिल, उड़द, जौं, चना, मूँग, मोठ, चाँदी में मन्दी बनेगी।

13 जुला. को मंगल पू.फा. में आने से तिल, तेल, सरसों, मूँगफली, घी, गुड़, खाण्ड, नमक, सोना, चांदी में अगले दिन तेजी बनेगी।

16 जुला. को सूर्य कर्क राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। चांदी, सोना, रूई, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, तेल, एरण्ड, सरसों, सोना, चांदी, कॉपर में तेजी बनेगी। गेहूँ, चना, जौं, मटर, अरहर, उड़द, मूँग, चावल में मन्दी बनेगी।

18 जुला. को बुध पुनर्वसु में आने से चाँदी, रुई, घी, चना में मन्दी, गेहूँ, चावल आदि अनाज में तेजी बनेगी।

19 जुला. को सूर्य पुष्य में आने से तिल, तेल, सरसों, खाण्ड, चावल, गेहूँ, जौं, ज्वार, बाजरा, सुपारी, सोंठ, गुग्गुल, मोम, हींग, हल्दी, लाख, ऊनी वस्त्र, सिक्का, सोना, चाँदी, स्टील में तेजी बने। रूई में पहले तेजी फिर मन्दी बनेगी। 20 जुला. को शुक्र आश्लेषा में आने से रूई में कुछ मन्दी, चावल, चांदी में भी मन्दी बनेगी।

23 जुला. को बुध कर्क राशि में आकर सूर्य एवं शुक्र के साथ मेल करेगा। चांदी, सोना,

गुड़, सरसों, चावल, मूँगफली, घी, चना में झटके के साथ तेजी बने। शीघ्र ही मन्दी का रुख भी बन सकता है। अतएव तेजी बनते ही मुनाफा लेकर निकल जाएँ। रूई में मन्दी बनेगी।

25 जुला. को बुध पुष्य में आने से सोना, चाँदी, रूई, चावल, घी में मन्दी बनेगी।

28 जुला. को शनि पू.फा. में आने से गेहूँ, जौं, चना, उड़द, मूँग, सरसों, तिल में तेजी और रूई में घटाबढ़ी रहेगी। 31 जुला. को बुध आश्लेषा में आने से तिल, तेल, सरसों, गुड़, खाण्ड, उड़द, मूँग, मूँगफली, चावल, चाँदी में तेजी बनेगी।

शेयर-रुख—[**इस मास की 5, 6, 7, 13, 14, 16, 17, 18, 19, 23, 28, 29, 30, 31 को तेजी का रुख रहेगा।**]

☞ **अगस्त**—मासारम्भ ता. 1 को शुक्र मघा नक्षत्र एवं सिंह राशि में आकर मंगल एवं शनि के साथ मेल करेगा। इन पर गुरु की दृष्टि भी रहेगी। सोना, ताँबा, जौं, चना, गेहूँ, लाल-चन्दन, लाल-मिर्च, लाल रंग की वस्तुएँ, घी, क्रूड-आयल, जिस्त, कांसा, लोहा, स्टील तथा शेयरों में तेजी का रुख शुरू होगा।

3 अग., रविवार को सिंह राशिस्थ कालीन चन्द्रदर्शन होने से सोना, चाँदी, गुड़, तेल में तेज़ी तथा रूई में घटाबढ़ी से मन्दी बनेगी। 4 अग. को मंगल उ.फा. में आने से तिल, तेल, सरसों, मूँगफली, घी, गुड़, चीनी, नमक, सोना में तेजी बनेगी।

7 अग. को बुध सिंह राशि में आकर मं., शु. एवं शनि के साथ मेल करेगा। ध्यान रहे, इन पर गुरु की दृष्टि रहेगी। सोना, चांदी, तांबा, सूत, रूई, चना, गेहूँ में तेजी बनेगी, कपूर, गुड़, चीनी, शक्कर में मन्दी बनेगी। 8 अग. को वक्री गुरु पू.षा.(2) में आने से सोना, चाँदी, घी, चना, चावल, घी, कपास, हल्दी, रूई में मन्दी बनेगी।

9 अग. को मंगल कन्या राशि में आने से रूई, चांदी, सोना, ऊनी, सूती व लाल रंग के सभी प्रकार के वस्त्र, अलसी, सरसों, गेहूँ, गुड़, लाल-मिर्च आदि लाल रंग की जिन्सों में तेजी का वातावरण बनेगा।

11 अग. को बुध पश्चिम में उदय होने से गेहूँ, चने, खल-बिनौले, गुड़, सोना, चाँदी, तांबा, पीतल, लोहादि धातुओं में तेजी बने। 12 अग. को शुक्र पू.फा. में आने से गेहूँ, जौं, ज्वार, बाजरा, उड़द, मूँग, चना में कुछ मन्दी बनेगी।

14 अग. को बुध पू.फा. में आने से गुड़, चीनी, गेहूँ आदि अनाज मन्दे होंगे। 16 अग. को सूर्य सिंह राशि में आकर शनि, बुध एवं शुक्र के साथ मेल करेगा। इन पर गुरु की दृष्टि भी है। सोना, चाँदी, रूई, गुड़, खण्ड, शक्कर, तिल, तेल, एरण्ड, सरसों आदि तथा लाल रंग की वस्तुएं तेज होंगी। शेयरों में घटाबढ़ी के बाद मन्दा बनेगा। 17 अग. को ही शनि अस्त होने से रूई, शेयरों, सोने में मन्दी बनेगी।

22 अग. को बुध उ.फा. में आने से उड़द, मूँग, मोठ, मसूर, अरहर में कुछ तेज़ी, रूई में घटाबढ़ी होकर मन्दी, चाँदी, घी में भी मन्दी बनेगी। 24 अग. को बुध कन्या राशि में आकर मंगल के साथ मेल करेगा। इसी दिन शनि पू.फा.(2) में आएगा। रूई, चांदी में पहले मन्दी बनकर तेजी का रुख बनेगा, गेहूँ, जौं, चना, गुड़, शक्कर, खाण्ड, हल्दी, घी, शेयरों में तेजी बनेगी।

25 अग. को शुक्र भी कन्या राशि में बुध एवं मं. के साथ मेल करेगा। मंगल भी हस्त में आएगा। चांदी, चावल, साफ्टवेयर शेयरों, बैंकिंग सेक्टर, गेहूँ आदि सभी अनाज, गुड़, घी, चीनी, ऊनी व रेशमी वस्त्रों में भी तेजी बनेगी।

30 अग. को सूर्य पू.फा. में आने से जीरा, सोना, गुड़, चीनी, सरसों, तिल, तेल, घी, गेहूँ, ज्वार, चावल, रूई, सूत, चाँदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

शेयर-रुख—[**इस मास की 7, 9, 10, 11, 16, 21, 24, 25, 26, 27, 30, एवं 31 को तेजी की लाईन चलेगी।**]

☞ **सितम्बर**—मासारम्भ ता. 1 सोमवार को कन्या राशिस्थ कालीन चन्द्रदर्शन होने तथा इसी दिन बुध हस्त में आने से गेहूँ, चांदी, चावल, घी में घटाबढ़ी के बाद मन्दी तथा रूई, सोना, गुड़, कॉपर, पेंटस (रंग) के भावों में तेजी बनेगी।

2 सितं. को शुक्र हस्त में आने तथा राहु श्रव.(4) में आने से रूई, चांदी, चावल, घी में मन्दी बनेगी। गेहूँ के संग्रह से आगे लाभ होगा। सोना, चांदी, कॉपर तेज होंगे। चीनी, गुड़, शक्कर में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी। ता. 7 तक तेज़ी-मन्दी के झटके लगते रहेंगे।

8 सितं. को गुरु मार्गी होने से रूई, चांदी में पहले मन्दी बनकर फिर तेजी बने, चावल, अलसी, सरसों, गुड़, तम्बाकू, घी, तिल, तेल तथा अनाजों में तेजी बनेगी।

13 सितं. को सूर्य उ.फा. तथा बुध एवं शुक्र दोनों चित्रा नक्षत्र में आएंगे। रूई, कपास, रेशम, सूत, सोना, चांदी, लोहा, घी, तेल, अलसी, सरसों, एरण्ड, चावल, उड़द, ज्वार, सुपारी, गुड़, शेयरों में तेजी बनेगी। 15 सितं. को मंगल चित्रा में आने से गेहूँ, चावल, चना, सोना, चाँदी, ताँबा, पीतल में तेजी बनेगी।

16 सितं. को सूर्य कन्या राशि में आकर मं., बु. एवं शु. के साथ मेल करेगा। रूई, सुपारी, तिल, तेल, मजीठ, लाल-मिर्च तथा अन्य लाल वस्तुएं, सोना, तांबा, जिस्त, चना में तेजी बनेगी। चांदी, शेयरों में पहले तेजी बनकर मन्दी का रुख बनेगा।

19 सितं. को शुक्र तुला राशि में आकर शनि द्वारा दृष्टि रहेगा। रूई, चांदी, सोना, गुड़, चीनी, तांबा, क्रूडआयल, घी, लोहा, स्टील में अच्छी तेजी बनेगी। 20 सितं. को शनि पू.फा.(3) में आने से रूई, स्टील, लोहे, सरसों, सोयाबीन, तिल, तेलों में अच्छी तेज़ी बनेगी। 21 सितं. को शनि उदय होने से रूई, शेयरों, अलसी, सरसों, एरण्ड, बिनौला, मूँगफली में मन्दी बने। लोहा, जिस्त, सीसा, चावल, गुड़, चीनी में तेजी बनेगी।

24 सितं. को बुध वक्री तथा शुक्र स्वाती में आने से घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, शेयरों, चाँदी, रूई में तेजी बनेगी, गेहूँ, जौं, चना आदि अनाज में मन्दी बनेगी।

25 सितं. को मंगल तुला राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। इन पर शनि की दृष्टि रहेगी। रूई, कपास, सूत, सन, पाट, बारदाना, मूँगफली, गुड़, खाण्ड, गेहूँ, उड़द, मूँग, चना आदि अनाजों में तेजी बनेगी। 26 सितं. को सूर्य हस्त में आने से गेहूँ, जौं, गुड़, चीनी, कपास, रूई, हरड़, हींग, हल्दी, ग्वार, सोना, तांबा में तेजी बनेगी।

30 सितं. को वक्री बुध पश्चिम में अस्त होने से चांदी, घी में अच्छी तेजी, रूई, शेयर-बाज़ार में घटाबढ़ी के बाद तेजी, अलसी, चने, बिनौले भी तेज हों।

शेयर-रुख—[इस मास की 13, 15, 16, 17, 19, 20, 24, 25, 26, 30 तारीखें तेजीकारक हैं।]

अक्तूबर—1 अक्तू., बुधवार को तुला राशिस्थ चन्द्रमा कालीन चन्द्रदर्शन होने से सोना, चाँदी, रूई, सूत, बारदाना, गुड़, शक्कर, खाण्ड में मन्दी, गेहूँ तथा घी में तेजी बनेगी।

3 अक्तू. को वक्री बुध हस्त में आने से गेहूँ, चना, बाजरा, चावल आदि अनाजों में मन्दी बनेगी। 5 अक्तू. को मंगल स्वाती तथा शुक्र विशाखा में आने से रूई, ऊनी वस्त्र, गेहूँ, तिल, तेल, सोयाबीन, हल्दी, काली-मिर्च में तेजी, चाँदी में घटाबढ़ी, सोने में मन्दी बनेगी।

8 अक्तू. को मंगल अस्त होने तथा गुरु पू.षा. (3) में आने से रूई में मन्दी, गेहूँ, अलसी, चना, गुड़, ताँबा, जिस्त, निक्कल, लोहा, स्टील, सोयाबीन में तेजी बनेगी।

10 अक्तू. को सूर्य चित्रा में आने से रूई, सूत, सोना, चाँदी, ताँबा, गुड़, चीनी, खाण्ड, अरहर, गेहूँ, चना, तिल, सन, केसर, कपूर, लाल एवं काली मिर्च में तेजी बने।

13 अक्तू. को शुक्र वृश्चिक राशि में आएगा। इसी दिन वक्री बुध पूर्व से उदय होगा। रूई, **साफ्टवेयर एवं बैंकिंग सेक्टर के शेयरों, चांदी में पहले मन्दी फिर तेजी बने।** गुड़, कपास, रूई, चावल, चना, तिलहन, घी, खाद्य-तेल आदि में भी घटाबढ़ी के बाद मामूली तेजी बनेगी।

15 अक्तू. को बुध मार्गी होने से रूई, चांदी में घटाबढ़ी होकर तेजी बने, गेहूँ, जौं, चना, अनाज में तेजी बने। रेशम, तेल, अलसी, एरण्ड, गुड़, बिनौला, मूँगफली, कपूर, चन्दन में मन्दी बनेगी।

16 अक्तू. को सूर्य तुला राशि में आकर मंगल के साथ मेल करेगा। शनि की दृष्टि इन पर रहेगी। इसी दिन शुक्र अनुराधा में आएगा। **रूई, चाँदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी, गेहूँ, जौं, चना, अलसी, सोना, ताँबा, लाल-मिर्च, मजीठ, सुपारी में तेजी बनेगी।**

19 अक्तू. को शनि पू.फा.(4) में आने से क्रूड आयल, सरसों, सोयाबीन, तेल, काली-मिर्च में तेजी बनेगी। 23 अक्तू. को सूर्य स्वाती में आने से रूई, सूत, सन, सोना, चांदी, गुड़, शक्कर, बिनौला, सुपारी, मिर्च, अलसी, सरसों, राई, हींग, गुग्गुल, तांबा में अच्छी तेजी बनेगी।

24 अक्तू. को मंगल विशाखा में आने से बाज़ार में तेजी का रुख रहेगा। रूई, कपास, गेहूँ, घी, शेयरों, गुड़, शक्कर, खाण्ड, सोयाबीन में तेजी बनेगी। 27 अक्तू. को बुध चित्रा तथा शुक्र ज्येष्ठा में आने से रूई, चाँदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी बने, सोना, तांबा, चावल, सरसों, तिल, तेल, हींग में मन्दी बनेगी।

28 अक्तू. को भौमवासरी अमावस भी तेजीकारक रहेगी। 30 अक्तू. गुरुवार को विशाखा नक्षत्र कालीन चन्द्रदर्शन होने से गेहूँ, बाजरा, मूँग, ज्वार, उड़द, गुड़, चीनी, सरसों, अलसी, घी तेज होंगे।

31 अक्तू. को बुध तुला राशि में आकर सूर्य एवं मंगल के साथ मेल करेगा। इन पर शनि की दृष्टि है। रूई, गुड़, चीनी, सोना, ताँबा, शेयरों में विशेष तेजी ; चाँदी, अलसी, सरसों, एरण्ड, बिनौला, मूँगफली में घटाबढ़ी के बाद साधारण तेजी बनेगी।

शेयर-रुख—[इस मास की 5, 8, 10, 13, 15, 16, 19, 24, 29, 31 तारीखें विशेष तेजीकारक रहेंगी।]

नवम्बर—3 नवं. को बुध पूर्व में अस्त होने से अनाज, चना, घी, चावल में मन्दी, रूई, चांदी, सोना में अच्छी घटाबढ़ी के बाद तेजी का रुख रहेगा। (4)नवं. को गुरु पू.षा.(4) तथा राहु श्रव.(3) में आने से रूई में मन्दी, अलसी, लोहा, स्टील, सोने में तेजी बनेगी।

5 नवं. को सूर्य विशाखा तथा बुध स्वाती में आने से जौं, चावल, गेहूँ, मसूर, गुड़, चीनी, रूई, सूत, सरसों, तिल, एरण्ड, सोना, ताँबा में तेजी बने, अलसी, चाँदी, घी में घटाबढ़ी के बाद तेजी बने।

7 नवं. को मंगल बृश्चिक तथा शुक्र धनु राशि में आकर गुरु के साथ मेल करेगा। गुड़, सोना, चांदी, तांबा, कांसा, जिस्त आदि धातु जौं, चना, साफ्टवेयर शेयरों में तेजी बनेगी। रूई, घी, कपास, चावल में पहले मन्दी बनकर फिर तेजी बनेगी।

12 नवं. को मंगल अनुराधा में आने से रूई, कपास, गेहूँ, लाल-मिर्च, लाल-चन्दन, गुड़, हल्दी, सोना, तांबा, राजमां, सोयाबीन में तेजी बनेगी। 13 नवं. को बुध विशाखा में आने से चना, चावल, गेहूँ, उड़द में तेजी, रूई में मन्दी बनेगी।

15 नवं. को सूर्य वृश्चिक राशि में आकर मंगल के साथ मेल करेगा। वायदा बाज़ार में तेजी का वातावरण बनेगा। रुई, तांबा, चांदी, सोना, गुड़, सोयाबीन, उड़द, चना में अच्छी तेजी का रुख बनेगा।

18 नवं. को शुक्र पू.षा. में आने से मूँग, मोठ, उड़द, तिल, तेल, सरसों, नमक, रूई में मन्दी बनेगी।

19 नवं. को बुध बृश्चिक राशि में आकर सूर्य एवं मंगल के साथ मेल करेगा। इसी दिन सूर्य अनुराधा में भी आएगा। घी, तेल, सरसों, रूई, चाँदी, सोना, तांबा, सोयाबीन, मिर्च, चना, ऊन में तेजी बनेगी। 21 नवं. को बुध अनुराधा में आने से रुई, सोना, चाँदी, ताँवा में मामूली मन्दी बनेगी।

23 नवं. को गुरु उ.षा. में आने से गुड़, चीनी, सोना, हल्दी, ग्वार, चना में अच्छी तेजी बनेगी। 26 नवं. को शनि उ.फा. में आने से रूई, घी, शक्कर, कपास, सरसों, क्रूड-आयल, लोहे में तेजी बनेगी। 29 नवं. शनिवार को धनु राशिस्थ कालीन चन्द्रदर्शन होने तथा बुध ज्येष्ठा एवं शुक्र उ.षा. में आने से घी, गुड़, चीनी, चावल, रूई, सोना, चांदी में अच्छी तेजी बनेगी।

शेयर-रुख—[इस मास 5, 7, 12, 15, 19, 29, 30 को अच्छी तेजी का रुख रहेगा।]

☞ **दिसम्बर**—1 दिसं. को मंगल ज्येष्ठा में आने से चांदी, घी, ग्वार में मन्दी तथा रुई में घटाबढ़ी रहेगी।

2 दिसं. को शुक्र मकर राशि में तथा सूर्य ज्येष्ठा में आने से **साफ्टवेयर एवं I.T. सेक्टर के शेयरों**, गुड़, चीनी, घी, तथा गेहूँ, चना, जौं, अलसी, सरसों, एरण्ड, हींग में तेजी बनेगी, रूई, चाँदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी। 3 से 7 दिसं. तक अच्छी घटाबढ़ी रहेगी। तेजी-मन्दी के झटके लगते रहेंगे।

8 दिसं. को बुध धनु राशि में आने से रूई, कपास, सूत, चांदी में मन्दी का रुख रहेगा।

9 दिसं. को गुरु मकर राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। रूई, जौं, चना, गेहूँ, कपूर, चन्दन, ग्वार, घी, मूँगफली, तांबा, सोना, चाँदी, सरसों, सोयाबीन में तेजी बनेगी। जल्दी सौदे निपटा लें, क्योंकि शीघ्र ही मन्दी का रुख शुरु हो सकता है।

11 दिसं. को शुक्र श्रवण में आने से चांदी, सोना, गुड़, चीनी, शक्कर, मूँग, मोठ, उड़द, अनाज में मन्दी, तिल, तेल में तेजी, रूई में मन्दी बनकर फिर तेजी बनेगी।

15 दिसं. को सूर्य धनु राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा। रूई, कपास, सूत, तिल, तेल, सोना, चाँदी, घी, उड़द में तेजी बनेगी। 17 दिसं. को बुध पू.षा. में आने से खल-बिनौला, उड़द में तेजी, सोना, चाँदी, चना में मन्दी बनेगी।

19 दिसं. को मंगल धनु राशि में आकर सूर्य एवं बुध के साथ मेल करेगा। इसी दिन बुध पश्चिम से उदय होगा। गेहूँ, चना, घी, खल-बिनौले, गुड़, सोना, चांदी, तांबा, पीतल, लोहादि धातुओं में, सरसों, सोयाबीन में तेजी बनेगी। 23 दिसं. को शुक्र धनिष्ठा में आने से चावल, मूँग, मोठ, उड़द, ज्वार, बाजरा, चाँदी, सोना, रूई, कपास में तेजी बनेगी। 25 दिसं. को बुध उ.षा. में आने से गेहूँ, चावल, चना, बाजरा में मन्दी बनेगी।

27 दिसं. को बुध मकर राशि में आकर गुरु, शुक्र के साथ मेल करेगा। रूई, सोना, चाँदी, ग्वार, घी, तांबा, स्टील, जिस्त, लोहे में तेजी बनेगी। 28 दिसं. को सूर्य पू.षा. में आएगा, शुक्र कुम्भ राशि में आकर शनि के साथ समसप्तक योग बनाएगा। तिल, तेल, सरसों, बिनौला, गुड़, चीनी, हल्दी, गुग्गुल, चमड़ा, कपूर, ऊनी वस्त्र, सन, चाँदी, सोना में तेजी बनेगी। 29 दिसं., सोमवार को मकर राशिस्थ चन्द्रदर्शन होने से सोना, चांदी, लोहा, उड़द, घी, रूई में पहले मन्दी बनकर बाद में तेजी बनेगी।

31 दिसं. को शनि वक्री होगा। शनि-शुक्र का समसप्तक योग बना हुआ है। लोहा, स्टील, क्रूड-आयल, अलसी, तेल, सरसों, सोयाबीन आदि तिलहन, सोना, तांबा में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी। 3 जन. तक मन्दे में खरीदें तथा तेजी में बेचकर लाभ लेते रहें।

शेयर-बाज़ार—[इस मास की 2, 3, 9, 15, 16, 19, 20, 27, 31 को अच्छी तेजी का चाँस है, अवश्य लाभ लें।]

नोट—ऊपर दिए व्यापारिक रूख, लाईन तथा चांसों के विपरीत बाजार का रुख चले या वायदा व्यापार की लाईन न चले, तो तुरन्त सौदा काटकर हानि से बचें तथा तुरन्त फीस भेजकर टेलीफोन से ताज़ा मशवरा प्राप्त करें। व्यापार में किसी प्रकार की हानि होने पर हम जिम्मेवार न होंगे।—**पं. विवेक शर्मा, अड्डा होशियारपुर चौंक, जालन्धर—144008 (पं.)**

आज का दिन कैसा गुजरेगा ?

जिस दिन को मालूम करना हो कि **आज का दिन आपका कैसा गुजरेगा ?** तो उस दिन आप पंचांग में देखें कि चन्द्रमा किस नक्षत्र पर है। आप उस नक्षत्र को नं. १ पर से गिन कर ऊपर लिखे चक्र के क्रमानुसार 28 नक्षत्र लगा लें। फिर देखें कि आपके नाम का नक्षत्र किस स्थान पर आता है। वैसा फल जानें। यदि आपके नाम का नक्षत्र वृत्त (गोलाकार) के अन्दर पड़ेगा तो उस दिन शुभ समाचार, प्रिय बन्धु से मिलाप व धन लाभ होगा। यदि गोल वृत्त के बाहर पड़े तो दिन का आधा भाग खुशी में, आधा भाग फिकर और चिन्ता में व्यतीत होगा। यदि त्रिशूल के ऊपर पड़े तो पूरा दिन परेशानी, झगड़े, धन हानि व चिन्ता में व्यतीत होगा। **उदाहरणार्थ आज यदि मघा नक्षत्र हो तो, उसे नं. १ लें।** इसी क्रम में पूफा आदि 28 नक्षत्र क्रम से लिख लें। नक्षत्रों की तालिका इसी पंचाँग के अन्तिम पृष्ठों में देखें।

खोई हुई वस्तु मिलेगी या नहीं ?

विनष्टार्थस्य लाभोऽन्धे शीघ्रं मन्दे प्रयत्नतः। स्यात् दूरेश्रवणं मध्ये श्रुत्याप्ती न सुलोचने॥

१. **अन्धाक्ष नक्षत्रों** में गुम हुई अथवा चोरी हुई वस्तु पूर्व दिशा की ओर जाती है और उसकी पुनः प्राप्ति की शीघ्र सम्भावना रहती है।

२. **सुलोचन नक्षत्रों** में गुम हुई वस्तु उत्तर दिशा में जाती है परन्तु उसका न तो पता चलता है और न ही पाप्त होती है।

३. **मध्याक्ष नक्षत्र** में खोई वस्तु पश्चिम दिशा की ओर अति दूर चली जाती है। पता चलने पर भी प्राप्त (हस्तंगत) नहीं होती।

४. **मन्दाक्ष नक्षत्र** में गुम अथवा चोरी हुई वस्तु दक्षिण की ओर चली जाती है तथा अत्यधिक प्रयत्न करने पर अन्ततोगत्वा वह प्राप्त हो जाती है। अन्धाक्षादि नक्षत्र निम्नलिखित हैं—

नक्षत्र संज्ञा	नाम नक्षत्र							मिलेगी या नहीं
(१) अन्धाक्ष	रोहणी	पुष्य.	उफा.	विशा.	पूषा.	धनि.	रेव.	शीघ्र मिलेगी।
(२) सुलोचन	कृतिका	पुन.	पूफा.	स्वा.	मूला.	श्रव.	उभा.	नहीं मिलेगी।
(३) मध्याक्ष	भर.	आर्द्रा.	मघा.	चित्रा.	ज्येष्ठा	अभि.	पूभा.	पता लगाने पर भी नहीं मिलेगी।
(४) मन्दाक्ष	अश्विनी	मृग.	आश्ले.	हस्त.	अनु.	उषा.	शत.	बहुत प्रयत्न करने पर मिलेगी।

चमत्कारिक मन्त्र-तन्त्र एवं यन्त्र

'मन्त्र' वह दिव्य शक्ति है, जिसके द्वारा दैवी शक्तियों का अनुग्रह, उपयुक्त साधना द्वारा सुगमता से प्राप्त किया जा सकता है। धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष की प्राप्ति के लिए कर्त्तव्य की प्रेरणा देने वाली शक्ति साधना को भी मन्त्र कहते हैं।

मन्त्र सिद्धि एवं साधना के लिए दृढ़ संकल्प शक्ति एवं श्रद्धा भावना का होना आवश्यक है। जैसा कि 'भावचूड़ामणि' में लिखा गया है—

बहुजापात् तथा होमात् कायक्लेशादिविस्तरैः। न भावेन विना देवो यन्त्रमन्त्राः फलप्रदाः॥

अर्थात् चाहे कितना ही अधिक जप, होम तथा शरीर-कष्टादि किया जाए, परन्तु भाव के बिना देवता, मन्त्र और यन्त्र आदि फलप्रद नहीं होते।

प्राचीनाचार्यों के मन्त्र-तन्त्रादि के अनुष्ठान एवं सिद्धि के लिए कुछ विशेष नियमों को पालन करने के भी निर्देश दिए हैं। जैसे—गोपनीयता, मन व शरीर की शुद्धि, शुभ स्थान, सात्विक भोजन, शुभासन, विनियोग, मन्त्र, देवता, दिशा एवं शुभ-मुहूर्त्तादि का ज्ञान होना आवश्यक बताया गया है। जिनका पालन करके मन्त्रानुष्ठान शीघ्र व सुलभ हो जाती है। इनकी विस्तृत व्याख्या हमारी प्रकाशित पुस्तक *'शिव-मन्त्रावली'* में दी गई है।

मन्त्र एवं यन्त्रों के अनुष्ठान एवं सिद्धि के लिए सूर्यग्रहण, चन्द्रग्रहण, सूर्य-चन्द्र क्रान्तिसाम्य का काल, श्रीमहाशिवरात्रि काल, दीपावली, अक्षया तृतीया, सायन एवं निरयण संक्रान्ति पुण्यकाल, होलाष्टक, रवि-गुरु-पुष्यादि योग, नवरात्रों में, अमृत सिद्धि योगों, भौमवासरी अमावस आदि पर्वों को विशेष प्रशस्त माना गया है।

सायन संक्रान्ति प्रवेश एवं पुण्यकाल—सन् 2008-09 ई.

भारतीय मुहूर्त शास्त्रों ने निरयण संक्रान्ति के पुण्यकाल की भान्ति सायन संक्रान्ति के पुण्यकाल को भी यन्त्र-मन्त्र साधना हेतु विशेष सिद्धिदायक बताया है।

2008-09 ई.	राशि	प्रवेशकाल	पुण्यकाल विवरण (भा. स्टै. टा.)
20 जनवरी	कुम्भ	22-14	सायं 16:14 से अगले दिन प्रात: 4:14 तक
19 फरवरी	मीन	12-20	प्रात: 6-20 से सायं 18-20 तक
20 मार्च	मेष	11-18	प्रात: 5-18 से सायं 17-18 तक
19 अप्रैल	वृष	22-21	सायं 16/21 से अगले दिन प्रात: 4/21 तक
20 मई	मिथुन	21-31	दोपहर 3-31 से 27-31 तक
21 जून	कर्क	5-29	20 जून की रात्रि 11/29 से 21 जून दोप. 11/29 तक
22 जुलाई	सिंह	16-25	प्रात: 10/25 से रात्रि 22/25 तक
22 अगस्त	कन्या	23-32	सायं 17/32 से अगले दिन प्रात: 5/32 तक
22 सितम्बर	तुला	21-15	दोपहर 3/31 से 27/31 तक
23 अक्तूबर	वृश्चिक	6-39	22 की रात्रि 24/39 से 23 की दोप. 12/39 तक
21 नवम्बर	धनु	28-14	20 नवं. की रात्रि 10/14 से 21 की प्रात: 10/14 तक
21 दिसम्बर	मकर	17-34	दोपहर 11/34 से रात्रि 23-34 तक
19 जन. (09)	कुम्भ	28-10	18 की रात्रि 22/10 से 19 की प्रात: 10/10 तक
18 फर.	मीन	18-16	दोपहर 12/16 से रात्रि 24/16 तक
20 मार्च	मेष	17-14	दोपहर 11/14 से रात्रि 23/14 तक

क्रान्तिसाम्य काल—2008-09 ई.

यहाँ सूर्य-चन्द्र का सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य काल दिया जा रहा है। (महापात गणित द्वारा) विवाहादि मुहूर्त्तों में इसी सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य के काल को वर्जित किया गया है। इस समय विवाह के लिए अशुभ परन्तु यंत्र-मंत्र-तंत्र अनुष्ठान के लिए श्रेष्ठ समय होता है।

प्रारम्भ काल			समाप्ति काल		
तारीख	घं.	मिं.	तारीख	घं.	मिं.
3 जन.	21	40	4 जन.	4	59
17 जन.	6	58	17 जन.	12	11
29 जन.	23	13	30 जन.	4	39
12 फर.	5	14	12 फर.	9	19
24 फर.	16	10	24 फर.	20	30
8 मार्च	25	1	9 मार्च	4	37
21 मार्च	7	26	21 मार्च	11	29
3 अप्रै.	22	10	3 अप्रै.	25	44
15 अप्रै.	20	46	15 अप्रै.	25	03
29 अप्रै.	16	58	29 अप्रै.	21	36
11 मई	13	25	11 मई	18	27
25 मई	11	46	25 मई	18	23
6 जून	19	10	6 जून	25	12
20 जून	23	31	21 जून	7	43
29 जून	21	06	29 जून	27	29
12 जुला.	14	49	12 जुला.	21	58
26 जुला.	7	31	26 जुला.	12	28
7 अग.	14	18	7 अग.	19	34
21 अग.	4	40	21 अग.	8	45
2 सितं.	9	28	2 सितं.	13	42
15 सितं.	23	10	15 सितं.	27	08
27 सितं.	26	50	28 सितं.	6	40
11 अक्तू.	17	40	11 अक्तू.	21	50
23 अक्तू.	16	58	23 अक्तू.	21	20
6 नवं.	9	05	6 नवं.	14	21
18 नवं.	9	50	18 नवं.	15	04
1 दिसं.	25	54	2 दिसं.	9	24
14 दिसं.	18	52	14 दिसं.	25	50
23 दिसं.	21	44	24 दिसं.	6	42

वारुणी पर्व (सन् 2009 ई.)

24 मार्च	3 54	24 मार्च	21 57

सूर्यग्रहण-चन्द्रग्रहण

1 अग., 2008 ई. को सूर्यग्रहण तथा 16 अग., 2008 ई. को चन्द्रग्रहण तथा 26 जन., 2009 ई. को सूर्यग्रहण भारत में दृश्य होंगे। पर्वकाल के लिए देखें पृष्ठ 10-15

दीपावली पर्व

28 अक्तू., 2008 ई. को दीपावली पर्व मंगलवार को होने के कारण यन्त्र-मन्त्र अनुष्ठान, साधना के लिए विशेष सिद्धिदायक होगी। स्थानीय नगर का निशीथ, महानिशीथ काल जानने के लिए देखें पृष्ठ 78

ज्वालामुखी योग—2008

इस योग का फल अशुभ माना गया है। इस योग में प्रारम्भ किया हुआ कार्य पूर्णतया सिद्ध नहीं हो पाता।

प्रारम्भ काल			समाप्ति काल		
तारीख	घं.	मिं.	तारीख	घं.	मिं.
13 फर.	26	00	14 फर.	19	59
14 फर	24	33	15 फर	17	51
11 मार्च	12	45	12 मार्च	7	51
14 अप्रै.	10	39	15 अप्रै.	7	25
18 जून	23	01	19 जून	18	01
23 अग.	18	26	24 अग.	10	02
24 अग.	16	12	25 अग.	8	30
19 सितं.	6	47	19 सितं.	17	07
23 अक्तू.	3	27	23 अक्तू.	14	21

अभीष्ट वर प्राप्ति के लिए

जिस कन्या के विवाह-कार्य में बार-बार विघ्न-बाधाएँ पड़ती हों। उसको गुरु-पुष्य, रवि पुष्य, अक्षया तीज, श्रावण मास में, दीपावली, बसन्त अथवा नवरात्रों में निम्नलिखित मन्त्र का आरम्भ करके यथेष्ट संख्या में ५१ हज़ार अथवा सवा लाख की संख्या में नियमित रूप में, शिव-पार्वती अथवा माता के मन्दिर में धूप, दीप जलाकर पीले एवं लाल पुष्प चढ़ाकर सुनिश्चित समय में नियमित रूप से संकल्पपूर्वक एवं विधिवत् जप करना चाहिए। इससे देवी की कृपा से अवश्य कामना सिद्धि होती है—

(१) **ॐ ह्रीं गौर्ये नमः**
हे गौरि शंकरार्धांगि यथा त्वं शंकर प्रिया।
तथा मां कुरु कल्याणि कान्तकान्तां सुदुर्लभाम्॥

(हे गौरी, शङ्कर की अर्द्धाङ्गिनी ! जिस प्रकार तुम शङ्कर की प्रिया हो, उसी प्रकार हे कल्याणी ! मुझ कन्या को दुर्लभ वर प्रदान करो।)

एक अन्य उपयोगी मन्त्र—

(२) **ॐ कात्यायनि महामाये महायोगिनी अधीश्वरी।**
नन्दगोपसुते देवि ! पतिं मे कुरू ते नमः॥

(हे कात्यायनि, महामाया, महायोगिनियों की अधीश्वरि ! मुझे भगवान् कृष्ण सदृश पति प्रदान करो ! तुम्हें नमस्कार है।)

(३) **ॐ देवेन्द्राणि नमस्तुभ्यं देवेन्द्रप्रियभामिनी।**
विवाहं भाग्यमारोग्यं शीघ्रं लाभं च देहि मे॥

(ॐ देवेन्द्राणि ! देव इन्द्र की प्रिय पत्नी ! तुम्हें नमस्कार है। मुझे विवाह, भाग्य, आरोग्य और शीघ्र लाभ प्रदान करें।)

इस मन्त्र का भी प्रतिदिन कम से कम 108 बार लगातार अभीष्ट सिद्धि तक करते रहें। जप करने से पहले प्रतिष्ठित तुलसी-पादप की पूजा करके 12 परिक्रमाएँ करें, तदनन्तर दाएँ हाथ से दुग्ध और बाएँ हाथ से जल द्वारा श्रीसूर्यनारायण को 12 बार समन्त्र अर्घ्य दें। तदनन्तर जप करें। इस प्रकार प्रतिदिन अर्घ्यदान और जप करने से तथा प्रयास करते रहने से शीघ्र कार्य सिद्धि होगी।

(४) मन्त्र— **''ॐ शं शङ्कराय सकल जन्मार्जित पापविध्वंसनाय।**
पुरुषार्थचतुष्टयलाभाय च पतिं देहि कुरु कुरु स्वाहा॥''

(हे समस्त जन्मों में अर्जित पापों के विध्वंसक भगवान शङ्कर ! पुरुषार्थ चतुष्टय की प्राप्ति के लिए अनुकूल पति प्रदान करो। नमस्कार है, नमस्कार है।)

अशुभ ग्रहों के प्रभाव से निवारणार्थ तथा आर्थिक समस्याओं से पीड़ित जातिका को शिव-पार्वती की सर्विधि पूजा करनी चाहिए। प्रतिदिन 3 माला कम से कम 40 दिन या अभीष्ट प्राप्ति तक करें। केले के पौधे पर अथवा उसका स्तम्भ (टाहनी) पर मौली की 11 आवृत्तियां लपेटकर इस मन्त्र का जप करें। जप समाप्ति पर पौधे की परिक्रमा करें। जो कन्या नित्यप्रति इस मन्त्र का जाप करती है, उसका शीघ्र विवाह होता है।

घरेलू कलह-क्लेश निवारण के लिए

''ॐ दमयन्ती-नलाभ्यां तु नमस्कारं करोभ्यहम् अभिवादो भवेदत्र कलिदोष प्रशान्तिदः। ऐकमत्यं भवेदेषां ब्राह्मणानां प्रथगधियाम्। निर्वेरता च जायेत संवादाग्ने प्रसीद मे।''

इस मन्त्र को उत्तराभिमुख होकर रात के 9 से 11½ के मध्य प्रारम्भ करें। धूप, ज्योति जगाकर पाँच माला मन्त्र जाप 33 दिन तक प्रतिदिन करें। तर्पण करें तथा ब्राह्मण भोजन कराएँ। दीपावली की रात्रि या ग्रहण के समय इस मन्त्र को सिद्ध करके लिखकर देने से एवं घर में हवन करने से घर में कलह-क्लेश, झगड़े दूर होकर शान्ति एवं प्रेम का वातावरण बनता है।

—मनोवांछित पत्नी प्राप्ति के लिए—

(१) **पत्नीं मनोरमां देहि मनोवृत्तानुसारिणीम्।**
तारिणीं दुर्गसंसार सागरस्य कुलोद्भवाम्॥ (दुर्गा. सप्त., २४)

प्रातःकाल शुद्ध होकर दुर्गाजी के चित्रपट या मूर्ति पर लाल पुष्प समर्पित करें। दीप प्रज्वलित करके षोडशोपचार पूजन करें, तथा उपर्युक्त मन्त्र की कम से कम 5 माला प्रतिदिन जप करें। किसी ब्राह्मण से जप कराना हो तो भी एक माला जप स्वयं विवाह सम्पन्न होने तक करना चाहिए। साथ ही दुर्गासप्तशती का इसी मन्त्र से सम्पुट करके 18 पाठ करना या कराना चाहिए।

अधिक तथा सम्पूर्ण जानकारी के लिए हमारी प्रकाशित पुस्तक 'दुर्गा सप्तशती' (भाषा-टीका) पढ़ें।

(२) **'ॐ क्लीं विश्वावसुर्नाम गन्धर्वः कन्यानामधिपतिं लभामि**
देवदत्तां कन्यां सुरुपां सालंकारां तस्मै विश्वावसवे स्वाहा।'

सवा लाख जप करने या कराने के बाद दशांश हवन, तर्पण, मार्जन और ब्राह्मण भोजन अवश्य कराना चाहिए।

—व्यापार के बन्धन का निरस्तीकरण—

मन्त्र—ॐ दक्षिण भैरवाय भूत-प्रेत बंध, तंत्र बंध, निग्रहनी, सर्व शत्रु संहारिणी कार्य सिद्धि कुरु कुरु स्वाहा॥

प्रयोग विधि—गोरोचन, कपूर, गुलाल और छार. छबीला को समान मात्रा में लेकर, उन्हें पीसकर तथा आपस में मिलाकर एक मिश्रण तेयार कर लें। तत्पश्चात् इस मिश्रण को उपरोक्त मन्त्र से 108 बार अभिमंत्रित करें। अब इस अभिमंत्रित मिश्रण को उपरोक्त मन्त्र का ही निरन्तर जाप करते हुए प्रातः दुकान खोलने से पूर्व दुकान के सामने बिखेर कर दुकान खोल लें।

किसी भी रविवार से आरम्भ करके यहं प्रयोग निरन्तर पाँच दिनों तक करना चाहिए। प्रतिदिन प्रयोग विधि एक समान ही रहेगी।

इस प्रयोग के प्रभाव से व्यापार पर किया गया बंधन दूर हो जाएगा और व्यापार निर्बाध रूप से आगे बढ़ेगा। लाभ में वृद्धि होगी तथा ग्राहकों, आगन्तुकों की संख्या में भी निरन्तर वृद्धि होगी। इस मन्त्र को प्रतिदिन 108 बार करने मात्र से ही लाभ होगा।

''दुकान में बिक्री बढ़ाने के लिए शाबर मन्त्र''

''भंवर वीर तू चेला मेरा, खोल दुकान कहा कर मेरा
उठे जो डण्डी बिके जो माल भंवर वीर सोखे नहीं जाय॥''

रविवार वाले दिन हाथ में काले (साबुत) उड़द लेकर यह मन्त्र 21 बार बोलकर दुकान में बिखेर दें। ऐसा चार रविवार करने से बिक्री में वृद्धि होती है। इन बिखरे हुए उड़दों को दूसरे दिन बुहारी निकालते समय उठाकर या तो चौराहे में डाल आएं या उठाकर एक पोटली में बाँधकर ऊँचे आले या ताक में रख दें। यह प्रयोग केवल रविवार को ही आरम्भ करें।

अज्ञात का पता मालूम करना

एक कोरा घड़ा व कसोरा ले आएं। उस पर कोई काला दाग न हो। घड़े के ऊपर और कसोरे के बीच में नीचे लिखा मंत्र लिखें। एक कागज़ पर लिखकर उसे घड़े में डाल दें और साथ ही चार पैसे तांबे के रख दीजिए। थोड़े या अधिक न हों कसोरे से ढक कर बाईं ओर घुमाइए और यह मन्त्र पढ़ें **''ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे''** सात बार घड़े को घुमा कर पृथक् स्थान पर रख दो। सात दिन करने से ही वह मनुष्य चल पड़ेगा या वह अपना पता पत्र के द्वारा भेज देगा। अज्ञात का नाम नीचे लिखें। इस यन्त्र को सफेद कागज़ पर लिखकर चरखे से बाँध कर उल्टा भी घुमा सकते हैं।

ऐं	ह्रीं	क्लीं
डा	मुं	चा
यै	वि	च्चे
भागे हुए का नाम		

—'सर्वव्याधि नाश के लिए महामृत्युज्जय मन्त्र'—

'ॐ हौं जूँ सः, ॐ भूर्भुवः स्वः। ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्व्वारुकमिव बन्धनात् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्। स्वः भुवः भूः ॐ। सः जूँ हौं ॐ।'

अर्थ—हम परमपिता त्रयम्बक (भगवान् शिव) की आराधना करते हैं। वह परमसुखदायक एवं पुष्टिवर्धक हैं। जैसे तरबूज आदि फल (पक जाने पर स्वयं ही) बेल से छूट जाता है, वैसे ही (पूर्ण आयु भोगकर) मैं मृत्युमय जीवन से (बिना कष्ट भोगे) छूट जाऊँ, परन्तु अमृतमय जीवन से मत छूटूँ।

पूजन विधि तथा महामृत्युज्जय मन्त्र के विविध स्वरूप, यन्त्र आदि जानने के लिए हमारी प्रकाशित पुस्तक 'शिव-मन्त्रावली' का अध्ययन करें।

—मुकद्दमे में विजय प्राप्ति यन्त्र—

इस यन्त्र को चाँदी के पत्रे अथवा भोजपत्र पर रविपुष्य, गुरुपुष्य, सायन-संक्रान्ति, हस्त, मूल नक्षत्र कालीन अथवा दीपावली। ग्रहण के दिन सू.उ. के पश्चात् तथा सूर्यास्त से पूर्व खुदवाकर प्रतिष्ठा कर प्रतिदिन पूजन करें तो कोर्ट-कचहरी आदि विषय में विजय प्राप्त होने की प्रबल संभावना होती है। यन्त्र को अपनी जेब में रखें—

५९२	५९९	२	७
६	३	५९६	५९५
५९८	५९३	८	१
४	५	५९४	५९७

पूजन मन्त्र— **'ॐ नीली-नीली, महानीली (शत्रु पक्ष/जज का नाम)**
जीभि तालू सर्व खिली, सही खिलो तत्क्षणाय स्वाहा॥'

—दरिद्रता नाशक कुबेर मन्त्र—

ॐ यक्षाय कुबेराय वैश्रवणाय धनधान्याधिपतये।
धनधान्यसमृद्धि मे देहि दापय स्वाहा॥

उपरोक्त कुबेर मन्त्र धर्मस्थान या शिवमन्दिर में द्विपुष्कर, त्रिपुष्कर योगों में अथवा दीपावली या नवरात्रों में संकल्पपूर्वक प्रारम्भ करके सवा लाख की संख्या में पाठ करें। प्रतिदिन नियमित रूप से तीन अथवा एक माला का पाठ (अपनी सामर्थ्यानुसार) करें। सम्पूर्ति पर ब्राह्मण दम्पत्ति को भोजन करवाना शुभ होगा।

पृथ्वी में छिपा धन देखने का मन्त्र और अंजन

कुछ जानकारों का मानना है कि जो लोग उल्टे पैदा होते हैं, उनकी आँखों में विशेष प्रकार का सिद्ध काजल लगाने से उन्हें पृथ्वी के अन्दर गढ़ा धन दिख जाता है। पूरे भारत में यह भ्रम फैला हुआ है कि यहाँ अमुक-अमुक स्थान पर धरती में धन गढ़ा है। गढ़े धन को कैसे देखा और निकाला जाता है इसकी संक्षिप्त जानकारी इस प्रकार है—

''नमो भगवते रूद्राय डामरेश्वराय सिलि शाल पुनने नाग बेतालिनि स्वाहा।''

किसी योग्य गुरू के मार्गदर्शन में यह मन्त्र दस हज़ार की संख्या का जाप किसी प्राचीन शिवमन्दिर में करें। मन्त्र के सिद्ध हो जाने के पश्चात् गुरू के निर्देशानुसार शनिवार के दिन पुष्य नक्षत्र में तुलसी की जड़ को नर्मदा के जल में खूब महीन पीस कर उस लेप से बत्ती बना लें और उस बत्ती को उपरोक्त मन्त्र से ही 1008 बार अभिमन्त्रित करें। इस बत्ती को जलाकर किसी पात्र में अंजन (काजल) तैयार करें। इसे किसी छोटी कन्या या बालक या उल्टे पैदा हुए व्यक्ति की आँखों में लगाने से उसे पृथ्वी के भीतर गढ़ी हुई वस्तुएँ साफ़ दिखाई देती हैं।

विशेष—इस प्रक्रिया के करने से लाभ-हानि के सम्बन्ध में सम्पादक का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

शत्रु विजय मन्त्र प्रयोग—निम्न मन्त्र के दस हज़ार बार जप करने से मन्त्र सिद्ध हो जाता है तथा प्रयोग करने से पहले 108 बार जप करने से प्रयोग सिद्ध होता है। झगड़ा, फिसाद, मुकद्दमा एवं शत्रु पर विजय प्राप्त करने में इस मन्त्र का प्रयोग सफल माना जाता है।

मन्त्र— **''ॐ नमो विश्वरूपाय अमुकस्य अमुकेन सह**
विवादे विजयं कुरू-कुरू स्वाहा।''

विशेष—यह प्रयोग अत्यन्त गुप्त विधि से करने चाहिए इसके सम्बन्ध में किसी को प्रकाशित करने से निःसन्देह विघ्न होते हैं। निर्विघ्न पूरा करने से शीघ्र सिद्धि होती है। इन महामन्त्रों को छुपा कर रखें। चाहे जिसको अर्थात् अनाधिकारी को न देवें। नीच प्रवृत्ति वालों के स्पर्श से विद्या का फल घट जाता है। ऐसा स्पष्ट तौर पर लिखा गया है—

''गोप्यं चेदं महत्तन्त्रं यस्मै कस्मै न दापयेत्।
दुर्जनस्पर्शनाद्विद्या भवत्यल्पफला यतः।''

घरेलू उपयोगी टोटके

(1) घर में अशान्ति रहने पर—यदि आपके अनेक उपाय करने पर भी अकारण ही अशान्ति बनी रहती हो, तो गाय के गोबर का एक छोटा दीपक बनाएं। उसमें तेल और रूई की बत्ती डालकर थोड़ा गुड़ डाल दें तथा उस दीपक को जलाकर दरवाज़े के बीच रख दें। परेशानियां कम होने लगेंगी। इसे आवश्यकतानुसार 2-3 बार, थोड़े समय के अन्तराल से कर लेना चाहिए। इसके लिए शनिवार विशेष उपयुक्त दिन है तथा तिल का तेल श्रेष्ठ है।

(2) पति की अप्रसन्नता दूर करने के लिए—यदि पति हमेशा अप्रसन्न रहता हो, पत्नी की बातों पर ध्यान न देता हो, हमेशा खोया-खोया सा रहता हो, जिसके कारण वैवाहिक जीवन में कलह उत्पन्न हो तथा सारे प्रयत्न निष्फल हो रहे हों तो पति की अनुकूलता के लिए श्रद्धा एवं विश्वासपूर्वक भगवान शंकर एवं माता पार्वती का ध्यान करके सोमवार से निम्न मन्त्र का एक माला जप करें—

मन्त्र— **''ॐ क्लीं त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पतिवेदनम्।**
उर्वारुकमिव बन्धनादितो मुक्षीय मामृतात् क्लीं ॐ॥''

(3) गृह कलह शान्ति के अन्य उपाय—*(i)* यदि पति-पत्नी के मध्य परस्पर सामंजस्य एवं सहयोग की भावना का अभाव हो तो उन्हें गुरूवार को साथ-साथ राम-सीता मन्दिर या लक्ष्मीनारायण मन्दिर जाकर भगवान् को पुष्प एवं प्रसाद चढ़ाने चाहिए। प्रसाद मन्दिर में बाँटना चाहिए।

(ii) रोटी बनाते समय तवा गर्म होने पर पहले उस पर ठण्डे पानी के छींटें डालें और फिर रोटी।

(iii) अपने शयन-कक्ष में लाल वस्त्र में सौंफ बांधकर रखें।

(iv) रसोईघर में बैठकर भोजन करें।

(v) शयन कक्ष में गमले में मोर पंख सजाकर इस प्रकार रखें कि वे कमरे के बाहर से दृष्टिगोचर न हों, किन्तु पति-पत्नी को पलंग से नज़र आते रहें।

(4) नज़र दोष निवारण के लिए—यदि किसी बालक/बालिका (अथवा किसी जातक को भी) को नज़र लगी हो तो उसकी लम्बाई से सात गुना ज्यादा लम्बा एक काले रंग का धागा लें और उसे सात बार सिर से पैर तक उतारें । अब पीपल पर तेल का दीपक और गुलाब की अगरबत्ती जलाएं। फिर वह उतारा हुआ काला धागा पीपल के वृक्ष पर लपेट दें, पीड़ित व्यक्ति (बालक) का नाम लेकर प्रार्थना करें कि इसकी बला तेरे सिर। पीछे मुड़कर न देखें। पानी की बोतल साथ ले जाएं और घर में प्रवेश करने से पहले हाथ-पैर धो लें। यह क्रिया शनिवार को करें। कई बार जबरदस्त नज़र लगने से मनुष्य के कामों में रुकावटें, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ जाता है। ऐसे में श्रद्धा से किया गया यह उपाय कारगर सिद्ध होता है। यदि किसी को प्रेतबाधा आदि भी हो तो वह भी दूर हो जाती है।

नवग्रह गायत्री मन्त्राः

ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गोदेवस्य धीमहि, धियो यो नः प्रचोदयात्॥

कलियुग में गायत्री से बढ़कर अन्य कोई सिद्धिप्रद मन्त्र नहीं हैं। अनिष्टकारी ग्रह शान्ति के लिए नवग्रह स्तोत्र का पाठ विशेष लाभकारी होता है, परन्तु किसी विशेष ग्रह की शान्ति अथवा सर्वग्रहों की शान्ति के लिए सूर्य, **भौम आदि के गायत्री मन्त्र** और भी अधिक प्रभावकारी एवं चामत्कारी रूप से लाभकारी माने जाते हैं।

१. **सूर्य—ॐ आदित्याय विद्महे भास्कराय धीमहि तन्नः सूर्यः प्रचोदयात्।**
२. **चन्द्र—ॐ अमृताङ्गाय विद्महे कलारूपाय धीमहि तन्नो सोमः प्रचोदयात्।**
३. **मंगल—ॐ अङ्गारकाय विद्महे शक्ति हस्ताय धीमहि तन्नो भौमः प्रचोदयात्।**
४. **बुध—ॐ सौम्यरूपाय विद्महे, वाणेशाय धीमहि, तन्नो बुधः प्रचोदयात्।**
५. **गुरू—ॐ अङ्गिरसाय विद्महे वाचस्पतये धीमहि तन्नो गुरू प्रचोदयात्।**
६. **शुक्र—ॐ भृगुसुताय विद्महे, दिव्यदेहाय धीमहि तन्नो शुक्रः प्रचोदयात्।**
७. **शनि—ॐ सूर्यपुत्राय विद्महे, मृत्युरूपाय धीमहि तन्नः सौरिः प्रचोदयात्।**
८. **राहु—ॐ शिरोरूपाय विद्महे अमृतेशाय धीमहि तन्नो राहुः प्रचोदयात्।**
९. **केतु—ॐ पद्मपुत्राय विद्महे अमृतेशाय धीमहि तन्नो केतुः प्रचोदयात्।**

इसी भान्ति श्री गणेश, भगवान् शिव, श्री विष्णु-लक्ष्मी,श्री कृष्ण, श्री राम आदि प्रमुख देवी-देवताओं सम्बन्धी गायत्री मन्त्रों का विशेष महत्त्व होता है, जिसका विस्तृत वर्णन आप हमारी प्रकाशित पुस्तक **''शिवमन्त्रावली''** में देखेंगे।

ग्रहगोचरानुसार–बारह राशियों का वार्षिक एवं मासिक फलादेश–सन् 2008 ई.

बारह राशियों का मासिक एवं वार्षिक फल ग्रहों की गोचर स्थित्यनुसार लिख रहे हैं। अपने जीवन सम्बन्धी और अधिक जानकारी एवं महत्त्वपूर्ण विषयों–विद्या, व्यवसाय, विवाह, सन्तान, विदेश गमनादि प्रश्नों सम्बन्धी विशेष फलादेश तथा विशेष उपाय जानने के लिए शुद्ध एवं बड़ी जन्मपत्री का होना आवश्यक है। हमारे कार्यालय से शुद्ध एवं विस्तृत जन्मपत्री बनवाने के लिए जातक/जातिका का नाम, जन्म समय, वर्ष, स्थान (Place & Time of Birth), माता–पिता एवं व्यवसाय आदि का विवरण तथा अग्रिम रूप में पूरी फीस भेजें। बड़ी विस्तृत जन्मपत्री हस्तलिखित फलादेश सहित की फीस 601 रु. से 1100 रुपये। **मध्यम जन्मपत्री** 375 रु., वर्षफल फीस 300 रु.। विदेश में उत्पन्न जातक की फीस 31 पौंड अथवा 40 डालर होगी। डाकव्यय अतिरिक्त होगा, फीस M.O. या ड्राफ्ट द्वारा अग्रिम भेजें।

—पं. पन्ना लाल ज्योतिषी, अड्डा होशियारपुर, जालन्धर–8 (पं.)

मेष राशि (Aries)-(चु, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

ग्रहगोचर : मेष राशि के जातकों के लिए नववर्ष का उत्तरार्ध भाग प्रायः शुभ रहेगा। इस राशि पर भाग्येश-गुरु की शुभ दृष्टि 8 दिसम्बर तक रहेगी। परन्तु 29 अप्रैल तक पंचम में **शनि-केतु** का योग होने से गुप्त परेशानियों एवं कठिन परिस्थितियों वाला होगा। (13 अप्रैल से 13 मई) के मध्य सूर्य इस राशि पर **उच्च स्थिति** में होने से धन लाभ व उन्नति के चांस बनेंगे। **28 अप्रैल से 20 जून** के मध्य राशिस्वामी मगंल नीच राशि में होने से स्वास्थ्य हानि, अपव्यय एवं बनते कामों में विघ्न होंगे। 10 अगस्त के बाद इस राशि पर मंगल की स्वगृही दृष्टि शुभ रहेगी। जिससे शुभ फल घटित होंगे।

वृष राशि (Taurus)-(इ, उ, ए, ओ, व, वि, वृ, वे, वो)

ग्रहगोचर : इस राशि पर शनि की ढैय्या का प्रभाव वर्षभर होगा। वर्षारम्भ से 18 जनवरी तक राशिस्वामी शुक्र की स्वगृही दृष्टि रहेगी। ता. 12 फरवरी से 7 मार्च के मध्य शुक्र भाग्य स्थान में होने से तथा ता. 1 से 24 अप्रैल के मध्य शुक्र उच्च राशि में होने से अकस्मात धन लाभ व पदोन्नति के चांस बनेंगे। ता. 25 अप्रैल से 19 मई के मध्य शुक्र द्वादशस्थ होने से आय कम और खर्च अधिक होंगे। ता. 20 मई से 12 जून के मध्य स्वगृही शुक्र होने से बिगड़े कामों में सुधार होगा। 25 अग. से 18 सितं. के मध्य शुक्र नीच में अशुभ फलकारक होगा।

मिथुन राशि (Gemini)-(क, कि, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह)

ग्रहगोचर : वर्षारम्भ से 27 अप्रैल तक मिथुन राशि पर मंगल का संचार रहेगा। इस राशि पर गुरु की सप्तम दृष्टि 8 दिसम्बर तक रहेगी। ता. 4 जनवरी से 9 मार्च की अवधि में बुध अष्टम होने से स्वास्थ्य नर्म व विघ्न रहेंगे। 30 मार्च से 14 अप्रैल के मध्य बुध नीच राशि (मीन) में होने से स्वास्थ्य हानि, धन के खर्च होने के योग हैं। 23 जुलाई से 24 अगस्त के मध्य मिश्रित प्रभाव होंगे। 25 अगस्त से 30 अक्तूबर तथा 1 नवं. से 18 नवम्बर के मध्य बुध क्रमशः उच्चराशि (कन्या) में एवं पंचम होने से आय के स्रोतों में वृद्धि होगी।

कर्क (Cancer)-(हि, हु, हे, हो, डा, डी, ड, डे, डो)

ग्रहगोचर : वर्षारम्भ से साल के अन्त तक इस राशि पर शनि साढ़ेसाती का प्रभाव न्यूनाधिक रूप से रहेगा। ता. 28 अप्रैल से 20 जून के मध्य मंगल इस राशि पर नीच स्थिति में तथा 30 अप्रैल से वर्षान्त तक केतु का संचार रहेगा। इस अवधि में घरेलू व्यवसाय सम्बन्धी उलझने रहें तथा आय कम व खर्च अधिक होंगे। ता. 9 दिसम्बर से वर्षान्त तक गुरु की शुभ दृष्टि होने से शुभ फल होंगे।

सिंह राशि (Leo)-(म, मि, मु, मे, मो, टा, टि, टू, टे)

ग्रहगोचर : सिंह राशि को शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव वर्षारम्भ से अन्त तक रहेगा, परन्तु इस राशि पर वर्षारम्भ से **8 दिसम्बर** तक गुरु की शुभ दृष्टि भी रहेगी, जिससे वर्ष में कठिन परिस्थितियों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। वर्षारम्भ से 29 अप्रैल तक इस राशि पर **शनि-केतु का योग** अशुभफलकारी होगा। अप्रैल-मई में राशि स्वामी सूर्य उच्च राशिस्थ होगा। ता. 21 जून से 9 अगस्त के मध्य इस राशि पर **मंगल-शनि** का योग तथा 16 अगस्त से 15 सितम्बर के मध्य **सूर्य-शनि** के अशुभ योग बनेंगे।

कन्या राशि (Virgo)-(टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

ग्रहगोचर : कन्याराशि पर शनि साढ़ेसाती का प्रभाव वर्षभर रहेगा। वर्षारम्भ से 27 अप्रैल तक इस राशि पर मंगल की अशुभ दृष्टि होने से मानसिक कष्ट, आर्थिक हानि एवं विघ्नादि रहेंगे। 30 मार्च से 28 अप्रैल तक राशिस्वामी बुध की स्थिति भी अशुभ होगी। ता. 29 अप्रैल से 6 अगस्त के मध्य राशिस्वामी बुध भाग्य एवं लाभ स्थान में होने से बिगड़े कामों में कुछ सुधार होगा। 10 अगस्त से 24 सितं. के मध्य मंगल इसी राशि में होने से अशुभफल देगा। ता. 25 अगस्त से 31 अक्तूबर के मध्य बुध इसी राशि में लाभ व उन्नतिकारक होगा।

तुला राशि (Libra)-रा, री, रू, रे, रो, ता, ति, तु, ते

ग्रहगोचर : वर्षारम्भ से वर्षान्त तक तुला राशि पर शनि की उच्च दृष्टि रहेगी। राशि स्वामी शुक्र वर्षारम्भ से क्रमशः द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान में 3 मार्च तक होगा जिससे कार्य/व्यवसाय में अड़चनों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन एवं भूमि सवारी आदि सुखों की प्राप्ति होगी। ता. 13 अप्रैल से 13 मई के मध्य इस राशि पर सूर्य की नीच दृष्टि अशुभ होगी। ता. 25 अग. से 18 सितं. के बीच राशिस्वामी शुक्र नीच राशिस्थ जबकि 19 सितम्बर से 13 अक्तूबर तक शुक्र इसी राशि में शुभ फलकारक होगा।

बृश्चिक राशि (Scorpio)-(तो, न, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)

ग्रहगोचर : इस राशि पर शुक्र का संचार वर्षारम्भ से 18 जनवरी तक तथा राशिस्वामी मंगल अष्टम स्थान में 27 अप्रैल तक रहेगा। सुख साधनों पर खर्च अधिक रहेंगे। ता. 28 अप्रैल से 20 जून तक मंगल नीच राशि (कर्क) में होने से आय कम व खर्च अधिक रहेंगे। ता. 21 जून से 9 अगस्त तक मंगल-शनि का योग दशम में होगा। ता. 7 नवम्बर से 18 दिसम्बर तक इस राशि पर मंगल का स्वगृही संचार रहेगा।

धनु राशि (Sagittarius)-(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फ, ढ, भे)

ग्रहगोचर : वर्षारम्भ में धनु राशि पर सूर्य, बुध एवं गुरु का संचार है। राशि स्वामी गुरु का संचार वर्षारम्भ में 8 दिसम्बर तक रहेगा। वर्षारम्भ से 27 अप्रैल तक इस राशि पर मंगल की दृष्टि रहेगी। 21 जून से 9 अगस्त तक भाग्य स्थान पर मंगल-शनि का योग रहेगा। ता. 10 अग. से 24 सितं. तक इस राशि पर मंगल की दृष्टि होगी। ता. 7 नवं. से 2 दिसं. के मध्य इस राशि पर गुरु-शुक्र का योग बनेगा।

मकर राशि (Capricorn)-(भो, ज, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी)

ग्रहगोचर : इस राशि पर शनि की ढैय्या का प्रभाव वर्षभर रहेगा। वर्षारम्भ से 27 अप्रैल तक इस राशि पर मंगल की सर्वोच्च दृष्टि रहेगी। ता. 14 जनवरी से 12 फरवरी तक सूर्य का संचार रहेगा। व्यवसाय में कठिन समस्याओं के बावजूद निर्वाह योग्य साधन बनते रहेंगे। 30 अप्रैल से वर्ष के अन्त तक इस राशि पर राहु का संचार तथा 9 दिसम्बर से वर्षान्त तक गुरु का संचार होगा।

कुम्भ राशि (Aquarius)-(गु, गे, गो, स, सी, सू, से, सो, द)

ग्रहगोचर : वर्षारम्भ से 29 अप्रैल तक राहु का संचार कुम्भ राशि पर रहेगा। ता. 13 फर. से 13 मार्च के मध्य इस राशि पर सूर्य-राहु का योग होने से तनाव एवं घरेलू उलझनें अधिक रहेगी। ता. 28 अप्रैल से 9 अगस्त के मध्य इस राशि पर मंगल की दृष्टि और शनि-मंगल का योग होने से दुर्घटना में चोटादि का भय रहेगा। ता. 8 नवम्बर से मंगल स्वगृही होने से उन्नति के चांस बनेंगे परन्तु तनाव, घरेलू चिन्ताएं भी रहेंगी।

मीन राशि (Pisces)-(दी, दु, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि)

ग्रहगोचर : वर्षारम्भ से 8 दिसम्बर तक राशिस्वामी गुरु दशम स्थान में स्वगृही राशि (धनु) में संचार करेगा। धन लाभ व उन्नति के चांस बनेंगे। वर्षारम्भ से मंगल की गुरु पर विशेष दृष्टि होने से विदेशी कार्यों में सफलता होगी। ता. 21 जून से 24 सितम्बर के मध्य मीन राशि पर मंगल की अशुभ दृष्टि होगी। ता. 9 दिसम्बर से वर्षान्त तक राशिस्वामी गुरु नीच राशि में संचार करेगा। आकस्मिक खर्च बढ़ेंगे।

राशिफल—जनवरी—सन् 2008 ई.

मेष—मासारम्भ में राशिस्वामी मंगल तृतीय भाव में गुरु द्वारा दृष्ट है; पराक्रम एवं पुरुषार्थ में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परन्तु पंचम भाव में शनि-केतु का योग होने से पारिवारिक एवं आर्थिक उलझनों के कारण मन अशान्त रहेगा।

वृष—मासारम्भ में इस राशि पर शुक्र की स्वगृही दृष्टि पड़ने से पूर्वार्द्ध भाग में सोची योजनाओं में आंशिक सफलता मिलेगी। कठिन परिस्थितियों के बावजूद निर्वाह योग्य धन लाभ व उन्नति के अवसर मिलेंगे। उत्तरार्द्ध भाग में व्यय अधिक तथा बनते कामों में अड़चनें पैदा होंगी।

मिथुन—मासारम्भ में राशिस्वामी बुध क्रमशः सप्तम और अष्टम में होने से मिश्रित प्रभाव होगा। धन लाभ एवं कुछ सोची योजनाओं में सफलता मिलेगी। उत्तरार्द्ध में बनते कामों में विघ्न, स्वास्थ्य ढीला और आय की अपेक्षा खर्च अधिक होंगे। मानसिक तनाव भी रहेंगे।

कर्क—इस मास में धन लाभ साधारण होगा। खर्चों की अधिकता से मानसिक तनाव व क्रोध की भावना अधिक रहेगी। भाई-बन्धु से मनमुटाव रहेगा। धर्म-कर्म के कार्यों में रुचि बढ़ेगी। शुभ कार्यों पर भी खर्च होगा। उत्तरार्द्ध में स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानियाँ रहेंगी।

सिंह—मासारम्भ में राशि पर शनि-केतु का योग है जिससे अत्यन्त संघर्षपूर्ण आर्थिक परेशानियों का सामना रहेगा। बनते कामों में विघ्न होंगे परन्तु गुरु की दृष्टि के कारण निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। संक्रान्ति को अन्नदान करना शुभ होगा।

कन्या—शनि की साढ़ेसाती के प्रभावस्वरूप अत्यधिक संघर्ष व भागदौड़ रहेगी। धन लाभ अल्प होगा। आर्थिक तंगी के कारण मन अशान्त रहेगा। बनते कामों में विघ्न उत्पन्न होंगे। मासान्त में कोई शुभ समाचार मिलेगा।

तुला—मासारम्भ में राशि स्वामी शुक्र द्वितीय भाव में है तथा शनि की इस राशि पर स्वोच्च दृष्टि पड़ रही है। जिससे मास में कुछ सोची हुई योजनाओं में आंशिक सफलता मिलेगी परन्तु धन का अधिकांश खर्च विलास-मनोरंजन आदि कार्यों पर अधिक होगा। मासान्त में विदेश सम्बन्धी कार्य से लाभ हो।

वृश्चिक—मासारम्भ में शुक्र इसी राशि में संचारगत है तथा राशिस्वामी मंगल अष्टम है। अत्यधिक संघर्ष के बावजूद निर्वाह योग्य धन प्राप्त होगा। ता. 19 से शुक्र दूसरे भाव में होने से खर्चों की अधिकता के कारण मानसिक तनाव एवं उत्तेजना बढ़ेगी।

धनु—इस राशि पर राशिस्वामी गुरु की शुभ स्थिति होने से अचानक धन प्राप्ति के अवसर प्राप्त होंगे। नौकरी एवं व्यवसाय में उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। द्वादश भाव में शुक्र की स्थिति के कारण मनोरंजन एवं विलासादि वस्तुओं पर व्यय अधिक होगा।

मकर—मासारम्भ से शनि की ढैय्या के प्रभाव से घरेलू उलझनें, मानसिक तनाव और स्वभाव में तेज़ी रहेगी। बनते कामों में विघ्न उत्पन्न होंगे। परन्तु मंगल की स्वोच्च दृष्टि होने से निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। खर्च भी अधिक रहेंगे। उच्च प्रतिष्ठित लोगों से मेल होगा।

कुम्भ—इस राशि पर राहु का संचार तथा शनि की स्वगृही दृष्टि पड़ रही है। जिससे संघर्ष एवं कठिनाइयों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। आय के क्षेत्र में दौड़ धूप अधिक रहेगी। आकस्मिक खर्च अधिक रहेंगे।

मीन—मासारम्भ से राशिस्वामी गुरु पर मंगल की शुभ दृष्टि पड़ने से पराक्रम एवं उत्साह में वृद्धि होगी। परिवार में किसी शुभ कार्य पर खर्च होगा। आय के साधनों में वृद्धि होगी। **माघ माहात्म्य का पाठ** करना शुभ रहेगा।

राशिफल–फरवरी–सन् 2008 ई.

मेष—पूर्वार्द्ध भाग में आय कम व खर्च अधिक रहेंगे। वृथा दौड़-धूप अधिक रहेगी। पारिवारिक सहयोग में कमी रहेगी। परन्तु राशि पर गुरु की दृष्टि पड़ने से धर्म-कर्म की ओर रुचि रहेगी। उत्तरार्द्ध भाग में किसी शुभ कार्य पर व्यय होगा।

वृष—मासारम्भ में शुक्र अष्टम में है, जिससे बनते कार्यों में विघ्न पैदा होंगे। आय कम तथा खर्च अधिक रहेंगे। घरेलू एवं व्यवसाय सम्बन्धी उलझनों के कारण मन परेशान रहेगा। ता. 12 के बाद राशि स्वामी (शुक्र) भाग्यस्थान में होने से कार्यों में सफलता व लाभ के चांस बनेंगे।

मिथुन—मासारम्भ में इस राशि पर मंगल की स्थिति तथा गुरु की दृष्टि पड़ रही है जिससे वृथा भागदौड़, निकटबन्धुओं से मनमुटाव और आय से खर्च अधिक रहेगा। मासान्त में कुछ बिगड़े कामों में सुधार, धन लाभ और अकस्मात् यात्रा भी होगी।

कर्क—प्रथम सप्ताह में धार्मिक एवं शुभ कार्यों पर खर्च अधिक रहेगा। दूसरे सप्ताह नए-नए श्रेष्ठ लोगों के साथ सम्पर्क बनेंगे। तीसरे सप्ताह कोई बिगड़ा काम बनेगा। चौथे सप्ताह स्वभाव में तेज़ी एवं व्यर्थ की दौड़-धूप अधिक रहेगी।

सिंह—इस राशि पर शनि-केतु की स्थिति के कारण व्यवसाय में भागदौड़ अधिक रहे। परेशानियों में वृद्धि तथा फिजूल खर्ची बढ़ेगी, स्वास्थ्य में विकार, किसी बन्धु से मनमुटाव पैदा हों। मासान्त में कुछ बिगड़े कामों में सुधार होगा। धन लाभ व उन्नति के चांस बनेंगे।

कन्या—मासारम्भ में इस राशि पर शनि की साढ़ेसाती और मंगल की दृष्टि है। अत्यधिक कठिनाई एवं संघर्ष के पश्चात् निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। आर्थिक एवं घरेलू उलझनों के कारण परेशानियाँ बढ़ेंगी। मासान्त में शुभ कार्य एवं वाहन आदि पर विशेष खर्च होने के योग हैं।

तुला—मासारम्भ में शुक्र तृतीय भाव में है, जिससे पराक्रम एवं पुरुषार्थ में वृद्धि होगी। निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। गत किए गए प्रयासों में कुछ सफलता मिलेगी। मासान्त में आकस्मिक धन लाभ हो, परन्तु खर्चों में भी अधिकता रहेगी।

वृश्चिक—मासारम्भ में बनते कार्यों में विघ्न उत्पन्न होंगे। परिवार में कुछ तनाव परन्तु आय के साधन बनते रहेंगे। किसी विशेष कार्य में परिश्रम और संघर्ष करना पड़ेगा। उत्तरार्द्ध में अकस्मात् खर्चों में वृद्धि होने के संकेत हैं। विदेश सम्बन्धी कार्यों की योजना बनेगी।

धनु—मासारम्भ में सूर्य दूसरे भाव में संचरित होने से आय कम तथा खर्च अधिक रहेगा। आँखों का कष्ट एवं पेट विकार होने का भय, गृह में कोई मंगल कार्य होने के संकेत हैं। उत्तरार्द्ध भाग में भूमि, सवारी आदि सुखों की प्राप्ति होगी।

मकर—मासारम्भ में कुछ बिगड़े कार्य बनेंगे। अकस्मात् धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। पदोन्नति व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। मासान्त में अकस्मात् फिज़ूलखर्ची बढ़ेगी। घरेलू उलझनों के कारण साहस एवं पराक्रम में कमी होगी। स्वास्थ्य भी ठीक न रहे।

कुम्भ—मास के पूर्वार्द्ध भाग में कारोबार मध्यम एवं धन लाभ साधारण होगा। रोज़गार के लिए दौड़-धूप अधिक हो। आपको किसी प्रियजन की सहायता से कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। उत्तरार्द्ध में पदोन्नति एवं मान-सम्मान में वृद्धि होगी। **विद्यार्थियों को** आशा के अनुरूप सफलता मिलेगी।

मीन—पूर्वार्द्ध भाग में व्यवसाय में लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। पदोन्नति और धन लाभ के योग हैं। पारिवारिक सुख प्राप्त होगा। विदेशी मित्र के साथ नए कार्य की योजना बनेगी। उत्तरार्द्ध में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

राशिफल–मार्च–सन् 2008 ई.

मेष—मास के पूर्वार्द्ध भाग में किसी मित्र की सहायता से कोई बिगड़ा हुआ कार्य बनेगा। उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क बनेंगे। विदेश सम्बन्धी मामलों में कुछ सफलता की सम्भावना होगी। उत्तरार्द्ध में बाधाओं के बावजूद निर्वाह आय के साधन बनेंगे।

वृष—उलझनों के बावजूद धन लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। विदेश सम्बन्धी कार्यों में भी सफलता के योग हैं। परन्तु ता. 8 के बाद शुक्र-राहु का योग होने से बनते कार्यों में विघ्न-बाधाएँ होंगी। आकस्मिक खर्च भी बढ़ेंगे।

मिथुन—ता. 9 मार्च तक आय कम, खर्च अधिक और स्वास्थ्य ढीला रहे। ता. 10 से बुध भाग्यस्थान पर होने से धन लाभ व उन्नति के अवसर मिलेंगे। बिगड़े कामों में सुधार होगा। उत्तरार्द्ध में वृथा दौड़-धूप और धन का खर्च अधिक रहे।

कर्क—मासारम्भ में किसी मित्र के सहयोग से बिगड़ा कार्य बनेगा, विघ्न-बाधाओं के बावजूद निर्वाह योग्य धन की प्राप्ति होगी। उत्तरार्द्ध में आय कम और खर्च अधिक रहेगा परन्तु शुभ मंगल कार्यों पर धन का व्यय होगा।

सिंह—मासारम्भ में सूर्य की दृष्टि के कारण संघर्ष के पश्चात् धन लाभ हो। उदर-विकार व आँखों में कष्ट का भय रहे। किसी शुभ कार्य पर खर्च भी हो। मासान्त में अधिकांश समय व्यर्थ के कार्यों में व्यतीत होगा। भूमि-जायदाद सम्बन्धी परिवार में कुछ परेशानी व खर्च अधिक रहें।

कन्या—राशि पर मंगल की दृष्टि होने से सरकारी एवं भूमि सम्बन्धी कार्यों में परेशानी और व्यर्थ का समय नष्ट होगा। व्यर्थ का वाद-विवाद और वृथा खर्च होने की सम्भावनाएँ हैं। स्वास्थ्य ढीला और चोटादि का भय होगा। सावधानी बरतें।

तुला—सर्विस अथवा व्यवसाय में संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़े। अत्यधिक भागदौड़ करने पर भी आय से व्यय अधिक, मासान्त में स्थिति में सुधार की आशा है। कुछ आन्तरिक घरेलू समस्याएँ रहेंगी। अपने खर्च पर संयम रखना उचित होगा।

वृश्चिक—राशिस्वामी मंगल अष्टम में होने से अत्यन्त संघर्ष के बाद ही गुज़ारे योग्य आमदन के साधन बनेंगे। घरेलू उलझनों के कारण अशान्ति अधिक रहे। सीमित आय के साथ खर्च भी अधिक बढ़ेंगे।

धनु—परिवार सम्बन्धी शुभ समाचार मिलने के संकेत हैं। घर-परिवार में विवाहादि मंगल कार्य होगा। विदेश सम्बन्धी-मित्र से सम्पर्क स्थापित होगा। विदेशी रिश्तेदारों एवं मित्रों का आगमन होगा। किसी श्रेष्ठ व्यक्ति के सहयोग से बिगड़े कामों में सुधार होगा।

मकर—राशिस्वामी शनि अष्टम स्थान से तथा मंगल छठे होने से शरीर कष्ट, आय कम तथा व्यर्थ खर्च अधिक रहेंगे। पारिवारिक उलझनों के कारण भी मन संतप्त रहेगा। मासान्त में बिगड़े कार्यों में कुछ सुधार होगा।

कुम्भ—मासारम्भ में निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। परन्तु इस राशि पर राहु का संचार होने से परिस्थितियाँ संघर्षपूर्ण रहेगी। आराम कम व दौड़धूप अधिक रहेगी। भूमि व वाहन आदि पर खर्च होगा।

मीन—धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यों की ओर प्रवृत्ति होगी। नई-नई योजनाएँ बनाने में समय व्यतीत होगा। उत्तरार्द्ध भाग में सन्तान के कैरियर सम्बन्धी चिन्ता रहेगी। परन्तु गुरु स्वराशिगत होने से परिवार में मंगल कार्य हों, और व्यवसाय में लाभ के अवसर मिलेंगे। शुभ यात्रा के भी योग हैं।

राशिफल–अप्रैल–सन् 2008 ई.

मेष—मास के आरम्भ में तीसरे भावस्थ मंगल की दशमस्थ चन्द्र पर शुभ दृष्टि पड़ने से कार्यक्षेत्र में परिश्रम एवं पुरुषार्थ में वृद्धि होगी। धन लाभ एवं उन्नति की सम्भावनाएँ बढ़ेंगी। मासान्त में खर्चाधिक्य रहे।

वृष—राशिस्वामी शुक्र उच्चस्थ होने से पराक्रम एवं पुरुषार्थ में वृद्धि होगी। अकस्मात् धन लाभ एवं उन्नति के अवसर मिलेंगे। किसी प्रियबन्धु के साथ मिलाप होगा। धार्मिक कार्यों की ओर रुचि बढ़ेगी।

मिथुन—मासारम्भ से ता. 14 तक बुध (नीच राशि) मीन में रहने से स्वास्थ्य एवं धन हानि, बनते कामों में विघ्न उत्पन्न होंगे। ता. 15 से 28 तक अकस्मात् धन लाभ व पदोन्नति के चांस मिलेंगे। स्वास्थ्य कुछ नर्म रहेगा। श्री दुर्गासप्तशती का पाठ करना शुभ रहेगा।

कर्क—मासारम्भ में परिश्रम एवं उत्साह में वृद्धि होगी। किसी मंगल कार्य पर व्यय होगा। ता. 18 के बाद अकस्मात् यात्रा के योग हैं। उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्बन्ध बढ़ेंगे। कार्य-व्यवसाय में लाभ व उन्नति के चांस मिलेंगे।

सिंह—मासारम्भ में अत्यधिक परिश्रम व संघर्ष के बाद धन लाभ चांस बनेंगे। वाहन आदि कार्यों पर खर्च अधिक होंगे। शनि साढ़ेसाती के कारण मानसिक तनाव एवं घरेलू उलझनें बढ़ेंगी। ता. 13 अप्रैल के बाद बिगड़े कामों में सुधार के योग हैं।

कन्या—मास के पूर्वार्द्ध भाग में राशिस्वामी बुध नीचस्थ होने से व्यवसाय में अत्यन्त कठिनाई एवं संघर्ष के बाद ही निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। खर्च बहुत अधिक रहेंगे। मासान्त में आकस्मिक लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

तुला—मासारम्भ में राशि स्वामी शुक्र उच्च राशिस्थ होने से सोची हुई योजना में सफलता प्राप्त होगी। किसी प्रिय व्यक्ति से सम्पर्क होगा। उत्तरार्द्ध भाग में किसी मंगल कार्य का आयोजन होगा। ता. 13 अप्रैल से मासान्त तक वैशाख माहात्म्य का पाठ करना शुभ होगा।

वृश्चिक—मासारम्भ में विघ्न बाधाओं और परिश्रम के उपरान्त ही धन प्राप्त होगा। अकस्मात् खर्च भी बढ़ेगा। व्यर्थ का विवाद, यात्रा और व्यर्थ चिन्ता रहेगी। मासान्त में कार्य व्यस्तताएँ एवं दौड़-धूप बढ़ेगी। गुज़ारे योग्य धन प्राप्ति के अवसर प्राप्त होंगे।

धनु—कठिन परिस्थितियों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। परिवार में व्यर्थ की आर्थिक उलझनें बढ़ेंगी। निकटतम भाई-बन्धुओं से मनमुटाव पैदा होगा। उत्तरार्द्ध भाग में किसी व्यक्ति में मुलाकात होगी। धार्मिक कार्यों की ओर रुचि बढ़ेगी।

मकर—इस मास मिश्रित फल प्राप्त होंगे। पराक्रम व निज उद्यम द्वारा आय के साधनों में वृद्धि होगी। उच्च-प्रतिष्ठित व्यक्तियों के सम्पर्क साधनों से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि और पारिवारिक एवं राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी।

कुम्भ—मासारम्भ से राशि पर राहु का संचार है। जिससे देश-विदेश सम्बन्धी कार्यों में प्रगति होगी परन्तु व्यवसाय [illegible] रहेगी। बनते कामों में विघ्न उत्पन्न हो। उत्तरार्द्ध भाग में परिवार में मनमुटाव व बन्धुओं से टकराव के हालात पैदा होंगे। आय से व्यय अधिक होगा।

मीन—धन लाभ मध्यम परन्तु खर्च अधिक होंगे। उच्च-प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क बनेंगे। मासान्त में आय की अपेक्षा धन का खर्च अधिक, अफसरों से तनाव और सोची हुई योजनाओं में विघ्न उत्पन्न होंगे। धन संचय में रुकावटें रहेंगी।

राशिफल–मई–सन् 2008 ई.

मेष—मासारम्भ में मंगल चतुर्थ भाव में केतु युक्त है। जिससे आय कम व खर्च अधिक रहेंगे। बनते कार्यों में विघ्न उत्पन्न होंगे। पारिवारिक सुखों में कमी रहेगी। अत्यन्त कठिनता से निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे।

वृष—मासारम्भ में अत्यन्त कठिन हालात का सामना रहेगा। कार्यक्षेत्र में अत्यधिक परिश्रम करने पर भी आय अल्प तथा खर्च अधिक रहेंगे। घरेलू उलझनों के कारण मन अशान्त रहेगा। ता. 20 के बाद बिगड़े काम बनेंगे।

मिथुन—मासारम्भ में किसी श्रेष्ठ बन्धु से मुलाकात होगी। बिगड़े काम बनेंगे। परिवार में कोई मंगल कार्य होगा। उत्तरार्द्ध भाग में धन का अपव्यय बढ़ेगा। बनते कामों में अड़चनें पैदा होंगी। पित्त एवं पेट विकार आदि के कारण शरीर कष्ट हो।

कर्क—मासारम्भ से ही मंगल एवं केतु का संचार इसी राशि में होने से आय कम तथा खर्च अधिक रहेंगे। व्यवसायिक एवं घरेलू उलझनों के कारण तनाव अधिक रहेंगे। ता. 20 से शुक्र शुभ स्थिति में होने से धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी प्रिय बन्धु से मुलाकात होगी।

सिंह—पूर्वार्द्ध भाग में सूर्य उच्च स्थिति में होने से उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्बन्ध बढ़ेंगे। अकस्मात् धन लाभ के अवसर भी प्राप्त होंगे। मंगल के कारण गृह में कोई मंगल कार्य होगा। उत्तरार्द्ध भाग में धन का अपव्यय व गुप्त परेशानी होगी।

कन्या—राशिस्वामी बुध भाग्यस्थान में होने से पुरुषार्थ में वृद्धि होगी। विघ्न बाधाओं के बावजूद निर्वाह योग्य धन प्राप्त होगा। कुछ बिगड़े हुए काम बनेंगे। परिवार में कोई खुशी का समागम बनेगा। धर्म-कर्म पर खर्च होंगे।

तुला—मासारम्भ ता. 3 से शुक्रास्त होने से बनते कामों में अड़चनें रहेंगी। भाई-बन्धुओं से मन-मुटाव रहे। आय कम व खर्च अधिक होंगे। उत्तरार्द्ध भाग में संघर्ष के बाद आय के साधनों में सुधार होगा। परन्तु भूमि, वाहन आदि साधनों पर खर्च अधिक रहेंगे।

वृश्चिक—मासारम्भ में राशिस्वामी मंगल भाग्य स्थान में नीच राशिगत होकर केतु युक्त है। जिससे इस सप्ताह के मध्य आय कम व खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य में कमी तथा बनते कामों में विघ्न बाधाएँ उत्पन्न रहेंगी।

धनु—मासारम्भ में इस राशि पर गुरु का संचार चल रहा है। अतः उलझनों एवं अड़चनों के बावजूद आय के साधनों में वृद्धि होगी। परन्तु पंचमेश अष्टम भावस्थ होने से स्वास्थ्य विकार एवं कार्यों मे विघ्न भी पैदा होंगे। मासान्त में अचानक धन लाभ एवं शुभ समाचार मिलेगा।

मकर—विघ्नों के बावजूद पराक्रम एवं आय के साधनों में वृद्धि होगी। परन्तु पर्याप्त लाभ नहीं होगा। स्त्री व सन्तान की ओर से खुशी प्राप्त होगी। माता-पिता का सहयोग शुभ कार्यों में लाभकारी रहेगा। विदेशी कार्यों में प्रगति के आसार बनेंगे। कोई शुभ समाचार मिलेगा।

कुम्भ—खर्चों की अधिकता रहेगी। मित्रों के सहयोग से किसी समस्या का समाधान होगा। आर्थिक स्थिति को सुधारने के प्रयास तेज करने पड़ेंगे। मासान्त में मनोरंजन एवं भोग-विलास पर खर्च अधिक होंगे।

मीन—मासारम्भ में अकस्मात् धन लाभ एवं भाग्योन्नति के योग हैं। शुभ कार्य पर खर्च होगा। माता-पिता व मित्रों के सहयोग से रुका हुआ कार्य बनने के योग हैं। ता. 4 के पश्चात् व्यापारिक यात्रा भी होगी। मासान्त में खर्चों में अकस्मात् वृद्धि होगी।

राशिफल–जून–सन् 2008 ई.

मेष—ग्रहयोगानुसार इस मास कठिन परिस्थितियों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। मंगल-केतु योग के कारण वाहन से चोटादि लगने का भय है, सावधानी बरतें।

वृष—मासारम्भ में वृष राशि पर शुक्र की शुभ स्थिति होने से दैनिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यापार को बढ़ाने में मित्रों और सम्बन्धियों का सहयोग मिलेगा। धर्म-कर्म में विशेष रुचि होगी। समाज में उच्च प्रतिष्ठितजनों से सम्पर्क होगा। मासान्त में वाहनादि पर खर्च अधिक होंगे।

मिथुन—मासारम्भ में बुध वक्री है। आरम्भ में गत किए गए प्रयासों में सफलता प्राप्त होगी। धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। भूमि एवं सवारी आदि सुखों की प्राप्ति होगी। गुरु की दृष्टि होने से वृथा खर्च तथा मानसिक चिन्ता में वृद्धि रहेगी।

कर्क—इस मास में संघर्षमयी परिस्थितियों के बावजूद गुज़ारे योग्य धन की प्राप्ति होगी। मानसिक चिन्ताएँ व फिज़ूलखर्ची बढ़ेगी। भागदौड़ अधिक रहेगी। व्यापार-नौकरी में तनाव उत्पन्न होगा। उत्तरार्द्ध में स्त्री व सन्तान की तरफ से शुभ समाचार प्राप्त होगा। परन्तु केतु के कारण मानसिक तनाव रहेगा।

सिंह—मासारम्भ में कोई पारिवारिक प्रसन्नता प्राप्त होगी। गत मास के बिगड़े कार्यों में कुछ सुधार होगा। यद्यपि गुज़ारे योग्य आय प्राप्ति के साधन बनते रहेंगे, परन्तु खर्च भी बहुत अधिक रहेंगे। निकट बन्धुओं के साथ मन-मुटाव होने के योग हैं।

कन्या—इस राशि पर शनि साढ़ेसाती होने से तनाव एवं क्रोध अधिक रहेगा। किन्तु गुरु की शनि पर दृष्टि होने से निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। उच्च प्रतिष्ठित मित्रों के साथ सम्बन्ध बढ़ेंगे।

तुला—हालात में सुधार व कुछ बिगड़े काम बनेंगे। धन लाभ के अवसर मिलेंगे। उच्च प्रतिष्ठित लोगों से मेलजोल होगा। धन का खर्च सवारी आदि साधनों पर होगा। परन्तु शुक्रास्त होने से आराम कम व संघर्ष अधिक रहेगा। व्यवसाय में आर्थिक परेशानियाँ उत्पन्न होंगी।

वृश्चिक—आय की स्थिति में कुछ सुधार होगा। निर्वाह योग्य आमदन के साधन बनेंगे। परन्तु ता. 21 से मंगल-शनि का योग होने के कारण बनते कामों में अड़चनें पड़ने के संकेत हैं। स्वास्थ्य में भी गड़बड़ रहेगी। अपने भी परायों जैसे व्यवहार करेंगे।

धनु—मासारम्भ में मंगल अष्टम भावस्थ हैं, जिससे स्वभाव में क्रोध एवं तनाव अधिक रहेगा। आर्थिक कारणों से घरेलू उलझनें बढ़ेंगी। धर्म-कर्म की ओर प्रवृत्ति अधिक रहेगी।

मकर—मासारम्भ से राशि पर मंगल की उच्चदृष्टि पड़ने से कुछ रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी, धन लाभ एवं उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। परन्तु राशि स्वामी शनि अष्टम में होने से दुर्घटना से चोटादि लगने की आशंका है, सावधानी बरतें।

कुम्भ—इस मास मंगल की दृष्टि होने से व्यर्थ की दौड़धूप अधिक रहेगी। आय कम व वृथा खर्च भी बढ़ेंगे। राशिस्वामी शनि सप्तम में शत्रु राशिगत होने से बनते काम बिगड़ेंगे। अपने भी परायों जैसा व्यवहार करेंगे। स्वभाव में क्रोध, उत्तेजना बढ़ेगी।

मीन—यह मास शुभ फलदायक रहेगा। पदोन्नति व धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। परिवार में खुशी के अवसर प्राप्त होंगे। सुख के साधन बढ़ेंगे। मान-प्रतिष्ठा पढ़ेगी। धर्म-कर्म की ओर रुचि रहेगी। मासान्त में मंगल की स्थिति के कारण खर्च में वृद्धि और घरेलू उलझनें रहेंगी।

राशिफल–जुलाई–सन् 2008 ई.

मेष—मास में मंगल-शनि का मेल (पंचम में) होने से अत्यन्त संघर्षपूर्ण हालात का सामना रहेगा। आय कम व खर्च अधिक होंगे। स्वास्थ्य भी कुछ नर्म रहे। अपने नज़दीकी लोग भी परायों जैसा बर्ताव करेंगे।

वृष—मासारम्भ में राशि स्वामी शुक्र दूसरे मिथुन राशिगत हैं। ग्रह स्थिति अनुसार स्वास्थ्य कुछ नर्म रहे। स्वभाव में तेज़ी रहेगी। व्यर्थ की भाग-दौड़ अधिक होगी। विरोधी हानि पहुँचाने का प्रयास करेंगे। कठिनाइयों के बावजूद निर्वाह योग्य धन प्राप्ति होती रहेगी।

मिथुन—ता. 6 से 22 के मध्य बुध मिथुन में संचार करने से शुभ फल मिलेंगे। उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क बनेंगे। आय के स्रोतों में वृद्धि होगी। परन्तु वाहन आदि साधनों पर खर्च अधिक होगा। मासान्त में शरीर के कुछ अस्वस्थ रहने के संकेत हैं।

कर्क—इस मास में विभिन्न आर्थिक योजनाओं को क्रियान्वित करने के संकेत मिलते हैं परन्तु आप दूसरों पर विश्वास करके चलेंगे तो काम बिगड़ सकते हैं। कुछ अप्रत्याशित लाभ होंगे परन्तु ता. 16 से भ्रामक धारणाएँ उत्पन्न होंगी। मानसिक तनाव व मन उदासीन रहेगा।

सिंह—मासारम्भ में मंगल-शनि का संचार इस राशि पर है। अत्यन्त कठिन परिस्थितियों में भी निर्वाह योग्य धन लाभ रहे। खर्चों की अधिकता रहे। व्यवसाय या सर्विस में कठिन समस्याओं का सामना भी रहेगा। मासान्त में किसी शुभ कार्य पर खर्च होंगे।

कन्या—यह मास व्यवसाय की दृष्टि से शुभ होगा। नई योजना को कार्य रूप देने में अत्यधिक परिश्रम करना पड़ेगा। सरकारी कार्यों में कुछ विघ्नों के उपरान्त सफलता मिलेगी। मासान्त में घरेलू एवं आर्थिक उलझनों और परेशानियाँ बढ़ेंगी।

तुला—मासारम्भ में शुक्र क्रमशः नवम व दशम भाव में होने से किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति की सहायता से बिगड़े हुए कार्य बनेंगे। नए कार्य की योजना बनेगी। धन लाभ और उच्च व्यक्तियों से सम्पर्क बनेंगे। गत किए प्रयासों में सफलता प्राप्त होगी।

वृश्चिक—इस राशि पर मंगल की दृष्टि होने से क्रोध व अशान्ति बढ़ेगी। भाई-बन्धुओं से वृथा तकरार, धन का अपव्यय, शरीर कष्ट तथा पारिवारिक उलझनें बढ़ेंगी। वाहनादि से चोटादि का भय रहेगा।

धनु—अत्यन्त कठिन परिस्थितियों में भी निर्वाह योग्य धन प्राप्त होगा। खर्च की अधिकता रहेगी। व्यवसाय व सर्विस में उलझनें उत्पन्न होंगी। मासान्त में आर्थिक एवं घरेलू उलझनों के कारण मन संतप्त रहेगा।

मकर—पूर्वार्द्ध में विघ्न/बाधाओं के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। गृह में कोई मंगल कार्य होगा। ता. 16 से घरेलू उलझनें व तनाव बढ़ेगा। कलह-क्लेश के कारण गृह में अशान्ति होगी। भाई-बन्धुओं का सहयोग कम होगा। खर्चों में वृद्धि होगी। **'शिव मन्त्रावली'** पुस्तक में से श्रीशिव पंचाक्षरस्तोत्र का पाठ करके विधिपूर्वक शिवलिङ्ग का पूजन करना शुभ एवं कल्याणकारी रहेगा।

कुम्भ—इस राशि पर मंगल की दृष्टि होने से पारिवारिक एवं आर्थिक उलझनों के कारण मन परेशान रहे। ता. 14 से कठिन हालात के बावजूद धन प्राप्ति के कुछ साधन बनते रहेंगे। परिवार में मन मुटाव होगा। मासान्त में व्यवसायिक कार्यों में अड़चनों का सामना होगा।

मीन—मासारम्भ में कार्य बनते-बिगड़ते रहेंगे। नई योजना को कार्य रूप देने में विलम्ब होगा। समाज में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उत्तरार्द्ध में अभीष्ट वस्तु की प्राप्ति के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। पारिवारिक सहयोग से धनागमन के साधन बढ़ेंगे।

राशिफल—अगस्त—सन् 2008 ई.

मेष—पूर्वार्द्ध भाग में कार्य-व्यवसाय में उलझनें व परेशानियाँ अधिक रहेंगी। खर्च बढ़ेंगे। अत्यधिक दौड़-धूप करने पर भी धन-लाभ अल्प रहेंगे। मास के उत्तरार्द्ध में आकस्मिक धन-लाभ के योग हैं।

वृष—मासारम्भ में ही राशिपति शुक्र चतुर्थ स्थान में शनि युक्त होगा। वृथा दौड़-धूप एवं व्यय अधिक होंगे। घरेलू उलझनों के कारण मन चिन्तित रहे। भूमि, मकान एवं जायदाद सम्बन्धी उलझनों के कारण गुप्त परेशानियाँ होंगी। उत्तरार्द्ध में आय कम एवं आकस्मिक खर्च बढ़ेंगे।

मिथुन—मासारम्भ में बनते कामों में विघ्न-बाधाएँ पड़ने के संकेत हैं। स्वास्थ्य कुछ नर्म, आय कम तथा खर्च अधिक रहेंगे। निकट बन्धुओं से कुछ मतान्तर पैदा होंगे। मास के उत्तरार्द्ध में हालात कुछ बेहतर होंगे। कुछ बिगड़े काम बनेंगे।

कर्क—मासारम्भ से सूर्य की स्थिति इस राशि पर होने से अत्यधिक संघर्ष के पश्चात् निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। मानसिक तनाव एवं चोटादि का भय रहेगा। उत्तरार्द्ध में क्रोध की अधिकता से कार्य बिगड़ने के योग हैं। सावधानी बरतें।

सिंह—कारोबार में व्यस्तताएँ बढ़ेंगी। अत्यन्त कठिनाई से निर्वाह योग्य धन प्राप्ति होगी। खर्चों की अधिकता से मन परेशान रहेगा। गृहस्थ जीवन में तनाव की स्थिति रहेगी। शरीर कुछ अस्वस्थ रहेगा। उत्तरार्द्ध में विदेश सम्बन्धी योजना बनेगी।

कन्या—इस मास मिश्रितफल रहेगा। धन लाभ के साथ-साथ खर्च भी अत्यधिक रहेगा। घरेलू एवं व्यवसायिक उलझनों के कारण परेशानियाँ बढ़ेंगी। ता. 15 के पश्चात् आकस्मिक धन लाभ होंगे, परन्तु मनोरंजन एवं विलासादि कार्यों पर खर्च अधिक रहेंगे। देश-विदेश में सम्पर्क सूत्र बढ़ेंगे।

तुला—मासारम्भ में शुक्र लाभस्थान में है। उलझनों के बावजूद लक्ष्य प्राप्ति में सफलता मिलेगी। शुभ मांगलिक कार्यों पर खर्च होगा। आत्मीय-जनों के संसर्ग में महत्त्वकांक्षाएँ फलीभूत होंगी। विदेश सम्बन्धी शुभ सूचना मिलेगी। उत्तरार्द्ध में खर्चों की अधिकता होगी।

वृश्चिक—इस मास मिश्रितफल प्राप्त होगा। अत्यधिक भागदौड़ करने पर धन लाभ अल्प और मानसिक तनाव रहेगा। मासान्त में कुछ बिगड़े कार्यों में सुधार होगा। विद्या के क्षेत्र में नये सम्पर्कों से विशेष रुचि पैदा होगी। शुभ एवं धार्मिक कार्यों पर खर्च होगा।

धनु—इस राशि पर गुरु की स्थिति अभी रहेगी। जिससे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों की ओर रुचि बढ़ेगी। अच्छे लोगों के साथ सम्बन्ध बनेंगे। कुछ बिगड़े कामों में सुधार होगा। धन लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।

मकर—कार्य व्यवसाय में परिश्रम के पश्चात् लाभ की सम्भावना बढ़ेगी। विलासादि कार्यों पर खर्च अधिक होगा। परिवार में धार्मिक उत्सव एवं शुभ कार्य होंगे। भूमि व वाहनादि का क्रय-विक्रय करने का विचार बनेगा।

कुम्भ—व्यवसाय एवं नौकरी में उन्नति के लिए विशिष्ट व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त करें। विदेशी कार्यों में प्रगति व सफलता के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। धन लाभ में विघ्न उत्पन्न होंगे। परन्तु राशि पर शनि की स्वगृही दृष्टि पड़ने से कुछ बिगड़े काम बनेंगे।

मीन—कारोबार मध्यम रहेगा। विघ्न बाधाओं के बावजूद धन की प्राप्ति होगी। विलासादि कार्यों पर धन खर्च होगा। घर-परिवार की तरफ से चिन्ता उत्पन्न होगी। कुछ घरेलू परेशानियाँ, मानसिक तनाव होगा। मासान्त में स्थिति में सुधार होगा।

राशिफल—सितम्बर—सन् 2008 ई.

मेष—मासारम्भ से मेष राशि पर गुरु की शुभ एवं मंगल की स्वगृही दृष्टि पड़ रही है। जिससे आय की स्थिति में सुधार रहेगा। समुचित आय के साधन बनेंगे। किसी प्रियजन से मिलाप होगा। मासान्त में विलास, वाहन आदि कार्यों पर व्यय अधिक होगा।

वृष—मासारम्भ में शुक्र नीच है जिससे व्यवसाय में उतार-चढ़ाव एवं अन्य परेशानियाँ रहेंगी। स्थानपरिवर्तन एवं वृथा भागदौड़ भी होगी। ता. 19 के बाद शुक्र तुला राशि में जाने से बिगड़े कामों में कुछ सुधार होगा। सुख-साधनों में वृद्धि होगी।

मिथुन—मासारम्भ में बुध उच्चराशि में संचार करने से अप्रत्याशित लाभ की खुशी तो प्राप्त होगी पर व्यय भी अधिक होगा। विशिष्ट व्यक्तियों और समृद्ध मित्रों के सहयोग से अप्रत्याशित लाभ प्राप्त होगा। उत्तरार्द्ध में धर्म-कर्म में रुचि, शुभ कार्यों पर खर्च अधिक होंगे।

कर्क—मासारम्भ में कार्य-व्यस्तताएँ अधिक रहेंगी, परन्तु संघर्ष के बावजूद गुज़ारे योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। ता. 16 के पश्चात् कोई बिगड़ा हुआ काम बनेगा। कार्य-व्यवसाय में लाभ व पद उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। परन्तु शनि साढ़सति के कारण मानसिक तनाव व घरेलू उलझनें भी रहेंगी।

सिंह—मासारम्भ में सिंह राशि पर शनि व सूर्य का संचार है। जिससे कार्य-व्यवसाय में अत्यन्त संघर्षपूर्ण व कठिन हालात बनेंगे। आय के स्रोत सीमित रहें, परन्तु खर्चों में अधिकता रहेगी। मासान्त में धन का नुकसान होगा।

कन्या—परिश्रम व दौड़-धूप अधिक रहेगी। फिर भी निर्वाह योग्य धन की प्राप्ति होगी। कारोबार में कई उतार-चढ़ाव व आर्थिक परेशानियाँ रहेंगी। स्थान परिवर्तन के भी योग हैं। मासान्त में आर्थिक क्षेत्र में उन्नति के योग हैं। किसी उच्चाधिकारी के साथ सम्पर्क बनेंगे।

तुला—मासारम्भ में राशिस्वामी शुक्र नीच राशि में होने से व्यवसाय के सम्बन्ध में दौड़धूप एवं खर्च अधिक रहेगा। अत्यधिक परिश्रम करने पर भी धन लाभ अधिक नहीं हो पाएगा। ता. 19 से शुक्र तुला में ही होने से धन लाभ के चांस बनेंगे। बिगड़े कामों में सुधार होगा।

वृश्चिक—इस मास मिश्रित फल प्राप्त होगा। नौकरी व व्यापार में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। परन्तु पारिवारिक कारणों से लाभ कम होगा। भाई बन्धु से तनाव और परिवार में उलझनें बढ़ेंगी।

धनु—यद्यपि व्यवसाय में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। परन्तु विरोधियों के द्वारा अड़चनों के कारण विशेष लाभ में कमी होगी। किसी प्रिय बन्धु से मुलाकात लाभकारी रहेगी। इस राशि पर मंगल की दृष्टि पड़ने से आकस्मिक खर्च बढ़ेंगे।

मकर—किसी मित्र की सहायता से कोई बिगड़ा कार्य बनेगा। निर्वाह योग्य धन राशि के साधन बने रहेंगे। परन्तु शनि की ढैय्या की कारण आर्थिक परेशानियां तथा पारिवारिक व व्यवसायिक उलझनें भी होंगी। वाद-विवाद से बचें।

कुम्भ—मासारम्भ में इस राशि पर सूर्य व शनि की दृष्टि पड़ रही है। फलस्वरूप कार्य व्यवसाय में विघ्न व उलझनें अधिक रहेंगी। मानसिक तनाव व उत्तेजना भी बढ़ेगी। परन्तु उत्तरार्द्ध में निर्वाह योग्य आमदन के साधन बनते रहेंगे। धर्म-कर्म की ओर प्रवृत्ति भी रहेगी।

मीन—कुछ सोची हुई योजनाओं में आंशिक सफलता प्राप्त होगी। परन्तु मंगल की दृष्टि होने से धन का अधिक व्यय, मनोरंजन आदि कार्यों पर खर्च होगा। उत्तरार्द्ध में किसी विशिष्ट व्यक्ति के सम्पर्क से समाधान मिलेगा। देश-विदेश सम्बन्धी कार्यों में प्रगति होगी।

राशिफल–अक्तूबर–सन् 2008 ई.

मेष—राशिस्वामी मंगल की मेष राशि पर स्वगृही दृष्टि पड़ने से गत् रुके हुए कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। विदेशी सम्बन्धों से लाभ के चांस बनेंगे। उच्चप्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क बनेंगे। मास के द्वितीय भाग में वाहनादि पर खर्च होंगे।

वृष—मासारम्भ में कुछ शुभ समाचार मिलेंगे। धन लाभ व उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। परन्तु खर्चों की अधिकता से मानसिक तनाव होगा। ऐशो-आराम की चीजों पर धन का व्यय होगा। उत्तरार्द्ध में व्यर्थ की यात्रा होगी। इस राशि की स्त्रियों के लिए फल सामान्यत: शुभ होगा।

मिथुन—मासारम्भ में राशिस्वामी बुध उच्चराशि में होने से आय के साधनों में सुधार होगा। किसी प्रियजन से मुलाकात होगी। स्त्री व सन्तान की ओर से शुभ समाचार प्राप्त होगा। उत्तरार्द्ध भाग में घरेलू एवं व्यवसायिक उलझनों के कारण अशान्ति होगी। खर्च भी अधिक रहेंगे।

कर्क—मासारम्भ में आय कम और खर्च अधिक होगा। अकस्मात् विशिष्ट-जनों से सम्पर्क बढ़ेगा और वाहनादि सुखों पर धन व्यय होगा। ता. 20 के बाद व्यर्थ की भागदौड़, स्वभाव में तेज़ी और सांझेदारी के कार्यों में हानि के योग हैं।

सिंह—ता. 16 से राशि स्वामी सूर्य नीच राशि (तुला) में होगा, फलस्वरूप व्यवसाय में अत्यधिक संघर्ष के बाद निर्वाह योग्य आमदन के साधन बनेंगे। ता. 19 के बाद भूमि, मकान एवं वाहन सम्बन्धी क्रय-विक्रय करने की योजना बनेगी।

कन्या—आर्थिक उलझनों के कारण मन परेशान रहेगा। सोची योजनाओं में विघ्न-बाधाओं का सामना रहेगा। यात्रा में चोटादि का भय रहेगा। कठिन परिस्थितियों के बावजूद धन प्राप्ति के कुछ साधन बनते रहेंगे। परन्तु खर्चों की मात्रा अधिक होगी।

तुला—पूर्वार्द्ध भाग में शुक्र स्वराशिगत है, बिगड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। स्त्री सम्बन्धी सुखों में वृद्धि तथा व्यवसाय में भी धनागम के साधन बढ़ेंगे। गृह में कोई शुभ कार्य सम्पन्न होगा। विद्या में सफलता, जमीन-जायदाद सम्बन्धी कार्य में लाभ की सम्भावना होगी। उत्तरार्द्ध भाग में स्वास्थ्य नर्म एवं धन का अपव्यय रहेगा।

वृश्चिक—मासारम्भ में राशि स्वामी द्वादश भाव में होने से वृथा दौड़-धूप अधिक रहेगी। आय अल्प, परन्तु मनोरंजन आदि कार्यों पर सवारी आदि सुख-साधनों पर खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य में अस्थिरता होगी। मासान्त में कोई खुशी का समाचार प्राप्त होगा।

धनु—सोची हुई योजनाओं में आंशिक सफलता मिलेगी परन्तु अधिकांश समय वृथा कार्यों में व्यतीत होगा। ता. 3, 4 को किसी प्रियबन्धु से व्यर्थ का तनाव उत्पन्न हो। उत्तरार्द्ध भाग में विदेशी सम्पर्क से लाभ होंगे।

मकर—इस राशि पर मंगल की उच्चदृष्टि रहेगी। जिससे कठिन एव संघर्षपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। मान प्रतिष्ठा में वृद्धि तथा उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्बन्ध बढ़ेगा। नए मित्रों के साथ सम्पर्क भी बनेंगे।

कुम्भ—अत्यन्त कठिनाइयों के बावजूद गुज़ारे योग्य धन के साधन मिलते रहेंगे। दीर्घ लम्बी यात्रा की योजना बनेगी। किसी प्रिय बन्धु से मुलाकात होगी। अचानक खर्च बढ़ेंगे। घरेलू एवं व्यवसायिक उलझनें बढ़ेंगी। कार्तिक संक्रान्ति को कार्तिक माहात्म्य का पाठ व दान आदि करना शुभ होगा।

मीन—कारोबार मध्यम एवं धन लाभ साधारण रहेगा। रोज़गार के लिए दौड़-धूप अधिक होगी। किसी प्रियजन की सहायता से कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। पदोन्नति एवं मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

राशिफल–नवम्बर–सन् 2008 ई.

मेष—मासारम्भ में मेष राशि पर मंगल व गुरु दोनों योगकारक ग्रहों की दृष्टियाँ पड़ने से निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। पुरुषार्थ में वृद्धि होगी। ता. 8 से मंगल अष्टम में संचार करने से बनते कामों में विघ्न/बाधाएँ व खर्चों में वृद्धि होगी।

वृष—मासारम्भ में इस राशि पर शुक्र की स्वगृही दृष्टि रहेगी। जिससे अकस्मात् धन लाभ के चांस मिलेंगे। कुछ रुके हुए कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। ता. 7 से शुक्र अष्टम स्थान में जाने से बनते कामों में विघ्न पैदा होंगे। आय कम और खर्च अधिक रहेगा।

मिथुन—मासारम्भ में राशि स्वामी बुध पंचम शुभ स्थान में होने से अत्यधिक परिश्रम के बाद धन लाभ और सुख साधनों में वृद्धि होगी। धन का दुरुपयोग भी होगा। व्यर्थ की भागदौड़ और धार्मिक कार्यों पर खर्च होगी। उत्तरार्द्ध में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

कर्क—मासारम्भ में व्यर्थ की भागदौड़ अधिक और परिवार में कुछ मनमुटाव रहेगा। उत्तरार्द्ध में किसी मित्र की सहायता से रुके हुए कार्य बनेंगे। धन लाभ और परिवार में खुशी के अवसर मिलेंगे।

सिंह—इस राशि पर शनि की साढ़ेसाती का अशुभ प्रभाव रहेगा, जिससे बनते कामों में विघ्न और विलम्ब होगा। किसी से धोखा मिल सकता है। खर्चों की अधिकता से घरेलू वातावरण अशान्त रहेगा। शरीर कष्टमय रहेगा।

कन्या—राशिस्वामी बुध द्वितीय स्थान पर संचार करने से व्यापार-कारोबार में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। उच्च प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मेल-जोल और मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। 12-13 को पारिवारिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। धन सम्बन्धी परेशानियाँ उत्पन्न होंगी।

तुला—पूर्वार्द्ध में सूर्य इस राशि पर नीचावस्था में होगा जिससे व्यर्थ की भागदौड़ और खर्च अधिक होगा। स्वास्थ्य में खराबी और खर्च बहुत अधिक रहेंगे। कार्य-व्यवसाय में संघर्ष और परिश्रम करने पर ही निर्वाह योग्य धन प्राप्त होगा। उत्तरार्द्ध में बिगड़े कामों में सुधार होगा।

वृश्चिक—मासारम्भ में राशिस्वामी मंगल द्वादश भाव में होने से आय कम तथा खर्च अधिक रहेंगे। वृथा दौड़धूप भी बढ़ेगी। ता. 8 से मंगल इसी राशि में संचार करेगा। जिससे आय के साधनों में वृद्धि तथा कुछ बिगड़े कामों में सुधार होगा।

धनु—मासारम्भ में गुरु की शुभ स्थिति होने से इस मास में कुछ बिगड़े काम बनेंगे। सुख के साधनों में वृद्धि होगी। कुछ उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्बन्ध बनेंगे। मासान्त में घरेलू कलह के कारण मन विक्षिप्त रहेगा। परन्तु निर्वाह योग्य आय साधन बनते रहेंगे।

मकर—मासारम्भ से ही राशिस्वामी शनि अष्टम स्थान में होगा। अत्यन्त संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना रहेगा। यद्यपि धन प्राप्ति के अवसर मिलते रहेंगे परन्तु खर्च की अधिकता तथा विरोधियों के कारण मन में अशान्ति रहेगी।

कुम्भ—मासारम्भ में आय कम व खर्च अधिक रहेंगे। किसी प्रिय बन्धु से मिलाप होगा। अधिकांश समय उल्लासपूर्ण कामों में व्यतीत होगा। उत्तरार्द्ध भाग में गुज़ारे योग्य आमदन के साधन बनते रहेंगे। परन्तु कार्य-व्यवसाय में बाधाएँ अधिक रहेंगी।

मीन—अचानक धन प्राप्ति के साधन बढ़ेंगे और नौकरी में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। परन्तु व्यक्तिगत कारणों से उचित लाभ प्राप्त नहीं होगा। आय कम और खर्च की अधिकता रहेगी। ता. 15 के बाद प्रियजन से मुलाकात होगी। धर्म-कर्म में भी रुचि रहेगी।

राशिफल–दिसम्बर–सन् 2008 ई.

मेष—मंगल की अशुभ स्थिति के कारण मास के पूर्वार्द्ध भाग में आय कम व खर्च अधिक रहेंगे। कार्य-व्यवसाय में वृथा दौड़-धूप अधिक तथा बनते कामों में अड़चनें होंगी। उत्तरार्द्ध में निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे, परन्तु मनोरंजनादि कार्यों पर खर्च अधिक होंगे।

वृष—किसी विशिष्ट व्यक्ति के सहयोग से नौकरी व व्यवसाय में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। मनोरंजन कार्यों में विघ्न उत्पन्न होंगे। ता. 20 के पश्चात् मित्रों से मेलजोल और शुभ समाचार मिलेंगे। परन्तु शनि की ढैय्या आलस्य में वृद्धि, व्यर्थ का तनाव रहेगा। सावधानी बरतें।

मिथुन—इस मास मिश्रित फल प्राप्त होगा। नौकरी व व्यापार में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। परन्तु पारिवारिक कारणों से लाभ कम होगा। भाई-बन्धु से तनाव और परिवार में उलझनें बढ़ेंगी। ता. 20 के बाद लेन-देन करते समय व्यर्थ की परेशानी रहे।

कर्क—मासारम्भ से अकस्मात् किसी पारिवारिक परेशानी का सामना होगा। परन्तु ता. 9 से गुरु की इस राशि पर शुभ दृष्टि होने से कुछ रुके हुए कामों में सुधार होगा। आय के साधनों में वृद्धि होगी। परन्तु शनि की साढ़ेसती के कारण मानसिक तनाव रहेगा।

सिंह—उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी। आय के साधन बढ़ेंगे। निर्वाह योग्य धन की प्राप्ति होगी। स्त्री व सन्तान की तरफ से शुभ समाचार प्राप्त होगा। विदेशी मित्रों से समागम होगा। मासान्त में अधिकांश समय मनोरंजक कार्यों एवं वृथा खर्चों में व्यतीत होगा।

कन्या—अधिकांशतः धन मनोरंजन कार्यों पर खर्च होगा। घर में मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। घर-परिवार की तरफ से अकस्मात् खुशी का समाचार मिलेगा। वस्त्र लाभ, वाहन आदि सुख मिलेगा। किसी प्रियजन की तरफ से तोहफा मिलने की सम्भावना होगी।

तुला—कुछ रुके हुए कार्यों में सफलता के योग हैं। किसी उच्च प्रतिष्ठित मित्र के सहयोग से बिगड़ा कार्य बनेगा। धर्म-कर्म की ओर रुचि बढ़ेगी। परन्तु शुक्र राहुयुक्त होने के कारण मानसिक दबाव भी रहेगा। अधिकांश समय मनोरंजन एवं वृथा कार्यों में व्यतीत होगा।

वृश्चिक—निर्वाह योग्य धन लाभ संघर्ष के पश्चात् ही प्राप्त होंगे। मांगलिक कार्यों पर धन व्यय अधिक होगा। परिवारिक सुख एवं मनोरंजन में वृद्धि होगी। कुछ बिगड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। मासान्त में वृथा भागदौड़ एवं खर्च अधिक रहेंगे। शिव-उपासना लाभप्रद होगी।

धनु—पूर्वार्द्ध भाग में कार्य व्यवसाय के लिए दौड़ धूप अधिक रहेगी। अत्यधिक परिश्रम करने पर धन लाभ अल्प होगा। घरेलू उलझनें एवं आर्थिक परेशानियाँ अधिक रहेंगी। उत्तरार्द्ध भाग में कुछ बिगड़े काम बनेंगे। उच्च-प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क बढ़ेंगे।

मकर—इस मास में राहु के कारण व्यवसाय में संघर्ष व भागदौड़ अधिक होगी। व्यर्थ चिन्ता और बनते कार्यों में विलम्ब होने के योग हैं। उत्तरार्द्ध में परिवार में खुशी का समाचार प्राप्त होगा। विदेश से पत्राचार भी होने के योग हैं। सवारी आदि पर खर्च अधिक होगा।

कुम्भ—अत्यधिक संघर्ष के बावजूद कार्यों में सफलता और विजयी होगी। धन और सुख साधनों में आंशिक वृद्धि होगी। मासान्त में मित्रों की तरफ से तोहफे मिलेंगे। विदेशी मित्रों व सम्बन्धियों से मिलाप होगा। भोग-विलास की वस्तुओं पर अधिक खर्च होगा।

मीन—पूर्वार्द्ध भाग विघ्न-बाधाओं के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। गृह में कोई मंगल कार्य होगा। विदेश सम्बन्धी कार्यों में प्रगति होगी। मासान्त में बनते कामों में विघ्न रहेंगे। आकस्मिक खर्चों में वृद्धि होगी।

वि. संवत् २०६५ में सम्वत्सर, राजा-मन्त्री आदि का फल

ॐ स्वस्ति नः श्री गणेशाय नमः। अचिन्त्याव्यक्तरूपाय निर्गुणाय गुणात्मने। समस्त जगदाधार मूर्तये ब्रह्मणे नमः। आदौ गणपतिं नमस्कृत्य प्रणम्य च पूर्वजानहम्- चन्द्रमिश्रं तत्पुत्रं रामजी दत्तस्य सूनं विश्वविख्यातं पण्डित देवी दयालुं स्व प्रपितामहम् स्मरन् भक्त्या लोकहितार्थाय सुख सम्पत्ति हेतवे। **प्लव** नामक नवविक्रमी सम्वत्सरे शुभे त्रित्रिंशत्योत्तर शत वर्षाणि (१३३) वर्ष प्रवेशे पं० पन्नालाल अहं प्रपौत्र पण्डित देवी दयालु मशहूर आलम ज्योतिषी, स्वपुत्रौ सहिताहं कूर्वे पंचांग दिवाकरम्॥

सृष्टि सम्वत् १९५,५८,८५,१०९ के अन्तर्गते, श्रीविक्रमी संवत् २०६५, कलि (कल्कि) संवत् ५१०९, श्रीकृष्ण सम्वत् ५२४४, सप्तर्षि संवत् ५०८४, श्रीबुद्ध संवत् २६३१/३२, श्रीमहावीर निर्वाण संवत् २५३३/३४, शक संवत् १९३०-३१, हिजरी सन् १४२९-३०, इंग्लिश सन् २००८-०९ ई., खालसा संवत् ३१०, नानकशाही सम्वत् ५४०, सृष्टि संवत् के अन्तर्गत सतयुग प्रमाण १७२८०००, त्रेतायुग १२९६०००, द्वापर युग प्रमाण ८६४००० एवं कलियुग का प्रमाण ४३२००० वर्षों का होता है।

प्लव नामक सम्वत्सर का फल

बार्हस्पत्यमान ३५वाँ **प्लव नाम का नया सम्वत् २०६५, चैत्रशुक्ल प्रतिपदा, ६ अप्रैल, सं० २००८ ई०, रविवार से प्रारम्भ होगा।** (देखें पृष्ठ—) शुभ संकल्प एवं धार्मिक अनुष्ठान आदि कार्यों में प्लव नामक सम्वत्सर का प्रयोग प्रशस्त रहेगा। शास्त्रों में इसका फल इस प्रकार से वर्णित है—

प्लवाब्दे निखिलाधात्रीवृष्टिभिः प्लाविता भवेत्।
रोगाकुलात्वीतिभीतिः सम्पूर्णवत्सरे फलम्॥

अर्थात् जिस वर्ष **प्लव नामक सम्वत्** का आगमन हो, उस वर्ष पृथ्वी पर वर्षा बहुत हो, अधिकांश लोग विचित्र प्रकार के रोगों से दुःखी हों। लोग विभिन्न प्रकार के प्राकृतिक प्रकोपों; जैसे टिड्डीदल, विषाक्त कीटाणुओं, अल्पवृष्टि, अनावृष्टि, अतिवृष्टि, भूस्खलन, अग्निकाण्ड, बाढ़, भूकम्प एवं दुर्घटनाओं आदि आपदाओं के कारण भयभीत एवं दुःखी होवें। कहीं चौपायों को पीड़ा एवं कृषि की हानि के कारण अनाज की कमी तथा दूध, जल आदि पेय वस्तुओं की कमी का सामना हो।

नारद संहितानुसार **प्लव नामक** संवत्सर आने पर राजा (प्रशासक) वर्ग विशेष तौर पर शोभायमान एवं लाभान्वित होते हैं। प्रजा के भी विशेष वर्गों में नित्य नए उत्सव या पर्व होते हैं। पृथ्वी पर सुख के साधनों में वृद्धि होती है—

दीप्यन्ते सततं भूपाः प्लवाब्देप्लवगा जनाः।
राजते पृथिवी सर्वा सततं विविधोत्सवैः॥ (नारद संहिता)

❑ रोहिणी का वास सन्धि पर ❑

खण्डवृष्टिः तदा सर्वधान्याप्तयः—यदि रोहिणी का वास सन्धि पर होगा जिससे देश में खण्ड अर्थात् आसमान वर्षा रहेगी, कुछ प्रदेशों में अत्यधिक वर्षा के कारण कहीं बाढ़, भूस्खलन, कृषि आदि की हानि हो और कुछ प्रदेशों में अल्पवर्षा के कारण फसलों एवं अनाज में कमी रहे। गेहूँ, धान्यादि के मूल्यों में तेजी हो। कुछ प्रदेशों में खण्ड वर्षा के बावजूद गुज़ारे योग्य कृषि के साधन उपलब्ध होंगे।

समय (सम्वत्) का वास—सर्वधान्यं महर्घं, स्यात् वणिकवेश्मनि संस्थिते॥ वैश्य के घर में होगा, जिससे सम्वत् के दौरान धन का प्रसार अधिक रहेगा। महंगाई बढ़ेगी, व्यापार में स्वार्थपरता एवं धन-लोलुपता बढ़ेगी। क्रय-विक्रय में लगे व्यापारी लोग विशेषतः लाभान्वित होंगे। अमीर और ग़रीब के मध्य आर्थिक दूरियाँ और बढ़ेंगी। सर्व प्रकार के खाद्यान्न और दैनिक जीवनोपयोगी **वस्तुओं में तेजी,** सामान्य वर्ग में असन्तोष बढ़ेगा।

समय (सम्वत्) का वाहन—अश्व होने से साल में असमान (खण्ड) वर्षा रहेगी। अर्थात् कहीं बहुत अधिक तो कहीं अत्यल्प वर्षा रहे। अनेक प्रदेशों में कहीं बाढ़, भूस्खलन, कृषि हानि आदि प्राकृतिक उत्पाद हों। राजनीति के क्षेत्रों में भी उथल-पुथल एवं अनिश्चितताएं रहें। अधिकांश लोग बाह्य आकर्षणों में आसक्त होंगे।

१. सम्वत् के राजा सूर्य का फल—

सूर्ये नृपे स्वल्पफलाश्च मेघाः स्वल्पं पयो गौषु जनेषु पीडा।
स्वल्पं सुधान्यं फलं अल्पवृक्षाश्चौराग्नि बाधानिधनं नृपाणाम्॥

संवत् का राजा सूर्य हो, तो उस वर्ष देश के कुछ भागों में उपयोगी वर्षा की कमी रहे। गायों, भैसों आदि में दूध की कमी रहे। सामान्य लोगों में विग्रह, कलह-क्लेश, दुःख एवं कष्टादि अधिक हों। वृक्षों में फल, फूल एवं मौसमी फल कम लगें। धान्य, ईख आदि की फसल कम हो। चोरी, डकैती, लूटमार, रेल यान, वाहन, अग्निकाण्ड आदि की वारदातें अधिक होंगी। जातीय एवं साम्प्रदायिक उपद्रव अधिक घटित हों। किसी राजकीय नेता का आकस्मिक निधन हो।

स्थानभेद से राजा चन्द्र का फल—अक्षांश भेद से सूर्योदय में अन्तर होने के कारण उत्तर एवं उत्तर-पश्चिम भारत को छोड़कर शेष भारत में राजा चन्द्र (स्पष्टता के लिए देखें पृष्ठ 72, 73) होगा।

चन्द्रे नृपे मंगल शोभनानि प्रभूतवृष्टिः प्रचुरं च धान्यम्।
[illegible] नृपाणां प्रशाम्यति व्याधि जरानराणाम्॥

वर्ष का राजा चन्द्रमा होने से वर्षभर लोगों में शुभ, मंगल कार्य अधिक होंगे। वर्षा अधिक तथा धान्यादि की फसल अच्छी होगी। प्रजा और राजनेताओं (शासकवर्ग) में सुख-साधनों के प्रसार में वृद्धि होगी तथा परस्पर सद्भावना एवं विश्वास बढ़ेगा। कुछ असाध्य रोगों सम्बन्धी नवीन अनुसंधान होंगे तथा उनके निवारण (उपाये) विकसित होंगे। नए राजाओं का उदय अर्थात् शासक-वर्ग एवं राजनेताओं का प्रभुत्व बढ़ेगा। अनाज, धान्य, मौसमी फलों, चावल की अच्छी पैदावार होगी। स्त्रियों का प्रभाव क्षेत्र बढ़ेगा।

२. मन्त्री सूर्य का फल—

नृपभयं गदतोऽपि हि तस्करात् प्रचुर धान्यधनादि महीतले।
रसचयं हि समर्धतमं तदा रवि रमात्यपदं हि समागतः॥

जिस वर्ष सूर्य को मन्त्री पद प्राप्त हो, उस वर्ष राजाओं को भय अर्थात् प्रशासकों में परस्पर विरोध एवं टकराव बढ़े। (केन्द्र व राज्य सरकारों में मतभेद रहेंगे) पृथ्वी पर धन-धान्य आदि सुख साधनों का प्रसार अधिक बढ़े, परन्तु राजाओं (प्रशासन), चोरों-लुटेरों एवं रोगों का आधिक्य भी रहे। पेयजल, दूध, तैल, ईख, फल, सब्जियाँ इत्यादि रसदार वस्तुओं की कमी एवं उनमें समर्घता (तेजी) हो। अन्य जनोपयोगी वस्तुओं के भावों में भी तेजी हो।

राजा और मन्त्री एक ही ग्रह सूर्य

ध्यान रहे, इस वर्ष राजा और मन्त्री के दोनों पद सूर्य के पास हैं। जिस वर्ष राजा का पद और मन्त्री का पद एक ही ग्रह के पास हो, तो उस वर्ष विभिन्न देशों के राजनेता, निरंकुश, स्वार्थपूर्ण एवं मनमाना आचरण करेंगे। अग्निकाण्ड, भूकम्प, बाढ़ आदि प्राकृतिक प्रकोप तथा साम्प्रदायिक हिंसक एवं जातीय उपद्रव अधिक होंगे। कहीं वर्षा में कमी और ऊष्णता (गर्मी) ज्यादा रहे। लोगों में क्रोध और आवेश के कारण हिंसक घटनाएं अधिक होंगी। सत्तारूढ़ राजनेताओं एवं विपक्षी नेताओं के मध्य टकराव व खींचातानी अधिक हो। अनाज, फलों, सब्जियों व धानादि की पैदावार कम हो। चोरी, डकैती, लूटमार, अग्निकाण्ड एवं लोगों में क्लिष्ट रोग, तनाव एवं मनोरोग अधिक हों। **अनाज में तेजी के कारण व्यापारी लोग अच्छा मुनाफा उठाएँ।**

स्वयं राजा स्वयं मन्त्री जनेषु रोगपीडा चौराग्नि-शंका च भयं नृपाणाम्॥

३. सस्येश बुध का फल—

जलधरा जलराशिमुचो भृशं सुखसमृद्धियुतं निरुपद्रवम्।
द्विजगणः श्रुतिपाठकरः सदा प्रथम सस्यपतौ सति बोधने॥

सस्येश (ग्रीष्मकालीन फसलों का स्वामी) बुध हो, तो उस वर्ष बादलों से वर्षा खूब अच्छी हो, देश में सुख-समृद्धि बढ़े, आतंक एवं उपद्रव की घटनाओं में अपेक्षाकृत कमी हो। ब्राह्मण लोग वेद-श्रुति पाठ, यज्ञादि धर्म कार्यों में प्रवृत्त होने लगेंगे। गेहूँ, चने, बाजरा आदि ग्रीष्मकालीन फसलें अच्छी हों।

४. धान्येश चन्द्र का फल—

चन्द्रे धान्याधिपे जाते प्रजावृद्धिः प्रजायते।
गोधूमाः सर्षपाश्चैव गोपुक्षीरं तदावहु॥

अर्थात् धान्य का स्वामी चन्द्रमा हो, तो उस वर्ष जनसंख्या में विशेष वृद्धि होती है। शीतकालीन फसलें जैसे धान्य, चावल, ईख, (गन्ना), गोदूध, कपास आदि वस्तुओं की पैदावार में वृद्धि होगी।

५. मेघेश शनि का फल—

रविसुते जलदस्यपतौ भवेद् विरल वृष्टिवती वसुधा तदा।
मनसि तापकरो नृपतिः सदा विविध रोगरता जनता मता॥

मेघेश (वर्षा का स्वामी) शनि हो, तो पृथ्वी पर विरली वर्षा हो—अर्थात् कहीं अल्प वर्षा हो, और कहीं अति वृष्टि के कारण बाढ़ादि से जन, धन व कृषि की हानि हो। लोग कई प्रकार के रोगों से पीड़ित रहें। प्रशासक एवं नेता लोग मन में क्षोभ एवं सन्ताप करें।

६. रसेश गुरु का फल—

यदि गुरू रसपो जनसौख्यदः कमलवन्ति सरांसि तृणानि च।
जनपदाद्विजपूजनतत्परा गजसुवाजि रथोष्ट्रयुता नृपाः॥

यदि गुरु रसाधिपति हो, तो वर्ष में भौतिक एवं शारीरिक सुखों की वृद्धि हो। घास, तृण, फल-फूलदार वृक्षों की पैदावार अच्छी हो। जनसाधारण विद्वान् ब्राह्मणों की सेवा-सत्कार में तत्पर हों। राजा अर्थात् समाज का नेतृत्व करने वाले नेता लोग हाथी, घोड़े, वाहनादि सुख-साधनों से सम्पन्न हों।

७. नीरसेश मंगल का फल—

नीरसेशोयदा भौमः प्रवाल रक्त वाससाम्।
रक्त चन्दन ताम्राणां अर्ध-वृद्धि र्दिनेदिने॥

धातुओं (नीरसेश) का स्वामी मंगल होने से माणिक्य, मूँगा, पुखराज आदि रत्न, लाल वस्त्र, लाल चन्दन, सोना, पीतल, तांबा, लाख आदि लाल वर्ण की वस्तुओं के मूल्यों में दिन-प्रतिदिन वृद्धि होगी।

८. फलेश शनि का फल—

यदि शनिः फलपः फलहा भवेत् जनित पुष्पगणस्य दमः सदा।
हिम भयं वर तस्कर जन्तुभीः जनपदो गदराशि महाकुलः॥

फलों का स्वामी शनि हो, तो विभिन्न प्रकार के फलों की कृषि को हानि हो, पुष्पादि के वृक्षों पर भी फूलादि कम लगें। पर्वतीय प्रदेशों पर कहीं असमय हिमपात (बर्फबारी) से हानि हो। चोरी, ठगी, लूटमार, बेईमानी की घटनाएँ अधिक घटित हों। पेचीदा रोगों के कारण अधिकांश लोग व्याकुल रहें।

९. धनेश मंगल का फल—

असम मौल्य करोधरणीसुतः शरदि तापकरस्तुष धान्यहृत्।
सहसिमासि भवेद्विगुणंतदानरपतिः जनशोक विधायकः॥

धनाधिपति मंगल हो, तो व्यापारिक वस्तुओं के मूल्यों में विशेष उतार-चढ़ाव हों। अर्थात् व्यापार में अस्थिरता रहे। असमय वर्षा के कारण गेहूँ, जौं, चने, धान्य आदि की फसलों को हानि पहुँचे। पहले से संग्रह की गई व्यापारिक वस्तुओं को मार्गशीर्ष मास में विक्रय करने से दोगुणा लाभ हो। अधिकांश राजनेता प्रजा में दुःखों का कारण होवें।

१०. दुर्गेश (सेनापति) शनि का फल—

रविसुतेगढपालिनि विग्रहे सकलदेशगताश्चलिता जनाः।
विविधवैरि विशेषित नागराः कृषि धनं शलभैर्मुषितं भुवि॥

सेनापति (दुर्गेश) शनि हो, तो अनेक देशों में आन्तरिक दंगे, फिसाद एवं युद्धभय से आतकिंत लोगों को अन्य स्थानों को पलायन करना पड़े। लोगों में जातीय एवं साम्प्रदायिक झगड़े-फिसाद एवं टकराव की घटनाएँ हों। कहीं चूहों, विषाक्त कीटाणुओं, टिड्डियों, अनावृष्टि, अतिवृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से भारी हानि हों।

❑ नवमेघों में काल नामक मेघ का फल ❑

रोगतो विकलता व पुष्पतास्यन्मिथः कलहताक्षमाभृताम्।
काल नाम जलदोदयो यदानैव वर्षति जलं वृषा तदा॥

अर्थात् काल नामक मेघ हो, तो सामान्यतः अच्छे लोग रोग, पीड़ा आदि शारीरिक एवं आर्थिक कष्टों से पीड़ित एवं व्याकुल रहें। प्रशासकों में परस्पर विरोध एवं टकराव के हालात बनें। उपयोगी वर्षा में कमी रहे।

द्वादश नागों में वृष नाम के नाग का फल—

सस्यादिकाल्पत्वं सुतराम ईतितो भयम्॥

वृष नामक नाग राजा होने से वर्ष में अनाजादि की फसलें कम हों। कीट, पतंगों, कीटाणुओं, टिड्डी-दल, विषाक्त वातावरण आदि प्राकृतिक [illegible]

शनि की दृष्टि—गत संवत् २०६४ में 16 जुलाई, 2007 ई० से सिंह राशि में संचार कर रहा है। संवत् २०६५ में शनि वर्षभर सिंह राशि में ही संचार करेगा। इस राशि में संचार के दौरान शनि वृष, तुला व कुम्भ राशियों पर विशेष दृष्टियां रखेगा तथा कर्क, सिंह व कन्या राशि वाले जातक व राष्ट्रों पर शनि की साढ़ेसति का प्रभाव होगा। उपरोक्त राशियों पर दृष्टियों के फलस्वरूप शनि का भारत एवं विश्व के दक्षिण-पश्चिम भागों पर विशेष दृष्टिपात रहेगा। सिंह राशि में संचरण काल के समय वृष, तुला व कुम्भ राशि वाले प्रान्तों एवं देशों पर दृष्टिपात के समय विशेष उतार-चढ़ाव, मानसिक उलझनें तथा आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा तथा इनसे सम्बन्धित प्रान्तों विशेषकर दिल्ली, काश्मीर, प्रान्तों में सत्तारूढ़ केन्द्रीय सरकारों के लिए अग्निपरीक्षा का समय होगा। राजनैतिक उथल-पुथल, सत्ता-परिवर्तन, आतंकवादी, विस्फोटक एवं हिंसक घटनाएँ घटित होने के प्रबल संकेत हैं। दक्षिणी-पूर्वी प्रदेशों में बाढ़, समुद्री तूफ़ान, भूस्खलन, महामारी, भूकम्प, यान-दुर्घटना, अग्निकाण्ड, सड़क दुर्घटनाएँ आदि प्राकृतिक प्रकोपों से भारी कृषि, धन एवं जनहानि होने की सम्भावनाएँ होंगी।

जल आदि चार स्तम्भों का फल—संवत् २०६५

(१) जल स्तम्भ—चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र का सम्पर्क मात्र 56.5% प्रतिशत हुआ है। फलस्वरूप आगामी वर्ष कुछ प्रदेशों में मध्यम से कुछ अधिक स्तर पर वर्षा होगी। मध्य एवं पूर्वी क्षेत्रों में जैसे बिहार, उड़ीसा, असम, प. बंगाल, उत्तर प्रदेश आदि में समुचित वर्षा होने के संकेत हैं। कुछ प्रदेशों में उपयोगी वर्षा की कमी होगी। कहीं बाढ़ से क्षति तो कहीं वर्षा, पेयजल एवं अनाज की कमी के कारण संकट का सामना होगा। भूगत जलस्तर में कुछ बेहतरी होगी।

(२) तृण स्तम्भ—वैशाख शुक्ल प्रतिपदा को भरणी का सम्पर्क 41% प्रतिशत हुआ है। फलस्वरूप घास, तृण, बांस, पुष्प, जड़ी-बूटियों, पौधे एवं वनस्पतियों की पैदावार गतवर्ष की अपेक्षा अच्छी होगी। पशुचारा घास आदि का उत्पादन कुछ बेहतर होगा। परन्तु दूध, पनीर, मक्खनादि पदार्थ महंगे होंगे।

(३) वायु-स्तम्भ—ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को मृगशिर नक्षत्र का सम्पर्क 71% प्रतिशत है, फलस्वरूप वायु वेग, तेज आन्धियाँ व तूफानों से खड़ी-फसलों व जन व धनादि सम्पदा को हानि पहुँचेगी। कुछ क्षेत्रों में वायु का दबाव बढ़ेगा।

(४) अन्न स्तम्भ—आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को पुनर्वसु नक्षत्र का सम्पर्क 81.1% प्रतिशत है। फलस्वरूप विपरीत जलवायु के बावजूद कुछ प्रदेशों में गेहूँ, चने, चावल, मक्का, ईख, धान्यादि की पैदावार अच्छी होगी। पूर्वसंग्रह करके आषाढ़-श्रावण में विक्रय [illegible] रहेंगे।

● वर्षादि के विश्वमान ●

वर्षादि विश्वा का कुल मान २० विश्वे होते हैं। जिस पदार्थ (विषय) के विश्वा १ से २० अंकों के मध्य जितने अधिक (२० अथवा उसके समीपस्थ) होंगे, उस वस्तु के उत्पादन की मात्रा उतनी अधिक होगी। जैसे आगे सं. २०६५ में धान्य के विश्वे ११ लिखे हैं, इसका तात्पर्य यह हुआ कि आगामी वर्ष धान्य का उत्पादन मध्यमस्तरीय होगा।

वर्षा ७, धान्य ११, तृण १५, शीत १५, तेज ११, वायु ११, वृद्धि १५, क्षय १५, विग्रह १३, क्षुधा १५, तृषा १३, निद्रा ९, आलस्य ५, उद्यम ५, शान्ति १५, क्रोध १३, दंभ ५, लोभ ३, मैथुन १५, रस ९, फल १३, उत्साह ९, उग्रता ११, पाप ९, पुण्य १३, व्याधि ११, व्याधिनाश ७, आचार ५, अनाचार ९, मृत्यु ५, जन्म १३, देश-उपद्रव १, देश-स्वास्थ्य ५, चोरभय ११, चोरनाश ३, अग्नि १७, अग्निशांत ५, उद्भिज ११, जरायुज ३, अण्डज ९, स्वेदज १५, टिड्डी ५, तोता ११, मूषक १५, सोना ११, तांबा ९, स्वचक्र ७, परचक्र ९, वृष्टि ११, अनावृष्टि १९॥

गुर्रा फल विचार (सन् 2008-09 ई.)

इस्लामी मतानुसार वर्ष कुं.

४ | २ | ५ श. के. | ३ मं. | १ | ६ | १२ | ९ | ७ | सू. गु. | ११ रा. | १० | ८ शु. | चं. बु.

हिजरी सन् 1429

गत संवत् २०६४ में पौष शुक्ल द्वितीया, गुरुवार, तदनुसार 10 जनवरी, सन् 2008 ई. को 1 मुहर्रम (यकम) हिजरी सन् 1429 प्रारम्भ होगा। गुरुवार को हिजरी सन् का प्रारम्भ होने से इस्लामी मतानुसार बादशाह साल गुरु (बृहस्पति) होगा। 1 मुहर्रम से एक दिन पूर्व चन्द्रदर्शन वाले दिन 9 जनवरी, सन् 2008 ई., बुधवार को सूर्यास्त के समय 17 घं. 39 मिं. पर मिथुन लग्न में मुस्लिम मतानुसार नववर्ष का उदय होगा।

मुस्लिम राष्ट्रों की इस नववर्ष कुंडली में वर्ष का बादशाह गुरु (बृहस्पति) सप्तम भाव में सूर्य युक्त होकर मंगल के साथ समसप्तक योग बना रहा है। ग्रहस्थिति अनुसार पाकिस्तान, अफ़गानिस्तान, ईराक, ईरान, सूडान, सऊदी अरब आदि कट्टरवादी मुस्लिम देशों को अत्यन्त गम्भीर राजनैतिक, आर्थिक एवं सामाजिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। पाक, अफ़गानिस्तान, ईराक आदि कुछ कट्टरपंथी देशों में अनेक स्थलों पर विस्फोटक घटनाएं घटित होंगी। ये देश स्वयं आतंकवाद की आग में झुलसने लगेंगे। इन देशों में हिंसक आतंकवादी गतिविधियों में विशेष वृद्धि होगी। भारतादि पड़ोसी देशों के साथ युद्ध का भी भय है। मुशर्रफ सरकार लोकतांत्रिक ढाँचे की स्थापना में विलम्ब करेगी। इन देशों में साम्प्रदायिक दंगे, फिसाद एवं विस्फोटक घटनाएँ अधिक होने के योग हैं। पाकादि इस्लामी देशों के लिए आगामी वर्ष अनिष्टकर होगा।

इस्लामी नववर्ष कुण्डली

4 के. | 2 | 5 श. | 3 | 1 | 6 | 12 | 9 | 11 | 7 | सू. मं. | 8 | गु.10 चं. बु. रा. | शु.

हिजरी सन् 1430

संवत् २०६५ वि. में पौष शुक्ल तृतीया, मंगलवार तदनुसार 30 दिसम्बर, सन् 2008 ई. को 1 मुहर्रम (यकम) को हिजरी सन् 1430 प्रारम्भ होगा। मंगलवार को हिजरी सन् का प्रारम्भ इस्लामी नववर्ष कुं. होने से सन् 2009 में वर्ष का बादशाह मंगल (मरीख) होगा। फलस्वरूप दिसं., 08 से मुस्लिम देशों में अग्निकाण्ड, उपद्रव, हिंसक एवं विस्फोटक घटनाएं अधिक होंगी। कहीं प्रत्याशित रूप से सत्ता-परिवर्तन के भी योग हैं। प्रजातान्त्रिक गतिविधियों के बावजूद जनरल मुशर्रफ की पक्षपातपूर्ण नीतियों के विरुद्ध कुछ विरोधी गुट उग्र प्रदर्शन, हिंसक एवं विस्फोटक कार्यवाहियां करेंगे। गर्मी-खुश्की व त्वचा के रोग अधिक होंगे। गुरु-शनि के मध्य षडाष्टक योग होने से पाक आदि बहु-मुस्लिम राष्ट्र में वर्तमान मुशर्रफ सरकार को जबरदस्त राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक चुनौतियों का सामना रहेगा।

वि. संवत् 2065 में लाभ-हानि चक्र

(विंशोतरी मतानुसारेण)

आगामी वर्ष में आपको जिस राशि का लाभ-हानि का विवरण ज्ञात करना हो, तो आप निम्नलिखित अपनी राशि के नीचे लिखे लाभ-हानि के अंकों को जमा कर दें, फिर कुल जमा अंक में से 1 कम करके जोड़ को 8 से भाग दे देवें। भाग करने के पश्चात् यदि 1 बचे तो आगामी वर्ष में धन लाभ अच्छा रहेगा। मनोवांछित योजनाएँ सफल होंगी। मनोरंजक कार्यों की ओर रूचि बढ़ेगी। यदि शेष 2 बचे तो, धन लाभ मध्यम पर शुभ कार्यों पर खर्च अधिक होगा। यदि शेष 3 बचें तो लाभ कम, खर्च (अपव्यय) अधिक रहेगा। व्यर्थ भाग-दौड़ अधिक रहेगी और घरेलू उलझनें बढ़ेंगी। यदि शेष 4 बचें तो, मानसिक तनाव, शरीर कष्ट और रोगादि पर खर्च हो, आर्थिक समस्याएँ उत्पन्न हों। यदि शेष 5 बचें तो लाभ कम तथा फिजूलखर्ची अधिक रहेगी। बनते कार्यों में विघ्न पड़ेगा। यदि शेष 6 बचे तो, भाग्योन्नति और धन लाभ के मार्ग प्रशस्त होंगे। कोई बिगड़ा कार्य बनेगा। यदि शेष 7 बचें तो, व्यापार, लाटरी, सट्टे आदि द्वारा अकस्मात् धन लाभ होगा। ज़मीन-जायदाद आदि कार्यों पर खर्च होगा। आय के साधनों में भी वृद्धि होगी। यदि 8 अर्थात् 0 बचे, तो उस वर्ष लाभ कम व खर्च अधिक रहेगा। मानसिक परेशानियां भी बढ़ने के संकेत हैं।

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
लाभ	14	8	14	8	11	14	8	14	11	5	5	11
हानि	11	5	2	14	11	2	5	11	2	5	5	2

--सूर्य आर्द्रा प्रवेश फल--संवत् २०६५---

वि. संवत् २०६५ में सूर्यदेव आषाढ़ कृष्ण पक्ष, तृतीया तिथि, शनिवार तदनुसार 21 जून, 2008 ई. को उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, ऐंद्र योग एवं मकर राशिस्थ चन्द्रकालीन रात्रि ९ घं. 43 मिं. (21/43 भा. स्टैं. टा.) पर मकर लग्न कालीन आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे।

आर्द्रा प्रवेश कुण्डली
21-06-2008 ई.

१ (लग्न), १० चं. रा., ११, १२, २ बु., ३ सू. शु., ४ के., ५ मं. श., ६, ७, ८, ९ गु.

सूर्यदेव का आर्द्रा प्रवेश पृथ्वी तत्त्व प्रधान लग्न एवं राशि (मकर) में हुआ है। लग्नेश शनि अष्टम भावस्थ शत्रुराशिगत एवं मंगल के साथ है। यद्यपि इन पर गुरु की शुभ दृष्टि है। जल तत्त्व प्रधान ग्रह शुक्र छठे भाव सूर्य के साथ अस्तगत है। फलस्वरूप पर्याप्त वर्षा होने पर भी कई स्थलों पर अनुकूल एवं उपयोगी वर्षा में कमी रहेगी। जल स्तम्भ भी मध्यम स्तरीय 56% है। चन्द्रमा भी राहु आक्रान्त होने से कहीं अत्यधिक वर्षा से कृषि की हानि तथा कहीं कम उपयोगी वर्षा की कमी से सूखे के हालात बनेंगे। शुक्र एवं शनि पर गुरु की शुभ दृष्टि पड़ने से यद्यपि उत्पादन में वृद्धि परन्तु गेहूँ, गन्ना, मक्का आदि फसलों की पर्याप्त आकांक्षित पैदावार नहीं हो सकेगी। फलस्वरूप मूल्यों में वृद्धि होगी।

तृतीया तिथि को आर्द्रा प्रवेश होने से ईतिभीति तथा चौरभय बने। शनिवार एवं उत्तराषाढ़ा नक्षत्र कालीन प्रवेश होने से लोगों के स्वास्थ्य की हानि, विचित्र प्रकार के रोगों में वृद्धि तथा विचारशीलता में भी कमी रहे। लोग निजी स्वार्थों में अधिक प्रवृत्त हों।

शनैश्चरस्य वारेचेद्रविरादांगतोयदि।
कृशतातर्हि लोकानांनि तांतमंदबुद्धिता॥

आर्द्रा प्रवेश ऐंद्र योग में होने से कुछ क्षेत्रों में पर्याप्त वर्षा भी होने के योग हैं। कृषि उत्पादन में लाभदायक वृद्धि होने के योग हैं।

ऐंद्राभिधानयोगे .... त्रिलोचनस्यनक्षत्रंतदानीं जलवर्षणम्॥

—आर्षमान द्वारा रक्षा फल विचार—

आर्षमान को वर्ष में राष्ट्र की रक्षा के चार दुर्गों (किले) एवं समृद्धि का प्रतीक माना जाता है—

(१) प्रथम आर्ष—गतवर्ष की पौष अमावस्या को मूल नक्षत्र के स्पर्श से माना जाता है। मूल नक्षत्र का स्पर्श लगभग 22 प्रतिशत है।

(२) द्वितीय आर्ष—वैशाख शुक्ल तृतीया को रोहिणी नक्षत्र 50 प्रतिशत है।

(३) तृतीय आर्ष—श्रावण पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र 46 प्रतिशत है।

(४) चतुर्थ आर्ष—कार्तिक पूर्णिमा को कृतिका नक्षत्र केवल 4.5 प्रतिशत है।

फल—इस वर्ष रक्षा के दो दुर्ग मध्यम नली तथा दो दुर्ग अल्पबली है। फलस्वरूप सुरक्षा, समृद्धि, राजनैतिक एवं सामाजिक दृष्टि से यह वर्ष विशेष उलझन एवं असमंजसपूर्ण रहेगा। अन्तर्राष्ट्रीय, आर्थिक एवं रक्षा के क्षेत्र में प्रगति में बाधाएं रहेंगी। कहीं भयंकर विस्फोट, राज्य-परिवर्तन एवं युद्धादि से अशान्ति का वातावरण बने।

सोमवती एवं भौमवती अमावस्या का माहात्म्य

सोमवार से युक्त अमावस्या का शास्त्रों में विशेष माहात्म्य कहा गया है। **स्कन्द पुराण** के अनुसार सोमवार और अमावस्या का योग कभी-कभी होता है। इस दिन भगवान् शिव के दर्शन करके पूजन आदि करने का विशेष महत्त्व होता है। विशेषकर सोमेश्वर महादेव की पूजार्चना करने से कोटि (करोड़ों) यज्ञों का फल प्राप्त होता है—

अमासोमेन संयुक्ता कदाचिद् यदि लभ्यते।
तस्यां सोमेश्वरं दृष्ट्वा कोटियज्ञफलं लभेत्॥

सोमवती अमावस्या को तीर्थ स्नान, जप, पाठ एवं ब्राह्मणों को भोजन, वस्त्र, दक्षिणादि सहित दान करना विशेष पुण्यप्रद माना गया है—

सोमवारे स्वमावस्या तत्रैव बहुपुण्यदा। विप्राणां भोजनं देयं तत्र पुण्यफलेप्सभिः॥

पुरुषार्थ-चिन्तामणि के अनुसार तो अमावस्या यदि सोमवार या मंगलवार अथवा गुरुवार को हो तो उस योग के पर्व को **पुष्कर** योग कहते हैं। इन योगों का फल सूर्यग्रहण में किए हुए स्नान, दान-पुण्य आदि से भी सौ गुणा अधिक माना गया है।

अमा सोमे तथा भौमे गुरुवारे यदा भवेत्। तत्पर्व पुष्करं नाम सूर्यपर्वशताधिकम्॥

सोमवती अमावस के पर्व पर हरिद्वार, कुरुक्षेत्र, प्रयाग, वाराणसी, गया जी, पुष्कर, श्रीअमृतसर आदि तीर्थों पर स्नान, दान, जपादि अनुष्ठान का विशेष माहात्म्य कहा गया है।

सिक्ख धर्म के अनुसार भी अमृतसर (श्री हरिमन्दिर साहिब), आनन्दपुर साहिब, कीरतपुर साहिब आदि तीर्थों पर भी अमावस को स्नान-दानादि का विशेष माहात्म्य होता है।

सोमवती अमावस्या के योग में, यदि चन्द्रमा अश्विनी, कृतिका, पुनर्वसु, पुष्य, रोहिणी, विशाखा, मघा, उ.फा., मूला, उ.षा., श्रवण या उ.भा.—इन नक्षत्रों में से किसी एक नक्षत्र में संचरित हो, तो ऐसे योग में तैयार की (जड़ी-बूटियों से निर्मित) गई औषधि अनेक प्रकार के कायिक एवं मानसिक रोगों में लाभकारी होती है। इसके अतिरिक्त सोमवती अमावस आदि विशिष्ट योग में पितृ-दोष की शान्ति, धन/सम्पदा सम्बन्धी परेशानियाँ, लड़के या लड़की के विवाह में विलम्ब, सन्तान कष्ट आदि बाधाएं एवं क्लिष्ट रोगों की शान्ति तथा धार्मिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्र में आत्मशुद्धि, स्नानदान, जप पाठ आदि की दृष्टि से सोमवती अमावस का विशेष महत्त्व होता है। इस दिन व्रत धारण करके अपने इष्टदेव एवं भगवान् विष्णु का पूजन, चन्द्र तथा **पीपल वृक्ष** की गंगाजल युक्त दुग्ध, पुष्पाक्षत, दुग्ध-युक्त शुद्ध जल से सींचन एवं फूल-फलों, मिष्ठान्न, क्षीर, धूप-दीप आदि द्रव्यों से पूजन करके 108 बार अथवा यथाशक्ति प्रदक्षिणा करके ब्राह्मणों को दक्षिणा सहित भोजन, वस्त्र, फलों का दान करने का विशेष महात्म्य होता है।

—मंगलवारी (भौमवासरी) अमावस्या का माहात्म्य—

सोमवती अमावस्या की भान्ति मंगलवारी अमावस का भी मन्त्र, यन्त्र एवं तन्त्र आदि साधनां में विशेष महत्त्व होता है। इसमें स्नान, दान, जपादि से एक सहस्र गोदान का फल होता है—

अमावस्यां भवेद्वारों यदा भूमिसुतस्य वै। जाह्णवी स्नानमात्रेण गोसहस्रदानफलं लभेत्॥

इस वर्ष (2008 ई.) 28 अक्तू. को भौमवासरी (अमावस) दीपावली होने से यन्त्र, तंत्र साधना के लिए इसका विशेष महत्त्व बढ़ जाएगा।

ग्रहों के आधार पर आगामी वर्ष की प्रमुख भविष्यवाणियाँ संवत् २०६५ (सन् 2008-09 ई.)

- ☞ नया 'प्लव' नामक सम्वत् होने से उच्च पद प्रतिष्ठित लोग ही अधिकांशतः सत्ता, सम्पत्ति एवं वाहनादि सुख-साधनों से सम्पन्न हों। साधारण लोग क्लिष्ट प्रकार के रोगों एवं आर्थिक परेशानियों के कारण दुःखी होंगे।
- ☞ सम्वत् का राजा सूर्य तथा मन्त्री भी सूर्य ही होने से समाज में क्रोध एवं आवेश के कारण हिंसक घटनाएँ अधिक होंगी। दिल्ली तथा इससे (देखें पृष्ठ 72) पूर्व स्थित प्रदेशों में राजा चन्द्र होने से राजनीतिक अस्थिरता रहे।
- ☞ राजनेताओं में परस्पर विरोध, टकराव व खींचातानी अधिक रहे। सरकारी तन्त्र में अस्थिरता के कारण लोगों में असन्तोष एवं संशय के भाव रहेंगे।
- ☞ मध्यावधि चुनावों की घोषणा सरकार द्वारा किसी भी समय पर हो सकती है। यू.पी.ए. के घटक दलों में आपसी समन्वय का अभाव रहेगा तथा परमाणु करार मुद्दे पर लेफ्ट व कांग्रेस के सम्बन्ध विच्छेद किसी भी समय सम्भव।
- ☞ ग्रहयोगानुसार ईरान, ईराक, पाकिस्तान आदि मुस्लिम बाहुल्य देश विश्व राजनीति का ध्रुवीकरण बने रहेंगे। कहीं नए समीकरण बनेंगे।
- ☞ गुजरात में अनेक आन्तरिक एवं कांग्रेसी विरोध के बावजूद भाजपा विजयी होगी। परन्तु आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा का ग्राफ अधिक ऊपर नहीं जा पाएगा। तथा कई नए गठबन्धन एवं समीकरण बनेंगे।
- ☞ हि.प्र., राजस्थान, कर्नाटक आदि कुछ प्रदेशों में सत्ता-परिवर्तन की ही प्रबल सम्भावनाएं हैं। 29 अग. से 10 अक्तू. के मध्य कालसर्प योग का प्रभाव पड़ने से भारत सहित पाकिस्तान, नेपाल, बंगलादेश आदि देशों में राजनीतिक संकट, संविधान और सरकार के बीच टकराव पैदा होंगे। कहीं उपद्रव एवं हिंसक घटनाएँ घटित हों।
- ☞ **पाकिस्तान, नेपाल, बर्मा, बांग्लादेश आदि पड़ोसी देशों में राजनीतिक अस्थिरता, जनांदोलन, अग्निकाण्ड एवं हिंसक घटनाएं घटित होंगी।**
- ☞ **13 फरवरी से 13 मार्च के मध्य सूर्य-शनि मध्य समसप्तक योग होने से प्रधाननेता के लिए अनिष्टकारी होगा। राजनीतिक उथल-पुथल एवं परिवर्तन के संकेत हैं।**
- ☞ **28 जनवरी से 13 मार्च (2009 ई.) के मध्य मकर राशि पर चतुर्ग्रही एवं पंचग्रही योगों के कारण भारत की केन्द्रीय सत्ता के लिए कठिन अग्नि परीक्षा का काल होगा। राजनीतिक पटल पर विशेष उलटफेर देखने को मिलेंगे।**

ज्योतिष शास्त्र मानव जीवन के भूत, भविष्य एवं वर्तमान काल की साकार कहानी है। मनुष्य के संचित, प्रारब्ध एवं क्रियमाण (वर्तमान) कर्मों एवं उनके शुभाशुभत्व का ज्ञान ज्योतिष शास्त्र के द्वारा ही सम्भव है। मनुष्य के भूत-भविष्य सम्बन्धी शुभाशुभ घटनाएँ, सुख-दुःख, सफलता-असफलता, लाभ-हानि, मान-अपमान, भाग्योदय के कालादि का ज्ञान भी इसी शास्त्र द्वारा किया जा सकता है। जातक के जन्म समय सौर-मण्डल एवं जन्मकुण्डली में जिस प्रकार के ग्रहों की स्थिति होती है, उन्हीं के अनुरूप मनुष्य (जीव) का बाह्य एवं अभ्यान्तरिक जीवन प्रभावित होता रहता है—

ग्रहाधीनं जगत्सर्वं ग्रहाधीना नरावराः। सृष्टि रक्षण-संहाराः सर्वे चापि ग्रहानुगाः॥ बृह.

प्रकृति के त्रिगुणात्मक गुणों की भान्ति ग्रहों में भी सत्त्व, रज एवं तमादि गुणों की न्यूनाधिकता होती है। गुरु, चन्द्रादि सत्त्वगुणी ग्रहों के प्रभाव से जातक के हृदय में करुणा, दया, परोपकारिता, उदारता, सत्यनिष्ठता आदि धार्मिक रूचियों की बहुलता होती है, जबकि शनि, मंगल, राहु, केतु आदि पाप ग्रहों के प्रभाव से प्राणी में तामसिक प्रवृत्तियों की अभिवृद्धि होती है। इसके अतिरिक्त, मनुष्य के अन्तःकरण की सूक्ष्म प्रवृत्तियों के अनुसार भी ग्रह अपना शुभाशुभ फल प्रदान करते हैं। जो व्यक्ति मन, वचन व कर्म से किसी की हिंसा नहीं करता है, धर्म मर्यादानुसार धन का अर्जन करता है। दानपूर्वक शास्त्र नियमों का पालन करता है—ऐसे व्यक्ति पर ग्रह कुछ अनिष्ट नहीं करते। अर्थात् अपना अनुग्रह बनाए रखते हैं—

'अहिंसकस्य दान्तस्य धर्मार्जित धनस्य च। सदा नियमरथस्य, सदा सानुग्रहाः॥'

सभी ग्रह मनुष्य को अपने शुभ-अशुभ कर्मों के अनुसार अच्छा या बुरा फल प्रदान करते हैं। इस प्रकार ज्योतिष ग्रह-नक्षत्रों सम्बन्धी कुछ विशेष शास्त्रीय सिद्धान्त देता है

जिनके द्वारा हम अपने पूर्व एवं इस लोक के कर्मों के प्रतिफल को जानकर अपने जीवन को उच्चतर स्थिति की ओर ले जा सकते हैं।

ईश्वर की अपार कृपा से उत्तरी भारत के सर्वाधिक प्रतिष्ठित एवं सर्वप्राचीन प्रकाशन **''पंचांगदिवाकर'', 'मुफीद आलम जन्त्री'** (उर्दू—हिन्दी—पंजाबी) एवं तिथ पत्रिका (पंजाबी भाषा) को प्रकाशित होते हुए प्रस्तुत संवत् २०६५ (2008-09 ई.) में **गौरवशाली 132 वर्ष** हो जाएंगें। इस पंचांग समूह के प्रवर्तक एवं संस्थापक हमारे पूज्य पितामह विश्व विख्यात **मशहूर आलम पण्डित देवीदयालु जी** (लाहौर) से लेकर आज तक की दीर्घावधि में हमारे प्रकाशनों को जो राष्ट्रीय एवं विश्वव्यापी स्तर पर ख्याति एवं प्रशंसा प्राप्त हुई—वह सुविज्ञ पाठकगणों से छिपी नहीं है। उत्तरी भारत में शताब्दि से भी अधिक वर्षों पर्यन्त ज्योतिष के क्षेत्र में **हमारी पंचांग, जन्त्री** एवं अन्य प्रकाशनों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। हमारे प्रकाशनों की निरन्तर अग्रसर ख्याति को देखकर कुछ दुष्ट प्रकृति के धन लोलुप एवं लालची प्रकाशक हमारे टाईटल से मिलता-जुलता टाईटल—नाम रखकर विषय-सामग्री को तोड़-मरोड़ कर छापते हैं। इस प्रकार लोगों को गुमराह व धोखा देने की कुचेष्टा करते रहे हैं। सुविज्ञ पाठकों को सूचित किया जाता है कि वह असली व प्रामाणिक **पंचांगदिवाकर, तिथ पत्रिका, मुफीद आलम जन्त्री तथा हमारी नव प्रकाशित 'अर्द्धशताब्दि पंचांग'** (संवत् २००१ से २०६० तक) खरीदते समय प्रथम पृष्ठ पर गणितकर्त्ता पं. पन्ना लाल ज्योतिषी एम. ए., पं. विवेक शर्मा (एम.ए.एल.एल.बी.) व पंकज शर्मा, जालन्धर के नाम अवश्य पढ़ लिया करें।

गतर्षीय पंचांगदिवाकर में चामत्कारिक भविष्यवाणियां

ईश्वर की कृपा से हमारी गतवर्षों की पंचांगों एवं जन्त्रियों से उल्लिखित **अनेकशः भविष्यवाणियां** ठीक निकलती आ रही हैं। **उदाहरणस्वरूप** जैसे—भारत का स्वतन्त्र होना, (सं. 1947 ई.) बंगलादेश के रूप में पाकिस्तान का विभाजन, कांग्रेस (ई) की पराजय, पुनः सत्ता में आना, ईरान-ईराक युद्ध (२०३९), पूर्व प्रधानमन्त्री इन्दिरा गांधी की आकस्मिक मृत्यु (संवत् २०४१), पूर्व प्रधानमन्त्री राजीव गांधी की आकस्मिक मृत्यु (संवत् २०४८), सन् १९९८ में मोर्चा सरकार (गुजराल सरकार) का पतन (२०५५) तथा लोकसभा चुनावों में भाजपा का सफल होकर सत्तारूढ़ होना आदि आगे संवत् २०५७ से २०६४ तक की कुछ प्रमुख भविष्यवाणियां ही उद्धृत हैं, जो ईश्वर कृपावश चामत्कारिक रूप से सत्य एवं सही निकली हैं। **उदाहरणार्थ—**

संवत् २०५७ के पंचांग में—**पाकिस्तान में शरीफ सरकार का तख्ता पलट तथा आपात् स्थिति का लगना एवं शासन परिवर्तन, छत्रभंग, उपद्रव, राजनीतिक टकराव व हिंसक घटनाएं होना** (पृष्ठ 51 —कालम I व II)

सं. २०५८ के पंचांगदिवाकर पृष्ठ 56 (कालम II) पर जगत लग्न में कालसर्प योग के कारण मिथुन से धनु राशि वाले देशों में विस्फोटक घटनाएं ... में दुखद त्रासदी घटी। २०५९ में पृष्ठ ५६ (कालम I) में पढ़ें—**''अफ़गानिस्तान में नया राजनैतिकग्रुप उभर कर सामने आएगा तथा तालिबान अमरीकी युद्ध शक्ति के सामने अधिक देर तक टिक नहीं पाएँगे।''** पृष्ठ 60 (कालम I) पर पंजाब के शीर्षक के अन्तर्गत स्पष्ट पढ़ें—**''आगामी विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ बादल सरकार को काफ़ी कम सीटें तथा कांग्रेस पार्टी का मुख्य पार्टी के रूप में उभरकर आना।''** अमेरिका व ईराक युद्ध होना पृष्ठ 58-I.

संवत् २०६० में **ईराक में सत्ता परिवर्तन** के योग के बारे में स्पष्टतः पढ़ें पृष्ठ 63।

सम्वत् २०६१ की पंचांगदिवाकर में स्पष्टतः पढ़ें—**आगामी लोकसभा चुनावों में श्रीमती सोनिया गाँधी तथा कांग्रेस पार्टी भाजपा की अपेक्षा अधिक सीटों पर कामयाब होकर निकलेंगी।** पृष्ठ 68 का. I **''चुनावों में कुछ प्रदेशों में भाजपा की प्रतिष्ठा को गहरी ठेस पहुँचेगी। उन्हें आशा के विपरीत कम सीटें मिलेंगी।''** पृष्ठ 67 कालम I. राजस्थान के संदर्भ में पृष्ठ 68 पर पढ़ें। चुनावों में कांग्रेस को हार का सामना रहेगा।

संवत् २०६२ (2005-06) की पंचांग में ''पाकिस्तान और भारत के मध्य दोस्ती और शान्तिवार्ताओं के नए आयाम जुड़ना (पृष्ठ 56 का. II. पृष्ठ 60-I) **हरियाणा** की प्रान्तीय चौटाला सरकार के वर्चस्व को गहरी ठेस पहुँचना (पृष्ठ 59 का. II) **''हरियाणा, महाराष्ट्र, बिहार आदि प्रदेशों में नेतृत्व परिवर्तन के योग''—अस्थिरता के बावजूद मनमोहन सरकार का अस्तित्व 2007 तक अवश्य बना रहेगा—पृष्ठ 60 का. I)**

संवत् 2063 (2006-07) की पंचांग में मुस्लिम राष्ट्रों के कारण डीज़ल-पैट्रोल के मूल्यों में अत्यधिक तेज़ी के कारण मुद्रा-स्फीति दर में वृद्धि होगी। (पृष्ठ 53), 14 अप्रैल से 11 जुलाई के मध्य **खप्पर** योग बनने से महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, आदि प्रदेशों में विषम वर्षा, बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदाओं से जन व धन हानि के योग हैं (पृष्ठ 53), पंजाब, बिहार में नेतृत्व परिवर्तन की प्रबल संभावना (पृष्ठ 53) **7 फरवरी, 2007 ई. तक यू. पी. ए. सरकार के वर्चस्व को कोई खतरा नहीं** (पृष्ठ 53) भाजपा नेतृत्व में भी परिवर्तन की प्रबल संभावना है (पृष्ठ 53), **24 मई से 12 जुलाई के मध्य मंगल-शनि योग के कारण** काश्मीर, महाराष्ट्र, उ. प्र. आदि प्रदेशों में उपद्रव, अग्निकाण्ड, हिंसा एवं विस्फोटक घटनाएं घटित होने के योग हैं (जैसा कि मुम्बई में 11 जुलाई को भयानक बम विस्फोट हुए) पृ. 58 का. I)

गतवर्ष संवत् २०६४ (2007-08 ई.) के (पृष्ठ 59 का. II) में आप स्पष्ट पढ़ सकते हैं—'पाकिस्तान के अन्दरूनी हालात अत्यन्त विक्षुब्ध रहेंगे। 29 जुला. से 15 सितम्बर तक की अवधि पाक सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण व अग्निपरीक्षा के होंगे।' जैसा कि मुशर्रफ सरकार को प्रधान न्यायाधीश व नवाज शरीफ के विरोध का सामना करना पड़ा।

पृष्ठ 56 पर मुख्य बाक्स की अन्तिम पंक्ति पर स्पष्टत: पढ़ें—''**उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, पंजाब आदि प्रदेशों में नेतृत्व परिवर्तन के योग होंगे।**'' नतीजे आपके सामने ही हैं। पृष्ठ 56 में ही सातवीं पंक्ति पर '........ राजा (प्रधानमन्त्री) की शक्ति का ह्रास होगा। उनमें निर्णयात्मक शक्ति का अभाव रहेगा।'' जैसा कि परमाणु संधि एवं रामसेतु मुद्दे पर हुआ।

पृष्ठ 59 कालम II पर पर पढ़ें—''गुरु की शुभ दृष्टियां पड़ने से लक्षित होता है कि भारत, चीन, पाक, अमेरिका आदि देशों में नेतृत्व परिवर्तन की सम्भावना नहीं होगी।'' पृष्ठ 60 कालम I में पाकिस्तान शीर्षक के अन्तर्गत अन्तिम पंक्ति स्पष्ट पढ़ें—'बेनज़ीर भुट्टो तथा नवाज़ शरीफ मिलकर पाकिस्तान की फौजी हकूमत के लिए चुनौती उत्पन्न करेंगे।' पृष्ठ 62 कालम I—'30 जुला. से 12 अग. के मध्य तेरह दिन का पक्ष होने से कश्मीर, गुजरात, उ.प्र. आदि में विस्फोटक घटनाएं, बाढ़ादि प्राकृतिक आपदाओं के कारण जन, धन, कृषि आदि की क्षति होने के संकेत हैं।''

पृष्ठ 62 पर ही कालम I में—''26 अक्तू. से 22 जन., 08 ई. तक खप्पर योग होने से कहीं राजनीतिक अस्थिरता, उपद्रव के कारण लोगों में गहन असन्तोष व्याप्त रहेगा।'' पृष्ठ 63 कालम II उ.प्र. शीर्षक के अन्तर्गत स्पष्ट पढ़ें—'नेतृत्व परिवर्तन के प्रबल योग हैं। जैसाकि **समाजवादी पार्टी के साथ** हुआ। पृष्ठ 61 कालम II पर देखें'—सरकारी तन्त्र के लोगों में अधिकाधिक धन-संग्रह, नैतिक व चारित्रिक मूल्यों में गिरावट, दिशाहीन आर्थिक प्रगति व खर्च इत्यादि।

सं. २०६५ में ग्रहों की आकाशी कौंसिल और भविष्यफल

विक्रमी संवत् २०६५ में ग्रहों की आकाशी कौंसिल (ग्रह-परिषद्) के दश अधिकारों में से सात (७) अधिकार उग्र (क्रूर) ग्रहों को तथा केवल तीन (३) अधिकार सौम्य (शुभ) ग्रहों को प्राप्त हुए हैं। सात अधिकारों में से दो (२) मुख्य अधिकार (राजा और मन्त्री के) पद तेजस्वी किन्तु **क्रूर ग्रह सूर्य** को, धनेश और नीरसेश के अधिकार पराक्रमी किन्तु **क्रूर ग्रह मंगल** को मिले हैं। वर्षा (मेघ), फलों एवं सेना के अधिकार **तमोगुणी ग्रह शनि** को प्राप्त हुए हैं। कृषि व धान्य के अधिकार सौम्य परन्तु परस्पर विरोधी ग्रह क्रमश: बुध एवं चन्द्रमा को तथा रसों का अधिकार गुरू को मिला है। **आकाशी कौंसिल** में क्रूर ग्रहों का बाहुल्य होने से आगामी वर्ष विश्व विशेषकर (भारत, पाकिस्तान व अन्य एशियाई देशों) का राजनीतिक एवं सामाजिक वातावरण विक्षुब्ध, अनिश्चित एवं अशान्त रहेगा।

राजा और मन्त्रित्व के दोनों पद एक ही ग्रह सूर्य के पास होने से समाज में क्रोध एवं आवेश के कारण हिंसक घटनाएँ अधिक होंगी। राजनीतिक क्षेत्रों में अस्थिरता रहे। भ्रष्टाचार, चोरी, लूटमार, अपहरण, तोड़फोड़ एवं साम्प्रदायिक दंगे-फिसाद अधिक हों। राजनेताओं में परस्पर विरोध व टकराव व खींचातानी अधिक रहे। **स्वयं राजा स्वयं मन्त्री जनेषु रोग-पीड़ा-चौरागिन शंका च भयं नृपाणाम्॥** कोश (धनु) और धातुओं का स्वामी उग्र-ग्रह मंगल होने से आर्थिक क्षेत्रों में अस्थिरता रहे। अमीरों और गरीबों के मध्य असमानता का विस्तार और अधिक बढ़ेगा। राजनेताओं का मनमाना-आचरण प्रजा के अधिकांश दुखों का कारण बने। सोना, चाँदी, पीतल आदि धातुओं के मूल्यों में और वृद्धि हो। वर्षा, फलों और सेना का **स्वामी शनि** होने से विषम एवं अनुपयोगी वर्षा होने से कहीं अत्यधिक वर्षा से बाढ़ादि का प्रकोप एवं कहीं अल्प वर्षा के कारण कृषि, धान्य आदि की कमी रहे। फलों की पैदावार में भी कमी रहे। सेना का पद भी शनि के पास होने से शनि से प्रभावित देशों में आन्तरिक दंगे एवं लोगों में साम्प्रदायिक झगड़े-फिसाद, तोड़फोड़ व टकराव अधिक हों। कृषि का स्वामी बुध एवं धान्य स्वामी चन्द्रमा होने से गेहूँ, चना, चावल, ईख, कपास आदि वस्तुओं की पैदावार अच्छी हो। **जनसंख्या में भी विशेष** वृद्धि होगी। रसेश गुरु के कारण धार्मिक उत्सवों के प्रचार अधिक हों। **प्लव** नामक नया सम्वत्सर होने से उच्च पद-प्रतिष्ठित लोग ही अधिकांशत: सत्ता सम्पत्ति एवं वाहनादि सुख-साधनों के सम्पन्न हों। साधारण लोग क्लिष्ट प्रकार के रोगों एवं आर्थिक परेशानियों के कारण दुखी हों। उदर विकार, श्वास, मधुमेह, हृदयरोग, चमड़ी रोग एवं मानसिक रोगों में वृद्धि हो। दैनिक उपभोग की वस्तुओं जैसे दूध, पेयजल, बिजली, कोयला, लोहा, सोना, चाँदी, तैल, पैट्रोल, डीज़ल, चावल, गेहूँ, दालें, सब्ज़ी के मूल्य अत्यधिक तेज होंगे।

नववर्ष प्रवेश एवं जगत् लग्न कुण्डली अनुसार भविष्यफल सं. २०६५

नववर्ष प्रवेश कुं. ७/५८

जगत् लग्न कुं. ३०/५८ घटयादि

वि. सम्वत् २०६५ का नववर्ष प्रवेश 6 अप्रैल (प्रविष्टे २४ चैत्र), रविवार, चैत्र अमावस की समाप्ति पर प्रात: 9 बजकर 25 मिनट पर रेवती नक्षत्र कालीन वृष (स्थिर) लग्न में प्रविष्ट होगा। वर्ष लग्न का स्वामी शुक्र उच्च राशिस्थ होकर एकादशभाव में सूर्य, चन्द्र, बुधादि ग्रहों के साथ चतुर्ग्रही योग बना रहा है। नवमभाव (योजना और विकास) में मकर राशि उदित है। जो कि भारत की प्रभाव लग्न राशि भी है। इस राशि का स्वामी चतुर्थ भाव में शत्रु राशि (सिंह) में और शत्रु ग्रह (केतु) के साथ संयुक्त होकर लग्न भाव को मित्र दृष्टि से देख रहा है। इस ग्रह योगानुसार यह संकेत मिलते हैं कि विश्व के अनेक

विकासशील एवं विकसित देशों के मध्य कुछ नए राजनीतिक समीकरण बनेंगे। वृष राशि ईरान की भी प्रभाव राशि है। ग्रह योगानुसार ईरान, इराक, पाकिस्तान आदि मुस्लिम बाहुल्य देश विश्व राजनीति का ध्रुवीकरण बने रहेंगे। वर्ष कुण्डली में मिथुन (अमरीका की प्रभावराशि) पर मंगल की स्थिति होने से राष्ट्रपति बुश की स्वार्थपूर्ण कूटनीतियों के कारण विश्व के बहुत से देश अमरीका के प्रभावक्षेत्र से मुक्त होने के प्रयास में रहेंगे। पाकिस्तान तथा भारत में भी अमरीका की भेदभावपूर्ण नीतियों के विरुद्ध जनव्यापी आन्दोलन तेज़ होंगे। वर्ष कुं. में पड़े ग्रहों के अनुसार मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, कुम्भ व मीन राशि के राष्ट्र विशेष प्रभावित होंगे।

जगत् लग्न की कुण्डली के अनुसार 13 अप्रैल, रविवार, चैत्र शुक्लाष्टमी को जगत् लग्न (वर्षेश) ३०/५८ वर्षेष्ट—अर्थात् सायं 6 बजकर 29 मिनट पर कन्या लग्न में प्रवेश होगा। लग्नेश बुध सप्तम भाव में नीच राशिगत होकर उच्चस्थ शुक्र के साथ है। त्रिषडायपति मंगल दशमभाव में पड़कर लग्न राशि को शत्रु दृष्टि से देख रहा है। ग्रह स्थिति के अनुसार विश्व के अनेक देशों का (विशेषकर) दक्षिण एशियाई कुछ राष्ट्रों जैसे पाकिस्तान, बांग्ला-देश, बर्मा, नेपाल, श्रीलंका, भारत आदि में राजनीतिक एवं सामाजिक वातावरण विक्षुब्ध, अशान्त एवं तनावपूर्ण रहेगा। मंगल पर यद्यपि गुरु की शुभ दृष्टि पड़ने से अमरीका सहित विश्व के प्रमुख देश विश्व-शान्ति के लिए प्रयत्नशील रहेंगे, परन्तु उन सबसे प्रयत्न मात्र छलावा सिद्ध होंगे। आन्तरिक तौर पर लगभग सभी प्रमुख देश जैसे अमरीका, रूस, फ्रांस, चीन, इंग्लैण्ड, ईरान, भारत, पाकिस्तान, जर्मनी आदि देश अपनी परमाणु एवं ऊर्जा शक्ति की आढ़ में अत्यधुनिक संहारक हथियारों के संग्रह में संलिप्त रहेंगे। विश्व राजनीति में कुछ नए देशों के मध्य समीकरण बनेंगे।

ध्यान रहे, जगत् लग्न में भारत की प्रभाव राशि मकर पर मंगल की उच्च दृष्टि पड़ रही है, जिससे विश्व राजनीति में भारत की प्रतिष्ठा एवं वर्चस्व में वृद्धि होगी। इसके विपरीत पाकिस्तान की प्रभाव राशि भी कन्या है। इसका राशि स्वामी (नेतृत्व) नीच राशि में है तथा इस राशि पर मंगल की शत्रु एवं क्रूर दृष्टि पड़ रही है, फलस्वरूप पाकिस्तान की वर्तमान मुशर्रफ सरकार के लिए आगामी वर्ष अत्यन्त संकटमय एवं चुनौतियों से भरा होगा। मुशर्रफ हकूमत की तानाशाही नीतियों के कारण पाकिस्तान में सिन्ध, बिलोचिस्तान एवं कुछ अन्य प्रदेशों में अग्निकाण्ड, विरोधी दलों तथा मुजाहिदीन सम्प्रदायों द्वारा दंगे फिसाद, हिंसक एवं विस्फोटक घटनाएँ घटित होने के संकेत मिलते हैं।

2008 ई. में ग्रहगोचर का विश्व पर प्रभाव

वर्ष के आरम्भ में ही 19 जनवरी (2008 ई.) से 12 फर. के मध्य **गुरु-शुक्र** के मध्य अशुभ योग धनु राशि पर बना हुआ है, उस पर उग्र एवं अग्निग्रह मंगल की वक्र दृष्टि रहेगी, जिससे विश्व के कुछ मुख्य देशों (विशेषकर एशिया के) जैसे ईराक, बंगलादेश, बर्मा, पाकिस्तान, ईरान, श्रीलंका, नेपाल आदि में अग्निकाण्ड, राजनैतिक टकराव, साम्प्रदायिक झगड़े-फिसाद होंगे। कहीं युद्धादि की स्थिति भी बने। पश्चिमी भागों में उपद्रव एवं विस्फोट आदि अधिक हों। कहीं कृषि, धन की हानि एवं प्राकृतिक प्रकोपों से सामान्य लोगों की हानि हो—

गुरू-शुक्रौ यदैकस्थौ नरं युद्धं तदा भवेत्।
अकाले वा भवेद् वृष्टि जगत्यां नात्र संशयः॥

सम्वत् के आरम्भ की वर्षकुण्डली में सूर्य-शनि के मध्य षडाष्टक योग तथा वैशाख मास (21 अप्रैल से 20 मई) होने से कहीं अग्निभय, कहीं सत्ता परिवर्तन (छत्रभंग) और हिंसक घटनाएँ अधिक होंगी। कुछ राष्ट्रों के मध्य टकराव एवं युद्ध भय रहेगा। किसी प्रमुख राष्ट्रनेता की आकस्मिक मृत्यु या अपदस्थ होने के योग हैं—

यत्र मासे महीसूने जायन्ते पञ्चवासराः।
रक्तेन पूरिता पृथ्वी छत्रभङ्गस्तदा भवेत्॥

21 जून से 9 अगस्त के मध्य मंगल सिंह राशि में आकर शनि के साथ सम्बन्ध बनाएगा। इस अवधि में पाकिस्तान, ईराक, ईरान, अफ़गानिस्तान, बांग्लादेश आदि मुस्लिम देशों में कहीं भयंकर अग्निकाण्ड, युद्धोन्माद एवं राजनीतिक संकट गहराएगा। ता. 17 अगस्त से शनि सिंह राशि में अस्त होगा, जो कि 20 सितम्बर तक रहेगा। शुक्र पहले ही जुलाई के प्रथम सप्ताह तक अस्त रह चुका है। इस अवधि में खाड़ी देशों में जैसे ईराक और अमेरिका, लैबनान और इसरायल तथा पाकिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों में युद्ध एवं हिंसा के समाचार मिलेंगे। कहीं छत्रभंग के भी योग हैं।

शुक्रसौर्योर्द्वयोरस्तमेकराशौ यदा भवेत्।
अन्नपीडा महायुद्धं देशे-देशे च विग्रहाः॥

16 अगस्त से 15 सितम्बर के बीच सिंह राशि पर ही सूर्य, बुध, शुक्र, शनि आदि चार ग्रहों का योग होने से कहीं बाढ़, दुर्भिक्ष, भूस्खलन आदि प्राकृतिक प्रकोपों से जन, धन एवं कृषि की हानि होगी तथा पाक में कहीं हिंसक व विस्फोटक घटनाएँ घटित होने के संकेत हैं—

एकराशौ यदा यान्ति चत्वारः पंचखेचराः।
प्लावयन्ति महीं सर्वां रूधिरेण जलेन वा॥

आगे **आश्विन मास** (सिंत.-अक्तू.) में पुनः पाँच मंगलवारों का होना, कालसर्प योग तथा पौष मास (13 दिसं. से 11 जन.) में पाँच शनिवार एवं पाँच रविवारों का होने से पाकिस्तान, भारत सहित दक्षिण एशिया के कुछ देशों में छत्रभंग (सत्ता परिवर्तन), साम्प्रदायिक एवं जातीय दंगे-फिसाद, उपद्रव, अग्निकाण्ड एवं विस्फोटक घटनाएँ घटित होने के योग हैं। विश्व में कहीं क्लिष्ट रोगों का प्रकोप व युद्धभय बनता है।

उपरोक्त प्रतिकूल ग्रहों के प्रभावस्वरूप अनेक बार विश्व-शान्ति का सन्तुलन आन्दोलित होता लक्षित होगा, परन्तु वर्ष प्रवेश तथा जगत् लग्न कुण्डलियों में सिंहराशिस्थ शनि पर गुरू की शुभ दृष्टि पड़ने से बाह्य तौर पर विश्व के लगभग सभी समुदाय के लोग देश-विदेशों में जाकर अपनी-अपनी सभ्यता और संस्कृतियों का आदान-प्रदान करने में प्रयत्नशील रहेंगे। साईंस एवं टैक्नालोजी में ज़बरदस्त विश्वव्यापी स्तर उन्नति के साथ वैश्विक भाईचारा एवं [illegible] होंगे।

विश्व के कुछ अन्य देश

अमेरिका (America)—जगत् लग्न कुण्डली में इसकी प्रभाव राशि पर मंगल स्थित होने से वर्तमान सत्तारूढ़ बुश सरकार की दोषपूर्ण विदेश नीतियों के कारण अमेरिका की साख को विश्वस्तर पर कुप्रभाव पड़ेगा। ईराक, ईरान, पाकिस्तान, अफ़गानिस्तान आदि मुस्लिम देशों से सम्बन्धित नीतियाँ विफल होती दिखाई देंगी। भारत के साथ 'परमाणु सन्धि' के इकरार (अनुबन्ध) पर भी प्रश्न चिह्न बने रहेंगे। पाकिस्तान के साथ अमेरिका के राजनैतिक सम्बन्ध तनावपूर्ण होंगे। राजनीतिक एवं आर्थिक क्षेत्रों में अपने प्रभुत्व का प्रसार करने के लिए विश्व के कुछ अन्य विकासशील देशों के साथ राजनैतिक एवं व्यवसायिक अनुबन्ध करेगा। परमाणु ऊर्जा एवं अन्तरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय अनुसन्धान एवं उन्नति करेगा। भारत के साथ राजनीतिक सम्बन्ध यथावत् बने रहेंगे।

पाकिस्तान (Pakistan)—जगत् लग्न कुण्डली में इसकी प्रभाव राशि कन्या का ही लग्न उदित है, जिससे विश्व राजनीतिक क्षेत्र में यह देश विशेष रूप से केन्द्रीभूत रहेगा। जगत् कुण्डली में कन्या राशि का स्वामी ग्रह नीचस्थ तथा इस राशि पर मंगल की शत्रु दृष्टि पड़ रही है। ग्रहों के प्रभावस्वरूप पाकिस्तान के मौजूदा सत्तारूढ़ नेतृत्व राष्ट्रपति मुशर्रफ को अपनी तानाशाही नीतियों के कारण कठिन चुनौतियों का सामना रहेगा। परवेश मुशर्रफ की व्यक्तिगत प्रतिष्ठा को भी गहरा धक्का लगेगा। वर्ष के लगभग पूर्वार्द्ध भाग में, जबकि शनि वक्री (2 मई तक) रहेगा। पाकिस्तान के अन्दरूनी हालात अत्यन्त कशमकशपूर्ण होंगे। मुशर्रफ विरोधी दलों द्वारा उपद्रव, जातीय दंगे, जनांदोलन, अग्निकाण्ड व हिंसक घटनाएँ घटित होंगी। पाकिस्तान का राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक वातावरण विक्षुब्ध, अशान्त एवं चिन्तनीय रहेगा। विपक्ष की लगभग सभी पार्टियाँ मौजूदा तानाशाही हकूमत के विरुद्ध एकजुट होकर आवाज़ बुलन्द करेंगी। लोकतान्त्रिक प्रणाली से सरकार का गठन सन्देहास्पद रहेगा। बेनज़ीर भुट्टो का राष्ट्रपति परवेज़ मुशर्रफ के साथ राजनैतिक गठजोड़ अधिक देर तक नहीं चलेगा।

वि. संवत् २०६५ में ग्रहस्थिति और भारत का घटनाक्रम

स्वतन्त्र भारत के 61वें वर्ष (15 अगस्त, 2007 ई०) में भारत कन्या लग्नकालीन प्रविष्ट हो चुका है। वर्षलग्नाधिपति बुध यद्यपि अस्तंगत है। एकादशभाव में सूर्य के साथ बुधादित्य योग बना हुआ है। पंचमेश शनि बारहवें भाव में शुक्र, चन्द्र एवं केतु के साथ **चतुर्ग्रही योग** बन रहा है। ग्रहस्थिति के अनुसार वर्ष के लगभग पूर्वार्ध भाग में भारत के व्यापारिक क्षेत्रों में तथा विदेशी मुद्रा-भण्डार में विशेष वृद्धि होगी। विभिन्न विकास योजनाओं के अन्तर्गत भारत की उल्लेखनीय उन्नति का सूत्रपात होगा। वर्ष के उत्तर भाग में (विशेषकर अक्तूबर 07) के बाद यू.पी.ए. (U.P.A.) सरकार के घटक दल (बाएँ बाजू) वर्तमान सरकार के लिए चुनौतिपूर्ण हालात पैदा करेंगे। स्वतन्त्र भारत की कुण्डली के द्वितीय भाव (कोषेश) का स्वामी शुक्र बारहवें भाव में चन्द्र, केतु व शनि के साथ होने के संकेत मिलते हैं कि

कु. स्वतन्त्र भारत
15 अग., 1947, रात्रि 12 बजे

स्वतन्त्र भारत का 61वाँ वर्ष
15 अग., 2007-08 ई. 9/09 AM

गणतंत्र दिवस का 59वाँ वर्ष
26 जन., 2008 ई. 59 वर्ष

केन्द्रीय सरकार की अधिकांश विकास योजनाओं के लाभ सामान्य लोगों में नहीं पहुँच पाएँगे। कुछ विशिष्ट वर्ग एवं उच्चपदासीन लोग ही बृहद् विकास योजनाओं का लाभ उठाएँगे।

कुं स्वतन्त्र भारत 62वाँ वर्ष
15 अग. 2008 ई.

59वें गणतन्त्र दिवस (26 जनवरी, 2008 ई०) की कुण्डली में भी मकर लग्न (जोकि भारत की प्रभावित राशि है) उदित हुआ है। दूसरे (धनभाव) में राहु तथा बारहवें भाव में शुक्र शत्रुराशि होकर मंगल द्वारा दृष्ट होने से पापगृह सदृश फलप्रद हुआ है, जिससे कर्तृरि योग बना है। जिसके प्रभावस्वरूप भारत की पश्चिमी एवं उत्तरपूर्वी सीमाओं पर विदेशी शत्रुओं द्वारा हिंसक एवं आतंकवादी गतिविधियों का कुचक्र, अन्तर्देश में जातीय एवं साम्प्रदायिक टकराव, भ्रष्टाचार, बेईमानी, राजनीतिक पार्टियों में विरोध एवं टकराव, विद्युत में कमी व औद्योगिक इकाईयों में कमी, बिगड़ती कानून और व्यवस्था, बेरोज़गारी, जनसंख्या की समस्या, चारित्रिक मूल्यों का ह्रास, दिशाहीन आर्थिक प्रगति और अन्धा-धुन्ध खर्च, स्वार्थपरता एवं धनलोलुपता के कारण अधिकांश राजनैतिक नेताओं में देशभक्ति के प्रति प्रतिबद्धता की कमी रहेगी। राजनैतिक अस्थिरताओं के बावजूद भारत दूरसंचार उद्योग, अन्तरिक्ष विज्ञान क्षेत्र, कम्पयूटर्ज़, स्टील एवं वस्त्र उद्योग आदि क्षेत्रों में तथा विदेशी व्यापार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति करेगा।

—संवत् २०६५ में ग्रहगोचर और भारत का घटनाक्रम—

वर्ष के आरम्भ में (जनवरी 2008 से) ही क्रूर ग्रह शनि **सिंह राशि में वक्री है** तथा बृहस्पति (गुरु) धनु राशि में **अतिचार गति से संचार** कर रहा है। जिससे देश के कुछ भागों की अनाज की कमी एवं मूल्यों में अत्यधिक तेजी हो, कहीं दुर्भिक्ष का भय अथवा विलिष्ट रोगों का भय एवं कहीं छत्रभंग (सत्ता-परिवर्तन) हों—

यदि क्रूरग्रह वक्री हि अतिचारी सौम्यकः।
पीडा-व्याधि-भयं तत्र दुर्भिक्ष राज्य विग्रहम्॥

पौष मास (24 दिसं. से 22 जन.) में **पाँच मंगलवार** होने से किसी प्रधान नेता का पद रिक्त हो। छत्रभंग के भी संकेत हैं।

प्रारम्भ में ही (14 जन. से 12 फर.) **षडाष्टक योग** तथा **गुरु-शुक्र** का योग अग्नि राशि धनु में बना हुआ है। जिससे कुछ प्रदेशों में राजनैतिक तनाव एवं टकराव, साम्प्रदायिक दंगे-फिसाद, उपद्रव एवं हिंसक घटनाएँ आदि घटित होने के योग हैं।

13 फर. से 13 मार्च के मध्य **सूर्य-राहु** का योग होगा तथा **सूर्य-शनि** के मध्य **समसप्तक** योग बनेगा। यह योग भी प्रधान नेता के लिए अनिष्टकारी होगा। राजनीतिक उथल-पुथल एवं परिवर्तन के संकेत हैं। **चैत्र मास** (22 मार्च से 20 अप्रै.) में **पाँच शनि** एवं पाँच **रविवार** होने से समाज में विचित्र प्रकार के रोग, उपद्रव, जातीय एवं साम्प्रदायिक दंगे व हिंसक घटनाएँ अधिक होंगी। अनाजादि आवश्यक वस्तुओं में महँगाई विशेष अधिक होगी।

शनिवारा यदा पंचजायन्ते रविपंचकम्।
महार्घं जायते धान्यं रोगशोकाकुला पृथिवी॥

चान्द्र **वैशाख मास** (21 अप्रै. से 20 मई) में पाँच मंगलवार होने से कहीं छत्रभङ्ग (शासन परिवर्तन), उपद्रव, युद्धभय एवं कहीं हिंसक घटनाएँ घटित होती हैं। इसकाल में किसी प्रमुख नेता की आकस्मिक मृत्यु या अपदस्थ होने के भी संयोग होते हैं—

यत्र मासे महीसूने जायन्ते पंचवासराः।
रक्तेन पूरिता पृथ्वी छत्रभङ्गस्तदा भवेत्॥

वैशाख संक्रान्ति भी रविवार को होने से मूल्यों में आशातीत वृद्धि, सामान्य लोगों में असंतोष तथा राजनेताओं में विरोध व टकराव पैदा करती है।

21 जून से 9 अग. के मध्य **शनि-मंगल** का योग सिंह राशि में रहेगा। जिससे उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, श्रीलंका, बिहार, उड़ीसा, असम, बंगाल आदि पूर्वी प्रदेशों में अनाज की कमी एवं कहीं युद्ध भय अथवा उपद्रव, बाढ़ादि प्राकृतिक प्रकोप एवं हिंसक घटनाएँ घटित होंगी—

यदा सौरिभौमे सुरराज मन्त्री भार्गवश्च यदैक राशौ समसप्तके वा।
अयोध्या मध्यदेशे लंकापुरे पूर्वस्यां चक्षुधाभयं शस्त्रं करोति॥

कालसर्प योग—29 अग. से 12 सितं. के बीच कालसर्प योग बनने से राजनीतिक गतिविरोध, राजनैतिक एवं सामाजिक हालात अस्थिर एवं विक्षुब्ध होंगे।

इस अवधि में उपरोक्त प्रदेशों में कहीं बाढ़ादि प्राकृतिक प्रकोपों से व्यापक हानि के योग हैं। **आश्विन मास** (16 सितं. से 14 अक्तू.) में पुनः **पांच मंगलवार** तथा **25 सितं. से 10 अक्तू.** के मध्य **कालसर्प योग** होने से कहीं हिंसा एवं विस्फोट की घटनाएँ, जातीय उपद्रव एवं टकराव हों सीमाओं पर आतंकवादी घटनाएं अधिक घटित हों।

आश्विन संक्रान्ति (16 सितं.) मंगलवार को होने से किसी प्रमुख नेता के अपदस्थ या निधन होने के संकेत हैं।

पौष मास (दिसं.-जनवरी 09) में ५ शनि और ५ रविवार होने से आवश्यक वस्तुओं का मूल्यों में अत्यधिक तेजी होने से लोगों में गहन असंतोष फैलेगा। कहीं प्राकृतिक प्रकोप उपद्रव, हिंसा एवं छत्रभंग होने के योग होंगे। आगे **माघ मास** (11 जन. से 9 फर. 2009) में पुनः ५ रविवार होने से कहीं प्राकृतिक प्रकोप, उपद्रव एवं अप्रत्याशित घटनाएं घटित होने के संकेत हैं।

28 जनवरी से 13 मार्च (2009 ई.) के मध्य मकर राशि पर चतुर्ग्रही एवं पंचग्रही योगों के कारण भारत की केन्द्रिय सत्ता के लिए कठिन अग्नि परीक्षा का काल होगा। कहीं राजनैतिक गतिरोध एवं असमजंस के हालात बनेंगे। इस अवधि में राजनीतिक क्षेत्र में विशेष उलटफेर देखने को मिलेंगे।

भारत के कुछ मुख्य प्रान्त

हिमाचल प्रदेश—प्रभावराशि मीनं तथा नाम राशि कर्क है। 59वें वर्ष के गणतन्त्र दिवस (26 जनवरी, 2008 ई.) की कुण्डली में राशिस्वामी गुरु द्वादशभावगत स्वराशि धनु में शुक्र युक्त तथा मंगल द्वारा दृष्ट है। आगामी वर्ष विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को अपेक्षाकृत कम सीटें प्राप्त होंगी। प्रदेश में भाजपा का प्रभावक्षेत्र बढ़ेगा, परन्तु दोनों मुख्य पार्टियों में कांटे की टक्कर रहेगी। यद्यपि वर्तमान श्रीवीरभद्र सरकार द्वारा प्रदेश के विभिन्न क्षत्रों में विकासोन्मुखी एवं उपयोगी योजनाएँ प्रस्तावित की जाएंगी—औद्योगिक, पर्यटन, बिजली-क्षेत्र, कृषि, बागवानी, परिवहन एवं सड़क क्षेत्र सम्बन्धी विकास के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। साधारण वर्ग के लोगों को प्रदेशव्यापी योजनाओं का समुचित लाभ नहीं पहुँच पाएगा। फलस्वरूप सत्तारूढ़ दल को अपनी प्रतिष्ठा एवं वोट प्राप्त करने के लिए विशेष प्रयास करने होंगे। अन्यथा भाजपा शक्तिशाली पार्टी के रूप में उभरकर सामने आएगी।

पंजाब—इसकी प्रभावराशि मीन तथा नाम राशि कन्या है। गणतन्त्र दिवस कुण्डली तथा नववर्ष प्रवेश कुण्डली में स्थित ग्रहों के अनुसार वर्तमान गठबन्धन बादल सरकार को विशेष राजनैतिक एवं आर्थिक चुनौतियों का सामना रहेगा।

ध्यान रहे, पंजाब शीर्षक के सन्दर्भ में ही गतवर्षीय सं. २०६४ के पंचांग के पृष्ठ 62–63 कालम II, I पर हमारी भविष्योक्ति (प्रभु–कृपावश) अक्षरशः सत्य प्रमाणित हुई है कि ''वर्ष के पूर्वार्द्ध भाग में सत्तारूढ़ (कांग्रेस) सरकार के लिए विशेष चुनौतियों से भरा होगा तथा विपक्ष के बीच आरोप–प्रत्यारोपों के कारण परस्पर टकराव एवं विरोध बढेंगे। कई स्थलों पर हिंसक घटनाएँ होने की आशंका रहेगी।'' अन्य च–''टैक्स वृद्धि आदि की समस्याओं के कारण वर्तमान कांग्रेस सरकार की प्रतिष्ठा एवं साख को गहरी ठेस पहुँचेगी। *आगामी सम्भावित विधानसभा चुनावों में स्पष्ट बहुमत मिलना संदिग्ध होगा।''*

आगामी वर्ष बादल सरकार प्रदेश में विदेशी निवेश, कृषि, दूरसंचार, रिटेल सेक्टर, औद्योगिक आदि विकास के लिए यथासम्भव प्रयास करेगी, परन्तु टैक्सों में वृद्धि, बिजली तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में अत्यधिक वृद्धि, महँगाई तथा ग्रामीण क्षेत्रों की तुष्टिकरण नीति के कारण शहरी प्रजा तथा छोटे व्यापारियों में गहन असन्तोष एवं आक्रोश रहेगा। आगामी **लोकसभा** चुनावों में सत्तारूढ़ अकाली-भाजपा गठबन्धन सरकार को काफी हानि होगी। तथा सत्ता सरकार की लोकप्रियता में कमी होने के योग हैं।

हरियाणा—प्रभाव राशि कर्क तथा नामराशि मिथुन है। हरियाणा के कुछ क्षेत्रों में वर्षेश (राजा) सूर्य तथा कुछ क्षेत्रों में चन्द्रमा होगा। (देखें पृष्ठ....) कर्क राशि पर साढ़ेसति का प्रभाव रहेगा। सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार के समक्ष अनेक चुनौतियां होंगी। विभिन्न योजनाओं का लाभ सामान्य लोगों तक नहीं पहुँच पाएगा। अन्य पार्टियों के नेता अपना प्रभाव क्षेत्र बढ़ाएंगे। साधारण लोगों तथा किसानों के विरोध स्वरूप आगामी लोकसभा चुनावों में प्रदेश कांग्रेस सरकार को आपेक्षित सफलता नहीं मिल पाएगी। क्षेत्रीय गठबन्धन पार्टियों को लाभ पहुँचेगा।

जम्मू-काश्मीर—नाम राशि मकर तथा प्रभाव राशि तुला है। 59वें वर्ष की गणतन्त्र दिवस की कुण्डली में इसकी नाम राशि (मकर) का लग्न ही उदित है। राशिस्वामी शनि का शत्रु (सिंह) राशिगत (अष्टमस्थ) संचार तथा प्रभावराशि स्वामी शुक्र का द्वादश भावगत संचार अशुभ घटनाओं की ओर संकेत कर रहे हैं। सत्तारूढ़ सरकार विस्थापित कश्मीरी पण्डितों के पुनर्वास के सम्बन्ध में अभी उदासीनता की प्रवृत्ति रखेगी। यद्यपि काश्मीर आदि में पर्यटन, सेब, कृषि उद्योगों, विद्युत्, यातायात व रोज़गार के क्षेत्रों को विशेष बढ़ावा व प्रगति करने में प्रयासरत रहेगी, परन्तु छिटपुट आतंकवादी गतिविधियों, घटनाओं के कारण प्रदेश के विकास कार्यक्रमों को हानि पहुँचेगी। पाक प्रेरित आतंकवादी संगठन घाटी में अपनी विध्वंसक कार्यवाहियां करके विश्व का ध्यान काश्मीर की ओर करने की कुचेष्टा करते रहेंगे। फलस्वरूप प्रान्तीय सरकार को आर्थिक व सामाजिक अवरोधों का सामना करना पड़ेगा। आगामी चुनावों में नैशनल फ्रंट गठबन्धन का प्रभावक्षेत्र बढ़ेगा।

राजस्थान—प्रभावराशि कर्क है। 62वें वर्ष की स्वतन्त्र भारत की कुं. में अष्टमस्थ हो जाने तथा केतु के संचार के कारण सत्तारूढ़ भाजपा को कठिन एवं विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। साधारण जनता तक विकास का प्रभाव नगण्य रहेगा। लोगों में महँगाई एवं सरकारी नीतियों के विरुद्ध असंतोष एवं विक्षोभ की भावना रहेगी। कांग्रेस की स्थिति इस प्रदेश में सुदृढ़ होगी।

दिल्ली—नई गणतन्त्र दिवस कुं. (26 जन., 2008 ई.) में इसकी प्रभाव राशि मकर राशि का लग्न ही उदित हुआ है। सू., बु. एवं मुंथा की स्थिति शुभ नहीं है। राज्य में सड़क, परिवहन, विद्युत, पेयजल, पर्यटन, खेलों आदि सम्बन्धी अनेक विकासकारी योजनाएँ बनाई जाएंगी, परन्तु उनका लाभ सामान्य लोगों तक नहीं पहुँच पाएगा। परन्तु भ्रष्टाचार, आरक्षण, महँगाई, विद्युत् एवं पेयजल की कमी, सीलिंग आदि समस्याओं को आंशिक रूप से हल करने के बावजूद सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के लिए प्रतिष्ठा एवं वर्चस्व को बनाए रखना कठिन होगा। भाजपा का प्रभाव बढ़ेगा।

उत्तर प्रदेश—प्रभावराशि धनु तथा नाम राशि वृष है। प्रभावराशि पर 9 दिसं. तक गुरु का संचार शुभ संकेत है। ध्यान रहे, गतवर्ष इसी कालम में पृष्ठ 63 पर समाजवादी पार्टी की हार के सम्बन्ध में स्पष्ट पढ़ें—**''विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ समाजवादी पार्टी को कम सीटें प्राप्त होंगी। नेतृत्व परिवर्तन के प्रबल योग हैं।''**

आगामी वर्ष सम्भावित लोकसभा चुनावों में भी बसपा, कांग्रेस तथा भाजपा का प्रभावक्षेत्र बढ़ेगा। सत्तारूढ़ बसपा सरकार नई क्रान्तिकारी एवं प्रगतिपद योजनाएं कार्यान्वित करेगी। कुछ राजनीतिज्ञों को राजनैतिक प्रतिशोध की भावना एवं षड्यन्त्रों का सामना करना पड़ेगा।

● कांग्रेस गठित यू॰ पी॰ ए॰ सरकार का भविष्य ●

कुं. वर्तमान प्रधानमन्त्री
डॉ. मनमोहन सिंह
26 सितं., 1932, 2-00 PM

यू.पी.ए. सरकार द्वारा
शपथकालीन कुण्डली
22 मई, 2004 ई., 17-42 PM

[यू. पी. ए. सरकार संकट में]

वर्तमान यू.पी.ए. (U.P.A.) गठबन्धन मनमोहन सरकार 22 मई, 2004 ई॰, शनिवार को आर्द्रा नक्षत्र एवं शूल योग के समय तुला लग्न में शपथ ग्रहण की थी। शपथकालीन कुण्डली में चर लग्न उदित था। लग्नभाव में केतु तथा सप्तमभाव में बुध-राहु का अशुभ योग पड़ा है। शपथ ग्रहण काल में भद्रा एवं शूल आदि अशुभ योगों एवं आर्द्रा (राहु के) नक्षत्र में होने से कांग्रेस की गठबन्धन सरकार पर अस्थिरता के बादल मंडराते रहेंगे।

वर्तमान प्रधानमन्त्री डा॰ मनमोहन सिंह की जन्म कुण्डली में पड़े ग्रहों के अनुसार उनको 7 फरवरी 2007 ई॰ से राहु की महादशा के मध्यान्तर में केतु की अन्तर्दशा चल रही है, जो कि **25 फरवरी, 2008 ई॰ तक रहेगी।** इस दशा-अन्तर्दशा में प्रायः अशुभ फल प्रकट होते हैं। इस अवधि में सहयोगियों से विरोध, कलह-क्लेश, शरीर कष्ट तथा मित्र भी परायों जैसा व्यवहार करने लगते हैं। परन्तु ध्यान रहे, प्रधानमन्त्री जी की नवांश कुण्डली

नवांश कुं. प्रधानमन्त्री

में राहु-केतु की स्थिति शुभ होने से उनकी दशान्तर्दशा में उतना अधिक अनिष्ट फल नहीं होता। इसके अतिरिक्त नवांश में उच्च- सत्ता का स्वामी सूर्य भी उच्चस्थ हो गया है। गोचरवश आजकल उनके जन्म लग्न-धनु का स्वामी गुरु द्वादश भाव (वृश्चिक) में संचार कर रहा है, जो कि 21 नवम्बर, 2007 ई० तक ज्येष्ठा नक्षत्र एवं द्वादश भाव में ही संचारित रहेगा। 22 नवम्बर के बाद उनके जन्म लग्न में ही स्वराशिगत होकर संचार करेगा। 25 फर. 2008 ई. के पश्चात् डा० मनमोहन सिंह जी को राहु मध्ये शुक्र की अन्तर्दशा आगामी 3 वर्ष के लिए व्याप्त रहेगी। उनकी कुण्डली में शुक्र अष्टमस्थ होकर नीच एवं पापग्रह मंगल से पीड़ित है। अतएवं फरवरी 2008 के पश्चात् भी लगभग तीन मास तक राजनीतिक परिस्थितियाँ अस्थिर बनी रहेंगी। परन्तु लग्न भाव पर गुरू का स्वग्रही संचार होने से पार्टी में पुनः उच्च पद प्राप्ति के प्रबल योग हैं।

सम्वत् २०६५ में कांग्रेस पार्टी का भविष्य

(चुनौतियों से भरा अग्नि परीक्षा का वर्ष)

कुण्डली कांग्रेस पार्टी

कांग्रेस पार्टी की यथोपलब्ध कुण्डली में भी धनु लग्न ही उदित हैं। नव्य गणतन्त्र कुण्डली में धनु राशि द्वादश में पड़ रही है। कुण्डली के पंचम भाव (प्रशासन एवं योजना) में शनि नीचराशिगत होकर सामान्य प्रजा के प्रतिनिधि चन्द्रमा के साथ है। इन पर गुरू व शुक्र दोनों विरुद्ध ग्रहों की शुभाशुभ दृष्टियाँ पड़ रही हैं। जिसके कारण कांग्रेस सरकार द्वारा निर्मित अधिकांश विकास योजनाएँ अपने सहयोगी वामपंथी दलों के कारण ही विलम्ब एवं अवरोध का कारण बनेंगी। स्वार्थपरता एवं लाल फीताशाही के कारण सामान्य लोगों को उनका पूर्ण लाभ नहीं मिल पाएगा। वर्तमान काल में गोचरवश लग्नेश गुरु चन्द्रमा से अष्टमस्थ होने से विकास योजनाओं में अनुमान से खर्च अधिक होंगे। भ्रष्टाचार एवं स्वार्थपरता के कारण सामान्य प्रजा महँगाई के कुचक्र में पिसती जाएगी। सामान्य लोगों में क्षोभ, व्याकुलता एवं अशान्ति रहेगी। **श्रीराम सेतु** योजना के मुद्दे पर कांग्रेस की लोकप्रियता को गहरा धक्का पहुँचेगा।

वर्ष (२००७ ई०) के उत्तरार्ध में लोकसभा के मध्यावधि चुनावों की आहट होने के कारण कांग्रेस पार्टी लोक लुभावन की विभिन्न **योजनाओं की उद्घोषणाएँ** करेंगी। इस संदर्भ में **ग्रामीण रोज़गार गारण्टी** की योजना को देशभर में लागू करने की घोषणा पहले ही कर चुकी है।

कांग्रेस पार्टी में नवशक्ति एवं उत्साह पैदा करने के लिए अनेक पग व्यापक स्तर पर उठाए जाएंगे। इस संदर्भ में सितम्बर 2007 के अन्तिम सप्ताह में भूतपूर्व स्वर्गीय प्रधानमन्त्री के सुपुत्र राहुल गाँधी को कांग्रेस पार्टी का महासचिव भी नियुक्त किया गया है। ता. 19 जून, 1970 को (यथोपलब्ध सूचनानुसार) मिथुन लग्न में जन्में श्री राहुल की कुण्डली में राशिस्वामी मंगल एवं पराक्रमेश सूर्य दोनों ग्रहों का लग्न भाव में होने से जातक स्वाभिमानी, साहसी, स्फूर्तिवान एवं तेजस्वी नेता के रूप में उभर कर आए हैं। राजकीय मामलों का स्वामी गुरु आजकल उनकी राशि (वृश्चिक) पर संचार कर रहा है तथा द्वितीय भाव में कर्क राशि पर उच्च दृष्टिपात कर रहा है। आगामी वर्षों में राजनीति क्षेत्र में विशेष उपलब्धियाँ प्राप्त करेगा। ऐसे योग हैं।

कुं. श्रीराहुल गाँधी
19-06-1970

गणतन्त्र दिवस (26 जनवरी, 2008 ई०) की कुण्डली जिसमें **मकर लग्न** उदित है। लग्न भाव में चर राशि की मुंथा शीघ्र एवं आश्चर्यजनक प्रभावोत्पादक होती है। मुंथेश शनि का अष्टम भाव में केतु युक्त होने से कांग्रेस **यू. पी. ए.** सरकार की घटक वामपंथी पार्टियों द्वारा अमरीकी परमाणु करार के मुद्दे पर गतिरोध बनाए रखने से वर्ष के आरम्भ में ही **कांग्रेस गठबन्धन सरकार** टूटने के कगार पर रहेगी। तथा फरवरी-मार्च में ही मध्यावधि चुनावों की सम्भावना के प्रबल योग हैं। क्योंकि (15 जन. से 12 फर. 2009 ई.) के बीच **मकर राशि** पर सूर्य-राहु का योग, तदनन्तर (28 जन. से 12 फर. के मध्य) इसी राशि पर सूर्य, मंगल, राहु आदि का चतुर्ग्रही बनने से केन्द्रीय सरकार में परिवर्तन एवं विघटन के प्रबल योग पाए जाते हैं।

दैवयोग से मध्यावधि चुनाव टल भी जावें तो भी देश में राजनीतिक अनिश्चितताओं का वातावरण बना रहेगा। प्रमुख पार्टियों में अर्न्तकलह के कारण विभिन्न प्रान्तों की क्षेत्रीय पार्टियों की महत्तता बढ़ेगी।

-सं० २०६५ में भारतीय जनता पार्टी-

भाजपा की स्थापन कुण्डली में मिथुन लग्न उदित है। लग्नेश बुध भाग्य स्थान में केतु युक्त होकर गुरू, मंगल, शनि आदि ग्रहों की मिश्रित शुभाशुभ दृष्टियों से प्रभावित हो रहा है। चन्द्रमा षष्ठ स्थान में यद्यपि नीचराशिगत है, परन्तु उस पर मंगल की स्वक्षेत्री शुभ दृष्टि पड़ रही है। ग्रह स्थिति के अनुसार भाजपा पार्टी के लिए आगामी वर्ष कठिन चुनौतियों एवं विषम परिस्थितियों से भरा वर्ष होगा। **श्रीराम सेतु एवं हिन्दुत्व** के मुद्दे पर कुछ प्रदेशों में भारतीय जनता पार्टी की प्रतिष्ठा एवं लोकप्रियता में वृद्धि होगी, जबकि कुछ प्रदेशों जैसे राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात आदि प्रदेशों में गत चुनावों की अपेक्षाकृत कम सीटें प्राप्त होंगी, जबकि हिमाचल, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, गुजरात, कर्नाटक आदि प्रदेशों में गतवर्षों की अपेक्षा बेहतर स्थिति रहेगी। देश के राजनीतिक पटल पर भाजपा और राजग गठबन्धन पुनः उभरने लगेंगे। आगे प्रभु इच्छा प्रबल है। वस्तुतः सर्वज्ञ भविष्यज्ञाता तो स्वयं ईश्वर ही हैं।

लेख लिपिबद्धम्
भाद्र शुक्ल पूर्णिमा
तदनुसार, 26 सितम्बर (१० आश्विन प्रविष्टे)
बुधवार, सं. 2007 ई.

शुभ चिन्तक
पण्डित पन्ना लाल ज्योतिषी
गणितकर्त्ता पंचांग दिवाकर, जालन्धर।

सूर्यादि ग्रहों का राशि प्रवेश, वक्री-मार्गी एव उदयास्त घण्टे-मिन्टों में (सन् 2008-09 ई.)

सूर्य राशि प्रवेश

ता. मास	राशि	घं. मिं.	ता. मास	राशि	घं. मिं.
14 जन.	मकर	24/07	16 सितं.	कन्या	17/22
13 फर.	कुम्भ	13/05	16 अक्तू.	तुला	29/21
14 मार्च	मीन	9/57	15 नवं.	वृश्चिक	29/09
13 अप्रै.	मेष	18/29	15 दिसं.	धनु	19/46
14 मई	वृष	15/24	14 जन.(09)	मकर	6/27
14 जून	मिथुन	22/02	12 फर.	कुम्भ	19/24
16 जुला.	कर्क	8/57	14 मार्च	मीन	16/16
16 अग.	सिंह	17/24			

मंगल राशि प्रवेश (संवतारम्भ में मिथुन में)

28 अप्रै.	कर्क	14/45	7 नवं.	वृश्चिक	26/45
21 जून	सिंह	16/57	19 दिसं.	धनु	11/32
9 अग.	कन्या	26/52	27 जन. (09)	मकर	26/26
25 सितं.	तुला	11/00	7 मार्च	कुम्भ	16/31

बुध राशि प्रवेश (संवतारम्भ में मीन में)

15 अप्रै.	मेष	5/49	31 अक्तू.	तुला	26/46
29 अप्रै.	वृष	17/44	19 नवं.	वृश्चिक	17/46
26 मई	वक्री	21/20	8 दिसं.	धनु	19/29
19 जून	मार्गी	20/02	28 दिसं.	मकर	5/52
6 जुला.	मिथुन	18/54	11 जन. (09)	वक्री	22/08
23 जुला.	कर्क	20/50	26 जन.	व. धनु	21/17
7 अग.	सिंह	11/22	1 फर.	मार्गी	12/48
24 अग.	कन्या	27/36	7 फर.	मकर	21/44
24 सितं.	वक्री	12/39	4 मार्च	कुम्भ	27/39
15 अक्तू.	मार्गी	25/38	22 मार्च	मीन	21/34

गुरु राशि प्रवेश (संवतारम्भ में धनु में)

9 मई	वक्री	17/41	9 दिसं.	मकर	23/42
8 सितं.	मार्गी	9/44			

शुक्र राशि प्रवेश (संवतारम्भ में मीन में)

1 अप्रै.	मीन	14/00	7 जुला.	कर्क	26/36
25 अप्रै.	मेष	21/41	1 अग.	सिंह	12/18
20 मई	वृष	6/45	25 अग.	कन्या	22/27
13 जून	मिथुन	16/40	19 सितं.	तुला	10/15

शुक्र राशि प्रवेश

ता. मास	राशि	घं. मिं.
13 अक्तू	वृश्चिक	25/00
7 नवं.	धनु	20/35
2 दिसं.	मकर	25/44
29 दिसं.	कुम्भ	6/25
27 जन. (09)	मीन	12/01
6 मार्च	वक्री	22/45

शनि राशि प्रवेश

(संवतारम्भ से सिंह में)

3 मई	मार्गी	8/36
31 दिसं.	वक्री	23/37

संवत् के अन्त तक सिंह राशि में वक्री रहेगा।

राहु

(संवतारम्भ से कुम्भ में)

30 अप्रै.	मकर	9/30

केतु

(संवतारम्भ से सिंह में)

30 अप्रै.	कर्क	9/30

यूरेनस

27 जून	वक्री	5/36
27 नवं.	मार्गी	21/42
6 अप्रै.(09)	मीन	23/41

नैपच्यून

24 अप्रै.	कुम्भ	18/58
26 मई	वक्री	21/44
28 जून	व. मकर	14/08
3 नवं.	मार्गी	12/08
13 फर.(09)	कुम्भ	26/33

प्लूटो

सम्पूर्ण संवत धनु राशि में संचार करेगा।

ग्रहों का वक्री-मार्गी

मंगल

सम्पूर्ण संवत् में मार्गी अवस्था में संचार करेगा।

बुध

26 मई	वक्री	21/20
19 जून	मार्गी	20/02
24 सितं.	वक्री	12/39
15 अक्तू.	मार्गी	25/38
11 जन.(09)	वक्री	22/08
1 फर.	मार्गी	12/48

गुरु

(संवतारम्भ में वक्री)

9 मई	वक्री	17/41
8 सितं.	मार्गी	9/44

शुक्र

6 मार्च(09)	वक्री	22/45

संवतान्त तक वक्री रहेगा।

शनि

(संवतारम्भ में वक्री)

3 मई	मार्गी	8/36
31 दिसं.	वक्री	23/37

संवत् के अन्त तक वक्री रहेगा।

यूरेनस

27 जून	वक्री	5/36
27 नवं.	मार्गी	21/42

नैपच्यून

26 मई	वक्री	21/44
28 नवं.	मार्गी	12/08

प्लूटो

2 अप्रै.	वक्री	14/46
9 सितं.	मार्गी	8/44
4 अप्रै. (09)	वक्री	23/01

ग्रहों का उदय-अस्त

मंगल

8 अक्तू. पश्चिSस्त	19/10
7 फर.(09) पूर्वोदय	21/15

बुध

8 जन. पश्चिमोदय	24/15
31 जन. पश्चिSस्त	19/05
12 फर. पूर्वोदय	22/37
3 अप्रै. पूर्वSस्त	11/29
28 अप्रै. पश्चि. उदय	5/54
30 मई व पश्चिSस्त	7/45
16 जून व पूर्वोदय	9/25
17 जुला. पूर्वSस्त	27/15
11 अग. पश्चि.उदय	23/20
1 अक्तू. व. पश्चिSस्त	4/05
13 अक्तू. व. पूर्वोदय	11/20
4 नवं. पूर्वSस्त	5/50
19 दिसं. पश्चि.उदय	9/32

14 जन. व. पश्चिSस्त	24/30
26 जन. व. पूर्वोदय	9/54
17 मार्च पूर्वSस्त	3/40

गुरु

(वर्षारम्भ में अस्त)

6 जन. पूर्व उदय	5/45
11 जन.(09) अस्त	24/10
9 फर.(09) उदय	28/32

शुक्र

3 मई पूर्वSस्त	23/50
12 जुला. पश्चि.उदय	4/31
24 मार्च(09)पश्चि.अस्त	7/28
30 मार्च पूर्वोदय	27/15

शनि

17 अग. पश्चिSस्त	9/54
21 सितं. पूर्वोदय	24/48

-शुक्र उदय-अस्त के बारे में-

पाठकों की सूचनार्थ निवेदन है कि गतवर्ष की पंचांगदिवाकर (पृष्ठ-139) पर हमने शुक्रास्त लगभग 27 अप्रैल था शुक्रोदय लगभग 6 जुलाई, 2008 ई. को लिखा गया था। परन्तु सूक्ष्म उन्नतांश पद्धति के आधार पर सटीक शुद्ध तारीखें (30 एवं 31° अक्षांश पर) शुक्रास्त 3 मई को तथा शुक्रोदय (पश्चिम) तारीख 12 जुलाई (प्रातः 4-31) को होगी। ---संपादक

ॐ नमः शिवाय गुरवे शम्भवे परमात्मने।
सर्वात्मकाय साम्बाय सर्वेशाय नमो नमः॥
नमः शम्भवाय च मयोभवाय च नमः शङ्कराय च
मयस्कराय च नमः शिवाय च शिवतराय च॥
सद्योजातं प्रपद्यामि सद्योजाताय वै नमो नमः।
भवे भवे नातिभवे भवस्व मां भवोद्भवाय नमः॥

ग्रहों का नक्षत्र-चरण प्रवेश-संवत् २०६५ वि.

सूर्य नक्षत्र प्रवेश

2008 ई.	नक्षत्र	चरण
31 मार्च	रेवती (1)	5/13
3 अप्रै.	रेव. (2)	
6 अप्रै.	रेव. (3)	
10 अप्रै.	रेव. (4)	
13 अप्रै.	अश्वि. 1 मेष	18/29
17 अप्रै.	अश्वि (2)	
20 अप्रै.	अश्वि (3)	
23 अप्रै.	अश्वि (4)	
27 अप्रै.	भरणी (1)	10/25
30 अप्रै.	भरणी (2)	
4 मई	भरणी (3)	
7 मई	भरणी (4)	
11 मई	कृति. (1)	4/31
14 मई	कृति. (2) वृष	15/24
17 मई	कृति. (3)	
21 मई	कृति. (4)	
24 मई	रोहिणी (1)	24/50
28 मई	रोहिणी (2)	
31 मई	रोहिणी (3)	
4 जून	रोहिणी (4)	
7 जून	मृगशिर (1)	22/38
11 जून	मृगशिर (2)	
14 जून	मृग. (3)मिथु.	22/02
18 जून	मृगशिर (4)	
21 जून	आर्द्रा (1)	21/43
25 जून	आर्द्रा (2)	
28 जून	आर्द्रा (3)	
2 जुला.	आर्द्रा (4)	
5 जुला.	पुर्न. (1)	21/15
9 जुला.	पुर्न. (2)	
12 जुला.	पुर्न. (3)	
16 जुला.	पुर्न.(4)कर्क	8/57
19 जुला.	पुष्य (1)	20/50
23 जुला.	पुष्य (2)	

2008 ई.	नक्षत्र	चरण
26 जुला.	पुष्य (3)	
30 जुला.	पुष्य (4)	
2 अग.	आश्ले. (1)	19/43
6 अग.	आश्ले. (2)	
9 अग.	आश्ले. (3)	
13 अग.	आश्ले. (4)	
16 अग.	मघा(1)सिंह	17/24
20 अग.	मघा (2)	
23 अग.	मघा (3)	
26 अग.	मघा (4)	
30 अग.	पू.फा. (1)	13/23
2 सितं.	पू.फा. (2)	
6 सितं.	पू.फा. (3)	
9 सितं.	पू.फा. (4)	
13 सितं.	उ.फा. (1)	7/14
16 सितं.	उ.फा.(2)कं.	17/22
20 सितं.	उ.फा. (3)	
23 सितं.	उ.फा. (4)	
26 सितं.	हस्त (1)	22/47
30 सितं.	हस्त (2)	
3 अक्तू.	हस्त (3)	
6 अक्तू.	हस्त (4)	
10 अक्तू.	चित्रा (1)	11/43
13 अक्तू.	चित्रा (2)	
17 अक्तू.	चित्रा(3) तुला	5/21
20 अक्तू.	चित्रा (4)	
23 अक्तू.	स्वा. (1)	22/18
27 अक्तू.	स्वा. (2)	
30 अक्तू.	स्वा. (3)	
2 नवं.	स्वा. (4)	
6 नवं.	विशाखा (1)	6/22
9 नवं.	विशाखा (2)	
12 नवं.	विशाखा (3)	

2008-09 ई.	नक्षत्र	चरण
16 नवं.	विशा (4)वृश्चि	5/09
19 नवं.	अनु. (1)	12/29
22 नवं.	अनु. (2)	
25 नवं.	अनु. (3)	
29 नवं.	अनु. (4)	
(9 दिसं. से 1 जन. (2009 ई.) तक गुरु अपने नीच नवांश एवं परमनीचांश में होगा—देखें पृष्ठ—)

—सन् 2009 ईसवी में—

पक्ष तिथि वार	तारीख	प्रविष्टे	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
फागु.कृ. ५, शनि	14 फर.	३ फागु.	चित्रा	ल १२, १, अभिजित
फागु.कृ. १२, श.	21 फर.	१० फागु.	उ.षा.	दुपै. 12/50 के बाद
फा. शु. २, शु.	27 फर.	१६ फागु.	उ.भा	ल. १, २, अभिजित
चैत्र कृ. २, गु.	12 मार्च	२९ फागु.	उफा/ह.	ल. १२, २, अभिजित

अभिजित मुहूर्त्त

पुराणानुसार **अभिजित मुहूर्त्त** काल में क्रियमाण सभी कर्म प्रायः सफल होते हैं। भगवान् विष्णु के सुदर्शन चक्र की भान्ति अभिजित् मुहूर्त्त सब दोषों को नाश कर देता है—

दिनमध्यगते सूर्ये मुहूर्त्ते हि अभिजित् प्रभुः।
चक्रमादाय गोविन्दः सर्वान्दोषान्निकृन्तति॥

दिनमान के अर्ध भाग में स्थानीय सूर्योदय जमा कर देने से अभिजित् मुहूर्त्त का मध्य भाग निकल आता है। **'नारद पुराण'** के अनुसार **अभिजित्** के मध्याह्न काल से १ घटी अर्थात् २४ मिनट पूर्व और मध्याह्न से २४ मिनट पश्चात् तक के समय को **अभिजित् काल** कहा जाता है।

उदाहरण—मान लो, आपने २८ नवम्बर को अभिजित मुहूर्त्त का समय जानना है, तो उस दिन के दिनमान (२५/३० घटी पल) का अर्धभाग १२ घड़ी, ४५ पल होंगे। इस अर्ध भाग के ५ घंटे, ६ मिनट बनते हैं। इनके उस दिन में जालन्धर के सूर्योदय ७/१० घं. मिं. में जमा कर देने से दुपै. १२ बजकर १६ मिनट पर अभिजित मुहूर्त्त का मध्यकाल होगा। इससे २४ मिनट पूर्व अर्थात् ११/५२ घं. मिं. से अभिजित का प्रारम्भ काल तथा (१२/१६ + ००/२४ मिनट = १२ घं. ४० मिनट पर अभिजित का समाप्ति काल (घंटा मिंट) होगा।

नूतन गृह प्रवेश मुहूर्त्त संवत् २०६५

नवीन गृह प्रवेश में किसी सुयोग्य पण्डित जी द्वारा पूर्वतः सुनिश्चित किए गए मुहूर्त्त दिवस पर किसी श्रेष्ठ ब्राह्मण द्वारा **वास्तु शान्ति,** नवग्रह-पूजन शान्ति, स्वस्ती वाचन एवं पंचदेव पूजन आदि के पश्चात् ब्राह्मणों एवं आश्रितजनों को यथाशक्ति भोजन-दानादि एवं कन्यापूजन पूर्वक सवत्सा गाय, जलपूर्ण कलश तथा ब्राह्मणों को आगे करके शंख ध्वनि एवं मंगल गान सहित नव गृह में प्रवेश करना चाहिए। सिद्धान्तानुसार भूमिशयन प्रविष्टों का विचार गृह निर्माण मुहूर्त्तों में ही करना चाहिए। कुछ ग्रंथकारों ने नव्य गृह प्रवेश में रविवार तथा मार्गशीर्ष मास को भी ग्राह्य माना है। अतः आवश्यक परिस्थितिवश मार्गशीर्ष मास भी ग्राह्य किया जा सकता है।

'गृह प्रवेश में कलश वास्तु चक्र'

नव गृह प्रवेश सम्बन्धी मुहूर्त्तों में और अधिक सूक्ष्मता प्राप्ति के लिए कलश-वास्तु चक्र का प्रयोग किया जाता है। किसी काल्पनिक कलश को आठ विभागों में बाँट लें। मुहूर्त्त काल में सूर्याधीष्ठित नक्षत्र से चन्द्र नक्षत्र (मुहूर्त्त वाला नक्षत्र) तक यथाक्रम नक्षत्र रखें। घट चित्र रेखांकित

किया गया है। सूर्य नक्षत्र से चंद्र नक्षत्र १ (समान) होने पर मुख पर स्थापित करें। सूर्य के नक्षत्र से आगे गिनने पर दो से पाँच अर्थात् आगे के चार नक्षत्र पूर्व दिशा में रखें, इसी प्रकार ६ से ९ तक चार नक्षत्र कलश के दक्षिण में रखें, फिर दस से तेरह तक चार नक्षत्र पश्चिम में रखें, फिर १४ से १७ तक चार नक्षत्र उत्तर में रखें तथा १८ से २१ तक चार नक्षत्र कलश के उदर में रखें, फिर २२ से २४ तक तीन नक्षत्र कलश के तल में रखें तथा शेष २५ से २७ तीन नक्षत्र कलश के कण्ठ में रखें। इसके बाद गृह प्रवेश का फल निम्न प्रकार जानें—

गृह-प्रवेश में नक्षत्र फल	फल
१. यदि मुख का नक्षत्र ही प्रवेश नक्षत्र हो	अग्नि से भय होता है।
२. पूर्व के चार नक्षत्रों में भवन	उजाड़ होने का भय होता है।
३. दक्षिण के चार नक्षत्रों में	धन लाभ होता है।
४. पश्चिम के चार नक्षत्रों में	धन-वैभव प्राप्त होता है।
५. उत्तर के चार नक्षत्रों में	कलह-क्लेश रहता है।
६. उदर के चार नक्षत्रों में	विनाश का भय रहता है।
७. तल के तीन नक्षत्रों में	स्थिरता (स्थायी वास) आती है।
८. कण्ठ के तीन नक्षत्रों में	गृहस्वामी की चिरायु हो।

नवीन गृह-प्रवेश मुहूर्त्त-सं. २०६५

चैत्र शु. १२, गु.	17 अप्रै.	५ वैशा.	उ.फा.	ल. ४, अभिजित
चै. शु. १३, शु.	18 अप्रै.	६ वैशा.	उफा/ह.	ल. २, ४, अभिजित
वैशा. कृ. १, चंद्रे	21 अप्रै.	९ वैशा.	स्वा.	ल. ४, अभिजित
वैशा. कृ. ३, बुधे	23 अप्रै.	११ वैशा.	अनु.	ल. २ (चं.गु.दा.), ४, अभि.
वैशा. कृ. ७, चंद्रे	28 अप्रै.	१६ वैशा.	उ.षा.	ल. ३, अभिजित

नवरात्र मुहूर्त्त (आवश्यके)

आश्वि शु. २, बु.	1 अक्तू.	१६ आश्वि	स्वा.	मु. 11/12 बाद, वृश्चि., अभि. बै.
आ. शु. ३, गुरु	2 अक्तू.	१७ आश्वि	स्वा.	ल. ८, अभि., आवश्यके
आ. शु. ५, शनि	4 अक्तू.	१९ आश्वि	अनु.	ल. अभि., ९ (चं. दा.)
कार्ति शु. २, शु.	31 अक्तू.	१६ कार्ति.	अनु.	ल. ९ (चं. दा.), अभि., आ.
मार्ग. कृ. ५, चंद्रे	17 नवं.	३ मार्ग.	पुर्न.	ल. ९ (चं. दा.), अभि.
मार्ग. कृ.१०, श.	22 नवं.	८ मार्ग.	उ.फा.	ल. ९, अभिजित
मार्ग. कृ.१२, चं.	24 नवं.	१० मार्ग.	चित्रा	ल. ९, अभिजित

फाल्गुन मासे (सन् 2009 ई.)

पक्ष तिथि वार	तारीख	प्रविष्टे	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
फा. कृ. ५, शनि	14 फर.	३ फागु.	चित्रा	ल. १२, १, अभिजित (मीन ल. 9/08 तक)
फा. कृ. १२, श.	21 फर.	१० फागु.	उ.षा.	मुहूर्त्त 12/50 बाद
फा. शु. २, शु.	27 फर.	१६ फागु.	उ.भा.	ल. १२, २, अभि.
चैत्र कृ. २, गु.	12 मार्च	२९ फागु.	हस्त	ल. १२, २, अभिजित

पुरातन गृह प्रवेश मुहूर्त्त—सन् 2008-09 ई.

पुराने गृह में प्रवेश के मुहूर्त्तों के लिए ऊपर लिखे नवीन गृह के मुहूर्त्तों को ही ग्रहण करना चाहिए। **उपरोक्त मुहूर्त्तों के अलावा निम्नलिखित मुहूर्त्त भी ग्रहणीय होंगे।** पुराने गृह प्रवेश के मुहूर्त्तों में श्रावण, भाद्रपद, कार्तिक, मार्गशीर्ष आदि मास, रिक्ता तिथि, गुरू-शुक्रादि के वार्धक्य/बाल्यत्वादि काल भी ग्राह्य होते हैं। यद्यपि नवग्रह शान्ति, स्वास्तीवाचन, कलश पूजनादि आपेक्षित हैं, परन्तु वास्तु शान्ति, कलश चक्र स्थापनादि आवश्यक नहीं।

आ. शु. १५, शु.	18 जुला.	३ श्राव.	उ.षा.	ल. ६, अभिजित
श्रा. कृ. ३, चंद्रे	21 जुला.	६ श्राव.	शत	ल. ७, अभिजित
श्रा. कृ. ५, बुध	23 जुला.	८ श्राव.	उ.भा.	ल. ६, अभि. (चं. दा.)
श्रा. कृ. ६, गुरु	24 जुला.	९ श्राव.	रेव.	ल. ६ (चं. दा.), अभि.
श्रा. कृ. ७, शुक्र	25 जुला.	१० श्राव.	रेव.	मुहूर्त्त प्रात: 8/19 तक
श्रा.कृ.१०/११, चं.	28 जुला.	१३ श्राव.	रोह.	ल. ६, ८, अभिजित
श्राव शु. ५, बुधे	6 अग.	२२ श्राव.	हस्त	ल. ७, ८, अभिजित
श्राव शु. ६, गु.	7 अग.	२३ श्राव	चित्रा	ल. ६, ८, अभिजित
श्राव शु. ७, शु.	8 अग.	२४ श्राव.	स्वा.	ल. ६, ८, अभिजित
श्रा.शु.९/१०, र.	10 अग.	२६ श्राव.	अनु.	ल. ७, ९ (17/13 बाद)
श्रा. शु. १३, गु.	14 अग.	३० श्राव.	उ.षा.	ल. ७, अभिजित
भा. कृ. २, चंद्रे	18 अग.	३ भादों	शत.	ल. ७, ८, अभिजित
भा. कृ. १०, चंद्रे	25 अग.	१० भादों	मृग.	ल. ८ (13/51 बाद)
भा. कृ. ११, बुध	27 अग.	१२ भादों	पुर्न	ल. ७, ९ (चं. दा.)
भा. शु. १, चंद्रे	1 सितं.	१७ भादों	उ.फा.	ल. ७, ८, अभिजित
भा. शु. ५, गुरू	4 सितं.	२० भादों	स्वा.	ल. ८, ८, अभिजित
भा. शु. ७, शनि	6 सितं.	२२ भादों	अनु.	ल. ७, अभिजित
भा. शु. ११, गु.	11 सितं.	२७ भादों	उ.षा.	ल. ७, ८, अभिजित
का. कृ. १२, गु.	25 अक्तू.	१० कार्ति	उ.फा.	मु. 14/55 बाद, ल. १२
का. शु. २, शु.	31 अक्तू.	१६ कार्ति	अनु.	ल. ९, अभिजित
का. शु. १०, श.	8 नवं.	२४ कार्ति	शत.	ल. ८, ९, अभिजित
का. शु. १२, चं.	10 नवं.	२६ कार्ति.	उ.भा.	ल. ९, अभिजित
मार्ग. शु. ७, शु.	5 दिसं.	२१ मार्ग	शत.	ल. ९, अभिजित

—सन् 2009 ई. में—

फागु कृ. ५, शु.	13 फर.	२ फागु.	हस्त	मु. 12/35 बाद, ल. २

पुरातन गृह-प्रवेश मुहूर्त्त हेतु उपरोक्त मुहूर्त्तों के अतिरिक्त नवीन गृह-प्रवेश के मुहूर्त्तों को भी ग्रहण करें। —शुभाकांक्षी पं. पन्ना लाल ज्यो.

विपणि, व्यवसाय, दुकान, फैक्टरी आदि के मुहूर्त्त–सन् 2008-09 ई०

व्यवसाय में दुकान, कार्यालय आदि शुरु करने के मुहूर्त्त के समय किसी कर्मकाण्डी ब्राह्मण द्वारा सर्वदेव पूजा, नवग्रह पूजन के पश्चात् दृढ़ कलश स्थापन एवं कन्या पूजन आदि के पश्चात् ब्राह्मणों, आश्रित एवं सहयोगी जनों को यथाशक्ति भोजन आदि करवाना चाहिए। कार्तिक मास में सूर्य की पूजा, दान आदि करना शुभ होगा।

चैत्र शु. १२, गु.	17 अप्रै.	५ वैशा.	उ.फा.	ल. ४, अभिजित
चै. शु. १३, शु.	18 अप्रै.	६ वैशा.	उफा/ह.	ल. २, ४, अभिजित
चै. शु. १५, रवि	20 अप्रै.	८ वैशा.	चित्रा	ल. ४, अभिजित
वैशा कृ. १, चंद्रे	21 अप्रै.	९ वैशा.	स्वा.	ल. ४, अभिजित
वै. कृ. ३, बुधे	23 अप्रै.	११ वैशा.	अनु.	ल. २, ४, अभिजित
वै कृ. ७, रवि	27 अप्रै.	१५ वैशा	उ.षा.	मु. ८/३४ के बाद
वै. कृ. ७, चंद्रे	28 अप्रै.	१६ वैशा.	उ.षा.	ल. ३, अभिजित
आ. शु. ११, रवि	13 जुला	३० आषा.	अनु.	मु. 15/54 बाद, भद्रा स्वर्गे
आ. शु. १५, शु.	18 जुला	३ श्राव.	उ.षा.	ल. ६, अभिजित
श्रा. कृ. ५, बुध	23 जुला	८ श्राव.	उ.भा.	ल. ६, अभिजित
श्रा. कृ. ६, गुरु	24 जुला	९ श्राव.	रेवती	ल. ६, अभिजित
श्रा. कृ. ७, शु.	25 जुला	१० श्राव.	रेवती	मु. प्रात: 8/19 तक
श्रा. कृ. १०, चं.	28 जुला	१३ श्राव.	रोह.	ल. ६, ८
श्रा. शु. ५, बुध	6 अग.	२२ श्राव.	हस्त	ल. ७, ८, अभिजित
श्रा. शु. ६, गु.	7 अग.	२३ श्राव.	चित्रा	ल. ६, ८, अभिजित
श्रा. शु. ७, शुक्र	8 अग.	२४ श्राव.	स्वा.	ल. ६, ८, अभिजित
श्रा.शु.९/१०, र.	10 अग.	२६ श्राव.	अनु.	ल. ७, ९ (17/13 बाद शुभ)
श्रा. शु. १३, गु.	14 अग.	३० श्राव.	उ.षा.	ल. 10/12 बाद, ७, अभि.
भा. कृ. ८, रवि	24 अग.	९ भादों	रोह.	मु. 10/02 बाद, ७, ८, अभि.
भा. कृ. १०, चं.	25 अग.	१० भादों	मृग	मु. 13/51 बाद, ल. ८
भा. कृ. ११, बु.	27 अग.	१२ भादों	पुर्न.	ल. ७, ९ (चं. दा.)
भा. शु. २, चं.	1 सितं.	१७ भादों	उ.फा.	ल. ७, ८, ९
भा. शु. ५, गु.	4 सितं.	२० भादों	स्वा.	ल. ८, ९
भा. शु. ७, शनि	6 सितं.	२२ भादों	अनु.	मु. 7/18 बाद, ल. ७, अभि.
भा.शु.७/८, रवि	7 सितं.	२३ भादों	अनु.	ल. ७ (10/08 तक)
भा. शु. ११, गु.	11 सितं.	२७ भादों	उ.षा.	ल. ७, ८, ९
आ. शु. २, बुध	1 अक्तू.	१६ आश्वि	स्वा.	मु. 11/12 बाद, आवश्यके
आ. शु. ३, गु.	2 अक्तू.	१७ आश्वि	स्वा.	ल. ८, अभिजित, आवश्यके
का. कृ. ५, रवि	19 अक्तू.	४ कार्ति.	मृग.	ल. ८, ९ (चं. दा.)
का. कृ. १२, श.	25 अक्तू.	१० कार्ति.	उ.फा.	मु. 14/55 बाद, ल. १२

विपणि मुहूर्त्त

पक्ष तिथि वार	तारीख	प्रविष्टे	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)

पक्ष तिथि वार	तारीख	प्रविष्टे	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)

—सन् 2009 ईसवी में—

नामकरण संस्कार मुहूर्त्त २०६५

(अन्न प्राशन मुहूर्त्त में भी ग्राह्य)

विपणि मुहूर्त

पक्ष तिथि वार	तारीख	प्रविष्टे	नक्षत्र	मुहूर्त विवरण (घं. मि.)
कार्ति. शु.२, शु.	31 अक्तू	१६ कार्ति.	अनु.	ल. ९ (चं. दा.)
का. शु. १२, चं.	10 नवं.	२६ कार्ति.	उ.भा.	ल. ९, अभिजित
मार्ग. कृ. ५, चं.	17 नवं.	३ मार्ग.	पुर्न.	ल. ९, अभिजित
मा. कृ. १०, श.	22 नवं.	८ मार्ग.	उ.फा.	ल. ९, १२ (चं. दा.)
मा. कृ. ११,रवि	23 नवं.	९ मार्ग.	हस्त	ल. ९, १२ (चं. दा.)
मा. कृ. १२, चं.	24 नवं.	१० मार्ग.	चित्रा	ल. ९, अभिजित
मा. शु. १०,रवि	7 दिसं.	२३ मार्ग.	उ.भा.	मु. 14/48 उपरांत, आवश्यके
मार्ग. १५, शु.	12 दिसं.	२८ मार्ग.	रोह.	ल. मीन, अभिजित
पौष कृ. १,शनि	13 दिसं.	२९ मार्ग.	मृग.	ल. ९, १२, अभिजित
—सन् 2009 ई. में—				
फा. कृ. ५,शुक्र	13 फर.	२ फागु.	हस्त	मु. 12/35 उप., ल. २
फा. कृ. ५,शनि	14 फर.	३ फागु.	चित्रा	ल. १२ (9/08 या.), १, अ.
फा. कृ. ६, रवि	15 फर.	४ फागु.	स्वा.	ल. १ (चं. दा.), अभि.
फा. कृ. १२,श.	21 फर.	१० फागु.	उ.षा.	मु. 12/50 उप.
फा.शु.२/३, शु.	27 फर.	१६ फागु.	उ.भा.	ल. १, २ अभिजित
फा. शु. ३, शनि	28 फर.	१७ फागु.	रेव.	मु. 10/38 से 12/32 तक
चै. कृ. २, गुरू	12 मार्च	२९ फागु.	हस्त	ल. १२, २ अभिजित

यज्ञोपवीत (उपनयन) संस्कार मुहूर्त २०६५

यज्ञोपवति को व्रत-बन्ध भी कहते हैं। यह संस्कार भारतीय जीवन पद्धति में उत्तरदायित्व का बोध कराने वाला पुण्य प्रतीक है। विशेष संस्कार या अनुष्ठान आदि के अवसर पर (उसमें भाग लेने वालों को यज्ञोपवीत बदलवा देना चाहिए। चैत्र और वैशा. में (बसन्त) में ब्राह्मण का, ग्रीष्म में क्षत्रिय का और शरद् ऋतु में वैश्य को यज्ञोपवीत धारण करना श्रेष्ठ होता है। निम्न मन्त्रपूर्वक नवीन यज्ञोपवीत धारण करना चाहिए—

ॐ यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं, प्रजापतेर्यत्सहजं पुरस्तात्।
आयुष्यमग्रयँ प्रतिमुन्च शुभ्रं, यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः॥

आगे संवत् २०६५ में आने वाले कुछ विशेष मुहूर्त दिए जा रहे हैं—

पक्ष तिथि वार	तारीख	प्रविष्टे	नक्षत्र	मुहूर्त विवरण
चैत्र कृ. २, रवि	23 मार्च	१० चैत्र	चित्रा	ल. २, अभिजित
चै. कृ. ३, चंद्रे	24 मार्च	११ चैत्र	चि.स्वा.	ल. १ (चं. दा.), अभिजित
चै. कृ. ५, बुध	26 मार्च	१३ चैत्र	अनु.	मुहूर्त 14/15 उप.
चै. शु. २, चंद्रे	7 अप्रै.	२५ चैत्र	अश्वि	ल. २, अभिजित
चै. शु. ५, गुरौ	10 अप्रै.	२८ चैत्र	रोह.	ल. १, २, अभिजित
चै. शु. ६, शुक्र	11 अप्रै.	२९ चैत्र	मृ/आ.	ल. १, २, अभिजित
चै. शु. १२, गुरू	17 अप्रै.	५ वैशा.	उ.फा.	ल. ४, अभिजित
वैशा कृ. १, चंद्र	21 अप्रै.	९ वैशा.	स्वा.	ल. ४, अभिजित
वैशा कृ. ३, बुध	23 अप्रै.	११ वैशा.	अनु.	ल. २, ४, अभिजित

पक्ष तिथि वार	तारीख	प्रविष्टे	नक्षत्र	मुहूर्त विवरण (घं. मि.)
—सन् 2009 इसवी में—				
फा. कृ. ५, शुक्र	13 फर.	२ फागु.	हस्त	मु. 12/35 बाद, ल. २
फा.शु.१/२, गु.	26 फर.	१५ फागु.	पू.भा.	ल. १२, २, अभिजित
फा.शु.२/३, शु.	27 फर.	१६ फागु.	उ.भा.	ल. १, २, अभिजित
चैत्र कृ. २, गुरु	12 मार्च	२९ फागु.	हस्त	ल. १२, २, अभिजित
चैत्र कृ. ५, रवि	15 मार्च	२ चैत्र	स्वा.	मुहूर्त 8/01 तक

मुहूर्त द्विरागमन (मुकलावा) २०६५

विवाह उपरान्त पिता के गृह में आकर दूसरी बार पुनः पति के गृह में जाने को द्विरागमन (मुकलावा) कहते हैं। विवाह के दिन से १६ दिन के भीतर ही द्विरागमन हो, तो निर्धारित मुहूर्तों के बिना भी वधू प्रवेश या द्विरागमन करवाना शुभ होता है। इसके अतिरिक्त, नवविवाहिता स्त्री को विवाह के बाद द्विरागमन अथवा यात्रा में सम्मुख शुक्र एवं दक्षिण शुक्र का भी विचार किया जाता है—अर्थात् शुक्र जिस दिशा (पूर्व या पश्चिम) में उदित होता हो, उस दिशा में शुक्र सम्मुख तथा उससे दाहिनी ओर की दिशा दक्षिणस्थ मानी जाती है। मुकलावा के आगे लिखे मुहूर्त विवाहोपरांत १६ दिन के पश्चात् ही विशेषतः ग्राह्य होंगे। आजकल कुछ पंचाँगकार परिस्थितिवश एवं उपायस्वरूप रवि एवं शनिवार भी ग्रहण करने लगे हैं।

पक्ष तिथि वार	तारीख	प्रविष्टे	नक्षत्र	मुहूर्त विवरण
चैत्र शु. १२, गु.	17 अप्रै.	५ वैशा.	उ.फा.	ल. ४, अभिजित
चैत्र शु. १३, शु.	18 अप्रै.	६ वैशा.	उ./ह.	ल. २, ४, अभिजित
वैशा कृ. १, चंद्र	21 अप्रै.	९ वैशा.	स्वा.	ल. ४, अभिजित
वैशा कृ. ३, बुध	23 अप्रै.	११ वैशा.	अनु.	ल. ४, अभिजित
वैशा कृ. ७, रवि	27 अप्रै.	१५ वैशा.	उ.षा.	8/34 के बाद, आवश्यके
वैशा कृ. ७, चंद्रे	28 अप्रै.	१६ वैशा.	उ.षा.	ल. ३, अभिजित
मार्ग कृ. ५, चंद्रे	17 नवं.	३ मार्ग	पुर्न.	ल. ९, अभिजित
मार्ग कृ.११,रवि	23 नवं.	९ मार्ग.	हस्त	ल. ९, अभिजित (आवश्यके)
मार्ग कृ. १२,चं.	24 नवं.	१० मार्ग.	चित्रा	ल. ९, अभिजित
मार्ग शु. ९, रवि	7 दिसं.	२३ मार्ग.	उ.भा.	ल. ९, अभि., आवश्यके
मार्ग शु.१५,शुक्रे	12 दिसं.	२८ मार्ग.	रोह.	ल. १२, अभिजित
—सन् 2009 ई. में—				
फा. कृ. रवि	15 फर.	४ फागु.	स्वा.	अभिजित (आवश्यके)
फा. कृ. गुरु	19 फर.	८ फागु.	मूल	ल. १२, अभिजित
फा. कृ. शुक्रे	20 फर.	९ फागु.	मूल	ल. १२, अभिजित
फा. शु. २, शुक्रे	27 फर.	१६ फागु.	उ.भा.	ल. १, २, अभिजित
चै. कृ. २, गुरु	12 मार्च	२९ फागु.	उ.फा.	ल. १२, अभिजित

नामकरण संस्कार मुहूर्त २०६५

(अन्न प्राशन मुहूर्त में भी ग्राह्य)

अपनी कुल परम्परा अनुसार सूतक समाप्ति के पश्चात् जन्मदिन से १०, ११, १२, १३, १६, १९ या २२वें या ४१वें तथा विपणि में दिए गए शुभ मुहूर्तों में नामकरण संस्कार करना चाहिए। मनुष्य के बाह्य एवं आन्तरिक व्यक्तित्व के विकास में उसकी प्रसिद्ध नाम राशि का विशेष महत्त्व होता है। व्यापार, व्यवहार, सर्विस, संकल्पपूर्वक दान दीक्षा-मंत्र-सिद्धि आदि कार्यों में नाम की ही प्रधानता रहती है। नामकरण संस्कार अपने कुल के वृद्ध व्यक्ति, महात्मा, गुरु, पण्डित, ज्योतिषी, पिता या कुल पुरोहित जी से परामर्श के अनुसार अथवा जन्म-नक्षत्र के चरणाक्षर से प्रारम्भ होने वाले अक्षर से युक्त किसी महान् पुरुष, कुलदेवता, ईश्वर या देववाचक, मंगल/कल्याणार्थक तथा कानों को मधुर लगने वाले अक्षर वाला नाम रखना चाहिए। यदि जन्म नक्षत्र/राशि पाप ग्रह से युक्त या दृष्ट हो, तो लग्न, लग्नेश या भाग्येश ग्रह से सम्बन्धित राशि वाले अक्षर से प्रारम्भ होने वाला नाम रखना चाहिए। उस दिन किसी ब्राह्मण द्वारा स्वास्ती वाचन, पंचदेव एवं नवग्रह पूजनादि करवा कर **ब्राह्मण** का भोजन, वस्त्र, फल दक्षिणा आदि द्वारा सत्कार करना चाहिए।

चुनाव में खड़े होने का मुहूर्त

शुभ तिथियाँ—(१ कृ.), २, ३, ५, ९, १०, १२ एवं १५ शुक्ल।

शुभ वार—सोम, बुध, गुरु एवं शुक्रवार।

शुभ नक्षत्र—अश्विनी, रोहिणी, पुर्न, पुष्य, तीनों उत्तरा, हस्त, अनुराधा, श्रवण, धनिष्टा, रेवती।

शुभ लग्न—(इ) १, ४, ७, १०।

विशेष—केन्द्र-त्रिकोण में शुभ ग्रह हों, ३, ६, ११वें पाप ग्रह हो। लग्न एवं लग्नेश पर शुभ ग्रह की दृष्टि हो। बुध, शुक्र, गुरु उदित हों। चन्द्र बली हो तथा प्रत्याशी की राशि मुहूर्त वाले दिन-छटे, आठवें एवं १२वें न हो।

संसद् में शपथ ग्रह के समय **स्थिर लग्न** प्रशस्त होता है।

वि. संवत् २०६५ में सर्वदेव प्रतिष्ठा (मूर्त्ति स्थापना) मुहूर्त्त

सर्वदेव प्रतिष्ठा मुहूर्त्त देवी-देवताओं की मूर्त्ति स्थापना, जलाशय, तालाब, बावड़ी, कुआं आदि के निर्माण हेतु भी ग्रहणीय होंगे। सात्त्विक देवी-देवताओं की मूर्त्ति स्थापना में उत्तरायण विशेष प्रशस्त माने जाते हैं।

श्री विष्णु, राम की मूर्त्ति स्थापना में वैशाख आदि उत्तरायण मासों के अतिरिक्त अक्षया तृतीया, रामनवमी, विजयादशमी, दीपावली आदि विशेष शुभ हैं। श्री विष्णु प्रतिमा में माघ मास वर्जित होता है। भैरव आदि तामस देवों के लिए मार्गशीर्ष मास विशेष ग्राह्य हैं। श्रीकृष्ण की प्रतिमा के लिए उत्तरायण मास, भाद्र. कृष्णाष्टमी तथा मार्गशीर्ष मास शुभ माने जाते हैं।

श्री शिव मूर्त्ति, शिवलिंग की प्रतिष्ठा में श्रावण एवं फाल्गुण मास की चतुर्दशी (शिवरात्री) विशेषतया प्रशस्त है।

श्री दुर्गा माता, श्री महालक्ष्मी, सरस्वती, गौरी एवं काली माता की भी प्रतिष्ठा में दक्षिणायण (गुर्वास्तादि रहित) मास में नवरात्रे, अष्टमी/नवमी तिथि, मूल नक्षत्र, दीवाली एवं बसन्त पंचमी, नवरात्रे विशेष शुभ माने जाते हैं।

श्री हनुमान जी की मूर्त्ति स्थापना में चैत्र शु. पूर्णिमा, कार्तिक कृष्ण चौदश, मंगल, रविवार एवं आर्द्रा नक्षत्र विशेष शुभ माने जाते हैं। आगे दिए गए मुहूर्त्त भगवान् विष्णु, राम, शिव-शक्ति माता, श्री गणेश, हनुमान आदि देवों के लिए शुभ एवं ग्राह्य होंगे।

पक्ष तिथि वार	तारीख	प्रविष्टे	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
चैत्र शु. १२. गु.	17 अप्रै.	५ वैशा.	उ.फा.	ल. कर्क, अभिजित, (श्री विष्णु-लक्ष्मी, श्रीकृष्ण-राधा)
चै. शु. १३, शु.	18 अप्रै.	६ वैशा.	उफा	ल. २, ४, अभि., शिव-पार्वती
चै. शु. १४,शनि	19 अप्रै.	७ वैशा.	हस्त	ल. २. ४, अभि., भगवान शिव
चैत्र १५, रवि	20 अप्रै.	८ वैशा.	चित्रा	ल. ४, अभि. भग-नारायण, विष्णु
वैशा कृ. १, चंद्रे	21 अप्रै.	९ वैशा.	स्वा.	ल. ४, अभि. ब्रह्म, अग्नि, सूर्य
वैशा कृ. ३,बुध	23 अप्रै.	११ वैशा.	अनु.	ल. २, ४, अभि. गौरी, श्रीदुर्गा
...शा कृ. ७,रवि	27 अप्रै.	१५ वैशा.	उ.षा.	मु. प्रातः 8/34 के बाद, सूर्यदेव
...शा कृ. ७, चंद्र	28 अप्रै.	१६ वैशा.	उ.षा.	ल. ३, अभि., शिव (प्रातः7/08 उप.)

—सन् 2009 ई. में—

पक्ष तिथि वार	तारीख	प्रविष्टे	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
...गु. कृ. ५,श.	14 फर.	३ फागु.	चित्रा	ल. १२ (9/08 तक), १, अभि.
... कृ. ६, रवि	15 फर.	४ फागु.	स्वा.	ल. १, अभि. (दुपै. 12/53 तक) भ.पू.
... कृ. ८, मंग	17 फर.	६ फागु.	अनु.	ल. १२, अभि. शिवजी, हनुमान जी
... कृ. १२.श.	21 फर.	१० फागु.	उ.षा.	मु. 12/50 उपरांत
...ा.शु.२/३, शु.	27 फर.	१६ फागु.	उ.भा.	ल. १, २, अभि., गौरी, श्रीदुर्गा
...त्र कृ. २, गुरु	12 मार्च	२० फागु.	हस्त	ल. १२, २, अभिजित

श्रीगणेश प्रतिष्ठा मुहूर्त्त—2008-09 ई.

पक्ष तिथि वार	तारीख	प्रविष्टे	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण
वैशा. कृ. ४, गु.	24 अप्रै.	१२ वैशा.	ज्येष्ठा	ल. २ (चं. दा.), ३, अभि.
श्रा.कृ. ३/४, चं.	21 जुला	६ श्राव	ध./श.	ल. ७, अभिजित
भाद्र.कृ. ४, बुध	20 अग.	५ भाद्र.	उ.भा.	ल. ८, अभिजित
भा. शु. ४, बुध	3 सितं.	१९ भाद्र.	चित्रा	मु. 12/29 से पूर्व, ल. ७
मार्ग. कृ. ४,रवि	16 नवं.	२ मार्ग.	आर्द्रा	ल. ९ (चं. दा.), अभि.
पौ. कृ. ४, मंग	16 दिसं.	२ पौष	आश्ले	मु. 8/27 तक

—सन् 2009 ई. में—

पक्ष तिथि वार	तारीख	प्रविष्टे	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण
माघ कृ. ४, बुध	14 जन.	२ माघ	पू.फा.	14/24 बाद
फा. कृ. ४, शुक्र	13 फर.	२ फागु.	हस्त	दुपैहर 12/35 तक

श्रीदुर्गा प्रतिष्ठा मुहूर्त्त (सन् 2008-09 ई.)

पक्ष तिथि वार	तारीख	प्रविष्टे	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण
चैत्र शु. ८, रवि	13 अप्रै.	१ वैशा.	पुर्न	ल. १, २, अभिजित
चैत्र शु. ९, चंद्र	14 अप्रै.	२ वैशा.	पुष्य	12/27 तक
वै. कृ. ३, बुध	23 अप्रै.	११ वैशा.	अनु.	9/27 तक
वै. कृ. ७/८, चं.	28 अप्रै.	१६ वैशा.	उ.षा.	ल. ३, अभिजित
श्राव.शु.९, रवि	10 अग.	२६ श्राव.	अनु.	ल. ७, ९, अभिजित
भाद्र.शु. ९, मं.	9 सितं.	२५ भाद्र.	मूल	ल. ७, ८, अभिजित
कार्ति.कृ. ५,रवि	19 अक्तू	४ कार्ति.	मृग	ल. ८, अभिजित
मार्ग. कृ. ११,र.	23 नवं.	९ मार्ग.	हस्त	ल. ९, अभिजित

—सन् 2009 ई. में—

पक्ष तिथि वार	तारीख	प्रविष्टे	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण
फा. कृ. १०, गु.	19 फर.	८ फागु.	मूल	ल. १२, १, अभिजित

भगवान् शिव प्रतिष्ठा मुहूर्त्त—2008-09 ई.

पक्ष तिथि वार	तारीख	प्रविष्टे	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण
चैत्र शु. ६, शुक्र	11 अप्रै.	२९ चैत्र	मृ/आ.	ल. १, २ (9/43 बाद), अभि.
वै. कृ. ७, चंद्र	28 अप्रै.	२८ वैशा.	अभि.	ल. ३, अभिजित
श्रा. कृ. १२, मं	29 जुला	१४ श्राव	मृग.	ल. ६, अभिजित
श्रा. कृ. १३, बु.	30 जुला	१५ श्राव	आर्द्रा	ल. ६, अभिजित
श्रा. शु. ११, मं.	12 अग.	२८ श्राव	मूल	ल. ७, ८, अभिजित

—सन् 2009 ई. में—

पक्ष तिथि वार	तारीख	प्रविष्टे	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण
फा. कृ. १४,चं.	23 फर.	१२ फागु.	श्रव.	ल. १२, २, अभिजित
फा. शु. ३, शनि	28 फर.	१७ फागु.	रेव.	ल. १, २, अभिजित

श्री हनुमान प्रतिष्ठा के लिए 20 अप्रैल, 2008 ई., रविवार तथा 27 अक्तूबर, सोमवार मुहूर्त्त ग्राह्य होंगे।

प्रदोष व्रतम्

यह व्रत शिवजी की प्रसन्नता और प्रभुत्व की प्राप्ति के लिए किया जाता है। वैसे तो सभी प्रदोष व्रत अत्यन्त कल्याणप्रद होते हैं, परन्तु **शनि प्रदोष व्रत** सन्तान प्राप्ति के लिए, **भौम प्रदोष** ऋणमोचन के लिए, मनः शान्ति एवं सुरक्षा के लिए **सोम प्रदोष व्रत** तथा आरोग्य प्राप्ति एवं आयु वृद्धि के लिए **अर्क (रवि)** प्रदोष व्रत विशेष अधिक फलदायी होता है। व्रती को चाहिए कि व्रत वाले दिन सूर्यास्त के समय पुनः स्नान करके शिव पूजन एवं कथा करें और तत्पश्चात् **''भवाय भवनाशाय, महादेवाय धीमते। रूद्राय नीलकण्ठाय शर्वाय शशि मौलिने उग्रयोग्राघनाशाय भीमाय भय हारिणे ईशानाय नमस्तुभ्यं पशूनां पतये नमः॥''** से प्रार्थना करके भोजन करें॥

विवाहादि शुभ कार्यों में अशुद्ध मुहूर्त्त-संवत् २०६५ वि.

विवाहादि शुभ कार्यों में अशुद्ध मुहूर्त—संवत् २०६५ वि.

नीचे वि. संवत् २०६५ में उन विशेष दोषपूर्ण एवं अशुद्ध विवाह मुहूर्त्तों का विवरण दिया जा रहा है, जिनके अन्तर्गत विवाह नक्षत्र होते हुए भी उनको शुद्ध विवाह मुहूर्त्तों में सम्मिलित नहीं किया गया। जिज्ञासु पाठकों की शंका समाधान के लिए आगे कुछ अशुद्ध एवं त्याज्य विवाह मुहूर्त्तों का विवरण लिख रहें हैं जिनका प्रत्यक्षतः कोई शास्त्रीय परिहार नहीं मिलता है। अति आवश्यक परिस्थितीवश यदि निम्न मुहूर्त्तों में से कोई विवाह आदि शुभ कार्य करना हो, तो विवाह नक्षत्र व योग स्वामी एवं देवता की विशिष्ट संख्या में संकल्पपूर्वक पूजा-पाठ व दानादि करके शुभ कार्य सम्पादित करने चाहिएँ॥

(निवेदक—पण्डित पन्ना लाल ज्योतिषी॥)

ता. मास	वार	नक्षत्र	दोष विवरण
16 अप्रैल	बुध	मघा	शनि-केतु युति, भद्रा व्याप्ति
24 अप्रैल	गुरु	मूल	मंगल का वेध
25 अप्रैल	शुक्र	मूल	मंगल का वेध
26 अप्रैल	शनि	मूल	मंगल का वेध
28 अप्रैल	चंद्र	श्रवण	शनि-केतु वेध
29 अप्रैल	मंगल	श्रवण	शनि-केतु वेध
29 अप्रैल	मंगल	धनि.	राहु की युति
30 अप्रैल	बुध	धनि.	राहु की युति
2 मई	शुक्र	उ.भा.	शुक्र वार्धक्य
3 मई	शनि	उ.भा.	शुक्रास्त, त्रयो.
12 जुलाई तक शुक्रास्त			
13 जुला.	रवि	अनु.	शुक्र बालत्व
14 जुला.	चंद्र	अनु.	मृत्युबाण
18 जुला.	शुक्र	श्रवण	शनि का वेध
19 जुला.	शनि	श्रवण	शनि का वेध
20 जुला.	रवि	धनि.	राहुयुति, केतु वेध
21 जुला.	चंद्र	धनि.	राहुयुति, केतु वेध
24 जुला.	गुरु	उ.भा.	लग्नाभाव
25 जुला.	शुक्र	रेवती	लग्नाभाव, नक्षत्रान्त
25 जुला.	शुक्र	अश्वि	भौम वेध
26 जुला.	शनि	अश्वि	भौमवेध, शूल योग
2 अग.	शनि	मघा	ग्रहणऽपरे दिन
5 अग.	मंग.	हस्त	दिने मृत्युबाण दोष
11 अग.	चंद्र	मूल	लग्नाभाव:
13 अग.	बुध	मूल	लग्नाभाव:
14 अग.	गुरु	उ.षा.	15-30 उप. मृ. बाण

ता. मास	वार	नक्षत्र	दोष विवरण
15 अग.	शुक्र	उ.षा.	मासान्त, ग्रहणपूर्व दिन
16 अग.	शनि	श्रवण	संक्रान्ति, ग्रहण
17 अग.	रवि	धनि.	ग्रहणऽपर दिन
20 अग.	बुध	रेव	भौम वेध, भुजंगपात
21 अग.	गुरु	रेव	भौम वेध, भुजंगपात
21 अग.	गुरु	अश्वि	शनि का वेध
22 अग.	शुक्र	अश्वि	शनि का वेध
25 अग.	चन्द्र	रोह.	लग्नाभाव:
26 अग.	मंग.	मृग	नक्षत्रान्त
3 सितं.	बुध	स्वा.	लग्नऽभाव
11 सितं.	गुरु	श्रव.	राहु की युति
12 सितं.	शुक्र	श्रव.	राहु की युति
12 सितं.	शुक्र	धनि.	केतु का वेध
13 सितं.	शनि	धनि.	केतु का वेध
15 सितं.	चन्द्र	पू.भा.	महाल्या श्राद्ध प्रा.
15 सितं. से 29 सितं. तक श्राद्ध			
30 सितं.	मंगल	हस्त	लग्नऽभाव
1 अक्तू.	बुध	चित्रा	भौम यु., लग्नाभाव
6 अक्तू.	चन्द्र	मूल	दिन लग्ने मृत्युबाण
7 अक्तू.	मंगल	उ.षा.	अति., लग्नाभाव
8 अक्तू.	बुध	श्रवण	लग्नाभाव
9 अक्तू.	गुरु	श्रवण	राहु-युति
10 अक्तू.	शुक्र	श्रवण	राहु-युति, नक्षत्रान्त
10 अक्तू.	शुक्र	धनि.	केतु-वेध, शूलयोग (भुजंगपात)

ता. मास	वार	नक्षत्र	दोष विवरण
11 अक्तू.	शनि	धनि	केतु वेध, शूल योग
14 अक्तू.	मंगल	रेव	भद्रा, लग्नाभाव
15 अक्तू.	बुध	अश्वि	मृत्युबाण, शनि वेध
18 अक्तू.	शनि	रोह.	मृत्युबाण दोष
23 अक्तू.	गुरु	मघा	राहु का वेध
24 अक्तू.	शुक्र	मघा	राहु का वेध
26 अक्तू.	रवि	उ.फा.	कृष्ण त्रयोदशी
27 अक्तू.	चन्द्र	हस्त	मृत्युबाण दोष
29 अक्तू.	बुध	स्वाती	सूर्य की युति
3 नवं.	चन्द्र	मूल	नक्षत्रान्त, लग्नाभाव
5 नवं.	बुध	उ.षा.	मृत्युबाण, भुजंगपात
5 नवं.	बुध	श्रवण	राहु-युति
6 नवं.	गुरु	श्रवण	राहु-युति
6 नवं.	गुरु	धनि.	केतु का वेध
7 नवं.	शुक्र	धनि.	केतु का वेध
11 नवं.	मंगल	अश्वि	शनि का वेध
12 नवं.	बुध	अश्वि	शनि का वेध
14 नवं.	शुक्र	रोह.	मासान्त
15 नवं.	शनि	मृग.	संक्रान्ति, भद्रा
19 नवं.	बुध	मघा	राहु का वेध
20 नवं.	गुरु	मघा	राहु का वेध
24 नवं.	चंद्र	चि./स्वा	कृष्ण त्रयोदशी
28 नवं.	शुक्र	अनु	लग्नाभाव, सू. मं युति
2 दिसं.	मंग.	श्रवण	राहु की युति
3 दिसं.	बुध	श्रवण	राहु की युति

ता. मास	वार	नक्षत्र	दोष विवरण
3 दिसं.	बुध	धनि.	केतु का वेध
4 दिसं.	गुरु	धनि.	केतु का वेध
6 दिसं.	शनि	उ.भा.	लग्नऽभाव
7 दिसं.	रवि	रेवती	शनि का वेध
8 दिसं.	चन्द्र	रेवती	शनि का वेध

9 दिसं. की रात्रि 11-42 से 1 जनवरी 2009 ई. तक गुरु परमनीचांश स्थिति में होने से इस कालावधि में विवाहादि शुभ कार्य वर्जित रहेंगे। (देखें पृष्ठ 135)

15 दिसं. चंद्रवार से पौष संक्रान्ति

11 जनवरी से 9 फर. 09 तक गुर्वस्त

सन् 2009 ईसवी में

ता. मास	वार	नक्षत्र	दोष विवरण
12 फर.	गुरु	उ.फा.	फागु. संक्रान्ति
13 फर.	शुक्र	हस्त	भुजंगपात
13 फर.	शुक्र	चित्रा	मृत्युबाण दोष
21 फर.	शनि	उ.षा.	मृत्युबाण दोष
22 फर.	रवि	उ.षा.	कृष्ण त्रयो., व्यती.
1 मार्च	रवि	अश्वि	शनि का वेध
3 मार्च	मंग.	रोह.	मृत्युबाण दोष
4 मार्च	बुध	रोह.	होलाष्टक
13 मार्च	शुक्र	चित्रा	सूर्य वेध, मासांत

14 मार्च से चैत्र मासारम्भः

नक्षत्र श्रृंखला में पुष्य नक्षत्र की महिमा

कर्क राशि के अन्तर्गत आने वाले तीनों नक्षत्रों-पुनर्वसु, पुष्य एवं आश्लेषा में से पुष्य नक्षत्र सर्वाधिक दैदीप्यमान एवं महत्त्वपूर्ण नक्षत्र माना जाता है। **काल-पुरुष** के शरीरांगों में इसकी स्थिति मुख पर मानी गई है। **पुष्य नक्षत्र** के अन्तर्गत तीन मुख्य ताराओं की संख्या मानी जाती है जो कि **डैल्टा, गामा** और थीटा हैं। इनमें से डैल्टा तारा पुष्य नक्षत्र का **योगतारा** है। इसका आकार बाणाकृति, आकाश के मध्य में स्थिति तथा पुरुष-लिंग माना जाता है। **पाराशरी** मतानुसार पुष्य नक्षत्र का स्वामी ग्रह शनि माना गया है तथा पुष्य नक्षत्र में उत्पन्न जातक को **शनि की** ही विशोंतरी दशा प्रारम्भ होती है, परन्तु पुष्य नक्षत्र का देवता बृहस्पति (गुरु) माना गया है। इसी कारण महूर्त्तों में गुरु-पुष्य योगों को विशेष शुभ एवं लाभकारी योगों में माना जाता है।

प्राचीन वैदिक साहित्य में पुष्य नक्षत्र को विभिन्न नामों से अभिहित किया गया है। **ऋग्वेद** में पुष्य को **तिष्य** भी कहा गया है, जिसका अर्थ शुभ-एवं **मांगलिक** होता है। कालान्तर में ब्राह्मण ग्रंथों और पुराणों में भी अनेक स्थानों में पुष्य नक्षत्र की प्रतिष्ठा का वर्णन मिलता है। **श्री वालमीकि** रामायण, महाभारत व पुराणों में पुष्य नक्षत्र की प्रशंसा का उल्लेख मिलता है। इस प्रसंग में महाकवि श्री भट्टि कहते हैं कि सर्वार्थ-सिद्धिप्रद पुष्य नक्षत्र के समान ही विख्यात योगसिद्धा, उस शबरी के पास, लक्ष्मण के साथ प्रभु श्री राम जा पहुँचे—**सिध्यतारामिव ख्यातां शबरीमापतुर्वने॥ (भट्टिकाव्य)**

'पाणिनि' के समय में भी पुष्य नक्षत्र अत्यन्त शुभ एवं सिद्धप्रद माना जाता था—

"पुष्य सिद्धयौ नक्षत्रे॥-" सिध्यन्ति अस्मिन् सर्वाणि कार्याणि इति सिध्यः, पुष्यश्च॥ पाणि॰॥ ३। १।१६

श्री शिवपुराण (रूद्रसंहिता) में जहां भगवान् शंकर की विभूतियों का वर्णन आया है। इसमें देवता लोग भगवान् शिव से कहते हैं क आप यज्ञों में **अश्वमेघ, युगों में सत्युग, नक्षत्रों में** पुष्य एवं तिथियों में अमावस्या हैं (अमावस्या तिथि-शिव जी को अभिप्रेत है)—

(क्रतूनामश्वमेघोऽसि युगानां प्रथमो कृतयुशः।
पुष्यस्त्वं सर्वधिष्ण्यानाममावस्या तिथिष्वसि॥) (शिव पुराण)

विद्या और धार्मिक कृत्यों के स्वामी गुरु (बृहस्पति) की उत्पत्ति भी पुष्य नक्षत्र से हुई, मानी जाती है—

"ब्रहस्पतिः प्रथमं जायमानः तिष्यं नक्षत्रं अभिसं बभूव" — **तैतरीय ब्राह्मण)**

नारद संहिता, बृहज्जातक, मानसागरी आदि ज्योतिष ग्रंथों में भी पुष्य नक्षत्र में उत्पन्न जातक / जातिका को धर्म निष्ठ, सुन्दराकृति, बुद्धिमान, लोकप्रिय, स्त्री / पति, संतान, और धनादि सुखों से सम्पन्न एवं सुखी माना है—

देव-धर्म-धनैर्युक्तः पुत्रयुक्तो विचक्षणः। पुष्ये च जायते लोकः शान्तात्मा सुभगः सुखी॥

मुहूर्त्त ज्योतिष के अनेक ग्रंथों में तो पुष्य नक्षत्र को तिथि, चन्द्रादि ग्रहों के अनिष्ट प्रभाव को दूर करने में सर्व प्रकार से सक्षम एवं सिद्ध माना गया है। जैसे सिंह अन्य सभी चौपायों को भयान्वित कर देता है, वैसे ही **पुष्य नक्षत्र** अन्य ग्रह दोषों की अशुभ स्थिति को शान्त कर देता है—

सिंहो यथा सर्वचतुष्पदानां तथैव पुष्यो बलवानुङ्ग नाम्॥
चन्द्रे विरुद्धेऽप्यथ गोचरे वा सिद्धयन्ति कार्याणि कृतानि पुष्ये॥"
(ज्योतिर्निबन्ध)

पुष्य नक्षत्र रविवार, सोमवार, मंगलवार, गुरूवार आदि के संयोग से विशेष फल प्रदायक योग भी प्रकट करता है। जैसे, **गुरूवार** के दिन पुष्य नक्षत्र व्याप्त हो, तो यह **गुरुपुष्य योग** विशेषतः सिद्धि (सफलता) देने वाला योग बनता है—

गुरौ पुष्यसमायोगे सिद्धयोगः प्रकीर्तितः॥

गुरु-पुष्य योग में धर्म-कार्यारम्भ करना, मन्त्र जाप, एवं अनुष्ठान करना, गुरु आदि श्रेष्ठ व्यक्ति से मंत्र दीक्षा या उच्च-विद्या ग्रहण करना, व्यापार या अनुबन्ध करना, विदेश-गमन करना शुभ एवं श्रेयकर माना जाता है।

रविवार के दिन पुष्य नक्षत्र व्याप्त रहे तो **रविपुष्य** योग बनता है। **रविपुष्य** ज्योतिष के श्रेष्ठतम योगों में गिना जाता है। इसमें जड़ी-बूटी तोड़ना, औषध तैयार करना एवं रोग विशेष के लिए औषधी ग्रहण करना शुभ एवं लाभदायक होता है। इसके अतिरिक्त मन्त्र, तन्त्र, यन्त्र आदि तैयार करने के लिए भी यह योग विशेष प्रशस्त माना जाता है।

मंगलवार और पुष्य के संयोग से **प्रशस्त** योग माना जाता है। इसके अतिरिक्त **सर्वार्थ-सिद्ध योगों** एवं **अमृतसिद्ध** योगों में **पुष्य** नक्षत्र का समावेश आवश्यक माना गया है।

पुष्य नक्षत्र में प्रायः सभी शान्ति-पोष्टिक, स्तम्भन-उच्चाटन, सौभाग्य एवं वशीकरण प्रयोग सिद्ध होते हैं—ऐसा तन्त्र ग्रंथों में उल्लेख मिलता है। **तंत्र ग्रंथानुसार** पुष्य नक्षत्र में वनगोभी तथा अपामार्ग (चिच्चिड़ा) की जड़ उखाड़कर मस्तक पर धारण करने से सभी तरह के वाद-विवाद (मुकद्दमे आदि) में विजय प्राप्त होती है। इसी नक्षत्र में श्वेत विकीरण (कटैया) की जड़ उखाड़कर रविवार को दाहिनी भुजा पर बान्धने से सौभाग्य में वृद्धि होती है। **रविपुष्य** में ही निम्न मंत्र को 21 बार जपकर फिर मुँह धो लेने से, पुनः उसपर किसी को क्रोध नहीं आता—

मंत्र—ॐ शान्ते प्रशान्ते सर्वक्रोधोपशमनी स्वाहा। इत्यादि अनेक तन्त्र प्रयोगों का वर्णन मिलता है।

पुष्य नक्षत्र में किए गए श्राद्ध से पितरों की भी अक्षय तृप्ति होती है-कर्मकर्त्ता को धन-पुत्र आदि की प्राप्ति होती है—

"पौष्यद्वये पुष्यचतुष्टये च श्राद्ध प्रदाता बहुपुत्रवान् स्यात" (नारद संहिता)

रवि पुष्य योग में बेल या पीपल की जड़ दाहिनी भुजा ...

शिव-मन्त्रावली

रवि पुष्य योग में बेल या पीपल की जड़ दाहिनी भुजा में मंत्र पूर्वक बांधने से सूर्यजनित दोष शान्त होते हैं। पीपल वृक्ष की उत्पत्ति भी पुष्य नक्षत्र में हुई मानी जाती है।

गुरु पुष्य योग में अनार की जड़ को केशर का तिलक करके गुरू गायत्री मंत्र पढ़ते हुए दाहिनी भुजा में बांधने से बृहस्पति जन्य दोष शान्त हो जाते हैं। जिन कन्याओं का विवाह न हो रहा हो, अथवा विवाह में विलम्ब हो रहा हो, वे **रवि पुष्य** अथवा **गुरु पुष्ययोग** में व्रतारम्भ एवं अनार की जड़ बांधकर मनोवांछित फल प्राप्त कर सकती हैं॥

आश्चर्य है, मुहूर्तों में इतना उपयोगी एवं मंगलकारी नक्षत्र होनें पर भी **पुष्य नक्षत्र** को विवाह नक्षत्रों में शामिल नहीं किया गया। इस सम्बन्ध में पुराणों में आख्यान मिलता है कि ब्रह्मा जी ने अपनी पुत्री सती 'शारदा' का विवाह गुरूवार पुष्य नक्षत्र में ही करने का निश्चय किया था। परन्तु शिव-पार्वती के विवाह के अवसर अपनी पुत्री के अपरिमित, सौन्दर्य पर कामासक्त हो जाने पर भगवान शिव ने ब्रह्मा जी को शाप दे दिया। स्वयं **पार्वती** ने भी इस मुहूर्त्त के पुष्य नक्षत्र को भी विवाह जैसे मंगलकार्य में निषिद्ध घोषित कर दिया। **सम्भवतः** इसी कारण विवाह कार्य को छोड़कर शुभ कार्यों में पुष्य नक्षत्र की श्रेष्ठता को स्वीकार किया जाता है

यात्रा प्रतिष्ठा सीमन्त व्रतबन्ध प्रवेशनम्।
करग्रहं विना सर्वकर्म देवेज्यभे शुभम्॥ (नारदसंहिता)

कलियुग में 'शिव' नाम का महत्त्व

कलियुग 'शिव' नाम का महत्त्व सब नामों से बढ़कर है। जैसा कि कूर्मपुराण में कहा गया है कि सतयुग में परमात्मा का सिमरण ब्रह्म के रूप में, त्रेता युग में भगवान् आदित्य, द्वापर युग में श्री भगवान् विष्णु तथा कलियुग में भगवान् शिव के रूप में विशेष तौर पर प्रतिष्ठित होते हैं—

ब्रह्माकृत युगे देवः त्रेतायां भगवान् रविः।
द्वापरे दैवतं विष्णु कलौ देवो महेश्वरः॥ (कर्मपुराण)

महर्षि पतंजलि के अनुसार भगवान् के नाम और रूप दोनों को मिलाकर जप करना चाहिए, अर्थात् नाम के साथ नामी के स्वरूप का ध्यान करना चाहिए, और उसमें स्वयं को तन्मय कर देना चाहिए—

"तस्य वाचकः प्रणवः। तज्जपस्तर्थभावनम्।
ततः प्रत्यक् चेतनधिगमोऽप्यन्तराया भावश्च॥"

भगवान् शिव के नाम कीर्तन से सभी मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं। नाम के यथार्थ माहात्म्य को समझकर प्रेम व श्रद्धापूर्वक जप करने से '**ॐ नमः शिवाय**' मन्त्र का पाठ यथेष्ठ संख्या में करता है, उसका मुख देखने मात्र से तीर्थ-दर्शन का फल प्राप्त होता है। इस मन्त्र से सब सिद्धियाँ सुलभ हो जाती हैं। सकाम व निष्काम-दोनों प्रकार के साधकों के लिए यह शिव मन्त्र फल प्रदायक है। जैसा कि पूर्वतः यह बात स्पष्ट की गई थी कि भगवान् शिव सम्बन्धी अथवा कोई भी दैवी मन्त्र विनियोग, अंगन्यास पूर्वक करने से शीघ्र फलप्रदायक होते हैं। इसके लिए साधकों को 'शिव मन्त्रावली' पुस्तक का अवश्य अध्ययन करना चाहिए।

विवाहादि शुभ कार्यों में लग्न शुद्धि विचार

विवाह, मुण्डन, गृहारम्भादि शुभ कार्यों में मास, तिथि, नक्षत्र, योगादि की शुद्धि के साथ विवाह लग्न की शुद्धि को विशेष महत्त्व एवं प्रधानता दी गई है। तिथि को शरीर, चन्द्रमा को मन, योग–नक्षत्रों आदि को शरीर के अंग तथा लग्न को आत्मा माना गया है। यथा–

तिथिः शरीरं मन इन्दुवीर्य विलग्नमात्माऽवयवास्तु-भाद्याः —ज्योतिर्निबंध

लग्न बल के बिना जो कुछ भी शुभ कार्य किया जाता है, उसका फल वैसे ही व्यर्थ हो जाता है, जैसे ग्रीष्मकाल में बिना जल के नदी।

लग्नवीर्यं विना यत्र यत्कर्म क्रियते बुधैः।
तत्फलं विलयं याति ग्रीष्मे कुसरिता यथा॥ —ज्योति. विदरणे

सभी शुभ कार्यों में लग्न शुद्धि का विशेष महत्त्व है।

विवाह लग्न का निश्चय करना हो, तो त्रिविक्रम–संहितानुसार, लग्न स्थान में चन्द्र तथा सूर्य, शनि, मंगल, राहु, केतु आदि क्रूर ग्रह न हों, लग्न से छठे स्थान में शुक्र, चन्द्र, व लग्नेश न हो तथा आठवें स्थान में चन्द, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र व लग्नेश नहीं होने चाहिएं तथा सप्तम स्थान में कोई भी ग्रह नहीं होना चाहिए। सातवें चन्द्र और गुरु समफल करते हैं। अर्थात् चन्द्र, गुरु का दानादि करने से शान्ति हो जाती है।

विवाह लग्न में अशुभ एवं पूज्य ग्रह

(चक्र) — विवाह सभी पाप ग्रह; × ×; चंद्र; शनि; शुक्र; × ×; राहु; मंगल; × ×; सभी ग्रह [चं.-गु.] (परिहार); × ×; लग्नेश शुक्र, चंद्र; चं. मं. लग्नेश शुभ ग्रह

''त्याज्या लग्नेऽब्दयो मंदः षष्ठे शुक्रेन्दुलग्नपाः।
रन्ध्रे-चन्द्रादयः पंच, सर्वेऽब्जगुरु समौ॥''

परिहारस्वरूप १२वें शनि, तीसरे शुक्र, चतुर्थ में राहु, दशम भाव में मंगल का दोष यथोचित दानादि करने से शान्ति हो जाती है। '**पंचांगदिवाकर**' में लगाए गए लग्न मुहूर्त्तों में इन तीनों भावों में शनि, शुक्र व मंगल ग्रहों की स्थिति हो वहां उचित दानादि करवा लें।

आगे षष्ठाष्टम एवं द्वादश चन्द्र, शुक्र, अष्टम भौम, लग्नस्थ एवं सप्तमस्थ चन्द्र गुरु आदि के अपवाद (परिहार) लिखे गए हैं।

विवाह में ग्राह्य शुभ लग्न—मुहूर्त्त ग्रन्थों के अनुसार विवाह लग्न काल में ३, ६, ८, ११वें सूर्य तथा इन्हीं स्थानों (३, ६, ११) में राहु, केतु और शनि भी शुभ होते हैं। ३, ६ और ११वें मंगल, २, ३, ११वें चंद्रमा, ३, ६, ७ शुभ और ८वें स्थानों को छोड़कर अन्य भावों में स्थित **शुक्र** शुभ होता है। ग्यारहवें भाव में सूर्य तथा केन्द्र त्रिकोण में गुरु लग्नगत अनेक दोषों का परिहार करते हैं— **लग्ने वर्गोत्तमे वेन्दौ द्यूनाथे लाभगेऽथवा।**
केन्द्र कोणे गुरौ दोषा नश्यन्ति सकलाऽपि॥ मु. गणपति॥

विवाह लग्न सम्बन्धी परिहार वाक्य

जन्म राशि से अष्टमस्थ लग्न—वर कन्या की जन्म राशि या लग्न से चतुर्थ, अष्टम तथा बारहवीं राशिस्थ लग्न अशुभ कहे गए हैं। यथोक्तम्—

सुखघ्नं तुर्यमुद्वाहे द्वादश वित्तनाश कृत्। जन्म भात् जन्म लग्नाच्च मृत्युदंलग्नमष्टमम्॥

परन्तु परिहार स्वरूप जन्म राशि या लग्न राशि का स्वामी तथा विवाह लग्न का **स्वामी** ग्रह समान हो, अथवा **मित्र क्षेत्री** हो, अथवा अष्टमस्थ लग्न राशि का **स्वामी, केन्द्र** स्थित हो अथवा गुर्वादि शुभ ग्रह से वीक्षित हो तो अष्टम लग्न का दोष दूर होता है।

कर्त्तृरि दोष—लग्न में पापी ग्रह मार्गी होकर १२ भाव में तथा क्रूर (पापी) ग्रह वक्री गत होकर दूसरे भाव में हो, तो कर्त्तृरि **दोष** होता है। यह योग दारिद्रय, शोक व मृत्यु तुल्य कष्टकारी होता है।

परिहार—कर्तृरि दोष कारक ग्रह **नीच**, शत्रु क्षेत्री, अथवा अस्तगत हो, तो इस दोष का परिहार हो जाता है। इसके अतिरिक्त गुरु, शुक्र, बुध इनमें से कोई शुभ ग्रह केन्द्र त्रिकोण में अथवा २रे या १२वें भावस्थ गुरु हो तो भी कृर्तरि दोष निवार्य हो जाता है।

अष्टम भौम का परिहार—मंगल अस्तंगत, नीच राशि का (कर्क) या शत्रु राशि (मिथुन एवं कन्या) का होकर अष्टम स्थान में हो, तो दोषकारक नहीं, परन्तु लग्नेश होकर अष्टमगत नहीं होना चाहिए। **अस्तगे नीचगे भौमे शत्रुक्षेत्रगतेऽपि वा।**
कुजाष्टमोद्भवो दोषो न किंचिदपि विद्यते॥ कश्यप॥

छठे, बारहवें चन्द्र का परिहार—नीच राशि, शत्रु राशि या नीच–राशिगत चन्द्रमा ६ या १२वें स्थानस्थ होना दोषपूर्ण नहीं माना गया। जैसे—वृश्चिक, मिथुन, कन्या राशि ३, ६

नीचराशिगते चन्द्रे नीचांशगतेऽपि वा, चन्द्रे षष्ठारि–रिः फस्थे दोषो नास्ति न संशयः।

परन्तु लग्नेश होकर चन्द्र षष्ठाष्टम नहीं होना चाहिए।

लग्नस्थ चन्द्र का परिहार—''कर्किगोरस्थः पूर्णो विधुस्त्तनौ''

व्रतबन्धोक्त अनुसार वृष, कर्क एवं पूर्ण चन्द्रमा या शुभग्रह से दृष्ट हो लग्न में दोषकारक नहीं होता। मु. मार्त्तण्ड

षष्ठाष्टमस्थ शुक्रापवाद—नीच एवं शत्रु राशिगत शुक्र छठे, आठवें हो तो दोषकारक नहीं परन्तु लग्नेश होकर इन भावों में न हो। जैसे—

नीच राशिगते शुक्रे शत्रु क्षेत्रगतेऽपि वा।
भृगु षट्कोत्थितो दोषो नास्ति तत्र न संशयः॥ मुहूर्त्त चिं. पीयूषधारा

सप्तम भावस्थ चन्द्र–गुरु—सप्तम भाव में यद्यपि सभी ग्रह वर्जित कहे हैं, परन्तु चन्द्र गुरु का परिहार है। **''चन्द्र चान्द्री शुक्रजीवा यामित्रे शुभकारकाः।''**

'**मुहूर्त्तगणपति**' अनुसार विवाहादि शुभ कार्य के लग्न में, केन्द्र–त्रिकोण में **गुरु, शुक्र** एवं बुध एवं ग्यारहवें भाव में चन्द्र या सूर्य अथवा सप्तमेश हो, तो अनेक दोषों का नाश हो जाता है।

वेध दोष परिहार—पंचशलाका चक्रानुसार विवाह नक्षत्र का क्रूर ग्रह द्वारा वेध हो जाने पर विवाहित नक्षत्र सर्वथा त्याज्य माना जाता है। परन्तु गुरु, बुध आदि सौम्य ग्रहों का चरण वेध (१ एवं ४थे चरण के मध्य तथा २ रे व ३ रे चरण ही अशुभ माना है। —ज्योतिर्निबन्ध

यतिदोष परिहार—पाप एवं क्रूर ग्रह की युति त्याज्य मानी जाती है। परन्तु यदि ... दिन की भद्रा रात्रि को और रात्रि की भद्रा दिन को आ जाए, तो भद्रा दोषरहित हो जाती है।

युतिदोष परिहार—पाप एवं क्रूर ग्रह की युति त्याज्य मानी जाती है। परन्तु यदि चन्द्रमा उच्चस्थ, स्वक्षेत्री या मित्रक्षेत्री (वृष, कर्क, मिथुन, सिंह एवं कन्या) राशि का हो तो युतिदोष अविचारणीय होता है।

यथा—

स्वक्षेत्रगः स्वोच्चगो व मित्रक्षेत्रगतो विधुः।
युति दोषाय न भवेत् दम्पत्योः श्रेयसेतदा॥ (नारदः)

(१०) **दग्धा तिथि परिहार**—विवाह लग्न समय केन्द्र—त्रिकोण गत गुरु हो एवं एकादश (११वां) भाव शुभ ग्रह से युक्त या दृष्ट हो, तो दग्धातिथि का दोष नहीं रहता।—**मु० गणपति**

पंचांगदिवाकर में शुभ विवाह मुहूर्तों में जहाँ कहीं अशुभ योग का स्पर्श हुआ है, वहां विशेष दोषपूर्ण घड़ियों को विचार करके ही वि. मुहूर्त लगाए गए हैं।

कश्यपर्वि अनुसार लग्न से केन्द्र, त्रिकोण में गुरु, शुक्र या बुधादि सौम्य ग्रह हो, तो समस्त दोषों का ऐसे परिहार हो जाता है, जैसे भगवान् विष्णु को मात्र स्मरण करने से पापों का नाश हो जाता है

काव्यो गुरू र्वा सौम्यो वा यदा केन्द्र त्रिकोणगाः।
नाशयन्ति अखिलान् दोषान् पापानि व हरिस्मृतिः॥ (कश्यप)

भद्रा का शुभाशुभ विचार

भद्राकाल में विवाह, मुण्डन, गृहारम्भ, गृहप्रवेश, रक्षा बन्धन आदि मांगलिक कृत्यों का निषेध माना जाता है, परन्तु भद्रा काल में शत्रु का उच्चाटन करना, स्त्री प्रसंग में, यज्ञ करना, स्नान करना, अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग, आप्रेशन करना, मुकद्दमा करना, अग्नि लगाना, किसी वस्तु को काटना, भैंस, घोड़ा, ऊँट सम्बन्धी कर्म प्रशस्त माने जाते हैं।

भद्रा परिहार विचार—सामान्य परिस्थितियों में विवाह आदि शुभ मुहूर्तों में भद्रा का त्याग ही करना चाहिए, परन्तु आवश्यक परिस्थितिवश **भूलोक की भद्रा**, तथा **भद्रा मुख** छोड़कर भद्रा पुच्छ में शुभ कृत्य किए जा सकते हैं।

कार्येत्वाश्यके विष्टेर्मुख, कण्ठहृदि मात्रं परित्येत्।

एक अन्य मतानुसार अत्यावश्यक स्थिति में रात्रि में तिथि के पूर्वार्द्ध की भद्रा, दिन में परार्ध की भद्रा ग्रहण कर सकते हैं।

तिथेः पूर्वार्धजा रात्रौ दिने भद्रा परार्धजा। भद्रा दोषो न तत्र स्यात् कार्येऽत्यावश्यके सति॥

भद्रा परिहार

कुछ आवश्यक स्थितियों में भद्रा दोष का परिहार हो जाता है। यथा—

तिथि पूर्वार्धजा भद्रा दिवा भद्रा प्रकीर्तिता। तिथिरुत्तरजा भद्रा रात्रिभद्रेति कथ्यते॥
दिवा भद्रा रात्रौ रात्रिभद्रा यदा दिवा। तदाविष्टिकृतो—दोषो न, भवेत्सर्वं सौख्यदः॥

अर्थात् तिथि के पूर्वार्द्ध भाग में प्रारम्भ भद्रा अर्थात् तिथि दिवस के पूर्वार्ध भाग में प्रारम्भ भद्रायादि तिथ्यन्त में रात्रिव्यापिनी हो जाए, तो दोषकारक न होकर सुखदायिनी हो जाती है।

(ii) [illegible] भद्रा रात्रि को और रात्रि की भद्रा दिन को आ जाए, तो भद्रा दोषरहित हो जाती है।

रात्रिभद्रा यदह्नि स्याद् दिवा भद्रा यदा निशि। न तत्र भद्रादोषः, सा भद्रा—भद्र दायिनी॥

(iii) "दिवा परार्द्धजा विष्टिः, पूर्वार्द्धोत्था निशि। तदा विष्टिः शुभायेति कमलासनभाषितम्॥"
उत्तरार्ध की भद्रा दिन में, तथा पूर्वार्द्ध की रात्रि में शुभ होती है।

भद्रा लोक वास

मेष, वृष, मिथुन, वृश्चिक का चन्द्रमा होने से भद्रा **स्वर्ग लोक** में, कन्या, तुला, धनु, मकर का चन्द्रमा होने से **पाताल** में, कर्क, सिंह, कुम्भ व मीन राशि के चन्द्रमा में **भद्रा मर्त्यलोक (भू लोक)** में—अर्थात् **सम्मुख रहती है।** जब **भद्रा भू—लोक में (सम्मुख)** रहती है, **अशुभफल दायिनी** एवं वर्जित मानी जाती है, अन्य लोकों में हो, तो शुभ है—

स्थिताभूर्लोस्था भद्रा सदा त्याज्या स्वर्गपातालगा शुभा —(मु. मार्त्तण्ड)

लोकवास	स्वर्ग	पाताल	भू—लोक
चन्द्रराशि	१, २, ३, ८	६, ७, ९, १०	४, ५, ११, १२
भद्रा—मुख	ऊर्ध्वमुखी	अधोमुख	सम्मुख

स्वर्गे भद्रा धनं धान्यं पाताले च धनागमः। मृत्युलोके यदा भद्रा कार्य सिद्धिस्तदानहि॥

(iv) शुक्ल पक्ष की भद्रा का नाम **बृश्चिकी** है। कृष्ण पक्ष की भद्रा का नाम **सर्पिणी** है। **मतान्तर से,** दिन की **भद्रा सर्पिणी**, रात्रि की भद्रा **बृश्चिकी** है। बिच्छू का विष डंक में तथा सर्प का विष मुख में होने के कारण **बृश्चिकी** भद्रा की पुच्छ और **सर्पिणी** भद्रा का मुख विशेषतः त्याज्य है।

(v) भद्रा दोष, मंगल—शनिवार जनित दोष, व्यतीपात, अष्टम भावस्थ एवं जन्म नक्षत्र दोष, मध्याह्न के पश्चात् शुभकारक मानी जाती है।

गोधूलि काल

विवाह मुहूर्तों में क्रूर ग्रह युति, वेध, मृत्युबाण आदि दोषों की शुद्धि उपरान्त यदि अभिवांछित मुहूर्त में शुद्ध विवाह—लग्न न निकलता हो, तो मुहूर्त ग्रन्थाचार्यों ने गोधूलि का लग्न ग्रहण करने की सम्मति प्रदान की है।

गोधूलि काल—जब सूर्यास्त न हुआ हो (अर्थात् सूर्यास्त होने वाला हो) और गाय आदि चौपाय अपने—अपने गृहों को लौटते हुए अपने खुरों से पथ की धूलि को आकाश में उड़ाकर जाने लगें, तो उस काल को मुहूर्त्तकारों ने **गोधूलि काल** का नाम प्रदान करते हुए, इसे विवाहादि सब मांगलिक कार्यों में प्रशस्त कहा है। यह लग्न, मुहूर्त, पात, अष्टम भाव, जामित्रादि दोषों को नष्ट प्राय कर देता है।

नो वा योगो न मृतिभवनं नैव जामित्र दोषो,
∴ गोधूलिः सा मुनिभिरुदिता सर्वकार्येषु शस्ता॥ —मुहूर्त्त चिन्तामणि

जब कोई अन्य शुभ लग्न न बनता हो, और कन्या विवाह योग्य हो गई हो तो गोधूलि में विवाह शुभ होता है। ज्योतिनिर्बन्धानुसार–

लग्न शुद्धिर्यदा न स्याद् यौवने समुपास्थिते, तदा वै सर्ववर्णानां लग्नं गोधूलिकं शुभम् ॥

गोधूलि लग्न काल के सम्बन्ध में विद्वानों ने मतान्तर पाए जाते हैं–

(i) पीयूषधारा के मतानुसार सूर्य के अर्ध–अस्त होने के अनन्तर २ घड़ी (४८ मिनट) **का समय गोधूलि काल है।**

(ii) मुहूर्त्त गणपति के अनुसार सूर्यार्ध बिम्ब के अस्त हो जाने के पूर्व एवं पश्चात् १५–१५ पल अर्थात् १२ मिनट का मध्यान्तर गोधूलि संज्ञक है।

(iii) आचार्य नारदानुसार सूर्योदय से सप्तम लग्न गोधूलि लग्न काल होता है।

चतुर्थमभिजित लग्नमुदयार्क्षातु सप्तमम् ॥ –नारद

(iv) कुछ विद्वानों के अनुसार लग्न, सप्तम तथा अष्टम भाव में मंगल को भी वर्ज्य माना गया है। शेष भावों में अन्य किसी ग्रह का विचार गोधूलि लग्न में नहीं किया जाता।

(v) गुरुवार को सूर्यास्त के बाद तथा शनिवार को सूर्यास्त होने से पूर्व (पहले) की ही आधी घड़ी (12 मिनट) को गोधूलिकाल माना गया है, अन्यथा नहीं. (मुहूर्त चिन्तामणि)

––क्षौरकर्म (हजामत) के लिए शुभाशुभ दिन––

गर्गादि आचार्यों के अनुसार रविवार, मंगलवार एवं शनिवार को क्षौर (हजामत) कर्म करवाने से आयु का क्षय होता है। **सोमवार, बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार** को क्षौर कर्म (हजामत) करवाना शुभ होता है। मतान्तर से एक पुत्र सन्तान वाले गृहस्थी को सोमवार के दिन, तथा विद्या एवं धनाकांक्षी गृहस्थी को गुरुवार के दिन क्षौर नहीं करवाना चाहिए।

इसके अतिरिक्त पर्व वाले दिन, जन्मदिन, चतुर्थी, नवमी, चतुर्दशी (१४) आदि रिक्ता तिथियों में, व्रत के दिन, अमावस्या, पूर्णिमा, संक्रान्ति, श्राद्ध के दिन, भद्रा और व्यातिपात योग में तथा भोजन करने के बाद, देश-प्रदेश जाने के समय में शुभाकांक्षी क्षौर कर्म न करावें।

––तैलाभ्यंग–अर्थात् तैल मालिश करना––

रविवार, मंगलवार, गुरुवार तथा शुक्रवार को तैल लगाना शुभ नहीं माना जाता है। **निर्णय सिन्धु** के अनुसार रविवार तैल लगाने से ताप, मंगलवार को आयु क्षीणता, गुरुवार से धन-हानि, शुक्रवार को तैल लगाने से दुःख होता है। सोमवार, बुधवार तथा शनिवारों को तैल लगाना शुभ होता है। प्रतिदिन तेल लगाने वालों को भी दोष नहीं लगता–(**–अभ्यङ्गके चैव वासिते नैव दूषणम् ॥**)

चतुर्कोणों दिशाशूल विचार

आग्नेय (पूर्व-दक्षिण) में सोम व गुरुवार, **नैर्ऋत्य** (दक्षिण-पश्चिम) दिशा में रविवार व शुक्रवार, वायव्य (उत्तर-पश्चिम) में मंगलवार तथा **ईशान** (पूर्व-उत्तर) में बुध एवं शनिवार के दिन **दिशाशूल** होता है (मुहूर्त्त गणपति)

दिशापति के वार अनुसार उसी दिशा की यात्रा शुभदायिनी तथा उससे पीछे (सामनेवाली) दिशा की यात्रा अनिष्टप्रदा होती है–

दिगीशाहे शुभा यात्रा पृष्ठा हे मरणं ध्रुवम् (ज्योतिस्तत्व)

परन्तु बुधवार उत्तर दिशा का स्वामी होते हुए, बुध की उत्तर में निषिद्ध माना गया है (गर्ग)

विशेष–यदि एक जगह से रवाना होकर, उसी दिन गन्तव्य स्थान पर पहुँच जाना निश्चित हो, तो ऐसी यात्रा में तिथि-वार-नक्षत्र, दिशा-शूल, प्रतिशुक, योगिनी आदि जनित दोषों का विचार नहीं करना चाहिए–यथा **"एकस्मिन्नपि दिवसे यदि चेद् गमनं प्रवेशश्च।**
प्रतिशुक्रवार शूलं न चिन्तयेत योगिनी पूर्वम ॥।" –(पीयूषधारा)

यात्रादि मुहूर्त्त विचार

किसी कार्य के उद्देश्य से देशान्तर गमन को यात्रा कहते हैं। कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा और २, ३, ५, ७, १०, ११, १३–इन तिथियों में अश्वि., मृग. पुर्न, पुष्य, अनु, हस्त, श्रव., धनि, रेव.–इन नक्षत्रों में तथा चौर, वाण, भद्रा, वैधृति, व्यतियात और मासांत दिनादि दोष रहित समय में यात्रा करें। यात्रा करने से पूर्व क्रोध और मैथुन कर्म का त्याग करना चाहिए।

दिशाशूल

सोमवार, शनिवार को पूर्व, रविवार और शुक्रवार को पश्चिम, मंगलवार, बुधवार को उत्तर तथा गुरुवार को दक्षिण दिशा का दिशाशूल होता है, अतः उक्त वारों को उस दिशा की यात्रा नहीं करनी चाहिए। अत्यावश्यक होने पर रविवार को दलिया एवं घी खाकर, सोमवार को दर्पण देखकर या दूध पीकर, मंगलवार को गुड़ खाकर, बुधवार को धनिया या तिल खाकर, गुरुवार को दही खाकर, शुक्रवार को जौं खाकर दूध पीकर और शनिवार को अदरक या उड़द खाकर प्रस्थान किया जा सकता है।

यात्रा में सदैव चल रही नासिका के श्वास की ओर का पाँव आगे उठाकर चले, इसी तरह सवारी पर चढ़े, यात्रा सफल होगी।

चन्द्रवास ज्ञान चक्र

पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
मेष	वृष	मिथुन	कर्क
सिंह	कन्या	तुला	बृश्चिक
धनु	मकर	कुम्भ	मीन

चन्द्रवास विचार

जाने वाली दिशा में चन्द्रमा का वास सम्मुख और दाहिनी ओर को हो तो धन का लाभ और सुख होता है। यदि पीठ की ओर अथवा बाईं तरफ चन्द्रवास हो तो कष्ट और धन की हानि होती है।

सम्मुख चन्द्रमा का विशेष फल

करणदोष, नक्षत्रदोष, वारदोष, संक्रान्ति दोष, अशुभतिथिदोष, कुलिक दोष, प्रहार्द्ध वारवेला दोष, मंगल, शनि, रवि, राहु-केतु के दोष को सम्मुख चन्द्रमा दूर करता है।

'यात्रा के समय शुभ शकुन'

यात्रा के समय श्वेत पुष्पों का दर्शन श्रेष्ठ माना गया है। भरे हुए घड़े का दिखाई देना तो बहुत ही उत्तम है। दूर का कोलाहल, अकेला वृद्ध पुरुष, पशुओं में बकरे, गौ, घोड़े तथा हाथी, देवप्रतिमा, प्रज्वलित अग्नि, दूर्वा, ताज़ा गोबर, सोना, चांदी, रत्न, बच, सरसों आदि औषधियां, मूँग, छाता, पीढ़ा, राजचिह्न, जिसके पास कोई रोता न हो ऐसा शव, फल, घी, दही, दूध, अक्षत, दर्पण, मधु, शंख, ईख, शुभ सूचक वचन, भक्त पुरुषों का गाना-बजाना, मेघ की गम्भीर गर्जना, बिजली की चमक तथा मन का सन्तोष–ये सब शुभ शकुन हैं। 'चले आओ'–यह शब्द यदि सामने की ओर से सुनाई पड़े तो उत्तम है। 'जाओ'–यह शब्द यदि पीछे की ओर से हो तो उत्तम है।

विवाहादि शुभ कार्यों में शास्त्रीय विचार

हो जाने के बाद वर-कन्या के कुल में माता-पिता भाई आदि निकटस्थ बन्धु की दुःखद मृत्यु हो जाने पर एक वर्ष के पश्चात् विवाह आदि शुभ कार्य करना चाहिए (निर्णय सिंधु) परन्तु **अपवाद स्वरूप**

विवाहादि शुभ कार्यों में शास्त्रीय विचार

विवाह में जन्म मास, नक्षत्रादि का विचार—

आद्य गर्भ, अर्थात् बड़े लड़के या बड़ी लड़की का विवाह जन्म मास, जन्म नक्षत्र, जन्म तिथि, जन्म लग्न में न करें। **''आद्य गर्भ सुत कन्ययो र्द्वयो जन्म मास भतिथौ कर ग्रहः। नोचितोऽथ विबुधैः प्रशस्यते चेद् द्वितीय जनुषोः सुतप्रदः ॥ मु. चिंतामणि ॥''**

परन्तु ज्येष्ठ पुत्र के बाद उत्पन्न पुत्र या कन्या का विवाह जन्म मास, नक्षत्रादि में करना प्रशस्त है। ज्येष्ठ पुत्र-कन्या के अतिरिक्त अन्य स्थितियों में जन्म-मास, जन्म राशि, नक्षत्र एवं जन्म लग्न विशेष शुभ माना है।

जन्ममासे च पुत्राढया धनाढया च धनोदये। जन्म मे जन्मराशौ च कन्या हि ध्रुव सन्तति॥

आचार्य भृगु जी के अनुसार जन्म मास, जन्म नक्षत्र एवं जन्म लग्न में विवाह होने पर दम्पत्ति के सुख एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि होती है तथा वह धन सम्पत्ति तथा सन्तान सुख से सौभाग्यशालिनी होती है।

जन्ममासेऽथ जन्मर्क्षे जन्मलग्नेऽथ जन्मनि।
उद्वाहेषु च नारीणां प्रतिष्ठा महती भवेत्। भृगुः
जन्ममासेऽथ पुत्राद्या धनादया जन्मभोदये।
जन्मभे वा भवेदूढा वृद्धा संतति वर्धिनी॥ (यवनाचार्य)

ज्येष्ठ मास में विवाह का विचार

ज्येष्ठ मास, ज्येष्ठ पुत्र और ज्येष्ठ कन्या यह तीन ज्येष्ठ विवाह संस्कार में विशेषतया वर्जित माने जाते हैं। परन्तु यदि दो ज्येष्ठ वर्तमान हों अर्थात् लड़का-लड़की दोनों ज्येष्ठ (बड़े) हों, परन्तु महीना ज्येष्ठ के अतिरिक्त हो अथवा लड़का-लड़की में से एक ज्येष्ठ हो और दूसरा अनुज हो, तो ज्येष्ठ मास में भी विवाह करना सामान्य एवं मध्यम फल होता है—

द्वौ ज्येष्ठौ मध्यमौ प्रोक्तत्रवेक ज्येष्ठः शुभावहः।
ज्येष्ठ त्रयं न कर्वीत् विवाहे सर्वसम्मतम् —वाराहमिहिर॥

तथापि आवश्यक परिस्थितिवश ज्येष्ठ मास में कृतिका से सूर्य निकल जाने पर सूर्य दानादि करके विवाह करने में कोई हानि नहीं। **मुनि भारद्वाज** के मतानुसार ज्येष्ठ के महीने की भान्ति मार्गशीर्ष मास में भी अग्रज लड़का-लड़की एवं मार्ग मास-तीनों का यथासम्भव त्याग करें।

(३) सगे भाई-बहन के विवाह छः मास के भीतर नहीं करने चाहिएं। यदि इस बीच संवत् परिवर्तन हो जाए, तो कोई दोष नहीं **(मु. मार्तण्ड)**। पुत्र के विवाह के उपरान्त अपनी कन्या का विवाह ६ महीने तक न करें। इसी तरह विवाह के बाद ६ महीने तक मुण्डन, यज्ञोपवीत आदि शुभ कार्य न करें। **(नारद)**, परन्तु कन्या-विवाह के पश्चात् पुत्र विवाह ६ मास के भीतर शुभ है। दो सगे भाईयों का विवाह दो सगी बहनों से न करें अथवा एक वर के साथ दो सग्गे बहनों का विवाह न करें **(वसिष्ठ)** तथा जिस वर को अपनी कन्या देवे, उसकी बहन के साथ अपने लड़के का विवाह न करे **(नारदः)**।

दो सगे भाईयों या दो सगी बहनों का एक संस्कार ६ महीने के भीतर करना सम्भव है **(वृन्द्धमनुः)**। दो सहोदर (भाई-बहन) के संस्कार आवश्यक स्थिति उत्पन्न होने पर नदी, पर्वत, स्थान एवं पुरोहित भेद (भिन्न) से एक ही दिन अथवा ६ महीने के भीतर शुभ होंगे **(शार्गधर)** जुड़वें भाई-बहन के मांगलिक कार्य एक ही मण्डप में भी शुभ हैं। विवाहादि मंगल कार्य से ६ मास तक लघु मंगल कार्य न करें। यह ६ महीने का निषेध केवल तीन पीढ़ि तक के मनुष्यों के लिए कहा है।

मंगल संस्कार से ६ महीने तक पितृकर्म, श्राद्धादि न करे। वाग्दान अर्थात् विवाह सम्बन्ध का निश्चय हो जाने के बाद वर-कन्या के कुल में माता-पिता भाई आदि निकटस्थ बन्धु का दुःखद मृत्यु हो जाने पर एक वर्ष के पश्चात् विवाह आदि शुभ कार्य करना चाहिए (निर्णय सिंधु) परन्तु **अपवाद स्वरूप** संकट काल में अथवा अत्यावश्यक परिस्थितिवश एक मास के बाद अथवा सूतक निवृत्ति के बाद जप, पाठ, होम शान्ति एवं यथाशक्ति द्रव्य, वस्त्र, गोदानादि के बाद शुभ कार्य ग्राह्य होंगे—

प्रतिकूलेऽपि कर्त्तव्यो विवाहो मासमन्तरात्।
शान्ति विधाय गां दत्वा वाग्दानादि चरेत् पुनः॥

जन्म नक्षत्र विचार

जातक का जन्म नक्षत्र अन्न प्राशन, उपनयन, मुंडन (चूड़ाकरण), राज्याभिषेक, जन्मदिनादि कृत्यों में प्रशस्त माना गया है, परन्तु यात्रा, सीमान्तोन्नयन तथा विवाहादि कार्यों में जन्म नक्षत्र अनिष्टकर होता है—

बालान्नभुक्तौ व्रतबन्धनेऽपि राज्याभिषेके खलुजन्मधिष्ण्यम्।
शुभं तु अनिष्टं सततं विवाह सीमन्त यात्रादिषु मंगलेषु॥ —वसिष्ठ

मतान्तर से ज्योतिर्निबन्ध एवं मुहूर्त्त दीपिकानुसार केवल चूड़ाकरण (मुण्डन), औषध सेवन, विवाद, यात्रा और कर्णवेध में ही **जन्म-नक्षत्र** का निषेध कहते है, अन्य सभी कार्यों में जन्म नक्षत्र शुभ कहा है—

जन्म नक्षत्रगश्चन्द्रः प्रशस्तः सर्वकर्मसु।
क्षौर भैषजविवादध्वकर्त्तनेषु विवर्जयेत्॥ (मुहूर्त्त दीपिका)

परन्तु जन्म नक्षत्र से २५वां तथा २७वां नक्षत्र शुभ कार्यों में त्याज्य माना जाता है।

जन्म मास अग्रज (बड़े) लड़के या लड़की का विवाह **जन्म नक्षत्र** एवं **जन्म मास** में करने का निर्विवादेन निषेध माना गया है—

न जन्ममासे जन्मर्क्षे न जन्मदिवसेऽपि वा। आद्य गर्भ सुतस्याथ दुहितुर्वा करग्रहः॥ —नारद

परन्तु अनुज लड़के या लड़की का विवाह **जन्म मास** में ग्रहणीय माना गया है—

विबुधैः प्रशस्यते चेत् द्वितीयजनुषोः सुतप्रदः —मुहूर्त्त चिंतामणि

वर—वरण एवं सगाई मुहूर्त्त

वर-कन्या की जन्मपत्रियों में परस्पर सम्यक् मिलान हो जाने के पश्चात् दोनों के माता-पिता विवाह के संकल्प (वाग्दान) को सम्पुष्ट करने के लिए वर-कन्या का वरण (सगाई) करते हैं। इसके लिए निम्नलिखित शुभ मुहूर्त्त में कन्या का भाई, कुल पुरोहित (ब्राह्मण) एवं परिवार के सन्निकट सगे सम्बन्धियों के साथ यज्ञोपवीत, नारियल, साबित सुपारी, हल्दी, अक्षत, छुहारे, गुड़, वस्त्र, अंगूठी, मिष्टान्न, फल, फूलादि अर्पण करके वर का शास्त्र प्रशस्त मांगलिक मन्त्रों के साथ वरण करें। (पूर्ण विधि जानने के लिए हमारी नवीन प्रकाशित **'विवाह पद्धति'** का अवलोकन करें।

मूला नक्षत्र की सम्पूर्ण घटियों को १५ द्वारा भाग देकर १५ खण्ड बना लें। प्रत्येक खण्ड का फल इस प्रकार से होगा। **प्रथम भाग** हो तो पिता के लिए अनिष्टकर, **दूसरे में** चाचा की हानि, **तीसरे में** बहनोई की हानि, **चौथे में** पितामह (दादा) की हानि, **आठवें में** चाची के लिए अनिष्टकर, **नवमे में** सबके लिए अनिष्टकर, **दसवें अंश में** पशु का नाश, **ग्यारहवें में** नौकर का नाश होता है। **बारहवें अंश में** स्वयं जातक का नाश होता है। **तेरहवें अंश में** हो तो उसके ज्येष्ठ भाई का नाश, **चौदहवें अंश में** जातक की बहिन का अनिष्ट होता है। अगर **पन्द्रहवें में** हो तो नाना का नाश (अनिष्ट) होता है।

उदाहरणार्थ यदि मूल का सर्वर्क्ष योग ६४ घड़ी १८ पल है, तो इसमें १५ द्वारा भाग देने से लब्ध प्रथम भाग में ४ घड़ी, १७ पल हुए। मान लो कि जन्मकालीन भयात् २८ ।४५ है। ४ ।१७ घट्यादि को ९ से गुणा करने पर पता चला कि ३८ ।३३ पर नौवां खण्ड (भाग) समाप्त होकर ३८ ।४५ पर दसवां भाग पड़ता है। तदनुसार फल चौपाय आदि पशु के लिए अनिष्ट रहेगा।

रेवती नक्षत्र—बुध के नक्षत्र और गुरु की राशि (मीन) में उत्पन्न जातक सर्वप्रिय, विद्यावान, सुन्दर आकृति, तर्कशील एवं धनवान् होता है। रेवती के **प्रथम चरण** में जन्म हो तो राजा के समान वैभवशाली, दूसरे में मन्त्री के समान सुख साधनों से युक्त, **तीसरे में** जन्म होने से धनवान तथा **चतुर्थ में** जन्म होने से माता-पिता के लिए अरिष्टकारी होता है।

दिवाजातस्तु पितरं रात्रिजो जननी तथा। आत्मानं संध्यायोहन्ति नास्ति गण्डे विपर्ययः॥

गण्डमूल नक्षत्र शान्ति के लिए हमारे कार्यालय से नवीन प्रकाशित सम्पूर्ण **'गण्डमूल नक्षत्र-शान्ति प्रयोग'** पुस्तक मंगवा लेवें। मूल्य-35 रुपए।

अरिष्ट ग्रहों की शान्ति हेतु सप्तवारों के व्रत की विधि

यदि किसी जातक की जन्म कुण्डली में कोई अशुभ ग्रह अनिष्टकारक हो अथवा किसी विशेष कार्य सिद्धि में कोई अनिष्ट ग्रह बाधा एवं पीड़ा पहुंचा रहा हो, तो उससे सम्बन्धित वार में विधि अनुसार व्रत, पाठ-पूजा एवं ग्रह मंत्र के जप हवन दानादि करने से अरिष्ट ग्रह की शान्ति होने से अभीष्ट फल की प्राप्ति होती है। अधिक विस्तृत जानकारी के लिए हमारे कार्यालय से "**व्रत और त्यौहार**" एवं **सप्तवार कथा** मंगवा कर पढ़ सकते हैं। मूल्य ३० रुपए। व्रत, जप, हवनादि अनुष्ठान करने से मानसिक व कायिक पापों का प्रायश्चित हो जाता है।

रविवार के व्रत की विधि—सर्व मनोकामना की पूर्ति विशेषकर शत्रु विजय, पुत्र प्राप्ति, नेत्र रोग, कुष्ठ (कोढ़) आदि चर्म रोगों के निवारण हेतु तथा आयु एवं सौभाग्य वृद्धि के लिए रविवार का व्रत किया जाता है। इस व्रत को सूर्यषष्ठी (विशेषकर रविवासरी), रथ सप्तमी अथवा शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) रविवार से प्रारम्भ करके प्रत्येक रविवार कम से कम बारह (१२) अथवा एक वर्ष पर्यन्त व्रत रखें। व्रत के दिन प्रातः स्नानादि से निवृत्त होकर सूर्य के बीज मंत्र "**ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः**" मंत्र का कम से कम तीन माला करके सूर्य भगवान् का ध्यान करें। **आदित्याय विध्महे भास्कराय धीमहि तन्नो भानुः प्रचोदयात्**॥ अथवा गायत्री मंत्र की दो माला जाप करें। तदनन्तर ताम्र बर्तन में शुद्ध जल (गंगा जल सहित), गंगाक्षत, लाल पुष्प या लाल चन्दन एवं कुशा डालकर सूर्य देव को इस मंत्र द्वारा अर्घ्य देकर प्रदक्षिणा करें—"**एहि सूर्य सहस्त्राशों तेजो राशे जगतपते। अनुकम्पय मां गृहाण अर्घ्य दिवाकर**" स्वयं भी लाल चन्दन या केशरादि से तिलक लगाए। उस दिन नमक-तेलादि तामसिक भोजन से परहेज रखें। उद्यापन-कालीन अंतिम रविवार को सूर्य के बीज मंत्र तथा सूर्य गायत्री मंत्र द्वारा हवनादि के पश्चात् ब्राह्मण दम्पत्ति को मिष्ठान सहित भोजन करवा कर यथाशक्ति गेहूं, गुड़, ताम्र बर्तन, नारियल, लाल वस्त्र, मिष्ठानादि का दक्षिणा सहित दान करें। **सूर्य शान्ति** हेतु मानक (माणिक्य) रत्न सुवर्ण की अंगूठी में धारण करना तथा लाल वस्त्र दान करना शुभ रहता है।

सोमवार के व्रत की विधि—यह व्रत श्रावण, चैत्र, वैशाख, कार्तिक या मार्गशीर्ष के महीनों के शुक्ल पक्ष के प्रथम सोमवार से प्रारम्भ करें। इस व्रत को पांच वर्ष अथवा सोलह सोमवार पर्यन्त श्रद्धा के साथ विधिपूर्वक धारण करें। चैत्र शुक्लाष्टमी तिथि, आर्द्रा नक्षत्र, सोमवार को अथवा श्रावण मास के प्रथम सोमवार को प्रारम्भ करने का विशेष माहात्म्य है। व्रतारम्भ करने वाले स्त्री-पुरुष को चाहिए कि प्रातःकाल जल में कुछ काले तिल डालकर स्नान करें। स्नानानन्तर "**ॐ नमः शिवाय**" आदि शिव मंत्रों द्वारा तथा श्वेत फूलों, सफेद चन्दन, चावल, पंचामृत, अक्षत, सुपारी, फल, गंगा, जल, बिल्व पत्रादि से शिव-पार्वती का पूजन करें और पूजनोपरान्त ब्राह्मण को दान-दक्षिणा देकर स्वयं भोजन करें। भोजन एक समय नमक रहित होना चाहिए। व्रत का उद्यापन भी उपर्युक्त महीनों में करना श्रेयकर होता है। उद्यापन में दशमांश जप का हवन करके सफेद वस्तुओं जैसे—चावल, श्वेत वस्त्र, बरफी, दूध-दही, क्षीर, चांदी, सफेद फलों का दान करना चाहिए। यह व्रत करने से मानसिक शान्ति होकर मनोरथ सिद्धि होती है। उद्यापन के दिन ब्राह्मणों तथा बच्चों को खीर, पूड़ी, मिष्ठान भोजन करवा कर यथाशक्ति दान करें।

चन्द्रमा की शान्ति हेतु चांदी की अंगूठी में चन्द्रकान्तमणि एवं मोती धारण करना, श्वेत वस्त्र दान करना, दूध, दही, बरफी, चावलों, बतासे आदि का दान करना कल्याणकारी होता है। व्रत के दिन इसके बीज मंत्र "**ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः**" की कम से कम तीन माला का जाप करना चाहिए।

मंगलवार के व्रत की विधि—सर्व प्रकार के सुखों, रक्त विकार, शत्रु दमन, स्वास्थ्य रक्षा, पुत्र प्राप्ति, स्वास्थ्य लाभ, हृदयमोचनादि के लिए मंगलवार का व्रत उत्तम है। यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम मंगलवार से प्रारम्भ करके २१ सप्ताह तक अथवा यथाशक्ति जीवन-पर्यन्त रखें। इस व्रत में गेहूं और गुड़ सहित भोजन करें। भोजन नमक रहित एक समय ही करना चाहिए। इस व्रत से मंगल ग्रह के अरिष्ट दोष भी शांत हो जाते हैं। व्रत में श्री हनुमान जी की लाल पुष्पों, फूलों, ताम्र बर्तन तथा नारियल द्वारा पूजा एवं दान करना चाहिए साथ ही श्री हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए। भौम ग्रह की शान्ति के लिए "**ॐ क्रां, क्रीं, क्रौं सः भौमाय नमः**" बीज मंत्र की कम से कम तीन माला जाप करनी चाहिए। मंगल की शुभता के लिए ताम्बे की अंगूठी में मूंगा धारण करना शुभ होता है। **मंगल देवता** का ध्यान निम्नलिखित मंत्र द्वारा करना चाहिए—

रक्त माल्य अम्बरधरः शक्ति शूल गदाधारः। चतुर्भुजः रक्तोमा वरदः स्याद धरासुतः॥

इसके अतिरिक्त श्री हनुमान चालीसा तथा श्री हनुमान उपासना करना भी कल्याणप्रद रहता है।

बुधवार के व्रत की विधि—इस व्रत का प्रारम्भ शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) बुधवार से करें। २१ व्रत रखें। बुधवार के व्रत से बुध ग्रह की शान्ति तथा धन, बुद्धि, विद्या और व्यापार में वृद्धि होती है। यह व्रत विशाखा नक्षत्रकालीन बुधवार को प्रारम्भ करके सात अथवा हर बुधवार तक करें। व्रत के दिन स्नानोपरान्त हरे वस्त्र पहिनकर श्री विष्णु सहस्त्रणाम का पाठ तथा ग्रह शान्ति के लिए हरा वस्त्र धारण करके, बीजमंत्र "**ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः**" का पाठ कम से कम तीन माला जाप करनी चाहिए। इस दिन एक समय नमक रहित जैसे—मूंगी से बना हुआ हलवा, मीठी पंजीरी व मूंग के लड्डुओं का दान करें और स्वयं भी सेवन करें। व्रत के अन्तिम बुधवार को मधुसर्पी, दधि तथा घृत के साथ बीज मंत्र का हवन करें। तदुपरांत सुपात्रव्यक्ति को मूंगी सहित भोजन, हरे फल, हरा-पीला वस्त्र दान करें। गौओं को हरा चारा भी डाल देवें।

बुध ग्रह की शान्ति के लिए हरा वस्त्र धारणा करना, छोटी इलाइची, तुलसी तथा कांसे के बर्तन में भोजन करना तथा पन्ना रत्न धारण करना शुभ एवं कल्याणकारी रहता है।

बृहस्पतिवार के व्रत की विधि—यह व्रत गुरु ग्रह की शान्ति तथा विद्या-बुद्धि, धन-धान्य, पुत्र-पौत्र विवाह आदि सुखों की प्राप्ति के लिए किया जाता है। यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (ज्येष्ठ) वीरवार से प्रारम्भ करके तीन वर्ष अथवा १६ वीरवार तक करना चाहिए। व्रत प्रारम्भ के दिन प्रातः स्नानादि से निवृत्त होकर पीले वस्त्र धारण करके पीले पुष्पों, चने की दाल, पीला यज्ञोपवीत, पीला चन्दन, बेसन की बरफी, हल्दी व पीले चावलों एवं केला आदि पीले फलों सहित भगवान् विष्णु तथा बृहस्पति (गुरू) की पूजा करनी चाहिए तथा गुरू के बीज मन्त्र की कम से कम तीन या पांच अथवा १६ माला करनी चाहिए। व्रती को बृहस्पति वार को शिर नहीं धोना चाहिए तथा एक समय ही नमक रहित भोजन करना चाहिए। व्रती को उस दिन भोग लगा कर किसी ब्राह्मण व बालक को चने की दाल, बेसन की बर्फी, बेसन का हलुवा, घी, लड्डु, पीले चावल, केलों आदि पीतल का बर्तन तथा पीले वस्त्र का दान दक्षिण सहित करके स्वयं भी ऐसा ही भोजन करना चाहिए। इस दिन केले के वृक्ष की पूजा का भी विधान लिखा है। मन-वचन और कर्म द्वारा शुद्ध चित्त होकर गुरु गायत्री मंत्र अथवा गुरु के बीज मंत्र "**ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः**" का यथाशक्ति पाठ करे। उद्यापन में पाठ के दशमांश भाग का समधि,

मधु-सर्पी, घृत, दधि व हरिद्रा सहित सामग्री द्वारा हवन करना कल्याणकारी ... श्रावण मास शनिवार के दिन लौह निर्मित शनि की प्रतिमा को पंचामृत से स्नान करा कर धूप-गंध, नीले पुष्प (विशेषकर काला गुलाब) फल, तिल, लौंग, सरसों का

मधु-सर्पी, घृत, दधि व हरिद्रा सहित सामग्री द्वारा हवन करना कल्याणकारी रहता है। ... शुभता के लिए सोने की अंगूठी में पुखराज पहिनना भी शुभ रहता है।

शुक्रवार व्रत कथा की विधि—यह व्रत धन, विवाह, संतानादि भौतिक सुखों में वृद्धिकारक होता है। यह व्रत शुक्ल-पक्ष के प्रथम (जेटे) शुक्रवार से शुरु किया जाता है। श्रावण मास के प्रथम शुक्रवार को प्रारम्भ करने से विशेष रूप से लक्ष्मी की कृपा रहती है। व्रत के दिन स्नानोपरान्त सफेद वस्त्र धारण करके श्री लक्ष्मी देवी की धूप, दीप, श्वेत, चंदन, चावल, श्वेत पुष्प, चीनी, सुपारी से पूजा करके बच्चों में श्वेत मिठाई, क्षीर, फलादि बाँट दें। ग्रह शान्ति के लिए

"**ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः**" की ३ माला या दस माला का जाप करें। स्वयं भी एक समय क्षीरादि श्वेत वस्तुओं का सेवन करें। नमक का प्रयोग न करें। यही पदार्थ यथा-शक्ति संभव हो तो एकाक्षी (एक आंख वाले) भिक्षुक को या श्वेत गाय को दे। जब व्रत का अन्तिम शुक्रवार हो या उद्यापन उपरान्त हवनादि के पश्चात्, ब्राह्मणों एवं बालकों (बटुकों) को क्षीर चावलादि से युक्त भोजन कराने तथा श्वेत वस्त्र, खाण्ड, चावल, चाँदी फलादि सफेद पदार्थों का दान करें। यह व्रत शुक्र शान्ति का सरल उपचार है। यह व्रत २१ या ३१ अथवा यथा शक्ति मात्रा में करें—मनोवांछित फल की प्राप्ति होगी, ऐसा शिवपुराण में लिखा है।

शनिवार व्रत कथा की विधि—यह व्रत शनिग्रह की अरिष्ट शान्ति तथा जीर्ण, शत्रुभय, आर्थिक संकट, मानसिक संताप का निवारण करता है और धन-धान्य और व्यापार में वृद्धि करता है। ... श्रावण मास शनिवार के दिन लौह निर्मित शनि की प्रतिमा को पंचामृत से स्नान करा कर धूप-गंध, नीले पुष्प (विशेषकर काला गुलाब) फल, तिल, लौंग, सरसों का तेल, चावल, गंगाजल, दूध डालकर पश्चिम दिशा की ओर अभिमुख होकर पीपल वृक्ष की जड़ में डाल दें। १९ शनिवार करने के उपरान्त उद्यापन के समय पिप्लेश्वर महादेव का पूजन करें। पीपल के वृक्ष के चारों ओर कच्चे सूत को लपेट कर धूप दीप नैवेद्य से शनिदेव की पूजा करे। ७ बार धागे को लपेटने के साथ ही साथ शनिदेव की जय बोलते रहे और गाधि, कौशिक, पिप्लाद तीनों महामुनियों का स्मरण अवश्य करना चाहिए। इस दिन शनि स्तोत्र का पाठ, जूते, जुराब नीले रंग का वस्त्र काला छाता, काले माश, काले चने, चाकू, नारियल और तेल से निर्मित वस्तुओं का दान किसी वृद्ध ब्राह्मण को देवें और स्वयं भी उड़दादि तथा तेल निर्मित पदार्थों का सेवन करें और एक समय नमक रहित भोजन करना चाहिए। घोड़े की नाल (लोहे का) छल्ला पहनना चाहिए। हनुमान जी को भी तेल चढ़ाना चाहिए और संकटमोचन का पाठ करना चाहिए। शनिदेव की शान्ति के लिए महामृत्युञ्जय का जाप भी कल्याणकारी रहेगा।

राहु की शान्ति के लिए भी शनि का व्रत उपरोक्त विधि अनुसार करे और दान में नारियल, भूरा कावल, जौं आदि दे और पक्षियों को बाजरा डालना चाहिए। सतनाजा दान करना चाहिए। राहु के बीजमंत्र "**ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः॥**" का पाठ करना श्रेयकर होता है।

केतु ग्रह की शान्ति हेतु-केतु के बीज मंत्र "**ॐ स्त्रां स्त्रीं स्त्रौं सः केतवे नमः**" की पांच माला का जाप तथा पूजा मंगलवार के व्रत जैसे करनी चाहिए।

१२ राशियों का घाती चक्र

द्वादश राशि के प्रत्येक मनुष्य को घाती चक्र में दिए अनुसार प्रत्येक तिथि, वार नक्षत्र, लग्न, चंद्रमास घातक होते हैं। अतः मनुष्य को चाहिये कि वे अपना कोई भी इष्ट और शुभ कार्य घातक समय या मुहूर्त पर आरंभ न करे। नीचे दिया हुआ घात चक्र युद्ध, विवाद (शास्त्रार्थ) राज सेवा, वाहन, यात्रा, रोगादि कार्यों में देखना चाहिए। अर्थात् इन राशि वालों के लिए इन कार्यों में घात चन्द्र, वारादि शुभ नहीं और तीर्थ यात्रा, विवाहादि में घात चन्द्रादि का विचार न करें। विशेष फलादेश जानने के लिये पत्र व्यवहार करें।

राशयः	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
घातमास	कार्तिक	मार्ग	आषाढ़	पौष	ज्येष्ठ	भाद्रपद	माघ	आश्विन	श्रावण	वैशाख	चैत्र	फाल्गुन
घात तिथि	१-६-११	५-१०-१५	२-७-१२	२-७-१२	३-८-१३	५-१०-१५	४-९-१४	१-६-११	३-८-१३	४-९-१४	३-८-१३	५-१०-१५
घात वार	रवि	शनि	चन्द्र	बुध	शनि	शनि	गुरु	शुक्र	शुक्र	मंगल	गुरु	शुक्र
घात नक्षत्र	मघा	हस्त	स्वाति	अनुराधा	मूला	श्रवण	शत.	रेवती	भरणी	रोहिणी	आर्द्रा	आश्लेषा
घात योग	विष्कुम्भ	सुकर्मा	परिघ	धृति	प्रीति	सुकर्मा	अतिगंड	ब्रह्म	वैधृति	गंड	व्याघात	वज्र
घात करण	बव	शकुनि	कौलव	नाग	बालव	कौलव	तैतिल	गर	तैतिल	शकुनि	किंस्तुभ	चतुष्पाद
घात लग्न	१	२	४	७	१०	१२	६	८	९	११	३	५
घात प्रहर	प्रथम	चतुर्थ	तृतीय	प्रथम	प्रथम	प्रथम	चतुर्थ	प्रथम	प्रथम	चतुर्थ	तृतीय	चतुर्थ
पु. घा. चंद्र	मेष	कन्या	कुम्भ	सिंह	मकर	मिथुन	धनु	वृष	मीन	सिंह	धनु	कुम्भ
स्त्री घा. चंद्र	मेष	धनु	धनु	मिथुन	वृश्चिक	बृश्चिक	मीन	धनु	कन्या	बृश्चिक	मिथुन	मेष

ग्रहों का नैसर्गिक मैत्री चक्र

ग्रह	सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
मित्र	चंद्र मंगल गुरु	सूर्य बुध	सूर्य चंद्र गुरु	सूर्य शुक्र	सूर्य चंद्र मंगल	बुध शनि	बुध शुक्र	शुक्र बुध शनि	बुध गुरु
सम	बुध	मंगल गुरु शुक्र शनि	शुक्र शनि	मंगल गुरु शनि	शनि	मंगल गुरु	गुरु	गुरु केतु	मंगल राहु शुक्र
शत्रु	शुक्र शनि	०० ००	बुध राहु	चंद्र	बुध शुक्र	सूर्य चंद्र	सूर्य मंगल चंद्र	सूर्य चंद्र मंगल	सूर्य चंद्र शनि
उच्चांश	मेष १०	वृषे ३	म. २८	कं. १५	कर्क ५	मी. २७	तु. २०	वृ. १५	..
नीचांश	तु. १०	बृश्चि ३	क. २८	मी १५	म. ५	कं. २७	मे.२०°	बृ. १५°	

नक्षत्र, राशि, वर्ण, योनि आदि ज्ञान चक्र

नक्षत्र	चरणाक्षर	राशि	वश्य	योनि	महावैर योनि	राशि स्वामी	गण	नाड़ी	तत्त्व हंसका	नाम (संज्ञा)	नक्षत्र देवता	कितने तारे	पंचश्ला का वेध
अश्विनी	चू. चे. चो. ला.	मेष	चतुष्पद	अश्व	महिष	मंगल	देव	आदि	अग्नि	क्षिप्र	अश्वि कु.	३	पू. फा.
भरणी	ली. लू. ले. लो.	मेष	चतुष्पद	गज	सिंह	मंगल	मनुष्य	मध्य	अग्नि	उग्र	यम	३	अनु
कृत्तिका	अ. इ. उ. ए.	मे.१ वृष ३	चतुष्द	मेढ़ा	वानर	मं.१ शु.३	राक्षस	अन्त्य	अ.१ पृ.३	मिश्र	अग्नि	६	विशा
रोहिणी	ओ. वा. वी. वू.	वृष	चतुष्पद	सर्प	न्योला	शुक्र	मनुष्य	अन्त्य	पृथ्वी	ध्रुव	ब्रह्मा	५	अभि
मृगशिर	वे. वो. का. की.	वृ.२ मि.२	च.२ नर२	सर्प	न्योला	शु.२ बु.२	देव	मध्य	पृ.२ वा.२	मृदु	चन्द्रमा	५	उषा
आर्द्रा	कु. घ. ङ. छ.	मिथुन	नर(मनुष्य)	श्वान	मृग	बुध	मनुष्य	आदि	वायु	तीक्ष्ण	शिव	१	पूषा
पुनर्वसु	के. को. हा. ही.	मि.३ क.१	न.३ ज.१	मार्जार	मूषक	बु.३ चं.१	देव	आदि	वा.३ ज.१	चर	अदिति	४	मूला
पुष्य	हू. हे. हो. डा.	कर्क	जलचर	मेढ़ा	वानर	चंद्र	देव	मध्य	जल	क्षिप्र	गुरु	३	ज्ये.
आश्लेषा	डी. डू. डे. डो.	कर्क	जलचर	मार्जा.	मूषक	चंद्र	राक्षस	अन्त्य	जल	तीक्ष्ण	सर्प	५	धनि
मघा	मा. मी. मू. मे.	सिंह	चतुष्पद	मूषक	बिडाल	सूर्य	राक्षस	अन्त्य	अग्नि	उग्र	पितर	५	श्रव
पू.फा.	मो. टा.टी. टू.	सिंह	चतुष्पद	मूषक	बिडाल	सूर्य	मनुष्य	मध्य	अग्नि	उग्र	भग, सूर्य	२	अश्वि
उ.फा.	टे. टो. पा. पी.	सिं.१ कं.३	चं.१ न.३	गौ	व्याघ्र	सू.१ बु.३	मनुष्य	आदि	अ.१ पृ.३	ध्रुव	अर्यमा	२	रेव
हस्त	पू. ष. ण. ठ.	कन्या	नर	महिष	अश्व	बुध	देव	आदि	पृथ्वी	क्षिप्र	सूर्य	५	उभा
चित्रा	पे. पो. रा. री.	के.२ तु.२	नर	व्याघ्र	गौ	बु.२ शु.२	राक्षस	मध्य	पृ.२ वा.२	मृदु	विश्व	१	पूभा
स्वाती	रू. रे. रो. ता.	तुला	नर	महिष	अश्व	शुक्र	देव	अन्त्य	वायु	चर	वायु	१	शत
विशाखा	ती. तू. ते. तो.	तु.३ वृ.१	न.३ की.१	व्याघ्र	गौ	शु.३ मं.१	राक्षस	अन्त्य	वा.३ ज.१	मिश्र	इंद्राग्नि	४	कृति
अनुराधा	ना. नी. नू. ने.	वृश्चिक	कीट	मृग	श्वान	मंगल	देव	मध्य	जल	मृदु	मिश्र	४	भर
ज्येष्ठा	नो. या. यी. यू.	वृश्चिक	कीट	मृग	श्वान	मंगल	राक्षस	आदि	जल	तीक्ष्ण	इन्द्र	३	पुष्य
मूला	ये. यो. भा. भी.	धनु	नर	श्वान	मृग	गुरु	राक्षस	आदि	अग्नि	तीक्ष्ण	राक्षस	११	पुन
पूर्वाषाढ़ा	भू. ध. फ. ढ.	धनु	न॥ चतु ३	वानर	मेंढ़ा	गुरु	मनुष्य	मध्य	अग्नि	उग्र	जल	२	आर्द्रा
उत्तराषाढ़ा	भे. भो. जा. जी.	ध.१ मं.३	चतुष्पद	नकुल	सर्प	गु.१ शं.३	मनुष्य	अन्त्य	अ.१ पृ.३	ध्रुव	विश्वे	२	मृग
अभिजित	जु. जे. जो. ख.	मकर	—	नकुल	सर्प	शनि	—	—	पृथ्वी	क्षिप्र	विष्णु	३	रोह
श्रवण	खी. खू. खे. खो.	मकर	चतु.१ ।।ज२	वानर	मेढ़ा	शनि	देव	अन्त्य	पृथ्वी	क्षिप्र	विष्णु	३	कृति
धनिष्ठा	गा. गी. गू. गे.	म.२ कुं.२	ज.२ न.२	सिंह	गज	शनि	राक्षस	मध्य	पृ.२ वा.२	चर	वसु	४	विशा
शतभिषा	गो. सा. सी. सू.	कुम्भ	नर	अश्व	महिष	शनि	राक्षस	आदि	वायु	चर	वरुण	१००	स्वा
पूर्वाभाद्रपद	से. सो. दा. दी.	कुं.३ मी.१	न.३ ज.१	सिंह	गज	श.३ गु.१	मनुष्य	आदि	वा.३ ज.१	उग्र	रूद्र	२	चित्रा
उ. भाद्रपद	दू. थ. झ. ञ.	मीन	जलचर	गौ	व्याघ्र	गुरु	मनुष्य	मध्य	जल	ध्रुव	अहिबु	२	हस्त
रेवती	दे. दो. चा. ची.	मीन	जलचर	गज	सिंह	गुरु	देव	अन्त्य	जल	मृदु	पूषा	३२	उफा

नामाक्षरों से वर्ग देखने का चक्र (अपने से चतुर्थ वर्ग को मित्र क्षेत्री समझना चाहिए)

अ इ उ ए	क ख ग घ ङ	च छ ज झ ञ	ट ठ ड ढ ण	त थ द ध न	प फ ब भ म	य र ल व	श ष स ह
गरुड़	बिडाल	सिंह	श्वान	सर्प	मूषक	हरिण	मेढ़ा

वर्ण ज्ञान चक्र

वर्ण	ब्राह्मण	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र
राशि	१२/४/८	१/५/९	२/६/१०	३/७/११

ग्रह मैत्री चक्र

ग्रहाः	सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
मित्राणि	चं मं गु	सू बु	सू चं गुरु	सू शु	सू चं मं.	बु श	शु बु
समाः	बुधः	मं गु शु श	शु श	मं गु श	श	मं गु	गु
शत्रव	शु श	० ०	बुध	चं	बु शु	सू चं	सू चं मं
उच्चांश	मे १०	वृष ३	म २८	क १५	कर्क ५	मी २७	तु २०
नीचांश	तु १०	बृ ३	क २८	मी १५	म ५	क २७	मे २०

मित्र नवपंचम चक्र								शत्रु नवपंचम चक्र			
१	२	३	५	७	८	९	१०	१२	११	६	४
५	६	७	९	११	१२	१	२	४	३	१०	८

मित्रषडाष्टक चक्र						शत्रुषडाष्टक चक्र					
१	३	५	७	९	११	१	३	५	७	९	११
८	१०	१२	२	४	६	६	८	१०	१२	२	४

मित्रद्विर्द्वादश चक्र						शत्रुद्विर्द्वादश चक्र					
१२	२	४	६	८	१०	१	३	५	७	९	११
१	३	५	७	९	११	२	४	६	८	१०	१२

नव पंचम—कन्या से वर अथवा वर से कन्या की राशि पांचवीं, नौवीं हो, तो दम्पत्ति को संतान हानि की संभावना होती है। परन्तु मीन-कर्क, कर्क-वृश्चिक, कुम्भ-मिथुन, कन्या-मकर विशेषतः त्याज्य माने जाते हैं। राशि मैत्री होने की स्थिति में नव-पंचम दोष अचिन्तनीय है।

षडाष्टक दोष—लड़के और लड़की की राशियां परस्पर छठे-आठवें हों तो षडाष्टक यथा-सम्भव त्याज्य है। शत्रु षडाष्टक दोष विशेषतः त्याज्य माना जाता है।

विस्तृत विवेचन के लिए देखें आगामी पृष्ठ।

भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति में संस्कारों का विशेष महत्त्व है। प्राचीन ऋषियों ने गर्भाधान से लेकर अन्त्येष्टि कर्म तक **षोडश-संस्कारों** के महत्त्व को एकमत से स्वीकार किया है। मनुष्य जन्म से अबोध होता है, परन्तु संस्कारों से मनुष्य के आन्तरिक एवं बाह्य व्यक्तित्व का निखार व परिष्कार होता है। जैसे, शास्त्र में कहा गया है—

जन्मना जायते शूद्रः संस्काराद् द्विज उच्यते।
वेद पाठात् भवेद् विप्रः, ब्रह्म जानाति ब्राह्मणः॥

अतएव सुख, समृद्धि एवं कल्याण चाहने वाले प्रत्येक वर्ण के गृहस्थी मनुष्य को भारतीय परम्परा एवं संस्कृति का अनुगमन करते हुए गर्भाधान, पुंसवन, नामकरणादि संस्कारों को धारण करना चाहिए। शास्त्र विधि अनुसार बच्चे के संस्कार करने से बालक/कन्या मेधावी, स्वास्थ्य धनी, यशस्वी एवं दीर्घायु होता है॥

षोडश संस्कार इस प्रकार से हैं—

(१) गर्भाधान (२) पुंसवन (३) सीमन्तोन्नयन (४) जातकर्म (५) नामकरण (६) निष्क्रमण (७) अन्न प्राशन (८) चूडाकरण (मुण्डन), (९) यज्ञोपवीत (१०) से (१३) तक चतुर्वेदीय व्रत, (१४) समानवर्त्तन (१५) विवाह (१६) अन्त्येष्टि।

☞(१) गर्भाधान संस्कार—यह प्रथम संस्कार है, जो स्त्री के ऋतु (रजस्वला)स्नान के पश्चात् किया जाता है। भार्या के स्त्री धर्म (रजोदर्शन) में होने के १६ दिन तक वह गर्भ-धारण के योग्य रहती है। **रजोदर्शन** के दिन ६, ८, १०, १२, १४, १६वें दिनों में क्रियमाण गर्भाधान पुत्रदायक तथा विषम दिनों (५, ७, ९, ११, १३, १५) में कन्या-प्रद होता है। उपरोक्त दिनों में भी शुद्ध मुहूर्त्त दिनों का विचार किया जाता है।

(१) गर्भाधान संस्कार का मुहूर्त्त

शुभतिथियां—१ (कृष्ण) २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३ (शुक्ल)

शुभ वार—सोम, बुध गुरु एवं शुक्रवार

शुभ नक्षत्र—रोह, मृग, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, पुन, पुष्य, स्वा, अनु, श्रव, धनिष्ठा व शतभिषा।

शुभ लग्न—लग्न, केन्द्र-त्रिकोण में शुभ ग्रह हों एवं लग्न को सूर्य, मंगल, और गुरु देखते हों, तो गर्भाधान से पुत्रोत्पत्ति की संभावना होती है। इसके अतिरिक्त **पुत्रार्थी** विषम लग्न राशि एवं विषम नवांशगत लग्न में तथा कन्याकांक्षी सम लग्न राशि में स्त्री संग करें।

गर्भ-धारण के दिन स्त्री-पुरुष दोनों का चन्द्र-बल प्राप्त होना शुभ होता है।

गर्भाधान के लिए त्याज्य काल—रजोदर्शन से प्रथम चार रात्रि को छोड़कर, रिक्ता तिथि, जन्म नक्षत्र, मघा-अश्ले आदि तीनों गण्डांत, मूला, भरणी, अश्विनी, रेवती नक्षत्र, ग्रहण का दिन, माता-पिता के श्राद्ध का दिन, वैधृति, परिघ का पूर्वार्ध, संक्रान्ति, व्यतीपात, ग्रहण, सन्ध्या, दिन का समय, जन्म राशि से अष्टम लग्न, दीवाली, दशहरा, नवरात्र आदि पर्व दिनों को स्त्री संसर्ग में त्याग करना चाहिए।

गर्भ मासों के अधिपति

गर्भाधान से लेकर नव एवं दस मास तक भिन्न-भिन्न ग्रह अधिपति होते हैं। अरिष्टभय की स्थिति में उसी मास से सम्बन्धित ग्रह की पूजा-दानादि करना चाहिए।

मास	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
स्वामी	शुक्र	मंगल	गुरु	सूर्य	चंद्र	शनि	बुध	आधानकालिक लग्नेश	चंद्र	सूर्य

☞(२) पुंसवन संस्कार मुहूर्त्त—यह संस्कार गर्भधारण से तीसरे मास में किया जाता है। इस मास का स्वामी गुरु है। इस दिन श्री विष्णु पूजा करना शुभ होता है। इस संस्कार के शुभ मुहूर्त्त इस प्रकार से हैं।

शुभवार—रवि, चंद्र, मंग, बुध, गुरु व शुक्र। **मंगल व बुध वारों** में मं. बु. उदित होने चाहिएं।

शुभ तिथियां—१ (कृ) २, ३, ५, ७, १०, १२, १३ (शुक्ल)।

शुभ नक्षत्र—रोहणी, मृग, पुन. पुष्य, हस्त, तीनों उत्तरा, श्रवण, अनु एवं रेवती नक्षत्र। विद्ध नक्षत्र त्याज्य हैं।

☞(३) सीमन्त संस्कार—यह तृतीय संस्कार है, जो गर्भ धारण से ६, ८ वें मास, जब मास-स्वामी बली हो। **शुभवार**—रवि, मंगल, एवं गुरु।

शुभ तिथियां—२, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शुक्ला)।

नक्षत्र—मृग, पुन, पुष्य, हस्त, मूला, श्रवण:

लग्न—१, ३, ५, ७, ९ आदि विषम लग्न, केन्द्र त्रिकोण में शुभग्रह हों॥

(३) (क) श्री विष्णु पूजा मुहूर्त्त—यह पूजा गर्भाधान से आठवें मास गर्भरक्षा के उद्देश्य से की जाती है। इसमें शंख चक्र-गदा-पद्मधारी भगवान विष्णु की यथाशक्ति, सुवर्णमयी प्रतिमा बनवाकर षोडशोपचार से पूजा करके परिधान सहित, प्रतिमा को ब्राह्मण को दान करें।

शुभ तिथियां—२, ७, १२

शुभ वार—चंद्र, बुध, गुरू, शुक्र।

शुभ नक्षत्र—रोहिणी, पुष्य और श्रवण।

☞(४) जातकर्म संस्कार—कुछ शास्त्रकार प्रसव के समय नालछेदन के पूर्व ही इस संस्कार को कार्यान्वित करने की आज्ञा दी है। परन्तु आजकल नरघटी अथवा १६ घटी तक कर लेना चाहिए।

कुछ लोग परम्परानुसार **११वें** अथवा **१२वें** दिन कर लेते हैं।

शुभ तिथियां—१ (कृ.) २, ३, ५, ७, १०, १२, १३ (शु.)

शुभ वार = च., बु., गु., शु.

नक्षत्र—अश्वि. रोह, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., श्रव., धनि, शत, रेव।

☞मेधा-जनन संस्कार—जात कर्म के साथ ही इस कृत्य का निष्पादन करना चाहिए। बालक/बालिका मेधावी, कीर्तिमान एवं सौभाग्यशाली हो, इसके लिए दाएं हाथ की अनामिका अंगुली से शहद एवं गोघृत चार बार बच्चे को चटाएँ। चारों बार क्रमशः **''ॐ भूस्त्वपि धधामि।'' ॐ भुस्त्वपि दधामि।''** तथा **ॐ भूर्भुवस्वः सर्वत्वपि दधामि। मंत्रों का उच्चारण करें।** इसके साथ ही कुछ घृत-मिश्रित गुड़ भी बालक के तालु में लगा देना शुभ होता है। जिससे बच्चे को स्तनपान के पूर्व ही कुछ चूसने की आदत हो जाए। (अंगुली के अतिरिक्त सुवर्ण या चांदी के चम्मच का भी प्रयोग कर सकते हैं।

☞स्तनपान का मुहूर्त्त—जन्मान्तर ५वें या ७वें किसी दिन नीचे लिखे भद्रा, व्यति, वैधृति, व्याघात आदि योगों को छोड़कर निम्न शुभ मुहूर्त्त माता संतान को प्रथम बार स्तनपान कराए।

शुभ तिथि—१ (कृ.), २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शु.), १५,

शुभ नक्षत्र—रोह., मृग. ,पुन, पुष्य, उत्तरा ३ हस्त, चित्रा, अनु, श्रव. धनि, व रेवती॥

शुभ वार—चंद्र, बुध, गुरु व शुक्र।

शुभ लग्न—२, ३, ४, ६, ७, ९. १२ राशि लग्न।

सूतिका पथ्य में भी उपरोक्त मुहूर्त्त ग्राह्य है।

☞षष्ठी पूजन—जन्म से पांचवें दिन, जीवन्ती देवी का पूजन करना चाहिए। **इसी प्रकार छेठे दिन रात्रि में षष्ठी पूजन,**

कात्यायनी देवी' का आनन्द मंगल व गीत वाद्य के साथ पूजन करना चाहिए। जीवन्ती एवं षष्ठी पूजा में सूतक की दोष आपत्ति नहीं होती। देशाचारानुसार कोई २१वें या ३१वें दिन की षष्ठी पूजन करते हैं।

☞प्रसूता स्नान मुहूर्त्त—सूतिका स्नान बच्चे के जन्मदिन से एक सप्ताह के बाद करना चाहिए।

शुभ तिथियां—१ (कृ.) २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शु.) १५।

शुभ वार—रवि, मंगल, गुरू, शुभ हैं। सोम एवं शुक्रवार मध्यम हैं।

शुभ नक्षत्र—आश्वि, रोह, मृग, तीनों उत्तरा, हस्त, स्वा., अनु, रेव।

शुभ लग्न—२, ३, ४, ६, ७, ९, १२ सौम्य ग्रह से युत या दृष्ट।

☞नामकरण संस्कार—यद्यपि प्रत्येक मनुष्य के बाह्य एवं आन्तरिक व्यक्तित्व पर उसके परिवेश एवं परिस्थितियों का विशेष प्रभाव होता है। परन्तु ज्योतिष आचार्यों के अनुसार मनुष्य के व्यक्तित्व के विकास में उसके प्रसिद्ध नाम का भी विशेष महत्त्व होता है—

"नामाखिलस्य व्यवहार हेतुः, शुभावहं कर्मसु भाग्य हेतुः।
नाम्नैव कीर्तिं लभते मनुष्यस्ततः प्रशस्तं खलु नाम कर्म॥"

गृहारम्भ—प्रवेश, युद्ध व्यापार, व्यावहारिक कार्य, दान, मन्त्र-सिद्धि, भाग्य, पुनर्विवाह, रोगोत्पत्ति तथा स्वामी-सेवक के पारस्परिक कृत्यों में नाम राशि वांछनीय है।

☞नामकरण—सूतक-समाप्ति पर देशानुसार १०, ११, १२, १३, १६, १९, २२वें दिन संस्कार करना चाहिए। एक अन्य मतानुसार ब्राह्मण को १० या १२वें दिन, क्षत्रिय को ११ या १२ वें दिन वैश्य को १६ या २०वें दिन नामकरण संस्कार करना चाहिए। नामकरण पिता-पितामह या कुल के वृद्ध व्यक्ति के द्वारा स्वास्ती वाचन मन्त्रों सहित (विद्वान ज्योतिषी से कुण्डली परामर्श के बाद) उच्चारित करवाना चाहिए।

शुभ तिथियाँ—१ (कृष्ण), २,३,७,१०,११,१२,१३ (शुक्ल)।

शुभ वार—चंद्र, बुध, गुरु, शुक्र।

शुभ नक्षत्र—अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, श्रव, धनि, शत, रेवती।

शुभ लग्न—१,४,६,७,९,१२ लग्न शुभ ग्रह युत या दृष्ट हों। भद्रा, ग्रहण, श्राद्ध दिन, दुष्ट योग, संक्रान्ति आदि रहित काल में, सुयोग्य ज्योतिषी से प्रथम नामाक्षर पूछ कर कानों को मधुर लगने वाले अक्षर, महापुरुषों के नाम सदृश अथवा शुभ सार्थक शब्दों वाला नाम रखना कल्याणकारी रहता है।

बालक के दाँत निकलने का फल

यदि पहले मास में बालक के दाँत निकल आएं तो स्वयं अपनी आयु के लिए अरिष्टकारक, दूसरे मास में भाई को, तीसरे मास में बहिन को, चौथे मास में माता को, पाँचवें मास में बड़े भाई के लिए विशेष कष्टकारी होता है, **छटे मास में दाँत निकलें** तो अत्यन्त सुख, सातवें मास में पिता से सुख, आठवें मास में देह की पुष्टता, नवें मास में लक्ष्मी की प्राप्ति, दसवें मास में सौख्य प्राप्ति, ११वें निकलें तो **अति सौख्य**, १२वें मास में निकलें तो विपुल धन-प्राप्ति होती है। यदि गर्भ से ही दाँतों सहित उत्पन्न हुआ हो वह माता-पिता के सुख से विहीन अथवा ऊपर की पंक्ति के दाँत पहलें निकले तो भी माता-पिता तथा नानके पक्ष के लिए हानिकारक माना जाता है। यदि उपरोक्त अशुभ मासों में बालक को दन्तोत्पत्ति की संभावना हो तो मृत्युज्जय का जाप, ग्रह शान्ति एवं उचित दान आदि करने से अशुभत्व का निवारण तथा अरिष्ट की शान्ति हो जाती है।

मास	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
फल	स्वयं को अरिष्ट	भ्रातृ कष्ट	बहिन को कष्ट	मातृ कष्ट	ज्येष्ठ भ्रातृ कष्ट	सुख	पिता से सुख	देह सुख	धन प्राप्ति	सौख्य प्राप्ति	अति सौख्य	विपुल धन

☞झूला आरोहन मुहूर्त्त—बालक के जन्मदिन से १०, १२, १६, २२ एवं ३२वें दिन बालक को आराम देह झूले में सुलाना चाहिए। झूले में डालने से पूर्व शुभ तिथि, वार, नक्षत्र, योगादि का विचार कर लेना चाहिए। झूले में माता या दादा, दादी के द्वारा, भगवान् विष्णु का ध्यान करते हुए बच्चे का सिर पूर्व की ओर रखकर शिशु को सुलाना चाहिए।

शुभ तिथियां—१ (कृ), २,३,५,७,१०,११,१३ (शुक्ल) व पूर्णिमा।

शुभ वार—सोम, बुध, गुरु, एवं शुक्रवार।

ग्राह्य नक्षत्र—अश्वि, रोहिणी, मृग, पुनर्वसु, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा तथा अनुराधा।

☞निष्क्रमण मुहूर्त्त—जन्म से ३,४ मासों में निम्नलिखित शुभ योगों में बालक को प्रथम बार घर से बाहर निकालना हितकर होता है। शीघ्रता में आवश्यक हो तो जन्म से १२वें दिन भी निष्क्रमण लिखा गया है।

शुभ तिथियां—१ (कृ) २,३,४,७,१०,११,१२ (शु.) एवं १५।

शुभ वार—सोम, बुध, गुरु तथा शुक्र।

शुभ नक्षत्र—अश्वि, मृग, पुन, पुष्य, हस्त, अनु, श्रव, धनि।

शुभ लग्न—२,३,४,५,६,७,९,१०,११ राशि लग्न।

माता, दादी आदि आत्मीयजन बालक को स्नानादि करवा कर वस्त्रादि से अलंकृत करें तथा पुण्याहवाचन, शंख और मंगल मंत्रों एवं गीत-वाद्य सहित ध्वनि के साथ उसे प्रथम देवालय (मन्दिर) में ले जावें। वहाँ देव पूजा व अर्चना करके आत्मीयजन शुभाशीष दें तथा मन्दिर की परिक्रमा करके स्वगृह लौट कर बच्चे को ननिहाल या मौसी के घर ले जावे। पुनः गृहागमन के समय दीर्घायु संज्ञक आशीर्वचनों से बालक का अभिनन्दन करें। पुनश्च, निष्क्रमण तृतीय मास में हो, तो बालक को सूर्य-दर्शन तथा चतुर्थ मास में हो तो चन्द्र-दर्शन करवाना चाहिए।

☞भूम्युपवेशन-मुहूर्त्त—जन्म से पंचम मास में मंगल के बलान्वित होने पर बालक को प्रथम बार भूमि पर विराजमान (बिठाने) के लिए विचारणीय मुहूर्त—

शुभ तिथियां—१ (कृ) 2,३,४,७,१०,११,१३ (शु.) तथा पूर्णिमा।

शुभ वार—चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्रवार।

शुभ नक्षत्र—अश्वि, रोह, मृग, पुन, तीनों उतरा, हस्त, अनु, ज्ये, अभिजित।

शुभ लग्न—२,५,८,११ राशि लग्न।

☞जीविका परीक्षा—'भूम्युपवशन' के अवसर पर बालक के सामने हानि रहित अस्त्र-शस्त्र, पुस्तकें, लेखनी (Pen-Pencil), वस्त्र, सोना, चाँदी, ताँबा, लोहादि धातुएँ, मशीनें मोटर, पंखा-रेडियों, टी. वी. आदि खिलौने, विज्ञान, हिन्दी, अंग्रेज़ी, संस्कृतादि साहित्य आदि वस्तुएँ रखें। इन वस्तुओं में से जिस वस्तु को बालक सहज रूप में सर्वप्रथम स्पर्श करें, वही उसकी भावी आजीविका होगी। ऐसा अनुमान लगाना चाहिए। कुल परम्परा अनुसार, कहीं-कहीं यह क्रिया अन्नप्राशन के साथ भी कर लेते हैं।

☞अन्न-प्राशन का मुहूर्त्त—जन्म से सौर मास ६, ८, १० या १२वें मास में पुत्र को तथा ५,७,९ या ११वें मास पुत्री को उसकी पाचन शक्ति उपयुक्त होने पर प्रथम बार बच्चे को अन्न प्राशन कराना **अन्न प्राशन** में शुक्ल पक्ष विशेष प्रशस्त माना गया है। यद्यपि कृष्ण पक्ष की १,३,५,७,१० तिथियाँ भी ग्राह्य हैं। सोमवार, बुध, गुरु, एवं शुक्रवार शुभ हैं।

नक्षत्र—अश्वि, रोह, मृग, पुन, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, अभिजित श्रव, धनि, रेवती तथा जन्म-नक्षत्र 'सप्तश्लाका चक्र' द्वारा क्रूर ग्रह विद्ध नक्षत्र त्याज्य होगा। जन्म राशि से ६, ८वें लग्न को छोड़कर २,३,४,५,६,७,९,१०,११ की राशि का लग्न जबकि लग्न से १,४,७वें शुभ ग्रह हों तथा लग्न शुभ ग्रहों द्वार दृष्ट हों।

विशेष—अन्न प्राशन दिन के पूर्वार्द्ध भाग में बालक की राशि का चन्द्रबल देखकर भद्रा रहित काल एवं उपरोक्त शुभ दिन को

सूर्य, ब्रह्म, विष्णु, महेश तथा दिक्पतियों की पूजा करके ...

—वास्तु भूमि का शुभाशुभ विचार—

सूर्य, ब्रह्म, विष्णु, महेश तथा दिक्पतियों की पूजा [illegible] माता स्वलंकृत बालक को अपनी गोद में बिठाकर ईश्वर-स्मरण करते हुए उसे मधु, घृत, दही, खीर का भोजन सर्व प्रथम कराएँ।

कर्ण वेध का मुहूर्त्त—बालक के जन्म से १२, १६वें दिन, या ६,७,८वें मास में अथवा ३,५वें वर्ष बालक का कर्ण छेदन प्रशस्त माना जाता है।

ग्राह्य मास—चैत्र, (का. शु. ११ के बाद), पौष तथा फाल्गुन।

तिथियां—४,९,१४ (रिक्ता तिथियां छोड़कर)।

वार—चं, बु., गु., शु, वारों में अश्वि, मृग, आ. पुन, पुष्य हस्त, चित्रा, अनु अभि, श्रव, धनि, रेव, विद्ध तथा जन्म नक्षत्र भी त्याज्य।

शुभ लग्न—२,३,४,६,७,९,१२।

विशेष—बोलक को पूर्वाभिमुख बिठाकर हाथ में कुछ मिष्टान्न दें तथा पुत्र के बाएं कान को तथा पुत्री के दाएं कान को सुवर्ण या चाँदी की शलाका से सौभाग्यवती स्त्री या कुशल स्वर्णकार से कर्ण विधवाना चाहिए।

कन्या की नासिका छेदन—हेतु उपरोक्त कर्ण वेध मुहूर्त्त के मासों में ही कन्या का नामक विंधवाया जाता है। शुक्ल पक्ष की तिथियाँ शुभ होती हैं—२, ३ ५, ७, १०, ११, १२, १३, १५।

जन्म दिन कृत्य

सामान्यत: लोग अंग्रेज़ी तारीख अनुसार ही जन्मदिन कृत्य कर लेते हैं। परन्तु इसमें कई बार भूल होने की सम्भावना रहती है। सिद्धान्त: एक सौर वर्ष उपरान्त जिस दिन जन्मेष्ट एवं जन्मदिन के समान ही स्पष्ट सूर्य के राशि, अंश, कलादि की जब पुनरावृत्ति आ जाए, उसी दिन को जन्मदिन का नववर्ष प्रवेश माना जाएगा। यदि इतनी सूक्ष्मता का पता न चल पाए तो देशी प्रविष्टों के अनुसार जन्म दिन के वर्ष का निर्धारण किया जाए तो शुद्धता के अधिक पास रहेंगे। यदि किसी सुयोग्य ज्योतिषी द्वारा वार्षिक जन्मदिन का निर्णय (गणितानुसार) करवा लें तो और अधिक उचित होगा।

जन्मदिन के शुभ अवसर पर प्रात: उठकर गंगा जल सहित शुद्ध पवित्र जल से बालकको स्नानादि के पश्चात् सुन्दर वस्त्र धारण करवा कर पूर्वाभिमुख होकर माता पिता उसे गोदी में बिठाकर किसी सुयोग्य पण्डित जी द्वारा पंचदेव पूजन, नवग्रह पूजन एवं संकल्पपूर्वक छाया दान सहित जन्मदिन पूजन करवाना चाहिए। पूजनोपरांत भगवान् सूर्यदेव को अर्घ्य तथा ब्राह्मण भोजन एवं यथाशक्ति दानादि करें।

विशेषकर वर्षफल में स्थित अशुभ ग्रहों के दान, जपादि करवाने से बच्चों को आरोग्यता एवं माता-पिता को सुख-शान्ति बनी रहती हो। जन्मदिन पर तिल स्नान, तिलों [illegible] तथा वस्त्र अनाजादि का दान एवं स्वयं भी क्षीर सेवन शुभ होता है।

मुण्डन (चूड़ाकर्म) संस्कार मुहूर्त्त

जन्म या गर्भाधान में १, ३, ४, ७ इत्यादि विषम वर्षों के कुलाचार के अनुसार उत्तरायणगत सूर्य में बालक का चौलकर्म (मुण्डन) संस्कार पूर्वान्ह काल में करना चाहिए।

चैत्र मास को छोड़कर अन्य उत्तरायण के मासों में —वैशा, ज्ये. आषा. (२० जून तक), माघ, फाल्गुन, २, ३, ४, ५, ६, ७, १०, ११, १३ (शु०) १५ तिथियों में, संक्रान्ति आदि पर्व दिनों को छोड़कर, चन्द्र, स्वा, ज्ये. श्रव, अभि., धनि. और शतभिषा नक्षत्रों में मुण्डन कार्य शुभ है। लोकाचार अनुसार कुछ लोग नवरात्रों में, अक्षयातीज आदि शुभ दिनों में बिना सुनिश्चित मुहूर्त्तों के भी मुण्डन आदि कार्य कर सकते हैं।

बालक का जन्म मास त्याज्य है। परन्तु जन्म नक्षत्र या जन्म राशि शुभ है। तथा जन्म राशि या जन्म लग्न से अष्टम लग्न न हो। बालक की माता रजस्वला या गर्भवती हो, तो मुण्डन कार्य न करावें परन्तु यदि गर्भ ५ मास से अधिक का हो तो या बालक की आयु ५ बर्ष से अधिक हो, तो दोष नहीं। ज्येष्ठ (बड़े) लड़के का मुण्डन ज्येष्ठ मास में शुभ नहीं।

क्षौर (हज़ामत) कर्म मुहूर्त्त—मुण्डन के लिए जो तिथियां, नक्षत्र और वार शुभ बतलाए गए हैं, वे ही क्षौर (हज़ामत) के लिए शुभ हैं। मंगल, शनि, व रवि वारों में क्षौर से पुन: ९वां दिन, रिक्ता तिथियों और विशेष ग्राम (नगर) में जाने के दिन, स्नान करने के बाद, शरीर में उबटन लगाने के बाद और भोजन कर लेने के बाद अपना कल्याण चाहने वाले वाले क्षौर कर्म (हजामत) न करावें॥

विशेष—यज्ञ में, विवाह, मृतक कर्म में कारागार (जेल) से छूटने पर, राजा और ब्राह्मण की आज्ञा से क्षौर कर्म निषेध दिनों में भी करा लेना शुभद होता है।

विवाह में तैलादि चढ़ाने का मुहूर्त्त

वर कन्या जिसको विवाह से पूर्व तैल चढ़ाना हो, उसका चन्द्र बल देख लेना चाहिए। तैलादि मंगल कार्य हेतु, मेषादि राशि वालों के लिए चक्र में निर्दिष्ट संख्या दिन पूर्व करना चाहिए। उदाहरणार्थ मिथुन राशि वाले वर-कन्या को विवाह से ५ दिन पूर्व तेल चढ़ाना चाहिए। इनमें विवाह का दिन गिनती में न करें।

राशि	मेष	वृष	मिथु	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुंभ	मीन
दिन	७	१०	५	१०	५	७	७	५	५	५	५	७

—वास्तु भूमि का शुभाशुभ विचार—

(क) गृहादि निर्माण हेतु जिस भूमि की शुभाशुभ परीक्षा करनी हो, तो शाम के समय वहाँ पर भूमि पूजन करवाने के पश्चात् वहाँ अपने एक हाथ लम्बा, एक हाथ चौड़ा और डेढ़ हाथ गहरा गढ़ खोद कर उसे जल भर दें। प्रात:काल आकर उसे देखने पर, यदि वह गढ़ा पानी से भरा हुआ दिखे तो, भूमि शुभ जानें। यदि पानी [illegible] हो, तो मध्यम जानें, और यदि गड्ढा में पानी न हो और उसके आस-पास की मिट्टी फटी हुई हो, तो भूमि को अशुभ समझें।

(ख) वास्तुभूमि में परीक्षा के लिए भूमि में लगभग डेढ़ फु[illegible] गहरा उतना ही चौड़ा गढ़ा खोदें। खुदाई के समय यदि पत्थर, ईंट ताम्बा, पात्र, धनादि द्रव्य मिलें, तो यह परिवार की आयु, धन संतति आदि में वृद्धि होने के संकेत हैं इसे शुभ शकुन मानना चाहिए। यदि भूमि खोदने पर कपाल, हड्डी, कोयला, केश, राख, गुठली, रुई, सीप खोपड़ी, लोहादि मिलें तो इसे अशुभ शकुन समझना चाहिए।

(ग) विश्वकर्मा के अनुसार एक अन्य परीक्षा भूमि में उत्तर दिशा की ओर एक लगभग टेढ़ फुट गहरा और डेढ़ फुट चौड़ा गढ़ा खोदें। गड्ढे में से सारी मिट्टी निकाल लें। तथा निकाली हुई मिट्टी को दुबारा उसे गड्ढे में भर देवें। यदि गड्ढा भर देने के बाद भी मिट्टी शेष बच जाती है, तो समझ लें कि भूमि उत्तम है। यदि फिर भरने के बाद मिट्टी शेष नहीं बचती और गढ़ा पूरा भर जाता है, तो इससे यह समझना चाहिए कि भूमि मध्यम स्तरीय होगी। यदि निकाली गई सारी मिट्टी गड्ढे में भरने पर भी, गड्ढा पूरी तरह नहीं भरता है, तो समझें कि ज़मीन निकृष्ट प्रकार की है।

(घ) फटी हुई, शूल (कांटों), दीमक आदि से युक्त ऊँची-नीची भूमि अशुभ होती है।

(ङ) **शुभ-भूमि**—चिकनी, गीली, उपजाऊ मिट्टी अथवा घास, पुष्प, लताओं, फूलों आदि से सुगन्धित एवं समतल भूमि गृह स्वामी एवं उसके परिवार के लिए सुख-सम्पत्ति में वृद्धिकारक होती है।

(च) मकान की नींव को गहरा खोदते समय यदि काली ईंटें देखने को मिलें, तो भूमि शुभ जानें। हड्डी, केश, (बाल), कोयला राखादि निकलें तो वहां मकान बनवाने वाले को रोगादि से कष्ट रहे॥

सुप्त भूमि (भू-शयन) का विचार

प्रत्येक सूर्य संक्रान्ति से ५, ७, ९, १०, २१, एवं २४वें प्रविष्टे को पृथ्वी सोई रहती है, अतएव सुप्त भूमि के दिवसों में यथासम्भव कृषि, होम, गृह निर्माण, वापी, कुआं, तालाब के लिए भूमि का खनन न करें।

एक अन्य मतानुसार, **सूर्य-नक्षत्र** से ५, ७, ९, १२, १९, तथा २६ वे नक्षत्रों में भी भूमि का शयन होता है।

भू-रजस्वला—सूर्य संक्रान्ति के दिन से १, ५, १०, ११, १६, १८, १९ वें दिन भूमि रजस्वला रहती है। अत: इन दिनों भी यज्ञ, हवन, कृषि,तालाब, गृह निर्माणारम्भ आदि कार्यों का आरम्भ न करें।

अथ अशौच व्यवस्था

अशौच दो प्रकार का होता है—(१) जनना शौच जिसे सूतक और (२) मरणाशौच जिसे पातक कहते हैं।

गर्भस्त्रावादि अशौच-व्यवस्था

चार मास तक गर्भ के गिरने को 'गर्भस्त्राव' कहते हैं। पांचवें, छटे मास में 'गर्भपात' और इसके उपरान्त 'प्रसव' कहलाता है। तीन मास के भीतर, किसी भी मास में गर्भ के गिराने से गर्भिणी को तीन दिन का और चौथे महीने में चार दिन का अशौच रहता है, पिता आदि सपिण्ड केवल स्नानमात्र से शुद्ध हो जाते हैं। पितादि सपिण्डों को ३ दिन का 'सूतक' होता है।

जननाशौच व्यवस्था

सात महीने से लेकर किसी भी महीने में जन्म हो तो माता-पितादि सपिण्डों को अपने २ वर्ण के अनुसार पूरा अशौच (सूतक) होता है, जैसे ब्राह्मण को १० दिन, क्षत्रिय को १२ दिन, वैश्य को १५ दिन और शूद्र को एक मास का सूतक रहता है, किन्तु माता को सूतक निकालने के बाद भी पुत्र जन्मा हों, तो, २० दिन और कन्या उत्पन्न होने से एक मास तक धर्मकार्य करने का अधिकार नहीं होता। नाल छेदन से पीछे सूतक हो जाने के कारण जात कर्म का अधिकार नहीं होता।

मृतोत्पत्ति में विचार

यदि मरा हुआ बालक उत्पन्न हो तो पितादि सपिण्डों को अपने-अपने वर्ण के अनुसार अशौच (सूतक) होता है। बालक जन्म लेकर नाल-छेदन से पूर्व ही मर जाये तो माता को १० दिन तक सूतक और पितादि सपिण्डों को ३ दिन का जननाशौच (सूतक) होता है। नाल-छेदन के बाद १० दिन के भीतर अर्थात् नाम संस्कार से पूर्व बालक की मृत्यु हो जाये तो पितादि सपिण्डों का पूर्ण जननाशौच (सूतक) रहता है। पातक में देवकर्म और पितृकर्म का अधिकार नहीं होता।

मृताशौच-व्यवस्था

नामकरण अर्थात् १० दिन के बाद ६ महीने के भीतर अर्थात् दाँत आने से पहिले बालक के मरने पर माता और पिता को ३ दिन का मृताशौच (पातक) होता है किन्तु सपिण्ड स्नानमात्र से शुद्ध हो जाते हैं। कन्या मरने पर पिता को एक दिन का पातक लगता है। स्मरण रखना चाहिए ७वें महीने से अर्थात् दांत निकलने के पीछे ३ वर्ष तक, अर्थात् मुंडन संस्कार न हुए बालक के मरने पर माता-पिता को ३ दिन सपिण्डों को १ दिन तक पातक हो जाता है और ३ वर्ष में मुण्डन संस्कार हो गया हो तो बालक को जलाना चाहिए।

कन्या शौच-व्यवस्था

सगाई होने से पहले कन्या मरने पर तीन पुरुषों तक १ दिन का पातक होता है, सगाई हो जाने के बाद और विवाह से पहले कन्या मरने पर पिताकुल के और पतिकुल को ३ दिन का पातक रहता है। यदि विवाह हुई कन्या पिता के घर में मर जाए व प्रसूता हो तो माता-पिता सहोदर, भाईयों को तीन दिन का पातक, चाचा आदि को १ दिन का अशौच होता है। परन्तु पतिकुल में पूर्ण अशौच होता है।

मातामह-मातामही दौहित्र मरण पर विचार

नाना मरे तो दौहित्र को ३ दिन, नानी मरने पर १ दिन का पातक होता है। यज्ञोपवीत संस्कार हुए दौहित्र के मरने पर नाना को ३ दिन, बिना यज्ञोपवीत के १॥ दिन का पातक होता है।

सास-ससुर तथा जामातृ पर अशौच विचार

सास और ससुर यदि मर जाये तो जामित्र पास होने से ३ दिन, बिना समीप होने से १॥ दिन का पातक लगता है। जामाई के मरने पर १ दिन का पातक होता है।

बन्धुत्रय-विचार

भूआ मासी और मामी के पुत्रों को आत्मबांधव कहते हैं। पिता की भूआ, मासी की मामी के पुत्रों को पितृबांधव कहते हैं। माता की भूआ, मासी और मामी के पुत्रों को मातृबांधव कहते हैं। इन तीन प्रकार के बांधवों में से किसी की मृत्यु हो जाये तो तीन दिन का पातक होता है। इनकी बहिन मरे तो १ दिन का पातक होता है। और विवाहित कन्या मरने पर १ दिन का।

राहु कालम्

शुभ कार्यों में विशेषतया त्याज्य

दक्षिण भारत में राहु-कालम का विशेष प्रचलन है। विशेष वार प्रतिदिन डेढ़ घण्टे के लिए यह अनिष्ट समय होता है। जिसे शुभ कार्यारम्भ में यथासम्भव टाल देना चाहिए। दक्षिणी भारत में **राहु कालम** का विशेष विचार किया जाता है।

सोमवार—प्रातः ७/३० से प्रातः ९ बजे तक
मंगलवार—अपरान्ह ३/०० से ४/३० बजे तक
बुधवार—दोपहर १२/०० से १/३० बजे तक
बृहस्पतिवार—दोपहर १/३० से ३/०० बजे तक
शुक्रवार—प्रातः १०/३० से दुपै. १२ बजे तक
शनिवार—प्रातः ९/०० से प्रातः १०/३० बजे तक
रविवार—सायं ४/३० से सायं ६/०० बजे तक

स्त्री जातक विचार

- यदि कन्या की जन्म कुण्डली में सप्तमेश ग्रह के साथ शनि स्थित हो, तो ऐसी कन्या का विवाह बड़ी आयु में होता है।
- यदि सूर्य, मंगल, बुध लग्न में हो और गुरु द्वादश भाव में स्थित हों, तो भी उस कन्या का विवाह दीर्घकाल में ही होता है।
- जिस स्त्री के जन्म काल में सप्तम भाव में शुभ-अशुभ—दोनों प्रकार के ग्रह होते हैं, उसके दो विवाहों के योग बनते हैं।
- यदि किसी स्त्री के सप्तम भाव में सूर्य हो अथवा अन्य कोई पाप ग्रह ७वें भाव में स्थित हो, तो ऐसी स्त्री को वैवाहिक—सुख कम मिलता है।
- यदि सप्तम भाव में बुध तथा शनि की युति हों, तो ऐसी स्त्री का पति नपुंसक होता है।
- आठवें भाव में बुध गया हो ऐसी स्त्री काक—बन्ध्या होती है अर्थात् एक बार सन्तान होकर पुनः सन्तान होने में बाधा होती है।

नींव में रखने योग्य पदार्थ

शिलान्यास हेतु आवश्यक सामग्री—

- तांबे की गड़वी में चावल भरकर तथा सरसों, हल्दी भरें तथा गड़वीं को मौली तथा आम्र पत्तों से बांध लें।
- ५ नई ईंटे
- ५ पंचरत्नी तथा गीता आदि धार्मिक ग्रन्थ
- १ जोड़ी सर्प, सर्वोषधि, श्रीफल एक, लाल वस्त्र, जनेऊ-जोड़ा
- **(विशेष)**—भाद्रपद, आश्विनी और कार्तिक मास में भवन निर्माण हो तो सर्प का मुख पूर्व में होना चाहिए।
- फाल्गुन, चैत्र, वैशाख मासों में निर्माण हो तो सर्प का मुख पश्चिम दिशा की ओर हो।
- ज्येष्ठ, आषाढ़ श्रावण मासों में सर्प का मुख उत्तर दिशा की ओर हो।
- मार्गणीर्ष, पौष, माघ मासों में सर्प का मुख दक्षिण दिशा में होना चाहिए।
- ५ कौड़ीयां, सिंधूर, ५ सुपारी साबुत
- दरिया या तालाब के किनारे की घास तथा १ पांव कच्चा दूध। (यदि सम्भव हो तो गंगाजल एवं गंगादि तीर्थ से लाई हुई रेत या मिट्टी भी रख दी जाए तो अधिक अच्छा है।
- नारियल

अथ प्रसूति [illegible] विचार

अथ प्रसूति लक्षणादि का विचार

मेष—बालक के जन्म समय मेष लग्न हो तो घर के पूर्व की ओर प्रसूतिका की शय्या, दो उपसूतिकाएँ अथवा लग्न व चन्द्रमा के मध्य में जितने ग्रह हों उतनी उपसूतिका की संख्या जानें, मुख की कांति लाल वर्ण की, माता का मुख पूर्व की ओर, बालक की प्रकृति पित्तकारक, चंचल एवं साहसी होगी। माता के वस्त्र लाल वर्ण के तथा उसने पहले मीठा भोजन किया हो। जन्म के बाद बालक दीर्घ शब्द से रोया हो। मकान पुराना होगा। आयु के २, ४, ११, १६, २९वें साल विशेष कष्ट रहे।

वृष—बालक के जन्म समय वृष लग्न हो, तो बालक गौरपूर्ण सुन्दर रूप, द्वार एवं माता का शिर दक्षिण की ओर, रक्त-पित्त प्रकृति, माता ने श्वेत वस्त्र और चाँदी के आभूषण पहने हों, पहले शाकादि का भोजन किया हो। पाँव से प्रसवोत्पन्न, ३ या ४ उपसूतिकाएँ हों। आयु के १, १३, १८, ३३, ४३, ५८वें वर्ष में विशेष कष्ट हो।

मिथुन—बालक का चंचल स्वभाव, वात-श्लेष्म (वायु बलगम) प्रकृति, उपसूतिकाएँ (स्त्रियाँ) ३ या ५, माता का मुख पश्चिम की ओर, स्तनों में दूध कम उतरा हो, माता ने पहले नमकीन विचित्र (मिश्रित) भोजन किया हो, वस्त्र हरा पुराना, गृह का द्वार पश्चिम की ओर हो, शिराभिमुख प्रसव हुआ हो, बालक ने दीर्घ स्वर में रूदन किया हो। आयु के २, ४, १०, १३, ३८, ४८वें साल कष्ट रहे।

कर्क—गौर वर्ण, कोमल पर पुष्ट शरीर, चंचल नेत्र, वात-श्लेष्म प्रकृति, कद लम्बा व गोल, सुन्दर मुख, माता का मुख उत्तर की ओर, प्रसव से पूर्व माता ने मीठा-शीतल थोड़ा भोजन किया हो, तथा पुराने वस्त्र पहिने हो, माता के दाहिने अंग पर लहसन का निशान हो, प्रसव से पूर्व माता ने श्वेत व गुलाबी वस्त्र व चाँदी के आभूषण पहिने हों। प्रसवोपरान्त बालक कुछ देर से रोया हो। वह जलीय (liquids) का शौकीन हो। आयु के १, ५, २५, ३९, ४८, ६२वें वर्ष कष्ट।

सिंह—जन्म समय सिंह लग्न हो, तो माता का मुख पूर्व किन्तु गृहद्वार दक्षिण की ओर, उसने रक्त वस्त्र एवं सुवर्ण आभूषण पहने हों, प्रसव पूर्व उसने खट्टा व कसैला भोजन किया हो। जन्म समय ३ या ५ स्त्रियाँ, नया मकान, बालक की पीठ पर चिन्ह हो और वह दीर्घ स्वर में रोया हो। आयु के ३, ५, १२, २८, ३६, ४९वें वर्ष कष्ट रहे।

कन्या—इस लग्न का स्वामी बुध है। जन्म समय बालक के सुन्दर नेत्र, गौर वर्ण, अल्प बाल, गोल चेहरा, सौम्य पांव, चंचल वृत्ति, कण्ठ व जंघा में चिह्न हो। माता का मुख दक्षिण की ओर, स्त्रियां ४ या ५, माता लाल एवं प्राचीन वस्त्र, कसैला सहित भोजन, पिता घर से बाहर, बालक अल्प शब्द से रोया हो। आयु के २, ४, १५, २३, २५, ३५, ४५, ५६वें वर्ष विशेष कष्ट रहे।

तुला—गौरवर्ण, कुछ लम्बा चेहरा, काले नेत्र, बड़ी नाक, थोड़े बाल, चंचल, तीक्ष्ण बुद्धि, दुबला कृश शरीर, माता का मुख पश्चिम की ओर, कषाय भोजन किया हो तथा पुराने वस्त्र धारण किए हों, बालक-बालिका दीर्घ शब्द में रोए। आयु के ३, ६, ८, १५, २७, ३१वें वर्ष विशेष कष्ट हो।

वृश्चिक—ऊँचा मस्तक, सौम्य प्रकृति, पुष्ट शरीर, ताम्रवर्ण भूरे नेत्र, शीर्षोदय, तेज़ स्वभाव, केश लम्बे, स्त्रियाँ २ या ३, गृह का द्वार उत्तर की ओर, बालक की पीठ पर चिन्ह, माता ने लाल वस्त्र पहनें हों, बालक देर से रोया हो। आयु के २,६,११,२७,५८वें वर्ष विशेष कष्ट हो।

धनु—रंग गोरा, ऊँचा मस्तक, बड़े नेत्र, माता का मुख पूर्व की ओर, पीले वस्त्र सहित चित्रित वस्त्र एवं पकवान भोजन किया हो, बालक की छाती पर चिन्ह, माता का मुख उत्तर-पूर्व की ओर होगा तथा जन्म समय १ या ५ स्त्रियां, बालक दीर्घ शब्द से रोया हो। वर्ष के १, ३, १०, १८, २१, ३७, ४२वें वर्ष विशेष कष्टकारी होंगे।

मकर—जन्म समय कृश शरीर, पिंगल वर्ण, बहुत केश, ऊँचा मस्तक एवं ऊँची नाक, वात-विकार, माता का सिर दक्षिण की ओर, पुराना काला, नीला वस्त्र धारण किया हो, कसैला भोजन व शीतल जल पिया हो, स्त्रियां ३ या ४ हों, सूतिका गृह प्राचीन एवं गृह द्वार उत्तर की ओर, जन्म के बाद बालक ने थोड़ा रोया हो। आयु के ३, ५, १३, २७, ३३, ५७वें वर्ष में विशेष कष्ट रहें। जातक पर शनि का विशेष प्रभाव रहे।

कुम्भ—जन्म समय कुम्भ लग्न हो, तो बालक-बालिका का चौड़ा मस्तक, कुछ मोटे होंठ, वात-पित्त प्रकृति, श्वेत-श्याम वर्ण, धूम्रवर्ण वस्त्र, मध्यम केश, माता का मुख पश्चिम की ओर, ३ या ५ स्त्रियाँ, शाकादि का भोजन किया हो, माता को शरीर कष्ट, पिता घर में न हो तथा बालक-बालिका ने थोड़ा रूदन किया हो। आयु के २, ४, १३, २८, ३३, ४२, ४८, ५४वें वर्ष विशेष कष्ट हो। बालक पर शनि ग्रह का विशेष प्रभाव रहेगा।

मीन—बालक जन्म समय सुन्दर सौम्य एवं पीत (पिंगल) वर्ण, वात-श्लेष्म कफ प्रकृति, माता पीले वर्ण सहित मिश्रित वर्ण के वस्त्र धारण किए हुए मिष्ठान्न सहित अल्प भोजन किए, उस का मुख उत्तर की ओर, जन्म समय २ या ३ स्त्रियां हों, बालक जन्म से कुछ देरी के बाद रोया हो। आयु के १, ७, १०, १३, १६, २६, २९, ३८, ४१वें वर्ष विशेष कष्ट रहे।

ग्रह व राशियों के तत्त्वों पर से शारीरिक स्थिति

जन्म समय जिस प्रकार की उदित लग्न राशि और ग्रह के तत्त्व होंगे, जातक की शरीर संरचना भी वैसी ही होगी। शरीर की स्थिति के सम्बन्ध में विचार करने के लिए ग्रह और राशियों के तत्त्व नीचे लिखे जाते हैं—

ग्रह	शुष्कादि	तत्त्व	कद
सूर्य	शुष्क ग्रह	अग्नि	मध्यम
चन्द्र	जल ग्रह	जल	दीर्घ
मंगल	शुष्क ग्रह	अग्नि	ह्रस्व
बुध	जलीय	पृथ्वी	मध्यम
गुरु	जलीय	आकाश या तेज़	मध्यम या ह्रस्व
शुक्र	जलीय	जल तत्त्व	ह्रस्व
शनि	शुष्क	वायु तत्त्व	दीर्घ
राहु	शुष्क	वायु	दीर्घ
केतु	शुष्क	वायु	मध्यम

राशि तत्त्व

राशि	तत्त्व	कद
मेष	अग्नि	ह्रस्व
वृष	पृथ्वी	ह्रस्व
मिथुन	वायु	मध्यम
कर्क	जल	मध्यम
सिंह	अग्नि	दीर्घ
कन्या	पृथ्वी	दीर्घ
तुला	वायु	दीर्घ
वृश्चिक	जल	दीर्घ
धन	अग्नि	मध्यम
मकर	पृथ्वी	मध्यम
कुम्भ	वायु	ह्रस्व
मीन	जल	ह्रस्व

(१) जन्म लग्न में जल राशि हो एवं उसमें जल तत्त्व ग्रह की स्थिति हो, तो जातक का शरीर मोटा एवं पुष्ट होगा।

(२) लग्न एवं लग्नाधिपति ग्रह जलराशिगत हो, तो भी शरीर स्थूल एवं पुष्ट होगा।

(३) यदि जन्म लग्न अग्नि राशि का हो और अग्नि तत्त्व के ग्रह उसमें स्थित हों, तो मनुष्य शक्तिशाली एवं बली होता है, पर शरीर देखने में दुबला लगेगा।

(४) पृथ्वी राशि का लग्न हो और उसका राशि स्वामी ग्रह जल राशि में हो तो शरीर साधारणतया स्थूल होता है।

(५) पृथ्वी राशि लग्न हो और लग्नपति ग्रह पृथ्वी राशि में हो, तो शरीर स्थूल और दृढ़ होता है।

(६) यदि लग्न राशि पृथ्वी तत्त्व की हो और उसमें पृथ्वी तत्त्व का ही ग्रह पड़ा हो, तो जातक नाटे (छोटे) कद वाला होता है।

(७) यदि लग्न वायु तत्त्व राशि वाला हो और उसमें वायु तत्त्व के ग्रह हों, तो जातक दुबला, परन्तु तीक्ष्ण बुद्धि वाला होगा।

(८) यदि लग्न अग्नि या वायु तत्त्व की राशि वाला हो और लग्नाधिपति जल राशिगत हो तो शरीर स्थूल होगा।

(९) यदि लग्न में अग्नि या वायु तत्त्व की राशि हो और लग्नेश ग्रह पृथ्वी राशिगत हो, तो हड्डियाँ साधारणतया मजबूत और शरीर पुष्ट होगा।

इसके साथ ही लग्न की राशि ह्रस्व, दीर्घ या सम (मध्यम), जिस प्रकार की हो, उसी के अनुसार जातक के शरीर की ऊँचाई समझनी चाहिए।

इसी भान्ति लग्न राशि और लग्नेश ग्रह के अनुसार जातक के रूप-रंग का निर्णय करना चाहिए।

राशियों द्वारा वर्ण ज्ञान

मेष लग्न में लाल मिश्रित, **वृष** में पीला मिश्रित श्वेत, **मिथुन** में विविध मिश्रित श्वेत, **कर्क** में नीला मिश्रित सफेद, **सिंह** में गन्दमी, **कन्या** में श्याम मिश्रित सफेद, **तुला** में तालिका युक्त सफेद, **वृश्चिक** में लालिमा युक्त सफेद, **धनु** में पीत वर्ण युक्त सफेद, **मकर** में चितकबरा सफेद, **कुम्भ** में आकाश सदृश नीला, **मीन** में पीत युक्त गौर वर्ण। इस भान्ति लग्न राशि और लग्नेश के स्वरूप के अनुसार जातक के रूप-रंग का निश्चय करना चाहिए। इसके अतिरिक्त लग्न पर ग्रहों की दृष्टियों का भी प्रभाव रहता है।

ग्रहों के अनुसार वर्ण (रूप-रंग) विचार

सूर्य से रक्त-श्याम (गन्दमी) **चन्द्र** से गौरवर्ण, **मंगल** से लाल वर्ण, **बुध** से दूर्वादल के समान श्यामल, **गुरु** सुवर्ण (बादामी), **शुक्र** से (नीलिमा युक्त) सफेद, **शनि** से श्यामवर्ण, **राहु** से कृष्ण एवं **केतु** से **धूम्र वर्ण** जानना चाहिए। **बुध-शुक्र** एक साथ हों तो गौरवर्ण न होते हुए भी सुन्दर आकृति होती है। **लग्न** एवं **लग्नेश** पर पाप ग्रह की दृष्टि होने से जातक के सौन्दर्य में कमी आती है।

शरीर के अंगों पर व्रण, तिलादि का विचार—जिस अंग का विचार करना हो, उस अंग की राशि जिस प्रकार की ह्रस्व या दीर्घ हो तथा उस राशि में रहने वाला जैसा ग्रह होगा, उस अंग की वैसी ही स्थिति (ह्रस्व या दीर्घ) होगी।

द्वादश भावों में अंग ज्ञान—ज्योतिष शास्त्र में **लग्न भाव** में स्थित राशि से सिर, **दूसरे भाव** की राशि को मुख, **तीसरे भाव** से वक्षस्थल और फेफड़े, **चौथे भाव** की राशि से हृदय और छाती, **पंचम** स्थान से कुक्षि और पीठ, **छठे भाव** से कमर और आंते, **सप्तम** स्थान से नाभि और गुप्तांग के बीच का स्थान, **अष्टम** स्थान से गुप्तांग, **नवम्** भाव से ऊरू और जंघा, **दशम्** स्थान से टेहुना, **एकादश** स्थान की राशि से पिण्डलियाँ, **द्वादश** स्थान से पाँव का विचार करना चाहिए।

राशि के अनुसार अंगों का विचार—(१) **मेष राशि** से मुख, मस्तिष्क। (२) **वृष** से नेत्र, जिह्वा, कण्ठ, भुजाएँ। (३) **मिथुन** राशि से हाथ, कन्धे, हृदय। (४) **कर्क** से पेट, (५) **सिंह** राशि से कमर, पीठ, मेरुदण्ड। (६) **कन्या** राशि से नाभि, पेट। (७) **तुला** राशि से नाभि के नीचे, गुर्दे, मूत्राश्य। (8) **वृश्चिक** से मूत्रेन्द्रिय, जननेन्द्रिय, गुदा आदि। (९) **धनु** से जंघाएँ, नितम्ब। (10) **मकर** राशि से दोनों घुटने। (11) **कुम्भ** से दोनों पिंडलियां। (12) **मीन** राशि से दोनों पाँवों का विचार किया जाता है।

काल पुरुष में राशि ज्ञान

काल पुरुष एक काल्पनिक विराट् समय को पुरुष माना गया है, जिसमें द्वादश राशियों की कल्पना की गई है।

कालपुरुष के शिर में मेष राशि मुख में वृष, वक्षस्थल में मिथुन, हृदय में कर्क, उदर में सिंह, कटि में कन्या इत्यादि काल पुरुष

के शरीर की राशि जानें। जिस लग्न में बालक जन्मे वह शिर जानना अन्य सब राशि क्रम से अंग होते हैं।

ग्रहों के अनुसार अंगों पर चिन्ह विचार

जिस भाव एवं राशि पर पाप ग्रह हों, उसमें व्रण (घाव) आदि और जिसमें शुभ ग्रह हों, उस स्थान पर चिन्ह कहना चाहिए। यदि ग्रह अपनी राशि या अपने नवांश में हो, तो, व्रण या चिन्ह जन्म (गर्भ) से ही समझना चाहिए। अन्यथा ग्रह की अपनी दशा के समय व्रण या चिन्ह प्रकट होते हैं।

यदि किसी जातक के जन्म लग्न में मंगल और सप्तम भाव में गुरु या शुक्र हो, तो उसके सिर में व्रण (दाग) होता है।

जन्म लग्न में **मंगल-शुक्र** और चन्द्रमा हों तो जातक को जन्म से दूसरे या छठे वर्ष सिर में चोट लगने से घाव होता है। जन्म लग्न में शुक्र और आठवें स्थान में राहु हो, तो मस्तक या बाएँ कान में चिन्ह होगा। यदि लग्न में गुरु, सप्तम में राहु और आठवें स्थान में पाप ग्रह हों, तो जातक के बाएँ हाथ में चिन्ह होता है अथवा लग्न में गुरु या शुक्र हो और अष्टम में पाप ग्रह हों, तो भी बाएँ हाथ पर चिन्ह होगा।

पाँचवें या नवें (८, ९) शनि हो और उस पर शुक्र की दृष्टि हो, तो मूत्रेन्द्रिय या गुदा के समीप तिल होता है। पांचवें या नवम् भाव में शुक्र और बुध हों, अष्टम में गुरु और लग्न या चतुर्थ भाव में शनि हो, तो पेट पर चिन्ह होता है। **चतुर्थ स्थान** में राहु या शुक्र दोनों में से एक ग्रह स्थित हो और लग्न में शनि या मंगल स्थित हो, तो पाँव के तल्वे में चिन्ह होता है। दूसरे भाव में शुक्र, **आठवें भाव** में सूर्य और तीसरे में मंगल हो तो जातक की कमर के आस-पास चिन्ह होता है। १२वें भाव में गुरु, नौवें भाव में चन्द्रमा और तीसरे या ११वें में बुध हो, तो गुदा स्थान में चिन्ह होता है।

जातक के शरीर में तिल, मस्सा, चिन्ह आदि का विचार लग्न राशि, लग्न स्थित द्रेष्काण राशि एवं शीर्षोदय राशि आदि के द्वारा भी किया जाता है।

पितृ-परोक्ष ज्ञान

बालक के जन्म समय पिता घर में था या नहीं ? जन्मकुण्डली में यदि लग्न को चन्द्रमा न देखता हो तो बालक के जन्म समय उसका पिता घर में नहीं था, यदि सूर्य जन्म लग्न से अष्टम, नवम, एकादश तथा द्वादश स्थान में चर राशि का होकर पड़ा हो और चन्द्रमा लग्न को न देखता हो तो पिता बालक के जन्म समय दूसरे देश में था। इन्हीं उपरोक्त स्थानों में सूर्य स्थित राशि का हो तो पिता घर में नहीं था, परन्तु देश ही में है। इसी प्रकार सूर्य के द्विस्वभाव में होने पर मार्ग में कहे, परन्तु इन सब योगों में लग्न को चन्द्रमा न देखता हो तो ऐसा होगा।

माता पिता को अरिष्ट योग

